RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 331
लखनऊ, मंगलवार, 22 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com





सभी फिल्म सिटीज़ की हो एक सामूहिक पहचान
विविध-12


# हंगामे पर कार्रवाई, 8 सांसद निलंबित

## रास सभापति नायडू का कड़ा फैसला, संसद भवन परिसर में रात भर के धरने पर बैठे निलंबित विपक्षी सांसद

**कृषि सुधार विधेयक**

- उपसभापति हरिवंश के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस नामंजूर
- विपक्षी दलों की राष्ट्रपति से गुहार- किसान विरोधी बिलों पर न करें हस्ताक्षर



नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में कृषि विधेयकों और आठ सांसदों के निलंबन के विरुद्ध धरना देते विपक्षी दलों के सांसद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** सभापति वेंकैया नायडू ने सोमवार को विपक्ष के आठ सांसदों को सदन की कार्यवाही से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। रविवार को कृषि से जुड़े दो विधेयक सदन में पास हुए थे। चर्चा के दौरान इन विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर जमकर नारेबाजी तथा हंगामा किया था और उपसभापति हरिवंश का माइक निकालने की कोशिश की थी। नायडू ने हरिवंश के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव नोटिस को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह उचित प्रारूप में नहीं था। निलंबित किए गए सदस्यों में कांगेस के राजीव सातव, सैयद नजीर हुसैन और रिपुन बोरा, तृणमूल के ब्रायन और डोला सेन, माकपा के केके रागेश और इलामारम करीम व आप के संजय सिंह शामिल हैं। इन सभी पर उपसभापति के साथ असंसदीय व्यवहार करने का आरोप है। निलंबित सदस्यों ने सदन से बाहर जाने से इनकार कर दिया। वे और कुछ अन्य सदस्य इस दौरान सदन में विरोध जताते रहे। हंगामे की वजह से सदन का कामकाज बार बार बाधित हुआ।

विपक्ष ने सदस्यों के निलंबन को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला। इस कदम के विरोध में संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया तथा विपक्षी सदस्य रात भर के लिए धरने पर बैठ गए। निलंबित सदस्य कल फिर उच्च सदन में प्रवेश करने का प्रयास करेंगे। यदि उन्हें रोका गया तो विरोध प्रदर्शन संसद के लॉन में जारी रहेगा। इससे पहले इस तरह का रात भर का विरोध प्रदर्शन आंध्र प्रदेश पुनर्गठन बिल के वक्त हुआ था जब सदस्य लोकसभा में तड़के तक रुके हुए थे और बाद में वहां से चले गए थे। कांग्रेस ने सदस्यों के निलंबन को 'अलोकतांत्रिक' और 'एकतरफा' करार दिया। निलंबित सांसदों में कांग्रेस के भी तीन सदस्य शामिल हैं। विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से अनुरोध किया है कि वह इन दोनों प्रस्तावित कानूनों पर हस्ताक्षर नहीं करें। संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कल के हंगामे में असंसदीय आचरण को लेकर विपक्ष के आठ सदस्यों को मौजूदा सत्र के शेष समय के लिए निलंबित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया। इसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। इससे पहले सभापति नायडू ने उपसभापति हरिवंश के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव नोटिस का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष और 46 सदस्यों का एक पत्र मिला है जिसमें आरोप लगाया गया है कि रविवार को कृषि संबंधी दो विधेयकों को पारित किए जाने के दौरान स्थापित संसदीय प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। सभापति ने कहा कि प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में भी नहीं है और इसके लिए जरूरी (शेष पेज 9)

# रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा

- केंद्र ने किसानों के हित में उठाया महत्वपूर्ण कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कृषि** विधेयकों के खिलाफ पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों के आंदोलनकारी किसानों को शांत करने के लिए सरकार ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने सीजन 2021-22 के लिए जिन फसलों का एमएसपी बढ़ाने का ऐलान किया, उनमें गेहूं, चना, मसूर, सरसों, कुसुम और अन्य उपज शामिल हैं। बिहार विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और किसानों का आंदोलन फैलता जा रहा है। ऐसे में फौरी तौर पर किसानों को राजी करना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। एक तरफ बिहार में बड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन करते के मौके पर पीएम मोदी ने कृषि बिलों की जरूरत, उपयोगिता और विशेषताएं गिनाईं, दूसरी ओर सीसीईए ने एमएसपी बढ़ाकर किसानों के जख्मों पर मलहम लगाने की कोशिश की है। गेहूं का एमएसपी 50 रुपये बढ़ाकर 1975 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि चने के लिए 225 रुपये की बढ़ोतरी एमएसपी में की गई है। अब चना सरकारी खरीद में 4875 रुपये के बजाय 5100 रुपये प्रति क्विंटल बिकेगा। सीसीईए के फैसले के अनुसार, मसूर दाल के लिए एमएसपी 4800 रुपये से बढ़ाकर 5100 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसमें सीधी 300 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। रेपसीड और सरसों के एमएसपी में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। अब तक 4425 रुपये प्रति क्विंटल बिकने वाले सरसों और रेपसीड अब 225 रुपये अधिक 4650 रुपये में बिकेगी। जौ के लिए एमएसपी में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पहले 1525 रुपये से बढ़ाकर इसका एमएसपी 1600 रुपये किया गया है। कुसुम के एमएसपी में 112 रुपये की वृद्धि हुई है। अभी तक इसके सरकारी दाम 5215 रुपये थे जो अब 5327 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा में 2021-22 के लिए रबी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी के कैबिनेट के फैसले की घोषणा की।

## संसद में पारित दोनों कृषि बिल 21वीं सदी की जरूरत: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कृषि विधेयक** संसद से पास हो चुके हैं लेकिन विपक्ष और किसानों की आशंकाएं बनी हुई हैं और हरियाणा-पंजाब में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये विधेयक 21वीं सदी के भारत की जरूरत हैं। साथ ही प्रधानमंत्री ने किसानों को भरोसा दिलाया कि फसलों की सरकारी खरीद, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और सरकारी मंडी जैसी व्यवस्थाएं जस की तस जारी रहेंगी। विपक्षी दलों और किसान संगठनों की सबसे बड़ी चिंता यह है कि ये बिल कॉरपोरेट व्यवस्था को बढ़ावा देंगे और छोटे सीमांत किसानों को नुकसान होगा। इस आशंका को दूर करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कानून में बदलाव छोटे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाएंगे। उन्होंने एमएसपी को लेकर उठे विवाद के लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में इन ऐतिहासिक बदलावों के बाद व्यवस्था में बहुत बड़ा परिवर्तन होने वाला है। इससे कुछ लोगों को अपने हाथ से नियंत्रण जाता हुआ दिखाई दे रहा है। इसलिए अब (शेष पेज 9)

# यूपी में कानून व्यवस्था मजबूत और माहौल इंडस्ट्री फ्रेंडली

- औद्योगिक संगठनों के प्रमुखों के बीच बोले मुख्यमंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश बनाने का महाभियान शुरू हो गया है। राज्य सरकार प्रदेश में निवेश का उत्तम वातावरण सृजित करने के लिए शुरू से ही प्रयासरत रही है। जिसके फलस्वरूप पिछले तीन सालों में बहुत कुछ बदला है, बदलाव की यह प्रक्रिया जारी है। बेहतर कानून व्यवस्था, सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए नई औद्योगिक नीति का नतीजा है कि हम राष्ट्रीय स्तर पर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में 12वें पायदान से नम्बर दो पर आ चुके हैं। बदले माहौल और नीतियों का असर फरवरी 2018 की इन्वेस्टर समिट में भारी निवेश के रूप में दिखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बातें सोमवार को उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की बैठक में कहीं। फिक्की, एसोचैम, सीआईआई, लघु उद्योग भारती और आईआईए जैसे औद्योगिक संगठनों के प्रमुखों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को निवेशक फ्रैंडली बनाने के लिए उठाये गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि सरकार ने लगभग 20 हजार एकड़ से अधिक का लैंड बैंक तैयार किया है। राज्य सरकार एक व्यापक लैंड बैंक नीति बना रही है, जिसमें (शेष पेज 9)

उद्योगों के लिये भू-उपयोग परिवर्तन की दरें घटी (पेज 2)

## भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव तथा अपर मुख्य सचिव कार्मिक को प्रत्येक विभाग से रिक्त पदों का प्रामाणिक विवरण प्राप्त कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएम ने पिछले 3 वर्षों में 3 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को नौकरी दिए जाने पर संतोष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार की मंशा है कि पारदर्शितापूर्ण ढंग से योग्य और अच्छे अभ्यर्थियों का चयन करते हुए विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन अयोग, उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, पावर कार्पोरेशन लिए पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड आदि के अध्यक्षों से विस्तृत बातचीत करते हुए इनमें भर्तियों की ताजा स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी (शेष पेज 9)

# राजधानी में केजीएमयू नर्स सहित 13 की मौत, 1037 नए रोगी

**कोरोना का कहर**



**पायनियर समाचार।** लखनऊ

**राजधानी में** कोरोना वायरस का प्रकोप चरम पर है। सोमवार को राजधानी में 1037 नए कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण के चलते केजीएमयू के क्वीन मेरी हॉस्पिटल में तैनात एक नर्स सहित 13 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हुई है। राजधानी में अब तक 46572 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं। आज 1114 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 36826 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 9746 केस एक्टिव है। अभी तक राजधानी में 604 मरीजों की मौत हो चुकी है।

दूसरी ओर प्रदेश में सोमवार को कोरोना वायरस के 4703 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 64164 केस एक्टिव बताए गए हैं। वही अभी तक प्रदेश में 5135 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 358893 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 6320 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 289594 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 1037, कानपुर में 295, प्रयागराज में 329, गोरखपुर में 105, गाजियाबाद में 169, वाराणसी में 184, नोएडा में 77, बरेली में 102, मेरठ में 118, मुरादाबाद में 96, अलीगढ़ में 88, झांसी में 60, सहारनपुर में 61, बाराबंकी में 64, देवरिया में 28, बलिया में 59, अयोध्या में 52, शाहजहांपुर में 44, आगरा में 137, जौनपुर में 130, रामपुर में 10, कुशीनगर में 39, महाराजगंज में 58, आजमगढ़ में 57, लखीमपुर खीरी में 94, हरदोई में 26, मुजफ्फरनगर में 84, मथुरा में 52, (शेष पेज 9)


## झांसी में तैनात आरटीओ हारे जिंदगी की जंग

- जिला जेल के दो बंदियों की भी गयी जान

**लखनऊ।** झांसी में तैनात आरटीओ राजेश गंगवार की सोमवार को कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो गई। वह अपने परिवार के साथ राजधानी में गोमती नगर के विभूति खंड में रहते थे। आज उनकी मौत पर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने मौन रख कर शोक व्यक्त किया। राजेश गंगवार अपनी विशेष कार्यशैली के चलते परिवहन विभाग में विशेष महत्व रखते थे। उन्होंने 2001 में बागपत में एआरटीओ पद पर पहली तैनाती दी गई थी। इसके बाद वह मैनपुरी, पीलीभीत और लखनऊ में तैनात (शेष पेज 9)

# हेरोइन के लपेटे में हीरोइनें, श्रद्धा सारा से भी हो सकती है पूछताछ

- चार अभिनेत्रियों को इस सप्ताह नोटिस भेज सकती है एनसीबी


श्रद्धाकपूर | सारा अली खान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में जुड़े ड्रग एंगल को लेकर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) इसी सप्ताह सारा अली खान, रकुलप्रीत कौर, श्रद्धा कपूर और सिमोन को पूछताछ के लिए नोटिस भेज सकती है। ड्रग्स तस्करों से पूछताछ में इनका नाम सामने आया है। सूत्रों ने कहा कि एनसीबी ने श्रुति मोदी और जया शाह को सोमवार को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया है। सुशांत की दोस्त रिया चक्रवर्ती, रिया के भाई शौविक के साथ-साथ एनसीबी ने मुम्बई में अलग-अलग ठिकानों पर छापे मारकर करीब डेढ़ दर्जन लोगों को पकड़ा था, जिनमें कई ड्रग पैडलर हैं। इन लोगों के सम्बंध बॉलीवुड ड्रग रैकेट से बताए जा रहे हैं। रिया और शौविक दोनों ही सुशांत के लिए ड्रग खरीदने की बात कबूल कर चुके हैं। इस बीच एनसीबी की एक टीम ने लोनावाला में हैंगआउट बंगले की तलाशी ली है। खबर है कि वहां एनसीबी को नशे के आरोपों से जुड़े कई ठोस सबूत मिले हैं। इसके अलावा, सुशांत सिंह की टैलेंट मैनेजर जया साहा और एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की चैट सामने आई हैं जिसमें श्रद्धा जया से सीबीडी ऑयल मांग रही हैं। इससे पहले जया की रिया चक्रवर्ती के साथ चैट भी वायरल हुई थी। जांच एजेंसी इस मामले में जानना चाहती है कि आखिर जया कहां से सेलेब्स के लिए सीबीडी ऑयल मंगाती थी। जया यह बात स्वीकार कर चुकी हैं कि डिप्रेशन से जूझ रहे सुशांत को उन्होंने सीबीडी ऑयल को चाय या कॉफी के साथ लेने की सलाह दी थी।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,034 | ↓ 812 | |
| निफ्टी | 11,251 | ↓ 254 | |
| सोना | 52,423 | ↓ 326 | /10g |
| चांदी | 68,289 | ↓ 945 | /kg |

## क्विक न्यूज

### गायत्री प्रजापति को जमानत देने के आदेश पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सामूहिक बलात्कार के मामले में गिरफ्तार उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को इलाज के लिए दो महीने की अंतरिम जमानत देने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी। उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ ने तीन सितंबर को प्रजापति को अंतरिम जमानत दी थी। प्रजापति उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री थे। उच्च न्यायालय से जमानत के बावजूद प्रजापति धोखाधड़ी के एक नए मामले की वजह से जेल में ही थे। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के कथन का संज्ञान लिया और प्रजापति की जमानत के आदेश पर रोक लगा दी।

## पहली बार नौसेना के युद्धपोत पर तैनात होंगी दो महिला एविएटर्स, वायुसेना का राफेल उड़ाने को तैयार एक महिला पायलट

# समंदर ने फैलाई बांहें-खुल गया आसमान

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि/नई दिल्ली

**लैंगिक** समानता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय नौसेना ने पहली बार दो महिला अधिकारियों को अग्रिम मोर्चो पर तैनात युद्धपोत पर मौजूद हेलीकॉप्टर के परिचालन के लिए चुना है जो अल्पकालिक और दीर्घकालिक मिशन पर अपनी सेवाएं देंगी। एक अन्य घटनाक्रम में भारतीय वायुसेना हाल ही में उसके बेड़े में शामिल राफेल विमानों को उड़ाने के लिए एक महिला पायलट को ट्रेनिंग दे रही है। आईएएफ पहले ही दस महिला ऑफिसरों को मिग-21एस जैसे विभिन्न विमानों को उड़ाने के लिए शामिल किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सब लेफ्टिनेंट कुमुदिनी त्यागी और सब लेफ्टिनेंट रीति सिंह ने हेलीकॉप्टर वर्ग में 'ऑब्जर्वर' (हवाई रणनीतिकार) का पाठ्यक्रम पूरा किया है और उन्हें चालक दल सदस्य के तौर पर युद्धपोत पर तैनात किया जाएगा।


दक्षिणी नौसेना कंमाड कोच्चि में सब लेफ्टिनेंट रीति सिंह और सब लेफ्टिनेंट कुमुदिनी त्यागी

उल्लेखनीय है कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस की नौसेनाओं की तरह भारतीय नौसेना को अभी युद्धपोत पर महिला अधिकारियों की तैनाती करनी है। भारतीय नौसेना ने बयान में कहा, 'भारतीय नौसेना के उड्डयन इतिहास में एक और पहली बार हुआ है। दो महिला अधिकारियों को हेलीकॉप्टर वर्ग में हवाई रणनीतिकार के तौर पर शामिल होने के लिए चुना गया है। यह हवाई युद्ध में यह महिलाओं की पहली टीम होगी जो युद्धपोत से परिचालन करेंगी।' हवाई रणनीतिकार के तौर पर दोनों अधिकारी उस टीम का हिस्सा होंगी जो नौसेना में युद्धपोत पर तैनात हेलीकॉप्टर के विभिन्न लड़ाकू और रणनीतिक पहलुओं के परिचालन को देखती है जब उनकी तैनाती मिशन पर होती है। नौसेना ने बताया कि त्यागी और सिंह नौसेना के 17 अधिकारियों के समूह का हिस्सा हैं जिन्हें आईएनएस गरुड़ पर आज हुए समारोह में 'ऑब्जर्वर' के तौर पर पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद 'विंग' से सम्मानित किया गया। इस समूह में नौसेना की कुल चार महिला अधिकारी और भारतीय तटरक्षक बल के तीन अधिकारी शामिल हैं। नौसेना के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने पहचान गोपनीय रखते हुए कहा कि दो महिला अधिकारियों की नयी भूमिका के लिए चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है और यह अग्रिम मोर्चे पर तैनात युद्धपोत की महिला कमांडर होने के पूर्व का कदम है। नौसेना बेड़े में मौजूद टैंकरों पर महिला कर्मियों को रणनीतिक और चिकित्सा शाखा में तैनात करती है लेकिन यह पहली बार होगा जब उन्हें विध्वंसक पोत या युद्धपोत पर तैनात किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल नौसेना ने दो महिला पायलट की तैनाती डोर्नियर विमान बेड़े के चालक के तौर पर की गई थी। समुद्रीय निगरानी करने वाले पी-8आई बेड़े में भी महिला अधिकारी तैनात हैं। हालांकि, डोर्नियर और पी-8आई तट पर बनी हवाई पट्टी से उड़ान भरते हैं। सूत्रों ने बताया कि सब लेफ्टिनेंट त्यागी और सब लेफ्टिनेंट सिंह नौसेना के समुद्री हेलीकॉप्टर एमएच-60 सीहॉक के तकनीकी दल का हिस्सा हो सकती हैं। भारत अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से भारतीय नौसेना के लिए 2.6 अरब डॉलर की लागत से 24 एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर खरीद रहा है। अधिकारियों ने बताया (शेष पेज 9)

## प्रशिक्षण उड़ान के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** आजमगढ़

**आजमगढ़** जिले के सरायमीर थाना क्षेत्र में सोमवार को खराब मौसम के कारण चार सीटों वाला एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें 21 वर्षीय प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई। आजमगढ़ के जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सरायमीर थाना क्षेत्र के कुशहां फरिउद्दीनपुर गांव के समीप एक खेत में यह विमान गिरा। उन्होंने बताया कि इस विमान ने सुबह साढ़े दस बजे एक प्रशिक्षण संस्थान से उड़ान भरी थी। विमान को एक प्रशिक्षु पायलट चला रहा था। इस विमान में केवल एक ही व्यक्ति था।

# कोरोना को परास्त करने के लिए विशेष रणनीति बनाएं

## आक्सीजन की आपूर्ति किसी भी दशा में बाधित न हो: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



कानपुर नगर पर विशेष ध्यान देते हुए चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं।

**कोरोना** से जंग के छह महीने से अधिक का समय गुजरने के बाद भी संक्रमण के लगातार बढ़ने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों से साफ कहा है कि देश-दुनिया के सामने यह नयी बीमारी के रूप में उभर कर सामने आयी है। इसे परास्त करने के लिये विशेष रणनीति बनाकर काम करना होगा। उन्होंने कहा है कि कोरोना को परास्त करने के लिए आवश्यक है कि हम एक कदम आगे की रणनीति रखें। जनपद मुख्यालय से लेकर ब्लॉक स्तर तक कोरोना के नियंत्रण और उपचार की प्रत्येक कड़ी को मजबूत रखा जाए।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार कोविड.19 के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं कर रही है। उन्होंने प्रत्येक जनपद में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी को कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लखनऊ और कानपुर नगर पर विशेष ध्यान देते हुए चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रभावी और कारगर रणनीति बनाते हुए उसे लागू किया जाए। स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक स्तर पर मॉनिटरिंग करते हुए रिकवरी दर को बेहतर बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में आक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता और बैकअप की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आक्सीजन की आपूर्ति किसी भी दशा में बाधित न होने पाए। उन्होंने आक्सीजन की काला बाजारी करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। योगी ने मेडिकल टेस्टिंग, डोर-टू-डोर सर्वे तथा कान्टैक्ट ट्रेसिंग को पूरी सक्रियता से संचालित करने पर बल देते हुए कहा कि कोविड.19 के नियंत्रण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कान्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए ट्रेसिंग के दायरे में आने वाले सभी लोगों की मेडिकल टेस्टिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने कोविड.19 से बचाव के सम्बन्ध में जनता को निरन्तर जागरूक किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन परम्पराओं में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने से सम्बन्धित अनेक तथ्य उपलब्ध हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में बीमारियों से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने पर बल दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने राजस्व संग्रह में वृद्धि के लिए, सभी विभागों को प्रभावी योजना बनाकर उसके अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए हैं। शासन स्तर एवं जनपद स्तर पर राजस्व प्राप्ति की गहन मानिटरिंग की जाए। उन्होंने बताया कि जीएसटी के तहत राजस्व संग्रह कार्य की वे स्वयं समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा स्टार्टअप योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को मिल सके इसके लिए राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में कार्ययोजना बनायी जाए। एमएसएमई इकाइयों के सुदृढ़ीकरण व स्थापना के साथ-साथ युवाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए बैंकों से समन्वय बनाकर उनके लिए ऋण की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# खनन माफियाओं के विरुद्ध सरकार के तेवर सख्त

## ● अन्तरराजीय सीमा से आने वाले उप खनिज वाहनों की सघन चेकिंग की जाए: रोशन जैकब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सचिव** एवं निदेशक खनन विभाग डॉ रोशन जैकब ने खान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अन्तर्राजीय सीमा से आने वाले उप खनिज वाहनों की सघन चेकिंग की जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि सभी वाहन वैध प्रपत्र के साथ ही उत्तर प्रदेश में प्रवेश करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि जांच के दौरान विभागीय ऐप के माध्यम से इंटर स्टेट ट्रांसिट पास को स्कैन भी कराया जाए और फेक यूआरएल फोटो शाप, फोटो कॉपी के प्रकरण पाए जाने पर सम्बन्धित लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। डा. रोशन जैकब ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में अवैध खनन परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए और इसके लिए सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों द्वारा सतर्कता बरती जाए तथा सतत् रूप से निगरानी रखी जाए। खनन कार्यों में प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाने के उद्देश्य से सचिव एवं निदेशक खनन विभाग डॉ रोशन जैकब बीती रात अचानक इटावा पहुँचीं। संगठित अपराध के रूप में अन्तर्राजीय सीमा पर उप खनिजों के अवैध परिवहन की जांच हेतु डॉ रोशन जैकब ने सतर्कता विभाग की टीम के साथ जनपद इटावा में स्थित उदी चौकी के अंतर्गत चेक पोस्ट रात 1 बजे से सबेरे 4 बजे के मध्य छापा मारकर सघन चेकिंग अभियान चलाया। मौके पर 100 से अधिक वाहनों की चेकिंग की गई, जिसमें काफी संख्या में वाहनों के कागजात सही पाए गए। लेकिन कई मामलों में गंभीर अनियमितताएं भी पायी गयीं। चेकिंग के दौरान फेक यूआरएल जनित इंटरस्टेट ट्रांजिट पास पाये गये। इस मामले में 20 प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराई गई।

### बकाया शुल्क जमा करने पर ही ईंट-भट्ठा चलाने की मिलेगी अनुमति

**लखनऊ।** विभिन जनपदों में ईंट भट्ठा मालिकों द्वारा विनियमन शुल्क जमा नहीं कि ये जाने पर योगी सरकार सख्त रुख अख्तियार किया है। अब ईंट-भट्ठा मालिकों से बकाया धनराशि जमा कराने के उपरान्त ही भट्ठा सत्र 2020-21 में ईंट-भट्ठे की संचालन की अनुमति मिलेगी। निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग डॉ रोशन जैकब ने बताया कि ईंट-भट्ठा सत्र 2020-21 माह अक्टूबर 2020 से प्रारम्भ होगा, जिसके अन्तर्गत जनपदों में विभिन्न श्रेणी के साधारण भट्ठे तथा जिगजैग भट्ठे संचालित होंगे।

# ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए तय समय में पूरा करें निर्माणाधीन इकाइयों का कामः श्रीकांत

## ● 2022 तक 12734 मेगावॉट हो जाएगी यूपी में विद्युत उत्पादन क्षमताः ऊर्जा मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ऊर्जा** मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम की निर्माणाधीन तापीय व काम कर रही इकाईयों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माणाधीन इकाइयों का काम तय समय पर पूरा हो जिससे प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग 2022 तक 7260 मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन अपने तापीय विद्युतगृहों से करने लगेगा। इसमें से 1320 मेगावॉट विद्युत उत्पादन इसी वर्ष से बढ़ जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद से ही ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दिए जाने के प्रयासों को तेज किया गया था। पूर्ववर्ती सरकारों में शुरू की गई परियोजनाओं की धीमी रफ्तार को भी बढ़ाया गया। जिससे विलंब से चल रही परियोजनाओं को गति दी जा सकी। मेजा में 12176 करोड़ की लागत से उत्पादन निगम व एनटीपीसी के जॉइंट वेंचर से 660 मेगावॉट की दो यूनिटें बनाई जा रही हैं। इसकी 660 मेगावॉट की एक यूनिट पिछले वर्ष अप्रैल में शुरू कर दी गई थी। दूसरी यूनिट से 660 मेगावॉट विद्युत उत्पादन अक्टूबर के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगा। वहीं 6011.83 करोड़ की लागत की हरदुआगंज तापीय परियोजना से भी 660 मेगावॉट विद्युत उत्पादन दिसंबर में शुरू हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के शुरू होने से प्रदेश के उत्पादनगृहों की क्षमता बढ़कर 12734 मेगावॉट हो जाएगी। इसमें 9434 मेगावॉट राज्य विद्युत उत्पादन निगम व जॉइंट वेंचर से 3300 मेगावॉट विद्युत का उत्पादन शामिल है। इससे सबको बिजली, पर्याप्त बिजली व निर्बाध बिजली के हमारे संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह पहला मौका है जब सरकार पर्यावरण को लेकर भी सचेत है। पहली बार अनपरा और ओबरा परियोजना को पर्यावरण विभाग ने कंसेंट टू ऑपरेट का सर्टिफिकेट दिया।

### उद्योगों के लिये भू-उपयोग परिवर्तन की दरें घटीं

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने सूबे में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिये बड़ा फैसला लिया है। जिसके तहत आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भू-उपयोग परिवर्तन के आवेदनों को 90 दिन के अन्दर करना होगा। इसके साथ ही कृषि से औद्योगिक श्रेणी में भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क की दरों को भी घटा दिया गया है। कृषि से औद्योगिक श्रेणी में भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क सर्किल रेट के 35 प्रतिशत की दर के स्थान पर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। बड़े भू-खण्डों पर टेलीस्कोपिक दरों को सम्मिलित करते हुए यह शुल्क मात्र 14 प्रतिशत रह जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक आस्थानों-औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयों को दोहरे टैक्स के बोझ से मुक्ति मिलेगी। जिला पंचायतों द्वारा एकत्र किये गये टैक्स का न्यूनतम 60 प्रतिशत उसी औद्योगिक क्षेत्र के रख रखाव में व्यय किया जाएगा।

# बिकरू कांड की विवेचना पूरी, 42 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कानपुर** के बिकरू कांड में पुलिस की विवेचना पूरी हो गई है। पुलिस ने चार्जशीट तैयार कर ली है। चार्जशीट में एनकाउंटर में मारे गए विकास दुबे समेत 42 लोगों को आरोपी बनाया गया है। एक सप्ताह के अंदर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल किए जाने की उम्मीद है।

मालूम हो कि बीती 2 जुलाई की रात चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में विकास दुबे ने अपने गुर्गों के साथ पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। विकास और उसके गुर्गों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर सीओ सहित आठ पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। बिकरू कांड में पुलिस ने जो पहली एफआईआर दर्ज की थी उसमें 21 आरोपितों को नामजद करने के अलावा 50-60 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। दस जुलाई को पुलिस ने विकास दुबे को मुठभेड़ में मार गिराया था। इससे पहले 3 जुलाई को राजाराम उर्फ प्रेमप्रकाश और अतुल दुबे, 8 जुलाई को अमर दुबे, 8 जुलाई को प्रभात मिश्रा और 9 जुलाई को बउआ उर्फ प्रवीण दुबे मुठभेड़ मारा गया। कानपुर पुलिस इस लोमहर्षक हत्याकांड में श्यामू वाजपेई, छोटू शुक्ला, शशिकांत, जहान यादव, दयाशंकर अग्निहोत्री, राहुल पाल, क्षमा पत्नी संजय उर्फ संजू दुबे, खुशी पत्नी अमर दुबे, रेखा अग्निहोत्री पत्नी दयाशंकर, संजय दुबे, सुरेश वर्मा, शांति देवी पत्नी रमेश चंद्र, विनय तिवारी, कृष्ण कुमार, गुड्डन उर्फ अरविंद त्रिवेदी, सुशील कुमार तिवारी, शिवम उर्फ दलाल दुबे, जयकांत बाजपेयी, प्रशांत कुमार उर्फ डब्बू, बालगोविंद दुबे समेत लगभग 50 लोगों को जेल भेज चुकी है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के अलावा विवेचना में शामिल किए गए लोगों के खिलाफउनके अपराध के मुताबिक साक्ष्य जुटाए हैं। साक्ष्यों के साथ 42 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक करीब चार्जशीट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम रूप देने से पहले वरिष्ठ अधिवक्ताओं से सलाह मशविरा ली जा रही है। पूरी तरह रिव्यू करने के बाद ही कोर्ट में दाखिल की जाएगी।

### दो आईपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार ने सोमवार को दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। लखनऊ में अपर पुलिस उपायुक्त सोनम कुमार को इसी पद पर गोरखपुर भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण लखनऊ के पद से पिछले दिनों हटाए गए आदित्य लांग्हे को अब अपर पुलिस अधीक्षक वाराणसी के पद पर तैनाती प्रदान की गई है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा नाम मोहम्मद फरहान पुत्र मिनहाज असगर सा0 मु0 बुलाकी पुरा तहसील – सदर जनपद – मऊ का हूँ मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम मोहम्मद फरहान असगर दर्ज है जो गलत है सही नाम मोहम्मद फरहान है।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे हाईस्कूल एग्रीकल्चर परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1088849, कक्षा-11 एग्रीकल्चर परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 080 2981 व इण्टरमीडिएट एग्रीकल्चर परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0837394 के अंकपत्र/प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। अवधेश कुमार पुत्र श्री शिवनन्दन निवासी–ग्राम चांदपुर, पोस्ट–परसेण्डी तहसील–लहरपुर, जिला–सीतापुर

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अनिल कुमार व पुत्रवधू श्रीमती संतोष को गलत आचरण व नाना प्रकार से प्रताड़ित करने के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये गये लेन-देन व कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। राधेश्याम मौर्या, निवासी-ग्राम व पोस्ट पूरबनायन थाना-डीह, जिला-रायबरेली।

### भू-माफिया के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने की तैयारी

**लखनऊ।** योगी सरकार एक बार फिर प्रदेश में भू-माफिया के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने की तैयारी में है। भू-माफिया को चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। उनके कब्जे से सरकारी या फिर किसानों की जमीनों को खाली कराया जाएगा। राजस्व विभाग इस संबंध में जिलाधिकारियों को जल्द निर्देश जारी करेगा। राज्य सरकार भू-माफिया के खिलाफ सख्त है। प्रदेश में किसानों से डरा धमका कर औने पौने दामों पर जमीन लेने या फिर सरकारी जमीन को कब्जा कर भू-माफिया को बेच देते हैं। सरकार ऐसे लोगों के खिलाफ एक बार पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। शासन में उच्चाधिकारियों की बैठक में विचार विमर्श के दौरान तय किया गया है कि एक बार फिर भू-माफिया को चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। राज्य सरकार का मानना है कि भू-माफिया पर नकेल कसने के बाद शहरी क्षेत्रों में अवैध तरीके से बसने वाली अवैध कालोनियों पर भी काफी हद तक रोक लगेगी। भू-माफिया छोटी छोटी जमीनों या फिर सरकारी जमीनों को प्लाटिंग कर बेच देते हैं। इससे शहरों में अवैध कालोनियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन अवैध कालोनियों में बाद में निकायों पर विकास कराने का दबाव पड़ता है। इसलिए, भू-माफिया पर सख्त कार्रवाई होने के बाद अवैध कालोनियों पर भी काफी हद तक रोक लगेगी।

# चुनावी तैयारियों को लेकर बसपा ने बदले मंडलीय सेक्टर प्रभारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वर्ष** 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में जुटी बहुजन समाज पार्टी ने मंडलीय मुख्य सेक्टर प्रभारियों की जिम्मेदारियों में फेरबदल कर दिया है। फेरबदल में शामिल मुख्य सेक्टर प्रभारियों को चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने का निर्देश दिया है। मुख्य सेक्टर प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करेंगे और इसकी रिपोर्ट उन्हें भेजेंगे।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष मुनकाद अली को पश्चिमी यूपी से हटाकर पूर्वी यूपी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही उन्हें उत्तराखंड के प्रभारी पद से हटा दिया गया है। उत्तराखंड का नया प्रभारी शमसुद्दीन रायनी को बनाया गया है। लखनऊ मंडल को दो सेक्टरों में बांटा गया है। पहले सेक्टर में शामिल लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी के लिए क्रमशः भीमराव अंबेडकर, अखिलेश अंबेडकर, रामनाथ रावत, विनय कश्यप, महेंद्र सिंह जाटव, डा. सुशील कुमार मुन्ना, मो. वसीम, किशन लाल गौतम, विशाल प्रताप राव, आशाराम रावत को जिम्मेदारी दी गई है। सेक्टर दो में शामिल हरदोई, सीतापुर खीरी के लिए, शमसुद्दीन रायनी, डा. राम कुमार कुरील, हरीश सैलानी, डा. विनोद भारती, चंद्रिका प्रसाद गौतम, राकेश कुमार गौतम, जयवीर गौतम, रणधीर बहादुर, मेवालाल वर्मा को गोरखपुर, बस्ती, फैजाबाद, देवीपाटन के लिए पूर्व सांसद धनश्याम चंद्र खरवार को कानपुर, चित्रकूट व झांसी के लिए आरएस कुशवाहा, अलीगढ़ व आगरा के लिए नौशाद अली, गोरेलाल को सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद व बरेली के लिए शमसुद्दीन रायनी को और मिर्जापुर, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़ के लिए मुनकाद अली को प्रभार सौंपा गया है।

### आयुष के 1127 मेडिकल अफसरों को है तैनाती का इंतजार

**लखनऊ।** एक तरफ सरकार जहां कोरोना से निपटने के सीनियर रेजीडेंट डाक्टरों को मेडिकल कालेजों से कार्यमुक्त नही कर रही है, वहीं ऑनलाइन काउंसिलिंग करा चुके आयुष के 1127 मेडिकल अफसरों को अभी तैनाती का इंतजार है। इनमें आयुर्वेद और होमियोपैथी दोनों विधा के डॉक्टर शामिल हैं। तारीफ की बात यह है कि इन डाक्टरों को ऑनलाइन डिस्पेंसरी भी आवंटित हो चुकी है और इनमें से ज्यादातर ने डिस्पेंसरी के समीप किराए पर कमरे लेकर रहना भी शुरू कर दिया है। मगर अभी तक इन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिल सका है। इन आयुष डॉक्टरों (आयुर्वेद के 521 और होम्योपैथिक के 506) ने मई 2018 में लोक सेवा आयोग से निकले फार्म भरे। 30 सितंबर 2018 को एंट्रेंस एग्जाम हुआ। करीब 15 माह बाद जनवरी 2020 एंट्रेंस का परिणाम आया। फिर फरवरी में इंटरव्यू हुआ। 20 अप्रैल 2020 को इंटरव्यू का परिणाम आया। जून में मेडिकल और पुलिस का वैरिफिकेशन हुआ। चार अगस्त को ऑनलाइन ही डिस्पेंसरी अलॉट कर दी गई। तब से आज तक इन आयुष डॉक्टरों को ज्वॉइनिंग लेटर नहीं मिल सका है। फिलहाल इस बारे में आयुर्वेद निदेशक डॉ एसएन सिंह का कहना है कि शासन के निर्देश पर काउंसलिंग संपन्न कराई गई थी। शासन से निर्देश मिलते ही नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिया जाएगा।

# भर्तियों में देरी युवाओं के साथ अन्यायः प्रियंका गांधी

## ● कांग्रेस महासचिव ने प्रतियोगी युवाओं से किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रतियोगी युवाओं से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करके उनका दर्द साझा किया। महासचिव ने आज ग्राम विकास अधिकारी और दारोगा भर्ती के अभ्यर्थियों से बातचीत की। गौरतलब है कि ग्राम विकास अधिकारी की परीक्षा 2018 में हुई थी लेकिन अभी तक प्रतिभागियों की नियुक्ति नही हुई है। दरोगा भर्ती 2016 से लटकी पड़ी है। प्रियंका गांधी ने बेरोजगार युवा प्रतिभागियों से ऑनलाइन संवाद के बाद अपने ट्विटर हैंडल से इसकी जानकारी भी शेयर की। प्रियंका ने ट्वीट करते करते हुए कहा कि युवा आक्रोश के बाद जागी यूपी सरकार आज बैठक कर भर्तियों पर विचार कर रही है। युवा जानना चाहते हैं कि सरकार गंभीर होकर प्रत्येक भर्ती के लिए सभी मसले सुलझाकर नियुक्ति की पक्की डेडलाइन का ब्योरा रखेगी या नहीं, भर्तियों में देरी, उन्हें अटकाना-भटकाना युवा के साथ अन्याय है। यह बंद करिए।

दूसरा ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा कि वीडीओ 2018 के युवा प्रतिभागियों से संवाद में बताया कि यह लोग परीक्षा दे चुके है, रिजल्ट आ चुका है लेकिन नियुक्ति नहीं मिली। सरकार नहीं बताती कि नियुक्ति क्यों रुकी है। भर्तियों पर हो रही सरकार की मीटिंग से इन्हें न्याय मिलना चाहिए। प्रियंका ने एसआई भर्ती के प्रतिभागियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद ट्वीट करते हुए लिखा कि यूपी में एसआई भर्ती के लोगों से आज संवाद किया।

### डॉ. कफील ने परिवार सहित कांग्रेस महासचिव से की मुलाकात

**लखनऊ।** जेल से छूटने के बाद गोरखपुर बीआरडी कॉलेज के निलंबित डॉक्टर कफील खान ने आज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की। जेल से रिहाई के बाद कांग्रेस महासचिव ने कफील खान और उनके परिजनों से फोन पर बातचीत कर उनका हालचाल लिया था। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली में डॉक्टर कफील खान अपने परिवार के साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की। डॉक्टर कफील के साथ उनकी पत्नी और बच्चे भी प्रियंका गांधी से मिले।

# सपा ने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

## ● समस्त तहसील मुख्यालयों पर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी ने सोमवार को सभी जनपदों में तहसील स्तर पर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। तहसील मुख्यालय जाते हुए समाजवादी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कई स्थानों पर रोकने की कोशिश की, उनसे झड़पें हुई।

लखनऊ में वंदना चतुर्वेदी, अशोक गुप्ता सहित दर्जन भर कार्यकर्ताओं तथा बांदा में विजय करन यादव जिलाध्यक्ष तथा नगर अध्यक्ष मोहन साहू सहित लगभग चार दर्जन कार्यकर्ताओं, नेताओं की गिरफ्तारी की गई है। कन्नौज, फरेंदा महाराजगंज तथा बांदा में प्रदर्शन कर रहे समाजवादी कार्यकर्ताओं से पुलिस की झड़प भी हुई। समाजवादी पार्टी ने ज्ञापन में कोरोना संकट काल में आवश्यक उपकरणों की खरीद में घोटाला, स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितता, भ्रष्टाचार, सरकारी उत्पीड़न में वृद्धि, बेहाल किसान, बेरोजगारी और बदहाल कानून व्यवस्था के मुद्दे उठाते हुए राज्यपाल से संवैधानिक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन में क्षेत्रीय समस्याओं का जिक्र कर उनके निराकरण का भी आग्रह किया गया।

मेरठ में पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर और अमेठी में विधायक राकेश प्रताप सिंह पुलिस द्वारा तहसील मुख्यालय तक जाने से रोकने के विरोध में धरना पर बैठ गए वहीं बाराबंकी में अर्धनग्न होकर भी कई युवाओं ने प्रदर्शन किया। बस्ती में विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह धरना देने बैलगाड़ी में बैठकर पहुंचे। आगरा के जिलाध्यक्ष रामगोपाल यादव को घर में ही कैद कर दिया गया। राजधानी लखनऊ में सभी पांचों तहसीलों सदर, मोहनलालगंज, सरोजनीनगर, बख्शी का तालाब, मलिहाबाद में हजारों की संख्या में पहुंचे समाजवादी कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन के बाद अपना ज्ञापन सौंपा।

### भाजपा पूरी तरह पूंजीघरानों की हितरक्षकः नरेश उत्तम

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा है कि भाजपा ने अपने चाल-चरित्र से यह स्पष्ट कर दिया है कि वह पूरी तरह पूंजीघरानों की हितरक्षक है। किसान मजदूर और नौजवान उसकी प्राथमिकता में नहीं आते हैं। वह किसानों को मजदूर बनाने वाले कृषि अध्यादेश के बाद अब श्रमिक विरोधी औद्योगिक सम्बन्ध संहिता 2020 विधयेक ले आई है। नौजवानों पर तो आए दिन उसकी लाठियां बरस ही रही है। भाजपा सरकार ने श्रम कानूनों में बदलाव के नाम पर केवल पूंजीपतियों की मनमानी करने की छूट दी हैं। अब तक 100 से कम कर्मचारी वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान या संस्थान ही पूर्व सरकारी मंजूरी के बिना कर्मचारियों को रख और उन्हें हटा सकते थे। अब नई व्यवस्था में 300 से ज्यादा कर्मचारियों वाली कम्पनी सरकार से मंजूरी लिए बिना कर्मचारियों को जब चाहे छंटनी कर सकेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

पत्रांक-506/सं0अनु0/न0पा0परि0सी0/2020 दिनांक-21.09.2020

**कोटेशन सूचना**

ठेकेदार/एजेन्सी

नगर पालिका परिषद सीतापुर सीमा अन्तर्गत पुराना सीतापुर सिटी स्टेशन निकट तालाब व मोहल्ला हुसैनगंज स्थित तालाब की जलकुम्भी निकलवाए जाने का कार्य किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार/एजेन्सी दिनांक 28.09.2020 तक बंद लिफाफे में तीन अलग-अलग धनराशि का कोटेशन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। न्यूनतम कोटेदाता द्वारा प्रस्तुत कोटेशन स्वीकृति उपरान्त एक सप्ताह में तालाब की जलकुम्भी की निकासी कार्य करते हुए स्वीकृति कोटेशन में अंकित धनराशि का बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करना होगा। अन्य जानकारी कार्य दिवसों में संपत्ति अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद-सीतापुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## मानव संपदा पोर्टल की वेबसाइट का दुरुपयोग कर धांधली का खुलासा

# फर्जी अध्यापक सहित तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने मानव संपदा पोर्टल की वेबसाइट का दुरुपयोग कर धांधली करने वाले फर्जी अध्यापक को उसके दो साथियों सहित विभूति खंड थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

अभिसूचना संकलन के माध्यम से ज्ञात हुआ कि प्रमोद कुमार सिंह उर्फ यदुनन्दन यादव जो जनपद बाराबंकी में एक फर्जी शिक्षक है तथा मानव सम्पदा पोर्टल की वेबसाइट का दुरूपयोग कर अपने गैंग के सदस्यों के साथ धांधली कर लोगों से पैसा इकट्ठा कर रहा है, आज अपने गैंग के सदस्य के साथ एक फर्जी टीचर से वेव सिनेमा स्थित पराग बूथ के पास आयेगा। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर यदुनन्दन यादव (फर्जी नाम), प्रमोद कुमार सिंह निवासी हरदी थाना सहजनवा जनपद गोरखुपर हाल पता. मनं 26, सिंघला रेजीडेन्सी थाना कोतवाली जनपद बाराबंकी, सत्यपाल यादव निवासी हरदी थाना सहजनवा जनपद गोरखुपर, हाल पता मनं 26, सिंघला रेजीडेन्सी थाना कोतवाली जनपद बाराबंकी और प्रमोद कुमार यादव (फर्जी नाम) आशीष कुमार सिंह, निवासी बरसीपार थाना सलेमपुर जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त यदुनन्दन यादव ने पूछताछ पर बताया कि वह प्रमोद कुमार सिंह के नाम से प्राथमिक विद्यालय, ककराहा ब्लाक बन्नी कोडरए जनपद बाराबंकी में सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी कर रहा है। इससे पूर्व भी वह फर्जी एसटी का प्रमाण पत्र बनवाकर सीआरपीएफ में वर्ष 2000 में भर्ती हुआ था, जिसमें थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर में उसके विरुद्ध वर्ष 2007 में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा वह उसमें जेल गया था। उसकी पत्नी श्रीलता वर्तमान समय में अर्चना पाण्डेय के नाम से उच्च प्राथमिक विद्यालय, गदिया जनपद बाराबंकी में अध्यापक के पद पर नौकरी कर रही है। उसके द्वारा मानव संपदा उप्र पोर्टल की धांधली के सम्बन्ध में बताया गया कि मानव सम्पदा उप्र पोर्टल से पब्लिक विन्डों में दी गई सूची के आधार का इस्तेमाल करके यह जानकारी प्राप्त कर लेता था कि कौन फर्जी अध्यापक है और उनसे वसूली करता था। जिन शिक्षकों का मोबाइल नम्बर नहीं मिलता था तब उनसे सम्पर्क करने के लिए उनके जनपद के पोर्टल से ग्राम प्रधान के नम्बर पर सम्पर्क कर शिक्षक का मोबाइल नम्बर प्राप्त कर लेता था, फिर उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर बताता था कि मैं मानव संपदा पोर्टल का अधिकारी बोल रहा हूं। इसी क्रम में आशीष कुमार सिंह उपरोक्त को पैसा लेकर बुलाया था, जिसका वास्तविक नाम प्रमोद कुमार यादव है तथा जो आशीष कुमार सिंह के नाम से प्राथमिक विद्यालय खोरी पट्टी, बढ़हलगंज जनपद गोरखपुर में नौकरी कर रहा है। यदुनन्दन की गाड़ी से बरामद कागजात के बारे में पूछताछ पर बताया कि यह सभी फर्जी अध्यापक हैं। यह सारे कागजात हमने मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से निकाले हैं। इनमें से कुछ फर्जी अध्यापकों से पैसा वसूल चुका हूं एवं कुछ से पैसा वसूलना बाकी था।

गिरफ्तार अभियुक्त सत्यपाल यादव ने पूछताछ पर बताया कि मैं यदुनन्दन यादव का भाई हूं और इस फर्जीवाड़े में मैं ही शिक्षकों को फोन करके यदुनन्दन को मानव सम्पदा विभाग का अधिकारी बताते हुए बात कराता हूं। जब कोई फर्जी शिक्षक मिलने आता है तो मैं यदुनन्दन का ड्राइवर या स्टाफबन कर मिलता हूँ। गिरफ्तार अभियुक्त प्रमोद कुमार यादव ने पूछताछ पर बताया कि मैं आशीष कुमार सिंह के नाम से प्राथमिक विद्यालय खोरी पट्टी, बढ़हलगंज जनपद गोरखपुर में नौकरी कर रहा हूं। यदुनन्दन और सत्यपाल ने मुझे फोन करके बुलाया था कि मेरी व अन्य फर्जी अध्यापक वाली नियुक्ति को वह लोग सही करा देंगे और नौकरी बच जायेगी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना विभूतिखण्ड लखनऊ में अभियोग पंजीकृत कराने की कार्रवाई की जा रही है।

# मुंगेर से असलहों की तस्करी करने वाले तीन दबोचे गए

## कब्जे से चार पिस्टल व आठ मैगजीन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**बिहार** के मुंगेर से असलम की तस्करी करने वाले तीन अंतरराज्यीय तस्करों को एसटीएफने चिनहट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एसटीएफको जानकारी हासिल हुई कि असलहा तस्करी करने वाले गिरोह के 3 सक्रिय सदस्य बिहार राज्य के मुंगेर से अवैध असलहा की खेप लेकर इन्दिरा नहर पुलिया, थाना चिनहट लखनऊ के पास आने वाले हैं। इस सूचना एसटीएफ की टीम ने वहां पहुंचकर घेराबन्दी कर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्होंने अपना नाम पता विनय कुमार निवासी अनामिका टाकिज, गुलाब नगर, टुण्डला फिरोजाबाद, आदित्य प्रताप वैश्य निवासी रामलीला मैदान जनकपुरी टुण्डला फिरोजाबाद और बंशी ठाकुर निवासी जसराना मोहल्ला टीकतपुरा फिरोजाबाद बताया। इनके पास से 4 पिस्टल 32 बोर और 8 मैगजीन .32 बोर की बरामद हुईं। अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि बाबू नाम का व्यक्ति जो मुंगेर बिहार का रहने वाला है, से अवैध पिस्टलों को तैयार कराकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में बिक्री करने का नेटवर्क बनाया है। जिसमें यह लोग प्रति माह 25-30 पिस्टलें तैयार कराकर बिक्री कर देते हैं।

## अभिषेक तिवारी जानकीपुरम के थानाध्यक्ष नियुक्त

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने विगड़ती कानून व्यवस्था के अंतर्गत शहर के कुछ थाना प्रभारियों को हटाकर उनके स्थान पर नई तैनाती करते हुए पीजीआई में अतिरिक्त इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत केशव तिवारी को आशियाना प्रभारीए और वहां तैनात संजय राय को उत्तरी जोनए वही लाइन से चंद्र शेखर सिंह को गौतमपल्ली आलमबाग में अतिरक्त निरीक्षक के पद पर तैनात नीलम सिंह राणा को महिला थाने का प्रभारी और वहां तैनात रंजना सचान को उत्तरी जोन भेजा है। इसी क्रम में सीपी पीआरओ रहे दारोगा अभिषेख तिवारी को जानकीपुरम की जिम्मेदारी सौपी है और वहां पर तैनात सुनील कुमार दुबे को लाइन हाजिर कर दिया है।

# पुलिस कस्टडी में प्रेमी युगल ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

## कोर्ट के आदेश पर 164 का बयान दर्ज कराने बरेली से लखनऊ ला रही थी कृष्णा नगर पुलिस

**लखनऊ।** कोर्ट के आदेश के बाद प्रेमी युगल को कस्टडी में लेकर बरेली से लखनऊ कृष्णा नगर पुलिस ला रही थी। इस बीच प्रेमी युगल ने पुलिस को चकमा देकर जहरीला पदार्थ खा लिया। वहीं तबियत बिगड़ती देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए और आनन फानन में पुलिस कर्मियों ने अपने उच्च अधिकारियों को जानकारी देते हुए प्रेमी युगल को ट्रामा पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्रेमी जोड़े को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस उच्चाधिकारियों ने प्रेमी युगल का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मूल रूप से कैम्पल रोड ठाकुरगंज की रहने वाली तीन बच्चों की मां पारूल पत्नी रिंकू निवासी स्नेह नगर थाना कृष्णा नगर का थाना क्षेत्र में ही रहते वाले विकास सोनी पुत्र राम कुमार निवासी प्रेम नगर में रहने वाले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं करीब एक वर्ष पूर्व अपने तीन बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग विवाहिता फरार हो गई थी। विवाहिता की मां की तहरीर पर कृष्णा नगर पुलिस ने एनसीआर में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं पुलिस द्वारा कार्रवाई न होता देख विवाहिता की मां ने कोर्ट की शरण ली थी। कोर्ट के आदेश पर कृष्णा नगर पुलिस दर्ज मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए 164 का बयान दर्ज कराने के लिए जनपद बरेली के सदर बाजार से प्रेमी जोड़े को कस्टडी में लेकर लखनऊ ला रही थी। इस बीच रास्ते में ही प्रेमी जोड़े ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ता देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस कर्मियों ने मामले की जानकारी अपने आलाधिकारियों को देते हुए प्रेमी जोड़े को ट्रामा पहुंचाया जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने प्रेमी जोड़े को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दिन में तीन बार होम आइसोलेशन के रोगियों का कॉल करके जानें हालचाल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** पर कंट्रोल करने के लिए अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज, मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी की उपस्थिति में स्मार्ट सिटी की महत्वपूर्ण बैठक की गई। नान कोविड हास्पिटलों में लू वार्ड और ट्राइएज एरिया बनाने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव ने होम आइसोलेशन में रहने वाले रोगियों को कॉल करने की प्रक्रिया को और तेज करने के लिए कहा। साथ ही दिन में तीन बार होम आइसोलेशन के रोगियों को कॉल करके उनका हालचाल लेने के निर्देश दिए।

सोमवार को स्मार्ट सिटी सभागार में कोविड़-19 के नियंत्रण के लिए अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज मनोज कुमार सिंह और मंडलायुक्त रंजन कुमार की बैठक हुई। बैठक में सभी कोविड हास्पिटलों को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन जो भी कोविड से डेथ हो रही हैं उस रोगी की केस फाइल तत्काल डिस्ट्रिक्ट सर्विलांस ऑफिसर डॉ. अजय राजा को उपलब्ध कराया जाए। ताकि तुरंत ऑडिट किया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि कल सभी रजिस्टर्ड नॉन कोविड हॉस्पिटलों की दोपहर जूम ऐप से एक बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में एसजीपीजीआई की एक्सपर्ट टीम द्वारा समस्त नॉन कोविड-19 को ट्रेनिंग दी जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी नान कोविड हास्पिटल अपनी ओपीडी में आने वाले सर्दी, जुकाम व सांस की समस्या वाले मरीज़ों का तुरंत ट्रुनेट टेस्ट कराया जाए। बैठक में निर्देश दिया गया कि होम आइसोलेशन में रहने वाले रोगियों को कॉल करने की प्रक्रिया को और तेज किया जाए। साथ ही दिन में तीन बार होम आइसोलेशन के रोगियों को कॉल करके उनका हालचाल लेने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिया कि दिन में तीन बार कॉल करके रोगी का ऑक्सीजन लेवल और टेंपरेचर डाटा अवश्य ले, यदि किसी रोगों का ऑक्सीजन लेवल 94 से नीचे जाता है तो तुरंत ही उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराए जाने की कार्यवाही की जाए। बैठक में सभी नॉन कोविड हास्पिटलो को निर्देश दिया गया कि सभी हास्पिटलो मे लू वार्ड और ट्राई एज एरिया बनाया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष बंसल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर आरपी सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरपाल सिंह, व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सूबे की 32 आईटीआई दाखिले की दौड़ से बाहर

पायनियर समाचार। लखनऊ

**पिछले** 2 सत्र से दाखिला न होने को देखते हुए राज्य व्यवसायिक शिक्षा परिषद ने इस बार 32 आईटीआई को दाखिले की दौड़ से बाहर कर दिया है। यह सभी निजी आईटीआई संस्थान हैं। इनकी सूची परिषद की तरफ से जारी कर दी गई है। परिषद की तरफ से जारी सूची के मुताबिक लखनऊ के एमए एकेडमी, माइक्रोसॉफ्ट कम्प्यूटर सेंटर, डाटाट्रैक्स कम्प्यूटर सेंटर प्राइवेट आईटीआई, जीटेक प्राइवेट आईटीआई और मंगलम इंफोटैक आईटीसी शामिल हैं। साकेत इंडस्ट्रीयल आईटीआई प्रतापगढ़, पीएस इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर बुलंदशहर, नंदलाल सरोजनी देवी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर मुजफ्फरनगर, खुशी राम त्यागी मेमोरियल ट्रेनिंग सेंटर सहारनगर, केशव आईटीआई प्रतापगढ़, एचकेटी आईटीसी गाजियाबाद, विजय लक्ष्मी आईटीसी जौनपुर, राष्ट्रीय प्राइवेट आईटीसी अमरोहा, श्री आदित्य नारायण सिंह प्राइवेट आईटीसी वाराणसी, अजय राज सिंह प्राइवेट आईटीसी प्रयागराज, श्री विघ्ननेश्वर प्राइवेट आईटीआई प्रयागराज, गजराज सिंह संस्थान जौनपुर, आकाश प्राइवेट आईटीआई बरेली, जेपी मेमो हॉस्पिटल एंड पैरामेडिकल जौनपुर, सीएसपी सिंह इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग सेंटर बुलंदशहर, तीर्थ विकास ट्रस्ट प्राइवेट आईटीआई मथुरा समेत अन्य शामिल हैं। संयुक्त निदेशक आईटीआई एससी तिवारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनके साथ ही 5 आईटीआई कॉलेजों को मानक पूरे न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ये पांच संस्थान कानपुर नगर, कानपुर देहात और औरैया में हैं।

## एलयू के 16 पीजी कोर्सों में नहीं होगी प्रवेश परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परास्नातक** स्तर पर संचालित 16 कोर्स में दाखिले के इस बार लखनऊ विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा नही कराएगा। इनमे रेगुलर के 12 कोर्स और सेल्फ फाइनेंस के 4 कोर्स शामिल है। इन कोर्सों में मौजूद सीटों की अपेक्षाकृत कम आवेदन आये हैं। अपेक्षाकृत कम आवेदन के चलते इनमे क्वालीफाइंग एग्जाम्स के नंबर के आधार पर स्टूडेंट्स को प्रवेश दिया जाएगा। इनमे रेगुलर कोर्स में आचार्य एमए अरब कल्चर अरेबिक एमए डिफेंस स्टडीज एमए लिंग्विस्टिक एमए मॉडर्न अरेबिक एमए पर्शियन एमए फिलासफी एमए संस्कृत एमए उर्दू एमए पापुलेशन स्टडीज और एमएससी बायोस्टेटिक्स शामिल है। वहीं सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में एमए बिजनेस इकोनॉमिक्स एमए फ्रेंच एमए विमेन स्टडीज एमएससी मास कम्युनिकेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी शामिल हैं।

## एलयू में ऑनलाइन ऑफ कैम्पस स्नातक काउंसिलिंग आज से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** काल मे स्नातक की कक्षाओं में प्रवेश को लेकर मंगलवार से लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले की दौड़ शुरू हो जाएगी। नए सत्र में प्रवेश के लिए स्टूडेंट्स 28 सितंबर तक ऑनलाइन आफ कैम्पस काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके साथ ही स्टूडेंट्स 29 सितंबर तक अपनी पसंद के सीटों के लिए च्वाइंस फिलिंग कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार काउंसिलिंग की प्रक्रिया में स्टूडेंट्स को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिए कुछ काउंसिलिंग प्रक्रिया की वीडियों रिकॉर्ड कर एलयू की वेबसाइट पर डाली गई है। उन्होंने बताया कि जिन स्टूडेंट्स को मेरिट सूची में रैंक आवंटित की गई है वह ऑनलाइन काउसिलिंग में भाग ले सकते हैं। स्टूडेंट्स को लॉगिन कर जो निर्देश ऑनलाइन पोर्टल पर मिलेंगे उसके माध्यम से रजिस्ट्रेशन करना होगा। स्टूडेंट्स को काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए 1200 रुपए का फीस भी जमा करना होगा। इसमें 200 रुपए काउंसिलिंग फीस और 1000 रुपए मूल फीस का होगा। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सुझाव दिया है कि स्टूडेंट्स पोर्टल पर दर्शाये गए बैंक खाते के विवरण की जांच कर लें और यदि इस विवरण में कोई त्रुटि हो तो इसे सावधानी पूर्वक संशोधित कर ले। बता दें कि इस बार यूनिवर्सिटी की ओर से सेंट्रलाइज्ड काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

## डकैती की योजना बनाते पांच गिरफ्तार

### कब्जे से लाखों की चोरी के माल समेत अन्य सामान बरामद

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने रविवार देर रात डकैती की योजना बनाते समय पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के लाखों का माल समेत अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसारए आरोपियों के खिलाफअलग.अलग थानों में करीब दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। फिलहालए पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। साथ ही मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि रविवार रात पुलिस की अलग.अलग टीमें इलाके में गश्त कर रही थी। तभी मटियारी चौकी क्षेत्र के नहर के पास आरोपियों की लोकेशन मिली तो पुलिस ने घेराबंदी कर दी। हालांकि सामने पुलिस को देखकर आरोपी भागने की कोशिश करने लगे तो उन्हें दौड़ाकर दबोच लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की राजाजीपुरम के राम विहार कॉलोनी निवासी मनीष सोनी और लाइन खेड़ा निवासी बाबू उर्फ अरुण के अलावा बुद्धेश्वर पारा निवासी दुर्गेश गोस्वामीए सूर्या नगर क्रॉसिंग किशन परिहार व आलमबाग निवासी राजीव कुमार सोनी के रूप में शिनाख्त की गई है। आरोपियों के कब्जे से 25 हजार की नकदीए चांदी की थालए दो एंड्राइड फोनए नौ ग्राम जेवरात बरामद किए गए। पुलिस की मानें तो शातिर आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपियों के खिलाफविभूतिखंडए मड़ियांवए चिनहटए पाराए इंदिरानगर आशियाना और गोमती नगर थानों में डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी लगातार इलाके में चोरी और लूट की वारदात को अंजाम दे रहे थे। साथ ही पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी।

प्रिय सदस्यगण,

जैसा कि आपको भली-भाँति विदित है कि विगत कुछ वर्षों से कतिपय वैधानिक अड़चनों के कारण मैच्योरिटी भुगतान में कुछ विलम्ब की स्थिति उत्पन्न हुई, लेकिन हम एक दिन का भी विलम्ब से भुगतान करने पर अपने सम्मानित सदस्यों को विलम्बित अवधि का ब्याज अवश्य देते हैं। सोसाइटी के मेम्बर्स का हित प्रभावित न हो एवं अपने सदस्यों के सेवा पक्ष को और सुदृढ़ करने के लिए अपने अधिकृत केन्द्रों के अतिरिक्त कॉल सेन्टर, ग्रिवॉन्स सेल तथा सदस्यों को अपनी बात रखने के लिए पोर्टल की भी सुविधा प्रदान की गयी है।

हम अपने कोऑपरेटिव एडुकेटर साथीगण एवं सम्मानित सदस्यों से यह अपील करना चाहेंगे कि सोसाइटी सदैव आपकी हितों एवं सेवा के लिए कटिबद्ध है और आगे भी रहेगी। अतएव आप सरकारी प्रतिष्ठानों यथा प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस प्रशासन के अलावा सेन्ट्रल रजिस्ट्रार कार्यालय आदि को पत्र न लिखकर यदि सोसाइटी के पोर्टल के माध्यम से अपनी समस्या प्रेषित करते तो उसका समाधान और भी पहले मिल जाता तथा उन सरकारी कार्यालयों का समय खराब नहीं होता। क्योंकि उक्त प्रतिष्ठानों का दायित्व पूरे देश के विकास कार्यों का है।

अतः हम आपसे निवेदन करना चाहते है कि आप अपनी समस्त परेशानियों / शिकायतों को उपरोक्त सरकारी विभागों में न भेजकर हमारे निम्नलिखित पोर्टल, टोल फ्री नम्बर एवं ई.मेल, पतों पर भेजें-

**Website:** www.sccsl.sahara.in
**E-mail:** contactus.sccsl@sahara.in

पत्राचार का पता :
**सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड**
सहारा इंडिया भवन, 1, कपूरथला काम्प्लेक्स, अलीगंज
लखनऊ-226024 (उ०प्र०)
टोल फ्री नं. 1800-103-6894

CHHAB/2020-9-31/CORP-All

# 18 जिलों में नए बीएसए की तैनाती

## बेसिक शिक्षा विभाग में समूह ख के 28 अधिकारियों के ट्रांसफर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा विभाग ने सोमवार को 18 जिलों में नए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) की तैनाती कर दी है। वहीं 18 जिलों के बीएसए को हटाकर अन्यत्र तैनाती दी गई है। ट्रांसफर की सूची में केवल 5 बीएसए को ही दूसरी जगह बीएसए बनाकर भेजा गया है। कुल मिलाकर 28 अधिकारियों के स्थानांतरण किये गए हैं।विशेष सचिव आरपी सिंह के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक बीएसए महाराजगंज जगदीश शुक्ल को बस्ती, सहायक उप शिक्षा निदेशक एससीईआरटी शिवानी को बीएसए श्रावस्ती, डायट बलिया के वरिष्ठ प्रवक्ता सूर्यभान को बीएसए महोबा, डायट मुरादाबाद की वरिष्ठ प्रवक्ता चंदना राम इकबाल को बीएसए औरैया, डायट हापुड़ के वरिष्ठ प्रवक्ता वीरपाल सिंह को बीएसए मथुरा, डायट सोनभद्र के वरिष्ठ प्रवक्ता अंबरीश कुमार को बीएसए आजमगढ़, डायट रामपुर की वरिष्ठ प्रवक्ता कल्पना सिंह को बीएसए इटावा, बेसिक शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में तैनात रहे माया राम को मुजफ्फरनगर का नया बीएसए बनाया गया है। इसी तरह डायट आगरा के वरिष्ठ प्रवक्ता राघवेंद्र सिंह को बीएसए बागपत, सर्व शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ में विशेषज्ञ पद पर तैनात चंद्रकेश को बीएसए पीलीभीत, डायट फर्रुखाबाद के वरिष्ठ प्रवक्ता दीवान सिंह को बीएसए सुलतानपुर, बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ में सहायक उप शिक्षा निदेशक सेवाएं राजेंद्र सिंह को बीएसए सिद्धार्थनगर, डायट संत कबीर नगर के वरिष्ठ प्रवक्ता संतोष कुमार राय को बीएसए देवरिया और डायट देवरिया के वरिष्ठ प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव को महाराजगंज का नया बीएसए बनाया गया है। बस्ती के बीएसए अरुण कुमार प्रथम को वरिष्ठ प्रवक्ता डायट कानपुर देहात, देवरिया के बीएसए प्रकाश नारायण श्रीवास्तव को एसोसिएट प्रोफेसर आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान प्रयागराज, महोबा के बीएसए महेश प्रताप सिंह को सहायक उप शिक्षा निदेशक सेवाएं बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ, बागपत के बीएसए राजीव रंजन मिश्र को वरिष्ठ प्रवक्ता डायट मुरादाबाद, मीरजापुर के बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह को वरिष्ठ प्रवक्ता डायट बांदा, बीएसए इटावा अजय कुमार सिंह को वरिष्ठ प्रवक्ता डायट अंबेडकरनगर, बीएसए पीलीभीत देवेंद्र स्वरूप को वरिष्ठ प्रवक्ता डायट मीरजापुर, बीएसए मुजफ्फरनगर रामसागर पति त्रिपाठी और बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय से संबद्ध मनिराम सिंह को विधि अधिकारी बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ के पद पर भेजा गया है। इसी तरह बीएसए मथुरा चन्द्रशेखर को बीएसए अमरोहा बीएस, अमरोहा गौतम प्रसाद को बीएसए मिर्जापुर, बीएसए श्रावस्ती ओमकार राणा को बीएसए चित्रकूट, बीएसए चित्रकूट प्रकाश सिंह को बीएसए कौशाम्बी के पद पर भेजा गया है।

# स्कूटर्स इण्डिया ने 54 संविदा कर्मियों को कर दिया बाहर

संवाददाता। सरोजनीनगर




## 15 वर्षो से काम कर रहे संविदाकर्मियों में आक्रोश, कम्पनी के गेट पर किया विरोध व जोरदार प्रदर्शन

**केन्द्र** सरकार द्वारा सरोजनीनगर स्थित स्कूटर्स इण्डिया कम्पनी को बंद किये जाने के बाद सोमवार को यहां के प्रबंधन ने तकरीबन पांच दर्जन संविदाकर्मियों को नौकरी से निकाल दिया। 15 वर्षों तक कम्पनी में काम करने के बाद अचानक निकाले जाने से आक्रोशित इन संविदाकर्मियों ने कम्पनी के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। कम्पनी से निकाले गये संविदाकर्मियों के मुताबिक उन्हें 15 वर्ष पहले जॉब ट्रेनीज के पद पर नियुक्त किया गया था। प्रत्येक वर्ष उनका करार एक वर्ष के लिए आगे बढ़ा दिया जाता था। लेकिन सोमवार को कम्पनी के प्रबंधक (मानव संसाधन) पीयूष चन्द्रा ने उन्हें कल से काम पर न आने का नोटिस थमा दिया। इससे आक्रोशित यह संविदाकर्मी कंपनी के गेट पर एकत्र हो गये और कम्पनी प्रबंधन का विरोध करने लगे। इन संविदाकर्मियों ने कहा कि एक तरफ सरकार प्राइवेट कम्पनियों के मालिकों से कह रही है कि किसी को भी नौकरी से न निकालें और सरकार खुद ही उन्हें बेरोजगार कर रही है। निकाले गये इन संविदाकर्मियों ने कहा कि कम्पनी के चेयरमैन ने उन्हें लिखित पत्र देकर यह कहा था कि संविदा कर्मचारियों के साथ स्थाई कर्मचारियों की तरह बर्ताव किया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे एचआर मैनेजर ने कहा कि कम्पनी में उत्पादन बंद हो गया। इसलिए कम्पनी प्रबंधन ने आगे उनकी सेवाएं लेने से मना कर दिया। इसके बाद भी उन्हें निकाल दिया गया। उधर कम्पनी के अधिकारियों का कहना है कि 54 संविदाकर्मियों का करार 21 सितम्बर से समाप्त हो रहा है। जिसके चलते उन्हें कल से कम्पनी न आने को कहा गया है।

# काशी को बनाएंगे विकास का मॉडल

## भ्रष्टाचारियों से की जाए सरकारी क्षति की वसूली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ऐतिहासिक** और पौराणिक महत्व के साथ-साथ प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र होने के कारण काशी का विशिष्ट महत्व है। पिछले 6 वर्षों में काशी ने विकास की एक नवीन यात्रा को प्रारंभ किया है। इसका लाभ आस पास के जनपदों को भी प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम काशी की धर्म, संस्कृति और कला को संरक्षित करने के साथ-साथ इसे आधुनिक और पुरातन के संगम का स्वरूप देते हुए विकास के मॉडल के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

मुख्यमंत्री ने यह बातें सोमवार को वाराणसी मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समग्र काशी क्षेत्र को केंद्र में रखते हुए पर्यटन विकास की योजना तैयार की जाए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने गाजीपुर में 55, जौनपुर में 11, चंदौली में 8 और वाराणसी में 7 निर्माण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार की शिकायत पर जारी एसआईटी जांच के कारण काम प्रभावित होने की स्थिति पर जांच प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चंदौली में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के लिए निर्माणाधीन 8 आरओबी के निर्माण की राह के अवरोधों को दूर करने के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की परियोजना बनाते समय ही उसके उपयोगी और टिकाऊ होने की समीक्षा हर स्तर पर कर लें। कार्यदायी संस्था की क्षमता की परख कर लें और किसी भी दशा में बजट रिवीजन की जरूरत न आए। इसमें खर्च होने वाला पैसा जनता का है। लिहाजा इसका लाभ जनता को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने वाराणसी स्मार्ट सिटी तथा वाराणसी सहित अन्य जनपदों में अमृत योजना के सभी कार्यों को मानक के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की प्रगति का भौतिक सत्यापन करते हुए समय से यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट निर्गत किए जाएं। ग्राम सचिवालय के लिए भूमि का चिन्हांकन शीघ्रता से किया जाए। जिलाधिकारी भूमि का चिन्हांकन एवं प्रशासनिक स्वीकृति उपलब्ध कराकर ग्राम सचिवालय का शिलान्यास करवाएं। समीक्षा बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार विभिन्न पुल तथा सड़क निर्माण की मांग रखी। एमएलसी लक्ष्मण आचार्य ने रामनगर की रामलीला का दूरदर्शन पर प्रसारण करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद व समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें।

# ऑनलाइन किसान पाठशाला से कृषकों को किया जाएगा प्रशिक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण के मद्दे नजर किसानों की सुरक्षा को देखते हुए प्रदेश सरकार ऑनलाइन किसान पाठशाला का आयोजन करेगी। कृषि विभाग ने इसकी रूपरेखा तैयार कर ली है। संयुक्त निदेशक कृषि आनंद त्रिपाठी ने बताया कि किसान पाठशाला कृषकों की आय बढ़ाने व आधुनिक कृषि से जोड़ने का मजबूत संसाधन बन चुका है, इसीलिए प्रदेश सरकार कोराना काल में भी पूरी सुरक्षा को ध्यान रखते हुए किसान पाठशाला का आयोजन ऑनलाइन करेंगी।

कृषि विभाग डिजिटल माध्यमों से किसान पाठशाला द मिलियन फार्मर्स स्कूल करने की तैयारी में जुटा है। खेती फसलों से जुड़ी जानकारी किसानों को वाट्सएप पर दी जाएगी। इसके लिए ग्राम स्तर पर वाट्सएप समूह बनाए जा रहे हैं जिनको ब्लॉक व ब्लॉक स्तर के समूहों को जिला स्तर पर जोड़ा जाएगा। जिला कृषि अधिकारी इनका संचालन व निगरानी करेंगे। संयुक्त निदेशक कृषि आनंद त्रिपाठी ने बताया कि किसान पाठशालाएं गांवों और खेतों तक उन्नत तकनीकी ज्ञान पहुंचा देने का सशक्त माध्यम बन गई हैं। इसका डिजिटल स्वरूप कामयाब होगा तो कृषि उत्थान की दिशा में क्रांतिकारी कदम होगा। सरकार इसे लेकर बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सामान्य तरीके से पाठशाला आयोजित करना संभव नहीं है। ऐसे में सबसे सुलभ माध्यम वाट्सएप समूह ही है। इनमें पाठशाला की प्रशिक्षण सामग्री को आसानी से उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं, किसानों के सवालों के जवाब देने की जिम्मेदारी स्थानीय कृषि अधिकारी व कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों की होगी।

# महापौर ने गरीब परिवारों को राशन किट बांटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महापौर** द्वार वृंदावन में अति पिछड़े परिवारों को राशन किट बांटा गया है। महापौर ने कहा कि गरीब परिवारों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। महापौर ने लोगां को कोरोना से बचने के सारे उपाय करने का भी निर्देश दिया है।

वृंदावन योजना तेलीबाग, लखनऊ में महापौर संयुक्ता भटिया ने समर्थ संस्था एवं एवं इग्नू क्षेत्रीय केंद्र द्वारा अति पिछड़े परिवारों को यूएनडब्लूएफपी के सहयोग से राशन किट का वितरण किया। इसके लाभार्थी इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के विद्यार्थी रहे जो कि बीपीएल परिवारों से आते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए महापौर संयुक्ता भटिया ने कहा कि गरीबों को भोजन कराना आज के समय में सबसे पुनीत कार्य है और आपकी यह संस्था यह कार्य कर रही ही इसके लिए आपको बहुत बहुत बधाई देती हूं। कोरोना के इस संक्र मण काल मे मैं यह कार्य तो निरंतर करती आ रही हूं और आज आप के माध्यम से मुझे यह पवित्र कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे कहा कि आप के द्वारा आगे भी ऐसे करते रहें इसके लिए आपको शुभेक्षा देती हूं। कार्यक्रम में सरकार द्वारा जारी कोविड-19 गाइडलाइन्स का पूरा पालन किया गया। इस अवसर पर महापौर संग विशिष्ट अतिथि एसपी एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह ,इग्नू की रीजनल डायरेक्ट डॉ मनोरमा सिंह ,यूएनडब्लूएफपी. से सुनील ,डॉ कीर्ति विक्रम सिंह, समर्थ संस्था से डॉ प्रवेश सहित लाभार्थी मौजूद रहे।

## बैंक के पैनल में नियुक्त कराने के नाम पर 40 हजार रुपए हड़पे

**लखनऊ।** जानकीपुरम निवासी एक महिला अधिवक्ता ने एक बैंक में लीगल सुपरवाइजर के पैनल में नियुक्त कराने के नाम पर 40 हजार रुपये हड़पने व दी गई धनराशि वापस मांगने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने व जान से मांगने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक महिला व उसके तथाकथित भाई के खिलाफगुड़म्बा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा ने बताया कि जानकीपुरम निवासी प्रिया सिंह अधिवक्ता है। पारा निवासी दीप्ति विश्वकर्मा ने खुद को करूर वैश्य बैंक की बैंकर बताते हुए प्रिया को बैंक के लीगल सुपरवाइजर के पैनल में नियुक्त करवाने का आश्वसन दिया।

उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड निविदा सूचना – विशिष्टी सं0 03/ ईएमटीडीगो0 न0(ल0) /2020–21 खोले जाने की तिथि दि0 03.10.2020 तक विस्तारित करने हेतु
अपरिहार्य कारणोंवश अधिशासी अभियन्ता, विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार खण्ड गोमतीनगर, लखनऊ के प्रयोगार्थ एक अदद डीजल चालित जीप (चालक सहित) नौ महीना हेतु किराये पर लिये जाने सबंधी पूर्व प्रकाशित निविदा सं0–03/ईएमटीडीगो0न0 ल0)/ 2020–21 के विरूद्ध निविदा क्रय करने, स्वीकार करने एवं खोले जाने की तिथि 21.09.2020 को बढ़ाकर दि0 03.10.2020 तक विस्तारित किया जाता है। निविदा संबंधी अन्य समस्त नियम व शर्ते यथावत रहेंगी। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार खण्ड कक्ष सं0 318–319, पारेषण भवन, विभूति खण्ड–II गोमतीनगर, लखनऊ–226010**
पत्रांक–149 दिनांक 21.9.2020 "देश हित में बिजली बचायें"

**MADHYANCHAL VIDYUT VITRAN NIGAM LTD HEAD OFFICE - 4 A, GOKHLE MARG LUCKNOW SHORT TERM E-TENDER NOTICE** Tenders through e-tendering system are invited from reputed manufacturers with adequate experience for Competitive Bidding for supply of 33 KV HT TVM 3P -/1A Cat-C Energy Meters. Bidders may quote for full quantity only: **TENDER SPECIFICATION NO. MEDCO/2524/2020 Item Description** Supply of 33 KV HT TVM 3P -/1A Cat-C Energy Meters **Quantity (Nos.)** 200 Earnest Money (Rs.) Rs. 6,000.00 **Tender Fee with GST (Rs.)** Rs. 5900.00 Last Date & Time of receiving Tender : 29.09.2020 upto 13:00 Hrs. Due date and time for opening Bid Part-I : 30.09.2020 at 15:00 Hrs. For this tender a tender Fee amounting to Rs. 5900.00 (Rupees Five Thousand Nine Hundred) only shall be deposited in the form of NEFT/RTGS only and Earnest Money, as mentioned above, shall be deposited in the form of Bank Guarantee or RTGS/NEFT. The scanned copy of Tender Fee and Earnest Money details alongwith tender bid documents shall be uploaded on e-tender website: etender.up.nic.in. Detailed information of the tender and tender documents can be seen and downloaded from e-tender website: https://etender.up.nic.in and MVVNL website: www.mvvnl.in In case of amendment and date extension, the information shall be made available on e-tender website: https://etender.up.nic.in and MVVNL website: www.mvvnl.in **Superintending Engineer (Comm) MVVNL 4-A Gokhale Marg, ( Lucknow** No- 242 Date 21.09.2020 "Save Electricity in National Interest, use **Led** in Place of **Bulbs"** MVVNL Helpline No. 18001800-440/1912

# भर्ती मामले में सफेद झूठ बोल रही सरकार

## शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी मंच ने लगाया आरोप

● आरटीआई में मिली जानकारी में दर्जनों विभागों में 30 से 40 प्रतिशत पद रिक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कर्मचारी,** शिक्षक एवं अधिकारी, पेंशनर्स अधिकार मंच ने सरकार ने सरकार की तरफ से भर्ती के बारे में दिए जा रहे आकड़ा को सिरे से खारिज कर दिया है। मंच के अध्यक्ष डा दिनेश चन्द्र शर्मा, प्रधान महासचिव सुशील कुमार त्रिपाठी तथा हरि किशोर तिवारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकार अपने साढ़े तीन साल के भर्ती मामले के जो आकड़ें बता रही है वह गलत है। जन सूचना अधिकार के तहत दी गई जानकारी में इसका खुलासा होता है। सहकारिता, दिव्यांग सशक्तीकरण, कर्मचारी बीमा जन चिकित्सा, वाणिज्य कर, वाणिज्यकर मुख्यालय, सर्तकता जैसे दर्जनों विभागों में 30 से 40 प्रतिशत पद लम्बे अरसे से खाली पड़े हैं। हरि किशोर तिवारी ने कहा कि सरकार अपने कार्यकाल में भर्ती मामले में खुला झूठ बोल रही है। इसका उदाहरण हम कुछ ऐसे विभाग की रिक्तियों के आधार पर देंगे जिन विभागों का जनता से सीधा सरोकार ही नहीं बल्कि यह विभाग संवेदनशील है। सहकारिता विभाग सीधे किसानों एवं ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है। इस विभाग में वर्तमान सरकार के सत्तासीन होने तक सहायक सांख्यिकी अधिकारी के कुल स्वीकृत 35 पदों के सापेक्ष मार्च 2020 तक रिक्तयॉ 33 हो गई यानि केवल दो अधिकारी तैनात हैं। अब बात करें दिव्यांगजन संशक्तिकरण विभाग यानि विकंलाग कल्याण विभाग जो अति संवेदनशील विभाग है। सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि विभाग में निदेशक, मुख्य वित्त लेखाधिकारी, संयुक्त निदेशक, सहायक लेखाधिकारी के सभी पद रिक्त पड़े है जबकि उप निदेशक के 13 में से 12 पद रिक्त है। अधीक्षक के 18 में से 12 पद रिक्त है। जिला विकंलाग जन विकास अधिकारी के 75 पदों में से 36 पद रिक्त, प्रवक्ताओं के 48 में से 19 पद रिक्त पड़े है। चौकाने वाली बात यह है कि कुल 757 स्वीकृत पदो के सापेक्ष 343 पद रिक्त पड़े है। कुछ और उदाहरणों में संस्थागत वित्त, बीमा एवं बाह्य सहाययित परियोजना विभाग का हाल भी बुरा है। विभाग में 148 पदों के सापेक्ष 72 पद रिक्त पड़े है। वाणिज्य कर के निरीक्षक पदों में 278 के सापेक्ष 45 पद रिक्त पड़े है। नागरिक सुरक्षा निदेशालय की बात करे तो यहॉ उप निदेशक के 80 में से 76 पद रिक्त पड़े है। सर्तकता जैसे सरकार के महत्वपूर्ण अंग कहे जाने वाले विभाग में अधिकारी संवर्ग के 97 में से 66 पद, तृतीय श्रेणी के 603 में से 362 पदों के अलावा चतुर्थ श्रेणी की स्थिति तो बहुत खराब है। कुल स्वीकृत पद 59 के सापेक्ष 43 पद रिक्त पड़े है। मुख्यमंत्री ने सचिवालय में एक सप्ताह के अन्दर पत्रावली का निरस्तारण करने का आदेश दिया है जबकि शासन में कर्मचारियों के हितार्थ चल रही पत्रावली वर्षो से धूल फांक रही है। तिवारी ने कहा कि उदाहरण के तौर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पदों पर पदोन्नति के लिए राजस्व परिशद के प्रस्ताव को चार पॉच माह से लम्बित है जबकि राजस्व विभाग द्वारा एक माह में निस्तारण करने की सहमति दे चुका है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर इलाके में रविवार रात एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गंवा दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सरोजनीनगर के मीरानपुर पिनवट गांव निवासी किसान काशी प्रसाद का बेटा अनीश यादव 19 रविवार शाम को घर पर अपने कमरे में था। लेकिन रात करीब 11 बजे जब खाना खाने के समय परिजन कमरे के अंदर उसे बुलाने पहुंचे तो वह कमरे के अंदर रस्सी के सहारे मृत अवस्था में लटका मिला। आनन-फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। हालांकि सूत्रों की माने तो मृतक अनीश के पास से एक प्रेम पत्र बरामद हुआ है। जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसने प्रेम प्रसंग में ही किसी बात से परेशान होकर अपनी जान दे दी है। हालांकि पुलिस ने ऐसी किसी बात से इनकार किया है।

## विधानसभा अध्यक्ष को भेंट की पुस्तक



**लखनऊ।** डॉ अंजू वर्मा लेक्चरर होम साइंस रघुनाथ गर्ल्स इंटर कॉलेज मेरठ ने विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट कर अपनी स्वलिखित पुस्तक एडवांस इन कम्युनिटी न्यूट्रिशन भेंट की।

## बेसिक शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादले को लेकर समय सारिणी जारी

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा में शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने समय सारिणी जारी कर दी है। जारी सारिणी के मुताबिक ट्रांसफर की फाइनल सूची का प्रकाशन 15 अक्टूबर को होगा। अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार के सत्र से जारी आदेश के मुताबिक ट्रांसफर के लिए आवेदन कर चुके शिक्षकों के दावे-आपत्तियों का निस्तारण 24 से 28 सितम्बर के बीच होगा। जबकि जनपदीय समिति के निर्णय के उपरांत बीएसए की तरफसे डेटा रिसेट और शिक्षकों से संशोधन की प्रक्रिया 29 से 30 सितंबर के बीच सम्पन्न कराई जाएगी। शिक्षकों की तरफसे संसोधित आवेदन पहली अक्टूबर से लेकर 3 अक्टूबर के बीच लिए जाएंगे। इसके बाद बीएसए की तरफ से 4 अक्टूबर से 5 अक्टूबर के बीच इसे लॉक किया जा सकेगा। ट्रांसफर के लिए अंतिम सूची का प्रकाशन 15 अक्टूबर को होगा। वही कार्यमुक्त होने के बाद शिक्षक 24 अक्टूबर तक सम्बंधित जनपद में कार्यभार ग्रहण कर सकेंगे।

## सीएमएस में वर्चुअल मैकफेयर इण्टरनेशनल शुरू

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा ऑनलाइन आयोजित की जा रही पाँच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं कम्प्यूटर प्रतियोगिता मैकफेयर इण्टरनेशनल-2020 का आज भव्य उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में ऑनलाइन उपस्थित संगीता सिंह, चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर, आयुष्मान भारत एवं एमडी., मेडिकल सप्लाइस कार्पोरेशन, ने मैकफेयर इण्टरनेशनल का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी, सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन व अन्य गणमान्य अतिथियों ने ऑनलाइन उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। विदित हो कि सीएमएस महानगर कैम्पस द्वारा वर्चुअल मैकफेयर इण्टरनेशनल-2020 का आयोजन 21 से 25 सितम्बर तक किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि संगीता सिंह, ने कहा कि कोविड-19 के कारण लोगों की बुनियादी सोच में बदलावा आया है और हम जीवन की मौलिक चीजों के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि किताबी ज्ञान के साथ ही जीवन मूल्यों का ज्ञान भी नितान्त आवश्यक है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि मैकफेयर इण्टरनेशनल का यह ऑनलाइन आयोजन प्रतिभागी छात्रों को न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से अपने ज्ञान का विस्तार करने का अवसर प्रदान कर रहा है अपितु यह छात्रों को मानवजाति के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## दबंगों ने राड व हाकी से लैस होकर दलित दम्पत्ति पर किया हमला

**निगोहां।** निगोहां के चिरानीखेड़ा गांव में रविवार रात बीच सड़क पर बैठकर पार्टी कर रहे दबंगो को रास्ता छोड़ने के लिये कहना दलित युवक को महंगा पड़ गया, उस समय दबंग शांत हो गये लेकिन देर रात आधा दर्जन दबंग चार पहिया वाहन से सवार होकर दलित युवक के घर राड ,हाकी सहित धारदार हथियार लेकर जा धमके और घर में घुसकर दलित दम्पत्ति सहित बचाने आये परिजनो की जमकर पिटाई कर लहूलूहान कर दिया, चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तो आरोपी गाली गलौज करते हुये जा से मारने की धमकी देकर अपनी कार में सवार होकर भाग निकले, पीड़ित परिजनो ने पुलिस से पूरे मामले की लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने जांच की बात कहकर उसे चलता कर दिया।

## घायल युवक की मौत पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के दिलावर नगर गांव में एक सप्ताह पूर्व रामविलास रावत की मौत के बाद हुए बवाल में गोली लगने से घायल पप्पू कुरैशी की रविवार देर इलाज के दौरान मौत हो गयी। जिससे आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने लखनऊ हरदोई राजमार्ग जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हृदेश कुमार उपजिलाधिकारी अजय कुमार राय ने मौके पर पहुँचकर मृत्तक के परिजनों से बात करके हर संभव का आश्वासन दिया। जिसके बाद जाम खुल सका और आवागमन चलने लगा। आपको बता दे 10 सितंबर को रामविलास की मौत के बाद 11 सितंबर को विभिन्न मांगों को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने भतोइया गांव के पास लखनऊ हरदोई राजमार्ग जाम कर दिया और मलिहाबाद पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी सहित अन्य मांगों पर अड़ गए। इसके बाद पुलिस द्वारा अपने बचाव में की गयी फायरिंग के दौरान भतोइया गांव के पप्पू कुरेशी को गोली लग गई और वह लहुलुहान होकर गिर गया। परिजन उसे इलाज के लिए मलिहाबाद सीएचसी ले गए थे जहाँ डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था।

## यात्रियों को मिलेगी राहत, चलेंगी 80 और सिटी बसें

**लखनऊ।** दैनिक सवारियों को सिटी बसों की किल्लत दूर होगी। क्योंकि सिटी ट्रांसपोर्ट 80 सिटी बसें और चलाने जा रहा है। ये सिटी बसें दुबग्गा और गोमतीनगर में खड़ी हैं। इन बसों की उम्र पूरी हो गई। परए इनकी मरम्मत कराकर बसों को सड़क पर उतारा जाएगा। ताकि शहर के हर मार्ग पर यात्रियों को सिटी बसों की सुविधा हर कदम पर मिल सके। सिटी ट्रांसपोर्ट के पास 260 सीएनजी और 40 इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा है। वर्तमान में सिर्फ80 बसें चल रही हैं। बाकी बसों की स्थिति बेहद खराब है। इनमें 80 बसों की मरम्मत कराकर चलाई जाएगी। क्योंकि सवारियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं। इस वजह से सिटी ट्रांसपोर्ट ने और बसें चलाने का निर्णय लिया है।

## नोडल अफसरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**लखनऊ।** रोडवेज मुख्यालय के नोडल अफसरों का कार्य क्षेत्रों में बदलाव कर दिया गया है। पूर्व में जारी आदेश को बदलते हुए नए सिरे से 19 अफसरों को नोडल नियुक्त किया गया है। ये अफसर प्रदेश भर के बस अड्डों पर हो रहे बस संचालन की निगरानी करते हुए रोजाना दूरभाष पर बस संचालन की समीक्षा करेंगे। यहीं नहीं महीने में एक बार क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण करते हुए सुधार के लिए दिशा निर्देश देंगे। निगम प्रशासन ने लखनऊ क्षेत्र की जिम्मेदारी मुख्य प्रधान प्रबंधक प्रशासन एसके दुबे को सौंपी है। बाकी बस डिपो की निगरानी करने के लिए सीजीएम संचालन, सीजीएम प्राविधिक और जीएम को जिम्मेदारी दी गई है।

## कोविड प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज तहसील में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं के धरना प्रदर्शन के दौरान कोविड प्रोटोकॉल के उल्लंघन के आरोप में पुलिस ने 11 नामजद और 50 अज्ञात सपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक धरना प्रदर्शन की फोटो और वीडियो से लापरवाही बरतने वाले कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध खनन में लिप्त जेसीबी व चार डंपर जब्त

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर तहसील प्रशासन ने सोमवार तड़के छापेमारी कर बंथरा इलाके में अवैध खनन कर रही एक जेसीबी मशीन और चार डंपरों को मौके पर पकड़ लिया। तहसील अधिकारियों ने बरामद जेसीबी मशीन और डम्परों को बंथरा पुलिस के हवाले कर दिया है। जबकि अवैध खनन करा रहे खनन माफिया और गाड़ियों के चालक व मजदूर मौके से भागने में सफल रहे। सरोजनीनगर एसडीएम प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी के मुताबिक रविवार रात उन्हें सूचना मिली कि इलाके के बेंती गांव में कुछ खनन माफियाओं द्वारा रात में चोरी छुपे धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद सोमवार तड़के करीब 4 बजे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार बिजनौर मनीष कुमार त्रिपाठी ने छापेमारी की तो खनन माफिया और गाड़ियों के चालक मजदूरों के साथ अपनी गाड़ियां छोड़कर मौके से भाग निकले। बाद में नायब तहसीलदार बिजनौर मनीष कुमार त्रिपाठी ने अवैध खनन स्थल से एक जेसीबी और चार डंपरों को पकड़ लिया। मिट्टी खनन में लगी एक जेसीबी मशीन और चारों डंपरों को बंथरा पुलिस के हवाले कर दिया गया है। नायब तहसीलदार बिजनौर मनीष कुमार त्रिपाठी के मुताबिक यह अवैध खनन बंथरा निवासी टीएन सिंह और यहीं के कुरौनी गांव निवासी उसके पार्टनर उज्जवल शुक्ला द्वारा किया जा रहा था। फिलहाल नायब तहसीलदार ने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दे दी है। बताते चलें कि सरोजनीनगर और बंथरा इलाके में काफी दिनों से कई जगहों पर चोरी छुपे रात के समय खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है। यह खनन माफिया अवैध खनन करके मिट्टी को आसपास निजी प्लाटों में औने पौने दामों पर बेच रहे हैं।

## अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल व उत्पीड़न का आरोप

**लखनऊ।** गुड़म्बा क्षेत्र निवासी एक महिला ने पति के रिश्तेदार पर चोरी छुपे अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल व उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। आरोप है आरोपी ने फोटो व वीडियो पति को दिखा दिया। जिससे पति ने उसे तलाक दे दिया। पीड़िता की शिकायत पर गुड़म्बा पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। अम्बेडकर नगर की मूल निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह गुड़म्बा क्षेत्र में पति के साथ रहती है। पति के रिश्तेदार नौशाद का घर में आना जाना था। आरोप है नौशाद ने चोरी छुपे उसका बाथरूम में नहाते हुए वीडियो बना लिया था। फिर उसे वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल व उत्पीड़न करने लगा। नौशाद के रुपयों की मांग को पूरा करने के कारण उसके सारे जेवर बिक गए। इसी बीच पति नाराज होकर मुंबई चला गया। बाद में उन्होंने उसे फोन करके तलाक दे दिया।

# राकेश पांडे एनकाउंटर में एनएचआरसी को भेजे अहम सबूत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक्टिविस्ट** डॉ. नूतन ठाकुर ने विगत 9 अगस्त को राजधानी के सरोजनीनगर में एसटीएफ द्वारा राकेश उर्फ हनुमान पाण्डेय के एनकाउंटर मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को नए अहम सबूत भेजे हैं। नूतन राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में मामले की शिकायत कर चुकी हैं, जिस पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से जवाब तलब किया गया है। नूतन ने मामले से जुड़े नए खुलासे को लेकर बताया कि घटना की रात राकेश पाण्डेय श्री साईं अस्पतालए गुडंबा में भर्ती थे, जहां वे अपना इलाज करा रहे थे। वहीं रात करीब 2.30 बजे 4-5 लोग उनके पास गए थे जो उन्हें अपने साथ ले गए। अस्पताल वालों के पूछने पर उन लोगों ने राकेश की मां की तबियत बहुत खराब होने की बात बताई। एफआईआर के अनुसार यह घटना सुबह 4.26 बजे घटित हुई। इसके विपरीत घटना के पूर्व 4 बजे ही दोबारा कई हथियारबंद लोग सादे कपड़ों में उस अस्पताल में आये जो अस्पताल के सभी सीसीटीवी कैमरे, उनकी सभी रिकॉर्डिंग तथा राकेश तिवारी सहित तमाम दूसरे मरीजों के केस रिकॉर्ड अपने साथ ले गए। जाते समय उन लोगों ने अस्पताल मैनेजमेंट से कहा कि ये रिकॉर्ड जांच के लिए सरोजनीनगर थाने जा रहे है, जहां से वापस मिल जाएंगे। लेकिन आज तक ये चीजें अस्पताल को वापस नहीं हुई हैं और सरोजनीनगर पुलिस ने इन्हें ले जाने से मना किया है। नूतन ने राकेश पाण्डेय के श्री साईं अस्पताल में भर्ती होने के सबूत के रूप में अस्पताल में उनकी भर्ती के पर्ची तथा अस्पताल के रूम की फोटो सामने रखी। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि ये पर्ची गलती से एसटीएफ द्वारा राकेश की जेब में रह गयी थी, जो उनके घरवालों को मिली। नूतन के मुताबिक उन्होंने इन नए सबूतों को भी आयोग को भेजा है।

# चीन को हराना है तो चीन निर्मित सामानों का उपयोग बन्द करें: यशवन्त सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोकतन्त्र** सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक विधानपरिषद सदस्य यशवन्त सिंह ने कहा है कि यदि आप चीन को हराने की इच्छा रखते हैं तो केवल चीन निर्मित सामानों का उपयोग बन्द कर दीजिए, चीन हिमालय के साथ ही तिब्बत को भी आजाद करने के लिए विवश होगा। उन्होंने कहा कि लोकतन्त्र सेनानी और चीन निर्मित सामग्री बहिष्कार मोर्चा के साथी इसके लिए घर घर सम्पर्क करें। सोमवार को परिवर्तन पार्क में स्थित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति की छांव तले चीन निर्मित सामग्री बहिष्कार मार्च को सम्बोधित करते हुए विधानपरिषद सदस्य यशवन्त सिंह ने कहा कि सीमा पर सेना लड़ रही है, कूटनीतिक मोर्चे पर सरकार लड़ रही है और देश के भीतर हमारी आपकी जिम्मेदारी है कि चीन के सामानों का बहिष्कार करके चीन को घुटना टेकने के लिए मजबूर करें। उन्होंने कहा कि आज परिस्थितियाँ हम लोगों के अनुरूप हैं। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार चीन की गतिविधियों पर अंकुश लगा रही है तो इधर मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सूबे की सरकार ने चीन की गतिविधियों पर बैन लगा दिया है। इसके लिए मुख्यमन्त्री योगी श्री आदित्यनाथ की जितनी भी तारीफकी जाए कम है। बहिष्कार मार्च के लिए लोकतन्त्र सेनानी और चीन बहिष्कार मोर्चा के साथी चन्द्रशेखर चबूतरा दारुलशफा पर जुटे। इस अवसर पर बहिष्कार मार्च में शामिल लोगों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया कि जब तक चीन सम्पूर्ण हिमालय को मुक्त नहीं करता हैए हम लोग चीन निर्मित सामग्री का बहिष्कार करते रहेंगे। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को श्रद्धान्जलि अर्पित की गई।

# नियमित कर्मचारियों को त्योहार पर एडवांस के रूप में मिलेंगे 20 हजार

● राज्य भण्डारण निगम के संचालक मण्डल की बैठक की मुकुट बिहारी वर्मा ने की अध्यक्षता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश राज्य भंडारण निगम के नियमित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को त्योहार पर अग्रिम के रूप में वर्तमान में दिये जा रहे 10 हजार रुपये से बढाकर 20 हजार रुपये किये जाने का निर्णय संचालक मंडल द्वारा लिया गया। प्रदेश के सहकारिता मंत्री व उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम के संचालक मण्डल के अध्यक्ष मुकुट बिहारी वर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम के सभाकक्ष में संचालक मण्डल की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करने के उपरान्त यह जानकारी दी है। श्री वर्मा ने बताया कि निगम के पूर्ण कालिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु लागू सामान्य ऋण व आकस्मिक ऋण योजना के फंड की सीमा को 7 करोड रूपयें से बढाकर 12 करोड रूपयें किये जाने का निर्णय संचालक मण्डल द्वारा लिया गया है। उन्होने बताया कि सामान्य ऋण व आकस्मिक ऋण योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण को निगम द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार ही प्रदान किया जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही की जाये। उन्होने बताया कि मण्डी स्थल महुली प्रतापगढ के स्थान पर निगम के सौरिख.खडनी कन्नौज केन्द्र पर उपलब्ध भूमि पर पॉच हजार मै. टन क्षमता के गोदाम एवं अन्य सुविधाओं के निर्माण हेतु निर्माण एजेन्सी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि. की स्वीकृति संचालक मण्डल द्वारा दी गई है। उन्होने बताया कि 27 जुलाई को हुई संचालक मण्डल की बैठक में मण्डी समिति महुली प्रतापगढ में मण्डी परिषद से भूमि उपलब्ध नही होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। प्रबन्ध निदेशक राज्य भण्डारण निगम श्रीकान्त गोस्वामी ने बताया कि संचालक मण्डल के समक्ष राज्य भण्डारण निगम में लागू कर्मचारी कल्याण निधि से निगम कार्मिको को दी जाने वाली सुविधाओं सम्बन्धी प्रकरण पर विचार करने हेतु प्रस्तुत किया गया जिस पर संचालक मण्डल द्वारा विचार करते हुए निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण का प्रस्ताव विधि पूर्वक तैयार करते हुए अगली संचालक मण्डल की बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

# भाजपा सरकार की नीतियों के विरुद्ध सपा हुई आंदोलनरत

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर सोमवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं ने केंद्र व प्रदेश भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी ने मुख्य रूप से किसानों के गन्ने का बकाया भुगतानए बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धिए फर्जी एनकाउंटरए व 5 साल संविदा की नौकरिए बेरोजगारीए ध्वस्त कानून व्यवस्थाए व समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री सांसद आजम खान व उनके परिवार के साथ हो रहे उत्पीड़न आदि समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। कोविड.19 महामारी के चलते जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी को तहसील परिसर

## ● राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

में धरना प्रदर्शन देने की अनुमति नहीं दी। जिसके चलते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद के आवास पर धरना प्रदर्शन किया। और उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पूर्ण रुप से जंगलराज कायम है। जनता पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है।किसान बदहाली का शिकार हो गया है ।प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अभी तक गन्ना किसानों को बकाया मूल्य अदा नहीं



कर सकी हैं प्रदेश में वृद्ध स्तर पर खाद बीज व कीटनाशक दवाओं का संकट आ गया है ।वहीं प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है प्रदेश का हर युवा आज बेरोजगार है। रोजगार के नाम पर प्रदेश सरकार नौजवानों के साथ छलावा कर रही है। 5 साल संविदा की नौकरी देने जा रही है समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही इस काले कानून को पहले ही कैबिनेट में खारिज कर दिया जाएगा ।महंगाई से आम जनता की कमर टूट गई है यह सरकार काले धंधों के कारोबारियों मिलावटखोरों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। बिजली का बिल आज दोगुना हो गया है। सरकार इस ओर अपना ध्यान नहीं दे रही है।समाजवादी नेता व कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश की सरकार जो उत्पीड़न कर रही है वह उत्पीड़न बंद किया जाए। आदि विभिन्न मांगों को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने धरना प्रदर्शन किया। और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर अशोक कुमार शर्मा को दिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव मदन यादव लोहिया वाहिनी अध्यक्ष रामतेज यादव पूर्व प्रधान व ब्लाक अध्यक्ष मिल्कीपुर सुभाष रावत ब्लॉक अध्यक्ष अमानीगंज अमन यादव शैलेश यादव सुजीत यादव इंद्रपाल यादव राम बहादुर यादव राम तिवारी अवधेश यादव प्रसाद यादव रामतेज यादव माखन लाल यादव काशीराम पाल यादव यादव यादव अवधेश यादवए अशोक यादव कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे

## पूर्व मंत्री के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर सपाइयों ने किया प्रदर्शन

### ● बोले, किसान विरोधी है नया कृषि बिल

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सोमवार को विधानसभा अकबरपुर के सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राममूर्ति वर्मा के नेतृत्व में तहसील स्तर पर कार्यक्रम कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन भेजा गया। कार्यक्रम कोरोना संकट काल में स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितता, भ्रष्टाचार की शिकायतों और सरकारी उत्पीड़न में वृद्धि, बेहाल किसान, बेरोजगार आदि के सम्बन्ध में किया गया।

कार्यक्रम में आए सैकड़ों साथियों, किसानों, नौजवानों के साथ तहसील मुख्यालय में कोरोना को



ध्यान में रखते हुए उचित दूरी का पालन किया गया तथा आए हुए सभी लोगों को मास्क वितरण कर सभी के हाथों को सेनेटाइज किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राम शकल यादव, युवा सपा नेता आनन्द वर्मा, विधानचन्द्र चौधरी, रविन्द्र सिंह, उत्तम चौधरी, चन्द्रिका यादव, हरीराम मौर्य, जगदीश राजभर, राम कृष्ण वर्मा, आनंद वर्मा, हाजी अकमल जूनून, अनिल मिश्रा, मो सन्नू, राम चन्दर गौड़, अमिताभ यादव, आत्माराम मौर्य, हरीराम यादव, मान सिंह, लालजी वर्मा, अमरेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, धीरेन्द्र त्रिपाठी, उमाशंकर निषाद, राम चरन प्रजापति, अरविन्द वर्मा, विनोद वर्मा, सरवर आलम, हौसिला प्रसाद, देवेन्द्र यादव, कुलदीप यादव, सुभाष राजभर, अरविंद राजभर, जफरुल्लाह, सालिक राम यादव, राम स्वारथ चौहान, सूरज अहलादे, आदर्श चौधरी, संदीप वर्मा, सुभम पटेल, रजनीश सिंह, उमेश सिंह, सुरजीत कुमार, मो0सईम, आलोक यादव, अभिषेक यादव, मो0वाहिद, सूरज राजभर, रब्बा सलमानी, सबलू, मो0 कयूम, मो0 शरीफ मो0वाहिद, मो0हसीब, शेरू खान, जुबैर, सुनील कनोजिया, मेराज, विपिन कनोजिया, मो0 अजमल, मो0 निजाम, अरुण कुमार, विकास कनोजिया, अब्दुल हमीद, मो0 अजमल, दिलशाद खान, मनोज यादव, मोहम्मद जिलानी, कुक्कू, मोहसिन खान, रामसूरत यादव, अमित यादव, समेत समस्त सम्मानित लोगों की उपस्थिति प्रार्थनीय रही।'

## क्विक न्यूज

### बालू लदे ट्रक के मामले मे पुलिस के हाथ अब भी खाली

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** बालू लदे ट्रक लूट के मामले में पुलिस अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है बीते 19सितंबर को थाना कुमारगंज क्षेत्र से दो किलोमीटर दूर गोबिन्द सिंह ब्रिक फील्ड ईट भट्ठे के पास से कार सवार अज्ञात लुटेरों ने बालू लदे ट्रक को लेकर फरार हो गए थे। ट्रक चालक की तहरीर पर थाना कुमारगंज पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी हुई है दो दिन बीत जाने के बात पुलिस लुटेरों तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर जय प्रकाश सिंह ने बताया कि घटनास्थल से सटे सुल्तानपुर अमेठी जनपद के थानों से भी अपराधियों के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है। लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई है लेकिन लुटेरों का कहीं पर कोई सुराग नहीं लग रहा है। फिलहाल पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है बहुत जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ा

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** हरिनाथपुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई। जब गन्ने के खेत में एक विशालकाय अजगर को ग्रामीणों ने देखा । ग्रामीणों ने गन्ने के खेत में अजगर होने की सूचना पीआरबी पुलिस के साथ वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से अजगर को पकड़ लिया। प्राप्त समाचार के अनुसार वन रेन्ज कुमारगंज अंतर्गत हरिनाथपुर गांव से सटे गन्ने के खेत में ग्रामीणों ने सोमवार को एक विशालकाय अजगर को देखते ही 112पुलिस के साथ.साथ क्षेत्रीय वन अधिकारी कुमारगंज को सूचना दी ।सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वन अधिकारी ने तत्काल बीट प्रभारी को मौके पर जाने का निर्देश दिया। मौके पर पहुंचे बीट प्रभारी रामप्रकाश, शीतला यादव, महेश यादव, पवन कुमार, धर्म प्रकाश की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से अजगर को कड़ी मशक्कत के बाद गन्ने के खेत से पकड़कर वन रेंज कार्यालय कुमारगंज ले आए। क्षेत्रीय वन अधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए अजगर को गोमती नदी से सटे देवगांव जंगल में छोड़ दिया गया है।

### स्वच्छता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**गोरखपुर ।** 'स्वच्छ भारत मिशन' के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारतीय रेल पर पखवाड़ा का आयोजन किया गया है, जिसके अन्तर्गत पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय एवं इज्जतनगर, लखनऊ, वाराणसी मंडलों पर भी रेलकर्मियों द्वारा स्वच्छता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। इसी क्रम में 20 एवं 21 सितम्बर को मुख्यालय गोरखपुर में रेलकर्मियों, रेलयात्रियों एवं अन्य रेल उपयोगकर्त्ताओं को स्वच्छता का संदेश देकर स्वच्छता के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। रेलवे स्टेशनों, रेल परिसर, रेलवे अस्पताल, रेलवे कालोनियों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा लोगों को प्लास्टिक प्रयोग से बचने की सलाह दी गयी। रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने आसपास के क्षेत्रों एवं अन्य स्थानों पर कूड़े का निस्तारण एवं साफ़सफ़ाई की गयी। स्वच्छता मिशन को सफ़ल बनाने हेतु रेलवे ने ई.एन.एच.एम. के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान कोविड-19 से बचाव हेतु शारीरिक दूरी का पालन करते हुये सभी स्वच्छता कार्य सम्पन्न किये गये।

### अवैध कारोबार करने वाले 44 धराए

**गोरखपुर।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल अतुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर 01 से 20 सितम्बर तक पूर्वोत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार के विभिन्न स्थानों से आरक्षित ई-टिकट का अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्व सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 38 मामलों का उद्भेदन कर 44 व्यक्तियों की गिरफ्तारी कर उनके पास से 608 टिकट, कीमत रू. 12.45 लाख का अवैध ई-टिकट जब्त किया गया। इन व्यक्तियों के विरूद्व रेलवे अधिनियम की धारा के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

### महिलाओं को अपने कर्तव्यों को जानना आवश्यक

**गोरखपुर।** राष्ट्रीय विधिक प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव-2 के निर्देशन में महिला कलयाण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए आज ए.डी.आर. सेन्टर दीवानी न्यायालय में महिलाओं के अधिकार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए सचिव जिला विधियक सेवा प्राधिकरण राहुल कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि महिलाओं के प्रति आय दिन हो रही हिंसाओं का सामना करने के लिए महिलाओं को अपने कर्तव्यों को व दायित्वों का भली भांति जानना आवश्यक है। उनके द्वारा महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही साथ मुकदमे से पहले प्री-लिटिगेशन के माध्यम मामलों को सुलझाने के बारे में सलाह दी गयी। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग की ओर से आये हुए प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि किस प्रकार हम महिलाओं के प्रति हो रही हिंसाओं से स्वंय व दूसरों को भी जागरूक कर सकते है। तथा ऐसी महिलाएं जो अपने घर से बाहर निकल कर अपनी समस्याओं को बयां करने मे अस्मर्थ वह पुलिस विभाग की तरफसे जारी हेल्प लाइन नम्बर 181, 112 व 1090 व वन स्टाप सेन्टर के माध्यम से भी अपनी समस्याएं बता सकती है और दूसरी अन्य महिलाओं की भी सहायता कर सकती हैं।

### मैत्री चयन के लिए करें आवेदन

**गोरखपुर।** पशुपालन विभाग के कृतिम गर्भाधान योजना के आच्छादन हेतु स्वतः रोजगार योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के चार मैत्री का चयन किया जाना है। इस हेतु हाईस्कूल (बायलोजी) उत्तीर्ण 18 से 41 वर्ष की आयु के युवा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में 30 सितम्बर तक अपना आवेदन रजि./व्यक्तिगत रूप से कर सकते हं। अधिक जानकारी हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय अथवा स्थानीय पशु चिकित्साधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

### किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरी आप

**अंबेडकरनगर।** किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ, बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध न कराने,डीजल पेट्रोल की कीमतों में लगातार वृद्धि होने, पिछड़े वर्ग का आरक्षण समाप्त करने और आरक्षण में क्रीमी लेयर व्यवस्था लागू करने के विरोध में जन अधिकार पार्टी ने उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा ।जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला सलाहकार हरि गोपाल मौर्य के नेतृत्व में राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपते हुए बताया कि प्रदेश में चारों तरफ पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों के ऊपर अत्याचार, हत्या, दुष्कर्म और आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं पिछड़े वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति खत्म कर दी गई हैं प्रदेश में डीजल व पेट्रोल की प्रतिदिन बढ़ रही कीमतों को वापस लेने, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों की हत्या रोकने, मजदूरों को 15000 एकमुश्त वा 7500 प्रतिमाह देने की मांग की पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने व किसानों को खाद बीज व कीटनाशक दवाएं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने, छोटे व मझोले किसानों, दुकानदारों व व्यापारियों का कर्ज एवं बिजली बिल माफ करने की मांग की ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष विनय मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य,सर्वेंद्र कुमार ,अनिल कुमार पाल, संतोष कुमार मौर्य, श्रीमती सविता देवी, विधानसभा अध्यक्ष कटेहरी अनिल मौर्य, राम प्रकाश पाल महासचिव, प्रवेश कुमार शर्मा सचिव, श्रीकांत चौहान, अजीत कुमार मौर्य, शैलेश कुमार, पवन प्रजापति, बबलू मौर्य आदि शामिल रहे।

## सांसद ने तपोस्थली नंदीग्राम में विकास कार्यों को लेकर सीएम को लिखा पत्र

संवाददाता। अयोध्या

**विख्यात** पौराणिक स्थल भरत जी की तपोस्थली भरतकुंड को अयोध्या से जोड़ने वाले मार्ग का प्रदेश सरकार विकास करेगी। तपोस्थली के पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित एक पुल को को चौड़ा तथा दूसरें का निर्माण कराया जायेगा। सांसद लल्लू सिंह ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था। जिसमें मुख्यमंत्री की तरफ से प्रस्ताव मांगा गया है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि भरत जी की तपोस्थली नंदीग्राम भरतकुंड धार्मिक, आध्यात्मिक व पौराणिक केन्द्र है। हिन्दू धर्म में इस स्थान का बड़ा महत्व है। श्रद्धालुओं व संतों की भावनाओं को सर्वोपरि मानते हुए अयोध्या विद्याकुंड से दर्शननगर होते हुए भरतकुंड तक जाने वाली सड़क को सात मीटर चौड़ा व सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया गया था। नंदीग्राम भरतकुंड की पंचकोरी परिक्रमा भी श्रद्धालुओं के द्वारा की जाती है। इस परिक्रमा मार्ग पर तमसा नदी पर स्थित दो पुल है जिसमें बिवियापुर स्थित साढ़े तीन मीटर के पुल को सात मीटर चौड़ा करने तथा पहुंपी में सात मीटर के पुल निर्माण की मांग भी मुख्यमंत्री से की गयी थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने अपनी स्वीकृति देते हुए इसके लिए प्रस्ताव मांगा है। उन्होने बताया कि भगवान राम के आदर्शो व मर्यादा की रश्मि से पूरी दुनिया को प्रकाशमय करती अयोध्या एक धार्मिक व अध्यात्मिक केन्द्र है। रामायण में दर्शाये गये कई पौराणिक स्थल आध्यात्मिक उर्जा का केन्द्र है। इनका प्रचार हमारी संस्कृति की विशालता से पूरी दुनिया को अवगत कराने के साथ पयर्टन को भी बढ़ावा देता है। अयोध्या के पौराणिक केन्द्र तक जाने वाले प्रत्येक सड़क को विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। जिससे यहां दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं व पयर्टकों को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री अयोध्या के विकास के लिए कटिबद्ध है। लगातार विकास की योजनाएं स्वीकृत की जा रही है। इस योजना को स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री जी को बधाई व धन्यवाद।

## ऑनलाइन हुईं तहसील की खतौनियां

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद में** राज्य सरकार के अधीन मेसर्स सीएमएस कंप्यूटर लि. द्वारा माह अगस्त तक 1800 केन्द्र खोले गये है जिसमें 1427 केन्द्र क्रियाशील है। इसी तरह जनपद में केन्द्र सरकार के अधीन मेसर्स सीएससी–एसपीवी द्वारा माह अगस्त तक जन सेवा केन्द्रों हेतु कुल 3500 आई.डी. बनाये गये जिसमें 1492 आई.डी. क्रियाशील है। सात विकास खण्डों बासगांव, बड़हलगंज, उरूवा, गोला, कौड़ीराम, पिपरौली तथा सरदारनगर में ग्राम पंचायत स्तर पर वाईफ़ाई इंटरनेट एसेस की सुविधा बीबीएनएल/बीएसएनएल द्वारा प्रदान की गयी है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अन्तर्गत आम जनता को मुख्य रूप से की जाने वाली सेवाओं में जी2सी (गवर्मेन्ट टू सिटिजन) के अन्तर्गत 15 तथा बी2सी (बिजनेस टू सिटिजन) के तहत जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से 14 सेवाएं प्रदान की जाती है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने जनपद में भूलेख डिजिटाइजेशन की स्थिति के संबंध में बताया है कि जनपद के समस्त तहसीलों की खतौनियों को आनलाइन कर दिया गया है तथा डाटा को डिजिटली लाक कर दिया गया है। जनपद के समस्त ग्रामों को जनगणना कोड (वर्ष 2011 के अनुसार) के मैपिंग कर लिया गया है।

## बदमाशों में फिल्मी अंदाज में बरसाईं गोलियां, एक घायल

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में सोमवार को भी दिनदहाड़े गोलियां तड़तड़ाई। बदमाशों के फिल्मी अंदाज में बरसाई गई ताबड़तोड़ गोलियों एक युवक घायल हो गया। बतातें चलें कि रविवार को भी दिनदहाड़े शाहपुर इलाके में बदमाशों ने गोली बरसाई जिसमें प्रा. विद्यालय की शिक्षिका की मौत हो गई और उसकी बेटी घायल हो गई। बेटी का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। यहां सोमवार को कैंट इलाके के सिंघाड़िया से लेकर मोहद्दीपुर के बीच में 4 किलोमीटर तक फिल्मी अंदाज में कार सवार और बाइक सवारों के बीच अंधाधुंध फायरिंग हुई है। इस घटना में एक राहगीर को गोली लग गई है। दोनों ओर से गैंगवार की तरह फ़ायरिंग होता देख राहगीर सहम गए और दुकानों में भागकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि एक बदमाश के हाथ में ही तमंचा फट गया जिससे वह जख्मी हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सिंघाड़िया के पास एक कार में सवार कुछ लोग रुके थे तभी 6–7 बाइक पर सवार युवक वहां पर पहुंच गए। कार सवार को देखते ही बाइक सवार युवकों ने फ़ायरिंग की मगर किसी को गोली नहीं लगी। इसके बाद कार सवार भी उनपर फ़ायरिंग कर भागने लगे। कार सवार मोहद्दीपुर की ओर भागने लगे तभी पीछे से बाइक सवार भी उनका पीछा करने लगे। कुछ बाइक सवार रास्ते में ही आवास विकास कॉलोनी में मुड़ गए मगर कुछ कार के पीछे लगे रहे। आरकेबीके शोरूम के पास पहुंचते ही एक बार फ़िर कार सवार और बाइक सवारों के बीच फ़ायरिंग होने लगी। इसी बीच बाइक सवार ने तमंचे से फ़ायर किया और तमंचा हाथ में फ़ट गया, जिससे वह जख्मी हो गया। इस दौरान उसके साथी उसे लेकर फ़रार हो गए, बीच शहर गोलियों की बौछार से लोगों में दहशत का माहौल है।

## बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का भाजपा में सबसे ज्यादा सम्मानः मिश्रा

**अयोध्या।** भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेषनारायन मिश्रा ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का भाजपा में सबसे ज्यादा सम्मान है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे परिवार के सदस्य की भांति है। कार्यकर्ताओं के साथ हर स्तर पर पार्टी खड़ी है। किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होने कहा कि भाजपा ने अपनी विचारधारा को अपनाते हुए महात्मा गांधीए डा भीमराव अम्बेडकरए डा राममनोहर लोहिया के विचारां को आत्मसात किया है। दूसरी पार्टियों ने लोहिया व गांधी के नाम पर केवल परिवारवाद को ही बढ़ावा दिया। भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है। हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने की ओर तेजी से बढ़ रहे है। हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुंचाना है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के




पात्रों को मिल रहा है। हम सत्ता को साधन नहीं सेवा मानते है। प्रधानमंत्री स्वयं को प्रधान सेवक कहते है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार किये है। आज बदमाश या भाग गये है या उनकी जगह जेल में है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को पार्टी ने सेवा सप्ताह के रुप में मनाया। 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर पार्टी बूथ स्तर पर गोष्ठी का आयोजन करेगी। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनायी जायेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंहए मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंहए सह मीडिया प्रभारी डा अंशुमान मित्रा मौजूद रहे। इसी क्रम में भाजपा के नवनियुक्त अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेषनारायन मिश्रा के जनपद आगमन पर करीब आधा दर्जन स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविल लाईन स्थित पार्टी कार्यालय में महानगर व जिले के पदाधिकारियों की संयुक्त परिचयात्मक बैठक हुई। बैठक में पदाधिकारियों से संगठनात्मक गतिविधियों व आगामी कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने किया। अवध क्षेत्र के अध्यक्ष शेषनारायन मिश्रा ने कहा कि लगातार सम्पर्कए संवाद व प्रवास के जरीये भाजपा समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है। समाजिक गतिविधियों में भाजपा के कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है। कोरोना आपदा के दौरान पार्टी पदाधिकारियां व कार्यकर्ताओं ने गरीबों की दिक्कतों का खास ख्याल रखा जिसकी आज तक समाज के द्वारा सराहना की जा रही है। समाज के सभी वर्गो के साथ लेकर चलते हुए हम राष्ट्रहित सर्वोपरि की विचारधारा के साथ आगे बढ़ रहे है। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह व बुकें भेट करके सम्मानित किया गया।

## केंद्रीय दल की टीम ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद में** बाढ़ से हुई क्षति के संबंध में राज्य आपदा मोचक निधि में दिये गये प्राविधानों के आधार पर उ.प्र. सरकार को प्रेषित बाढ़ मेमोरेण्डम जो कि भारत सरकार को स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जाती है, के संदर्भ में स्थलीय निरीक्षण हेतु रमेश कुमार गंटा, संयुक्त सचिव, एन.डी.एम.ए., गृह मंत्रालय, भारत सरकार के नेतृत्व में 04 सदस्यीय केन्द्रीय दल ने जनपद का भ्रमण किया। स्थलीय निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी की उपस्थिति में केन्द्रीय दल ने एनेक्सी भवन सभागार, समस्त विभागों के साथ बैठक की। बैठक में बाढ़ के दौरान आपदा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा किये गये कार्यों के संबंध में पावर प्वाइंट के माध्यम से एक प्रस्तुतीकरण गौतम गुप्ता, जिला आपदा विशेषज्ञ, गोरखपुर ने किया। राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/प्रभारी अधिकारी (आपदा), ने फ़सलों को हुई क्षति तथा क्षतिग्रस्त हुए सार्वजनिक परिसम्पत्तियों के आंकलन हेतु विभागों अपनायी गयी प्रक्रिया तथा बाढ़ मेमोरेण्डम को प्रस्तुत किया। केन्द्रीय दल के सदस्य क्रमशः आर.बी. कौल, सलाहकार, वित्त मंत्रालय, एफएच.डी., सी.जी.ओ., डा. मान सिंह, निदेशक, कृषि मंत्रालय एवं बलबीर सिंह, परियोजना निदेशक, उ.प्र. राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण, लखनऊ ने विभागों से एक–एक कर बाढ़ से हुई क्षति के संबंध में वार्ता कर यह निर्देशित किया कि बाढ़ से हुई क्षति के संबंध में राज्य आपदा मोचक निधि की गाईड लाईन के अनुसार विस्तृत अध्ययन कर क्षति आंकलन के पश्चात् प्रस्ताव प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि वे पुनः क्षति आंकलन की कार्यवाही नियमानुसार करें तथा अगले 03 कार्य दिवस के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक के उपरांत केन्द्रीय दल ने राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा)/प्रभारी अधिकारी आपदा एवं गौरव सिंह सोगरवाल, ज्वांइट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी, तहसील–सदर के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामपुर चक, सेमरा तथा राजपुर दुबी का निरीक्षण किया।

## नया कृषि बिल किसानों की बदहाली में काला अध्याय

### ● आप ने प्रदर्शन कर जताया बिल का विरोध

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**रविवार को** भारतीय संसद में असंवैधानिक तरीके से पारित एग्रीकल्चर आर्डिनेंस से जय जवान और जय किसान के नारा लगाने वाले देश में किसानों की बदहाली में एक और काला अध्याय जोड़ने का काम केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार के द्वारा किया गया है। केंद्र में बैठी भारतीय जनता पार्टी की सरकार को किसानों की कोई चिंता नही है किसान विरोधी ये काला कानून उसका जीता जागता प्रमाण है। आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि कृषि सेक्टर को प्राइवेट हाथों में देने के लिए यह बिल लाया गया है, इससे एमएसपी खत्म हो जाएगी। प्रदेश सचिव संध्या राजभर ने कहा कि एग्रीकल्चर आर्डिनेंस का लेकर केंद्र सरकार द्वारा कहा गया कि किसानों के लिए यह एक क्रांतिकारी बिल है, लेकिन सच यह है कि कृषि जो हमारे देश की जीवन रेखा है, अस्सी प्रतिशत लोग जो गांव में रहते हैं वो कृषि पर निर्भर हैं, उसको पूंजीपतियों के हाथों में देने के लिए यह बिल लाया गया है। जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि फ़सलों पर मिलने वाला न्यूनतम समर्थन मूल्य खत्म हो जायेगा। जिला महासचिव राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि पूंजीपति कहीं से भी फ़सल खरीद कर देश में कहीं भी उसका भंडारण कर सकेंगे। इससे काला बाजारी और बेतहाशा महंगाई बढ़ेगी। इस मौके पर श्यामू उपाध्याय, राकेश वर्मा, निकेश कन्नौजिया, शिवम श्रीवास्तव, फ़राज हैदर, असद खान, कासिम अब्बास, श्याम कृष्ण वर्मा, डॉ0 वसंत राम वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा कटेहरी मण्डल की ई-बुक का हुआ वर्चुअल विमोचन

**अंबेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के कटेहरी मंडल की विडियो कांफ्रेसिग के माध्यम से ई–बुक का वर्चुअल विमोचन भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के उपस्थिति और दिशा निर्देशन में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी विनोद सिंह एवं मण्डल अध्यक्ष अमरजीत मौर्य ने संयुक्त रूप से किया। ई–बुक के विमोचन के वर्चुअल कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ने कटेहरी मण्डल अध्यक्ष अमरजीत मौर्य सहित सभी पदाधिकारियों का कोरोना संक्रमण की वजह से लॉक डाउन में किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस साहस के साथ लॉकडाउन के दौरान जनसेवा कार्य किया गया वह प्रशंसनीय है।भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किये सेवा कार्यों पर आधारित ई–बुक के वर्चुअल विमोचन में भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री गौरव उपाध्याय,विकास सिंह,महिला मोर्चा नेत्री सुनीता चौहान, जितेंद्र मिश्रा, अमन श्रीवास्तव, दीपक तिवारी सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, मण्डल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस से नोकझोंक के बाद सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार किसानों, नौजवानों, बेरोजगारों, की समस्याओं को लेकर तथा खराब कानून व्यवस्था, निजीकरण, महिलाओं पर अत्याचार एवं सरकारी कारगुजारियों से बाधित विकास के विरोध में पुलिस से नोकझोंक के बाद सपा कार्यालय के बाहर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी ने कहा है कि एक ओर कोरोना संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है और दूसरी तरफ भाजपा सरकार की मनमानी कार्यशैली और दमनकारी नीतियों से जनता त्रस्त है। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। बेहाल किसान, बेरोजगारी और अपराध बेलगाम है। हर ग्राम पंचायत में कोरोना किट की खरीद में महाघोटाला हुआ है।

भाजपा सरकार के राज में अपराधी बेखौफ हैं। पुलिस प्रशासन उनके सामने असहाय नज़र आता है।

### सुरक्षा उपकरणों के साथ मुस्तैद रही पुलिस

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर प्रदेश के सभी तहसीलों पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किसान विरोधी बिल, महंगाई, कानून व्यवस्था के विरोध को लेकर ज्ञापन कार्यक्रम से पहले कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पुलिस ऑफिस पर कार्यरत सभी संभागों के प्रभारी व कर्मचारी पुलिस ऑफिस पर बॉडी प्रोटेक्टर डंडा हेलमेट के साथ मौजूद रहे।

रोज हत्या, लूट और अपहरण की घटनाएं हो रही है। महिलाएं एवं बच्चियां सुरक्षित नहीं। रोजगार की मांग करने पर नौजवानों पर पुलिस लाठियां चला रही है। अवसाद में शिक्षामित्र आत्महत्या कर रहे हैं, आरक्षण से भी खिलवाड़ हो रहा है। समाजवादी पार्टी इन शोषणकारी साजिशों का विरोध कर रहीं हैं। अनियोजित लॉकडाउन के दौरान लाखों श्रमिक अपने घर वापस आए, रोजगार के अभाव, आर्थिक तंगी, नौकरी न होने से वे मजबूर होकर या तो फ़िर पलायन कर रहे हैं या हताशा में आत्महत्या कर रहे हैं। कारोबार न चलने से व्यापारी भी अपने गले में फ़ांसी लगा रहे है। जनता 2022 में भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठीं है। इस दौरान जियाउल इस्लाम, अखिलेश यादव, डॉ. मोहसिन खान, चंद्रबली यादव, अवधेश यादव, रजनीश यादव, विजय बहादुर यादव, जफ़र अमीन डक्कू, अमरेन्द्र निषाद, जितेंद्र सिंह, सिहांसन यादव, शहाब अंसारी, शकील अंसारी, राहुल गुप्ता, सुनील सिंह, कपिल मुनि यादव, कालीशंकर, सुनील श्रीवास्तव, अशोक चौधरी, जितेंद्र यादव, बाबूराम यादव, राहुल यादव, एहतेशाम खान, आजम लारी, चर्चिल अधिकारी, गवीश दुबे, हीरालाल यादव, बिंदा देवी, राजीव यादव, अनूप यादव, राज मंगल यादव, बिट्टू यादव, शिव शंकर गौड़, शब्बीर कुरैशी, मुन्ना यादव, रविंद्र यादव, रूबी खातून, अख्तर जहां, सुशीला भारती, उर्मिला देवी, सिराजुद्दीन रहमानी, पुजारी यादव आदि मौजूद रहें।

# कोरोना वैक्सीन
## अमीर देशों का वर्चस्व

**कोरोनावायरस** वैश्विक महामारी से मुकाबला करने के लिए बनने वाली वैक्सीन के मामले में एक बार फिर 'वैक्सीन राष्ट्रवाद' की विकृत अवधारणा सामने आई है। अमीर देशों की खरीद शक्ति तथा दवाओं के पेटेंट के कारण एचआईवी-एड्स की जरूरी दवायें विकासशील देशों को उपलब्ध न होने की समस्या सभी जानते हैं। कोविड-19 की पांच वैक्सीनें वर्तमान समय में तीसरे क्लीनिकल परीक्षण के दौर में हैं। देखना होगा कि इसका लाभ सबसे पहले किस देश को मिलता है। एच1एन1 की सबसे पहले वैक्सीन बनाने वाले देश ने इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जबकि कुछ अमीर देशों ने दवा कंपनियों को अग्रिम खरीद आदेश दे दिए थे। लेकिन उस समय नुकसान इतना नहीं हुआ था जितना कोरोनावायरस के मामले में हो सकता है क्योंकि यह एच1एन1 की तुलना में ज्यादा संक्रामक व घातक है तथा गरीब देश इसके बोझ से परेशान हैं। आक्सफैम की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमीर देशों की दुनिया में जनसंख्या केवल 13 प्रतिशत है, पर उन्होंने संभावित वैक्सीन की 51 प्रतिशत खूराकों पर कब्जा कर लिया है। गरीब देशों और विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ ने इस खतरनाक स्थिति का संकेत पहले ही दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए वैक्सीन पुन: चुनाव जीतने का एक माध्यम है और वे इसे अपने मतदाताओं के लिए चाहते हैं। इस प्रकार सबसे पहले जिसे वैक्सीन मिलेगी वह विश्व शक्ति श्रृंखला में सर्वोच्च स्थान पर होगा और इसके असाधारण आर्थिक लाभ भी होंगे। कोविड वैक्सीन तैयार करने का प्रयास कर रही कंपनी माडर्ना को करदाताओं का 2.48 बिलियन डालर मिला है। उसका इरादा वैक्सीन से मुनाफा कमाना है। उसका इरादा अमेरिका में इसकी कीमत 12-16 डालर रखने तथा अन्य अमीर देशों को 35 डालर प्रति खूराक तक बेचने का है। ऐसे में गरीब देश वैक्सीन से वंचित हो जाएंगे। लेकिन कंपनी की उत्पादन क्षमता केवल 475 मिलियन लोगों तक पहुंच की है जो दुनिया का केवल 6 प्रतिशत हैं। यदि सभी पांच वैक्सीनें परीक्षण की दौड़ में सफल हो जाती हैं तो भी केवल 2022 तक दो तिहाई दुनिया तक उनकी पहुंच होगी। ऐसे में यात्रा पर नियंत्रण लगाने होंगे। डब्लूएचओ ने चेतावनी दी है कि यह वैश्विक महामारी है, अत: कुछ क्षेत्रों में ही वैक्सीन पहुंचने का कोई लाभ नहीं होगा। इसी कारण विभिन्न संगठन 'जनता की वैक्सीन' का आह्वान कर रहे हैं जिस पर दवा कंपनियों का एकाधिकारी नियंत्रण न हो तथा वे विभिन्न देशों से आवश्यक सूचनाओं के साझे का अनुरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह वैक्सीन सस्ते दामों पर हर मनुष्य को उपलब्ध होनी चाहिए और इसका वितरण भुगतान क्षमता के बजाय आवश्यकता पर आधारित होना चाहिए। यदि सभी पांच वैक्सीनें कारगर सिद्ध होती हैं तो आक्सफैम के अनुसार, इनकी संयुक्त उत्पादन क्षमता 5.94 बिलियन खूराक होगी। यह 2.97 बिलियन लोगों के लिए काफी होगी क्योंकि ज्यादा संभावना वैक्सीन की दो खूराकों की आवश्यकता होगी। वैक्सीन की 5,303 खूराकों की सप्लाई के समझौते किए जा चुके हैं जिनमें से 2,728 बिलियन, यानी लगभग 51 प्रतिशत पर अमीर देशों ने कब्जा कर लिया है। इनमें ब्रिटेन, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, हांगकांग व मकाऊ, जापान, स्विटजरलैंड, इस्राइल तथा यूरोपीय संघ शामिल हैं। बाकी 2,575 खूराकें या तो विकासशील देशों ने खरीदी हैं या उनको इनके मिलने का वादा किया गया है। इन देशों में भारत, बांग्लादेश, चीन, ब्राजील, इंडोनेशिया, मैक्सिको, आदि शामिल हैं। इसमें एस्ट्राजेनेका वैक्सीन भी शामिल है जिसने कोवैक्स एडवांस्ड मार्केट कमिटमेंट-एएमसी से वादा किया है। इसने विकासशील देशों के लिए वैक्सीन वितरण व्यवस्था बनाई है। इस स्थिति की गंभीरता को समझते हुए विश्व शक्तियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा विश्व अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नैतिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।




# भारतीय सेलेब्रिटीज और नारीवाद

इक्कीसवीं शताब्दी में भारतीय महिला सेलेब्रिटीज़ की छवि जिस तरह पेश की जा रही है उससे अब तक नारीवाद द्वारा प्राप्त उपलब्धियां खतरे में पड़ती लग रही हैं।



**रिंकू घोष**
(लेखिका दि पायनियर की सह संपादक हैं)





आज महिलायें अपने पैरों पर खड़ी हो गई हैं, लेकिन क्या वे समझ रही हैं कि बदले संदर्भों में जनता के लिए उनको एक 'वस्तु' के रूप में पेश किया जा रहा है? ऐसा सही या गलत कारणों से हो रहा है। इससे वे भले ही अपना सशक्तीकरण समझें, पर जाने-अनजाने पुरुषवादी दृष्टिकोण को वैध बना सकती हैं। यदि वे सेलेब्रिटीज़ हों तो जनता की व्यापक समझ में उनके 'यौनीकरण' की संभावनायें और बढ़ जाती हैं। स्थिति यहां तक पहुंची है कि अब बड़े पर्दे के बजाय उनको राजनीति की वस्तु बना लिया गया है तथा तर्क के बजाय उनका प्रयोग एडवोकेसी के लिए हो रहा है। अपनी बौद्धिकता के कारण वे हजारों संघर्षशील महिलाओं की प्रतीक बन गई है जिनमें से कुछ अपने संघर्ष में सफल हुई हैं और उनको प्रशंसा मिली है। लेकिन इस प्रकार सामने आने वाले चेहरे प्राइम-टाइम का नया विषय बन गए हैं। कुल मिला कर इससे संघर्षशील दिखने वाली महिलायें उन सारी चीजों का मजाक उड़ा रही हैं जिनको नारीवाद ने प्राप्त किया है।

कंगना रनौत, रिया चक्रवर्ती, उर्मिला मातोंडकर को मिलने वाली कवरेज तथा मीडिया में उनकी बयानबाजी वर्तमान समय में राजनीतिक पार्टियों को अपना विमर्श आगे बढ़ाने में सहायक हो रही है। कंगना रनौत बहुत अच्छी अभिनेत्री हैं और भयानक उत्पीड़न के बावजूद उन्होंने अपने स्पेस पर कब्जा करने तथा उसे बनाए रखने में विरले साहस का प्रदर्शन किया है। फिल्म उद्योग में अनेक बाहरियों को विद्रोही बताया गया या समाहित कर लिया गया, लेकिन वे इनमें से नहीं हैं। उन्होंने भाई-भतीजावाद व वंशवाद पर चल रही व्यवस्था को चुनौती दी तथा लोकतंत्र पर जोर दिया जो रचनात्मक स्पेस को समृद्ध कर सकता है। उन्होंने यह करते हुए जीवन्त भूमिकायें निभाईं जिनसे महिलाओं की असली भूमिकायें फिल्म उद्योग में पुरुष सितारों के समान आमदनी का स्रोत बन गईं। दृष्टिकोण में मौजूद ईमानदारी और साहस ने उनको सबका प्रिय बना दिया। वे फैशन में समझदारी के साथ स्वतंत्र रूप से संवेदनशील लगीं। मी टू के बहुत पहले ही उन्होंने फिल्म उद्योग में पुरुष शोषकों के खिलाफ आवाज उठाई तथा अपनी स्पष्टवादिता से उन्होंने समान शक्ति व सम्मान प्रदर्शित किया।

कंगना रनौत ने बड़बोले लोगों के बीच अपना अलग सचेतन स्थान बना कर अपने प्रति आकर्षण पैदा किया। मीडिया आयोजनों और वार्ताओं में नियमित भूमिका अदा कर उन्होंने फिल्मों के संकुचित जीवन से बाहर निकलने का प्रयास किया। मीडिया ने भी उनको महत्व दिया। इसके साथ उन्होंने राजनीतिक हवा का रुख पहचाना तथा राष्ट्रवाद से दक्षिणपंथी प्रतिबद्धताओं की ओर झुकीं। हालांकि, अभिनेताओं समेत सभी नागरिकों को अपनी वैचारिक पसंद पर चलने का अधिकार है, पर सालों तक अपनी विशिष्ट आलोचनात्मक ब्रांड विकसित करनी वाली कंगना इस बार रास्ता भटक कर इसमें शामिल हो गईं। संभवत: भाजपा ने उनको अपना मुहरा बना लिया है, चाहे वह मामला नेहरू-गांधी परिवार का मजाक उड़ाना हो, महाराष्ट्र में शिवसेना पर हमला बोलना हो या सुशांत सिंह राजपूत की रहस्यमय मृत्यु का मामला उछालना हो। हालांकि, शिवसेना नेताओं के अपने विरोधियों से निपटने के कोई मानक नहीं हैं, पर कंगना द्वारा मुंबई को पाक-अधिकृत कश्मीर बताना राजनीतिक अपरिपक्वता थी जिससे शिवसेना के बजाय उनको ही ज्यादा नुकसान हुआ है। भाजपा को इस स्थिति का लाभ हुआ है क्योंकि शायद अनुराग ठाकुर व कपिल मिश्रा की बयानबाजी की तुलना में जनता ने इसे ज्यादा स्वीकारा है। फिल्म उद्योग से होने के कारण कंगना रनौत उसके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकती हैं।

लेकिन फिल्म उद्योग पर लगे नशे का दाग साफ करने की प्रक्रिया में वे उद्योग में अपनी महिला साथियों पर ही हमले करने लगीं। इस प्रकार अतार्किक रूप से काम करते हुए वे उन महिला हितों के विरुद्ध चली गई हैं, जिनका वे प्रतिनिधित्व करती रही हैं। उन्होंने अभिनेत्री व समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद जया बच्चन पर हमला बोला जो सक्रिय सांसद के रूप में सामाजिक मुद्दों पर मुखर रही हैं। जया बच्चन का कहना था कि कुछ बुरे लोगों और नशा प्रयोग करने वालों के कारण 'सिन सिटी' नाम नहीं दिया जा सकता है, जबकि फिल्म उद्योग ने रोजगार और अवसर प्रदान किए हैं। उनका कहना था कि यह 'बिना सरकारी सहायता' के किया गया है। इस प्रकार कंगना ने अनेक महिला अभिनेत्रियों की भूमिका को भी खारिज कर दिया जिनके चलते वे वर्तमान स्पेस प्राप्त कर सकी हैं। कंगना ने जया बच्चन के 'थाली में छेद' वाली टिप्पणी पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा, 'एक थाली मिली जिसमें दो मिनट की प्रशंसा आइटम गीतों तथा हीरो के साथ रोमांटिक सीन के लिए मिली और वह भी उसके साथ रात में सोने के बाद। मैंने फिल्म उद्योग को नारीवाद सिखाया।' हालांकि, जया बच्चन ने उनकी तुलना में महिलाओं की ज्यादा सशक्त भूमिकायें निभाई हैं। मनोरंजन की तरह खबरों को देखने वाले टेलीवीजन दर्शकों के अलावा इस विमर्श का कोई लाभ नहीं हुआ है। इससे वह पूर्वाग्रह मजबूत हुआ है कि 'महिलायें हमारी सबसे बड़ी दुश्मन' हैं। जया बच्चन की समकक्ष तथा भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने यह स्थिति समझ कर जया के भाषण का समर्थन किया। हो सकता है कि कंगना को भविष्य में चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिल जाए, पर वे इसे अपने रास्ते पर चल कर नहीं प्राप्त करेंगी और इस प्रकार उन धारणाओं को ही मजबूत करेंगी जो राजनीति में महिलाओं के प्रवेश को ताजा हवा की तरह समझते हैं। उनको तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जे. जयललिता से सबक लेना चाहिए जिनका वे पर्दे पर प्रतिनिधित्व कर रही हैं। जयललिता राजनीति के सारे दांवपेंचों में महारत पाने के बाद सम्मानित नेता बनीं थीं। वे अपने संरक्षक एमजीआर की छाया से बाहर निकलीं तथा पुरुष समकक्षों द्वारा स्थापित तानाशाही का मुकाबला किया। दु:ख की बात है कि कंगना को एक मुहरे की तरह देखा जा सकता है। शायद वे सोशल व विज़ुअल मीडिया में मिलने वाली सुर्खियों से यह नहीं समझ रही हैं कि इसका प्रयोग देश की ज्यादा महत्वपूर्ण समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए किया जा रहा है जिनमें कोरोनावायरस वैश्विक महामारी व लद्दाख में चीन की आक्रामकता है।

इस प्रकरण में दूसरे सिरे पर रिया चक्रवर्ती हैं। हर आदमी उनके बारे में जानकारियां उनकी फिल्मों या काम के बजाय स्वर्गीय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का शोषण करने वाली गर्लफ्रेंड के रूप में प्राप्त करना चाहता है। निसंदेह एक योग्य अभिनेता बहुत जल्दी ही अपने जीवन से विदा हो गया। लेकिन उनकी मृत्यु की रहस्यमय परिस्थितियां, नशे व मानसिक स्वास्थ्य के कारण उनका अशांत अतीत, उनकी बिहारी पहचान तथा फिल्म उद्योग में 'बाहरी' वाली छवि, आदि अनेक ऐसे तत्व हैं जिनका प्रयोग राजनेता तथा प्रसारण मीडिया कर रहे हैं। पूरा देश बड़ी उत्सुकता के साथ षडयंत्र की वह कहानी समझ रहा है जिसमें रिया चक्रवर्ती ने सुशांत को नशे की ओर धकेला, उनका पैसा लूटा, उनके पैसे को ऐसी जगह लगाया जिससे वे कर्ज तथा नशा व्यापारियों के जाल में फंस गए। हालांकि, अभिनेता की मृत्यु के कोई विधिक प्रमाण और तथ्य नहीं हैं, लेकिन एक अभिनेत्री के मामले में संदिग्ध रूप से शामिल होने के कारण जनता की दिलचस्पी बनी हुई है। रिया के जेल जाने से त्वरित न्याय का संतोष भी लोगों को हुआ है। केवल 59 ग्राम गांजा मिलने पर रिया की गिरफ्तारी से वह भी अपने ब्वायफ्रेंड की असमय मौत से मिली कुख्याति को समझ रही है। विक्ट्री का संकेत करते हुए और 'डाउन विध पैट्रीआर्की' लिखी टी शर्ट पहने रिया भी महिला अधिकारों की पैरोकार बन सकती है।

यदि भाजपा 'जस्टिस फार सुशांत' अभियान को हवा दे रही है तो कांग्रेस ने 'रिया को न्याय' की मुहिम छेड़ दी है। स्वघोषित एक्टिविस्ट 'बंगाल की बेटी के खिलाफ निन्दा अभियान' का मुकाबला करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने रिया को 'बंगाली ब्राह्मण' के रूप में पेश किया है। क्या रिया इस जाल में फंस कर पितृसत्तात्मक सोच वाली महिलाओं की घृणा का निशाना बनना चाहती हैं। दु:ख की बात है कि दुनिया भर में लोकप्रिय संस्कृति की खबरों में स्थान बनाने वाली महिलायें अपने प्रतिनिधिक चरित्र के कारण स्थान पाती हैं, अपने व्यक्तित्व के कारण नहीं। इस प्रकार उनकी एक्टिविज्म एक प्रकार से फर्जी लगती है। समुदायों व समर्थकों के साथ सोशल मीडिया द्वारा गहन साझेदारी विकसित करने के प्रयास में वे मध्ययुगीन सोच वाली बाजार व्यवस्था को भी प्रोत्साहित करती हैं। यहां महिलायें कामगार मधुमक्खी की तरह विश्वसनीय मानी जाती हैं, पर वे स्वयं को रानी मधुमक्खी समझती रहती हैं।

# मध्य-पूर्व में बड़े बदलावों की आहट

> एकमात्र चीज जो डीसी में वाकई हुई वो यह थी कि यूएई और बहरीन ने इस्राइल के साथ पूर्व में अपने गोपनीय रिश्तों को, खासकर हथियारों के व्यापार मामले में, सार्वजनिक कर दिया है।

**गुइन डायर**
(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में वाशिंगटन में ''नए मध्य-पूर्व के प्रादुर्भाव'' की घोषणा की क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बहरीन ने इस्राइल के साथ पहली बार एक सार्वजनिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। जैसा कि ट्रंप ने दावा किया, यह कोई शांति समझौता नहीं है क्योंकि इनमें से एक भी देश इस्राइल के साथ युद्धरत नहीं रहा है। दस्तावेजों में राजदूतों का आदान-प्रदान और व्यापार समझौते शामिल थे। और यह महत्वपूर्ण है कि यद्यपि ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वहां पर स्वयं मौजूद थे, यूएई और बहरीन ने शासकों ने कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए अपने विदेश मंत्रियों को भेजा था। एकमात्र चीज जो व्हाइट हाउस में वाकई हुई वो यह थी कि यूएई और बहरीन ने इस्राइल के साथ पूर्व में अपने गोपनीय रिश्तों को, खासकर हथियारों के व्यापार मामले में, सार्वजनिक कर दिया है। यह बात पहले भी गोपनीय नहीं थी, लेकिन कम से कम येरुशलम के साथ उनके रिश्ते छिपे तौर पर रहे हैं। उसके अलावा, यह वही पुराना मध्य-पूर्व है, उतना ही भ्रष्ट, दुष्कार्यात्मक एवं विडंबनापूर्ण रूप से महत्वाकांक्षी, चमकता हुआ और फैशनेबल जितना कि हमेशा रहा है। पिछली बार इस्राइल ने अपने किसी भी अरब पड़ोसी से यदि युद्ध किया भी तो वह 1982 में किया था, लेबनान पर पूर्णरूपेण आक्रमण जिसका अंत इस्राइल द्वारा लंबे समय तक उस देश के दक्षिणी भाग पर सैन्य कब्जा बने रहने के रूप में हुआ। वह बहुत पुरानी बात है, यद्यपि लेबनान भयावह रूप से दुर्दशा का शिकार बना रहा, लेकिन संपूर्ण क्षेत्र में लड़े गए अन्य युद्ध भारी रूप से निर्बाध चलते रहते हैं।

द्वितीय लीबियाई गृहयुद्ध अपने छठे वर्ष में भी जारी है, जिसमें बहुत से विदेशी भागीदार एवं समर्थक हैं जिनमें रूस, तुर्की, फ्रांस, मिस्र और यूएई शामिल हैं। यमन में सऊदी अरब के नेतृत्व में अत्याचारों से परिपूर्ण विदेशी सैन्य हस्तक्षेप जिसमें अधिकतर तानाशाही अरब राज्य एवं उनके पश्चिमी हथियार आपूर्तिकर्ता शामिल हैं, केवल एक वर्ष कम है और प्रतिमाह लगभग 5,000 लोगों को मौत की नींद सुला रहा है। सीरियाई गृहयुद्ध अपने नवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इसमें लगभग आधा मिलियन लोग मारे जा चुके हैं और लगभग आधी जनसंख्या अपने घरों को छोड़कर पलायन कर चुकी है। हो सकता है अब यह अपने अंत की ओर बढ़ रहा हो, जहां केवल एकमात्र प्रांत ही बागियों के नियंत्रण में है, लेकिन बागियों को तुर्की सेना का समर्थन हासिल है और रूसी वायुसेना असद हुकूमत के पक्ष में लड़ती है।

इराक 2003 में अमेरिका के आक्रमण के बाद से सापेक्षिक शांति के दूसरे वर्ष में प्रवेश कर गया है, लेकिन संकेत बढ़ रहे हैं इस्लामिक स्टेट वहां पर बड़ी वापसी करने जा रहा है। तेल की कीमतें गिर जाने के कारण अधिकतर जनसंख्या गरीबी की हालत में पहुंच गई है। नगरीय युवा खुले विद्रोह पर उतारू हैं, जहां सैकड़ों इस वर्ष पुलिस की गोलियां खा चुके हैं। और जब कुछ वास्तविक रूप से अंतहीन अशांति की सिथति में होता है जो क्षेत्र की राजनीति को पृथक करता है, तो उसका स्वागत नहीं किया जाता। कभी स्थिर, अंतर-अरब राजनीति की रूढ़िवादी धुरी हुआ करता था, अब एक ढीली-ढाली तोप में परिवर्तित हो गया है, न जीते जाने योग्य लड़ाइयां प्रारम्भ कर रहा है, सीरिया में जिहादी अतिवादियों को पैसा और हथियार मुहैया करा रहा है, और हुकूमत के आलोचकों की सुनियोजित ढंग से हत्याओं को अंजाम दे रहा है, जैसा कि पत्रकार जमाल खाशोगी की हत्या से सिद्ध हो गया था।

इन सभी लड़ाइयों पर आच्छादित होकर, और असलियत में उनमें से कुछ को विभाजित करना क्रांतिकारी शिया ईरान और रूढ़िवादी सुन्नी राजतंत्रों एवं पूर्वी अरब जगत की तानाशाही हुकूमतों के बीच धार्मिक एवं रणनीतिक टकराव है। इसी लिए बड़ी मात्रा में अरब के हथियारों की खरीद हुई है, इस्राइल से युद्ध करने के लिए नहीं।

निश्चित रूप से, येरुशलम, सुन्नी अरब राज्यों एवं ईरान के बीच क्षेत्रव्यापी शीत युद्ध में मौन साझीदार है, यही है जिसने व्हाइट हाउस में हुए छोटे से समारोह को संभव बनाया। अरब-इस्राइल के बीच कोई संघर्ष नहीं चल रहा है। प्रमुख अरब राज्य पहले से ही इस्राइल के सहयोगी हैं, और इस्राइली सेना फिलिस्तीनियों के खिलाफ अपनी छिटपुट दंडात्मक कार्रवाइयों को घास के मैदान को समतल करने जैसी कार्रवाई का नाम देती है।

इस क्षेत्र में असली बदलाव ग्लेशियल गति धीमी होने के साथ होता है, यदि कोई हुआ भी, लेकिन इसका अर्थ नहीं कि वह स्थायी है। इसके विपरीत, वह अचानक उग्र रूप से एक भिन्न राज्य में तब्दील हो सकता है। लगभग ऐसा ही उसने 2010-12 में किया था, अरब वसंत के वर्षों में, और जिन ताकतों ने विद्रोह को आगे बढ़ावा वे अब और भी ज्यादा मजबूत हैं। मध्य-पूर्वी एवं उत्तरी अफ्रीकी देशों में आधी जनसंख्या 25 वर्ष से कम आयु की है। क्योंकि जनसंख्या बढ़ती है, जैसे कि इराक की जनसंख्या 1990 के खाड़ी युद्ध के बाद से दोगुनी होकर 40 मिलियन पहुंच गई है, अर्थव्यवस्थाओं ने शांति कायम नहीं रखी तथा जीवन स्तरों में लगभग हर जगह गिरावट आई है। एक विशाल, अधिकतर युवा जनसंख्या का निराशा में जीना अब अरब जगत का मानक बन गया है।

तेल संसाधनों से समृद्ध खाड़ी राज्य इस शासन के अपवाद रहे थे, लेकिन अब नहीं रह गए। इस बार आई तेल के दामों में गिरावट अस्थायी प्रकृति की नहीं है। मांग गिर रही है और गिरना जारी रहेगा क्योंकि जलवायु संकट तथा सस्ते नवीन स्वच्छ ऊर्जा स्रोत तेल के परम्परागत बाजारों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। व्हाइट हाउस में हुआ हालिया तमाशा पुराने संघर्ष के चंद ढीले छोरों को व्यवस्थित करने के लिए हुआ था। इसकी कुछ प्रासंगिकता भी होती यदि भविष्य वर्तमान से कुछ ज्यादा हो पाता, लेकिन ऐसा नहीं है। समय अनिश्चित है लेकिन गंतव्य स्पष्ट है।

बड़े बदलाव आ रहे हैं जो बहुत सी वर्तमान हुकूमतों को नेस्तानाबूद कर देंगे तथा क्षेत्र की राजनीति को नया रूप देंगे। प्रसन्नतादायी अंत अवश्यंभावी नहीं है, लेकिन भिन्न प्रकार के अंत व्यावहारिक रूप से निश्चित होंगे।

## आप की बात

### कृषि संबंधी विधेयक

**संपादक** महोदय, आपका संपादकीय कृषि संबंधी विधेयक खेती का संभावित निगमीकरण पढ़ा। सरकार ने पांच वर्षों में किसानों की आय दुगनी करने की बात कही थी लेकिन ये शायद सरकार की सामर्थ्य से बाहर है इसलिए खेती का निगमीकरण किया जा रहा है। देश की जनसंख्या में साठ प्रतिशत किसान हैं लेकिन ये अब चंद पूंजीपतियों के हाथों में खेलेंगे और फैक्ट्रियों में काम करने वाले मज़दूरों जैसे बन जाएंगे। कृषि उत्पादन बढ़ेगा, आय बढ़ेगी पर किसान के हाथ न्यूनतम मज़दूरी जैसी चीजें ही आयेंगी और सारा फायदा पूंजीपतियों के पास चला जायेगा। जिस तरह निजी कंपनियों के आने के बाद सार्वजानिक क्षेत्र की कंपनियां ठप्प हो गईं ठीक उसी तरह से कृषि मंडियों की समान्तर व्यवस्था भी धीरे-धीरे बैठ जाएगी। रेलवे, कोयला खदानों का निजीकरण, एयर इंडिया और बीमा कंपनियों सहित तमाम सार्वजनिक उपक्रमों में विनिवेश की प्रक्रिया ये साबित करती है कि सरकार को खुद से ज्यादा पूंजीपतियों पर भरोसा है और उसे लगता है की विकास सिर्फ पूंजीपतियों के हाथों ही हो सकता है। ये कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का पराभव और पूंजीवादी व्यवस्था का प्रादुर्भाव है।

– **बृजेश माथुर**, गाजियाबाद

### प्रोटोकाल का पालन करें!

**कोरोनावायरस** के मामले दिन के दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। और अब तो यह देखने में मिल रहा है कि 1 दिन में भारत में लगभग 92 हजार मामले तक आ रहे हैं। इसीलिए यह हम सबके लिए जरूरी हो जाता है कि हम महामारी से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन करें। जैसे मास्क लगाना, सैनिटाइजर का प्रयोग करना और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना आदि। अभी कड़े प्रोटोकॉल्स के चलते कई बड़े खिलाड़ी भी बड़े टूर्नामेंटों से बाहर हुए हैं, इसे हम सब को सीख लेनी चाहिए। आजकल लोगों में लापरवाही देखने को मिल रही है जैसे कि कुछ लोग अगर कोई छोटे समय के लिए बाहर जाते हैं तो वह मास्क का प्रयोग नहीं करते हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो मां से का प्रचलन लगभग समाप्त हो जाएगा। और हम एक महामारी की चपेट में दोबारा आ जाएंगे। इसके लिए हमें जन जागरूकता फैलाने होगी। सबसे जरूरी है सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना जो कि आजकल कम देखने को मिल रही है। जैसे कि कहीं बस अड्डों में भीड़ देखने को मिल रही है, दुकानों में लोग ज्यादा इकट्ठा हो रहे हैं और ऑफिसों में आवश्यकता से ज्यादा गतिविधि देखने को मिल रही है। हमारी सरकार ने इस और बहुत सारे कदम लिए हैं जो की बहुत ही सराहनीय है।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल


### धर्मांतरण एक अपराध

**लालच** व प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराना अक्षम्य अपराध होने के साथ-साथ बहुत ही निंदनीय है। लेकिन प्रलोभनों में आकर धर्मांतरण करने वाले गरीबों व आदिवासियों की लाचारी मजबूरी को भी समझना होगा। अगर ये सक्षम होते व इनको सरकार व समाज का पूरी तरह सहयोग मिलता रहता तो निश्चित ही ये ऐसे प्रलोभन के झांसे में आने वाले नहीं हैं। इन गरीबों, आदिवासियों को हर दृष्टि(शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक, रोजगारी) से मजबूत करना होगा तथा इनकी जरूरतों को पूरी करना होगा, अन्यथा भूखे पेट वालों को ना धर्म दिखता है, ना समाज, ना नैतिकता, केवल जीने के लिए जो सहारा देंगे, उसी के सहारे होंगे। जो रोजी-रोटी दे, शिक्षा, स्वास्थ्य व जीवन स्तर सुधार का ख्याल रखें, वही उनका सबसे बड़ा धर्म हो जाता है । यही कारण है कि ये गरीब बड़ी मात्रा में धर्मांतरण करते हैं। सरकार व हमारी सामाजिक व्यवस्था को ये सभी कमी बेसिया व दोष दूर करना ही होंगे, अन्यथा धर्मांतरण रुकने वाला नहीं है। जिसके पेट में रोटी नहीं होती, उसके लिए धर्म, जाति, समाज सब बातें खोटी होती है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**बगैर** किसी वैधता वाले आडियो के कारण पेरू में जीवन ठप नहीं हो सकता। महामारी प्रबंधन और आर्थिक पुन: सक्रियता को स्थगित नहीं किया जा सकता।

– **मार्टिन विज़कारा**
पेरू के राष्ट्रपति



**तीनों** कृषि अध्यादेशों से बिचौलियों को को प्रोत्साहन मिलेगा और बड़े उद्योपतियों को लाभ होगा। इनसे कालाबाजारी भी बढ़ेगी।

– **गोविंद सिंह दोतासर**
राजस्थान पीसीसी प्रमुख



**आंकड़ों** का हवाला देकर भाजपा को श्रेय से वंचित करने के प्रयास हो रहे हैं। हर कोई जानता है कि अतीत में मुसलमानों को किस तरह वोट बैंक बनाकर सीमित कर दिया गया था।

– **चंद्रमोहन**
उप्र भाजपा सचिव

## क्विक न्यूज

### श्री गांधी आश्रम के चुनाव में कैलाश मिश्र अध्यक्ष व इंद्रदेव सिंह मंत्री चुने गए

**वाराणसी।** क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम एवाराणसी के प्रबंध समिति के सदस्य/अध्यक्ष/संचालक व मंत्री का चुनाव सोमवार को चुनाव अधिकारी/निदेशक प्रभारी की देखरेख में समपन्न हुआ। चुनाव में श्री कैलाश मिश्र को अध्यक्ष/संचालक व इंद्रदेव सिंह को मंत्री चुना गया। साथ ही दस प्रबंध समिति के सदस्यों को भी चुना गया जो इस प्रकार हैं। श्री भानु राय, प्रकाश राय, त्रिभुवन नाथ मौर्य, जयशंकर सिंह, श्रीप्रकाश पांडेय, रामप्रवेश सिंह, रामसमुझ सिंह, संतोष कुमार दूबे, विरेन्द्र कुमार मिश्र, उमेश चंद्र सिंह आदि हैं।

### हिंदी दिवस पर काशी प्रान्त की संगोष्ठी सम्पन्न

**प्रयागराज।** हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय भाषा अभियान काशी प्रान्त के तत्त्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन वेबिनार के माध्यम से किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल पश्चिम बंगाल केशरी नाथ त्रिपाठी एवम विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता झारखंड हाइकोर्ट रांची एवम धर्म जागरण समन्वय अवनीश रंजन रहे। मुख्य अतिथि ने हिन्दी को न्यायालयों में कैसे स्थापित किया जाए इस पर विचार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि ने हिंदी की महत्ता बताते हुए संस्कृत को जननी हिंदी को गृहणी और अंग्रेजी को नौकरानी बताया। इस दौरान हिंदी के प्रचार प्रसार और भारतीय न्यायालयों में भारतीय भाषाओं में कार्य किये जाएं से सम्बंधित संकल्प लिया गया। संगोष्ठी में कामेश्वर नाथ मिश्र ने हिन्दी के प्रचार प्रसार के सम्बंध में विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संयोजक राघवेन्द्र शुक्ल रहे। अतिथि परिचय मनु गोस्वामी ने कराया। जबकि विषय प्रवेश नागेन्द्र ने कराया। संगोष्ठी में देश के विभिन्न जगहों से अधिवक्ता शामिल हुए।

# प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ तहसील पर सपा के कार्यकर्ताओं ने बोला हल्ला

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

- कानून-व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है
- एसएसपी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था की कमान संभाली

**प्रदेश की** भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते कोरोना संकट बढ़ा, किसान, नौजवान, बुनकर और समाज के दूसरे कमजोर वर्गो की अपेक्षा, आरक्षण पर वार, कानून व्यवस्था ध्वस्त, समाजवादी कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न, भ्रष्टाचार और घोटालों पर नियंत्रण नहीं, महिलाएं-बच्चियां असुरक्षित सहित दर्जनों दुर्व्यवस्था को लेकर सपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील गेट पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव 'लक्कड़' एवं महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया एवं प्रदेश सरकार विरोधी नारे लगाये। इस दौरान तहसील-शिवपुर मार्ग पूरी तरह जाम हो गया। सपा के विशाल धरना-प्रदर्शन की खबर सुनते ही एसएसपी सहित भारी संख्या में पहुँची फोर्स ने सपा कार्यकर्ताओं को तहसील खाली करा दिया गया। सपा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार सहित पुलिस प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी की। सपा के जिलाध्यक्ष एव महानगर अध्यक्ष सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ दुर्व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है एक पत्रक राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को सौंपा।

सदर तहसील गेट पर सपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने कहा कि प्रदेश में इन दिनों अराजकता की स्थिति है। कोरोना संक्रमण बढ़ता जा रहा है, कई हजार मौतें हो चुकी है, दो मंत्री भी अपनी जान गवां चुके है जबकि अन्य कई संक्रमित पाये गये हैं।वेंटरलेटर और पीपीई किट का अभाव है। जहॉ वेंटिलेटर है वहॉ स्टाफ नहीं, स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा किसान बदहाली का शिकार है, सरकार अभी तक गन्ना किसानों का बकाया बदा नहीं कर सकी है। किसान को ब्याज की बात दिगर है, खाद, बीज, कीटनाशक का संकट है, उसकी आय दुगुनी करने का झूठा वादा किया है। हजारों किसान तंगहाली में आत्महत्या कर चुके हैं। बिजली का बिल और डीजल के दाम बढ़ाकर खेती को चौपट किया जा रहा है। प्रदेश का नौजवान बेरोजगारी की मार झेल रहा है। लॉकडाउन के दौरान तमाम संस्थाओं में कर्मचारियों की छंटनी कर दिया गया है। नोटबंदी, जीएसटी ने पूरे व्यापार जगत को चौपट कर दिया है। तहसील गेट पर प्रदर्शन कर रहे हजारों सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस लाठी पीटकर हटा दिया। सपा पदाधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन के बाद 16 सूत्रीय मांगपत्र प्रदेश के राज्यपाल के नाम डीएम को सौंपा।धरना-प्रदर्शन के दौरान कप्तान स्वयं यातायात व्यवस्था की अपने हाथ में संभाल ली।प्रदर्शन के दौरान जिला महासचिव आनंद मौर्य, महानगर महासचिव जितेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री मनोज राय धूपचंडी, प्रदीप जायसवाल, किशन दीक्षित, सुरेन्द्र यादव, रामकुमार यादव, रवि जायसवाल, राजू यादव, अमित यादव, अवनीश यादव विक्की सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## केंद्र व प्रदेश सरकार के विरूद्ध किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** भागीदारी संकल्प मोर्चा द्वारा प्रत्येक सोमवार को राज्य व केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों, किसान विरोधी नीतियों,नौकरी में संविदा के आधार पर नौकरियों के खिलाफ काली पट्टी बांध कर वाराणसी में, 100रो गाँवो में धरना दिया गया। शहर उत्तरी विधानसभा के बरथौली ग्राम हाजीपुर मवइया में शशिप्रताप सिंह के नेतृत्व में धरना दिया गया। विधानसभा प्रभारी शशिप्रताप सिंह ने कहा कि जनता की वोट पर विधायक मंत्री मुख्यमंत्री बनने वाले नेता अगर संविदा को नौकरी की मानक बना रहे है तो ग्राम प्रधान से प्रधानमंत्री तक का भी चुनाव संविदा के आधार पर करने की मांग करता हूँ। केंद्र की किसान नीति का विरोध सुभासपा करती है किसान एक स्वतंत्र रोजगार है उसको किसी के अधीन करना सरासर हिटलरशाही है। पश्चिम से उठी किसानों की आग जल्द ही पुर्वांचल में लगेगी। सुभासपा किसानों के साथ कदम से कदम मिलाएगी सरकार से मांग है कि इस बिल को वापस ले। प्रमुख रूप से रमेश राजभर, छप्पन राजभर, दसरथ राजभर,जगेश्वर राजभर, छेदी यादव, राममूरत राजभर, प्रेमचंद मौर्या, सुनील मौर्या आदि थे।

## मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** केन्द्र की मोदी सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कांग्रेस नेताओं ने बीएचयू सिंह द्वारा पर प्रदर्शन किया। किसान विरोधी कृषि बिल 2020 को संसद में पार कराने का कांग्रेस नेताओं ने विरोध किया है। संसद में जबरन व अलोकतांत्रिक तरिके से कृषि बिल पास कराने के विरोध में सड़क पर उतरे युवा कांग्रेस जनो ने सरकार के खिलाफ जमकर विरोध कियां कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बीजेपी सरकार की नितियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि यह सरकार पहले युवाओं को बेरोजगारी की आग में झोंका और अब कृषि बिल के जरिए किसानों को बदहाल करने पर उतारू है। विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यर्त्ता हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिस पर नरेंद्र मोदी किसान विरोधी लिखा था। प्रदर्शन के दौरान हुई सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस ओम शुक्ला ने कहा की ये कानून कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की बात कर रहा है। ऐसी निति उन अन्नदाताओं की परेशानी बढ़ाएगी जिन्होंने अर्थव्यवस्था को इस बेहद बुरे कोविड प्रकोप और आर्थिक मंदी के दौर में भी संभाले रखा है। कांट्रैक्ट फार्मिंग में कोई भी विवाद होने पर उसका फैसला सुलह बोर्ड में होगा, जिसका सबसे पावरफुल अधिकारी एसडीएम को बनाया गया है। इसकी अपील सिर्फ डीएम यानी कलेक्टर के यहां होगी। इस कानून से किसान अपने ही खेत में सिर्फ मजदूर बनकर रह जाएगा. केंद्र सरकार पश्चिमी देशों के खेती का मॉडल हमारे किसानों पर थोपना चाहती है। कांट्रैक्ट फार्मिंग में कंपनियां किसानों का शोषण करती हैं। किसानों के उत्पाद को खराब बताकर रिजेक्ट कर देती हैं। दूसरी ओर व्यापारियों को डर है कि जब बड़े मार्केट लीडर उपज खेतों से ही खरीद लेंगे तो आढ़तियों को कौन पूछेगा. मंडी में कौन जाएगा ? ये कानून किसानो के साथ साथ व्यापार हित का भी विरोधी है। इस कानून से साफ दिख रहा है की बीजेपी के नजदीकी बड़े व्यौपारी घरानों को मदद करने के लिए इसे अमली जामा पहनाया गया है। वक्ताओं ने कहा कि किसानों के उत्पाद की खरीद मंडी में अब नहीं होगी। ऐसे में सरकार इस बात को रेगुलेट भी नहीं कर पाएगी कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल रहा है या नहीं।

### आधार कार्ड में संसोधन व बनवाने के लिए भटक रहे लोग

**संवाददाता।** सफीपुर,उन्नाव

**आधार** कार्ड में संसोधन व बनवाने के लिए डाकघर व बैंकों के बूथ पर लापरवाही और उगाही के चलते लोग बेहाल है। लोगो के कई दिनो तक दौड़ने के बाद भी उनके कार्य नही हो पा रहे है। उधर, सोमवार को बड़ी संख्या में लोगो का हूजूम डाकघर में उमड़ पड़ा, जिसके चलते कोविड-19 के सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ती देखी गई। क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए लोगो में ज्यादातर आधारकार्ड में अपना जन्मतिथि व मोबाइल नंबर संसोधन के लिए तो कुछ नया आधार कार्ड बनवाने के लिए कई दिनों से चक्कर काट रहे है, लेकिन न तो उन्हें टोकन दिया जा रहा है न ही उनका कार्य किया जा रहा है। जमालनगर गांव से आई प्राची पुत्री राजेश कुमार ने बताया कि उसे जन्मतिथि संशोधन कराना है, वह कई दिनों से चक्कर लगा रही है, लेकिन टोकन तक नही मिल पा रहा है। ऐसा ही दर्द नगर की याशीन का भी था। वह अपने गलत नाम को संशोधित कराना चाहती है, चार दिनों से लगातार चक्कर काट रही है लेकिन उसे टोकन नही मिला। वही कई लोगो का आरोप था कि जो लोग आधारकार्ड बनाने के लिए अधिकृत किए गए वह निर्धारित मूल्य से अधिक की वसूली करते है। जो लोग सुविधा शुल्क दे देते है उन्हें जल्द टोकन भी दे देते है और कार्य भी जल्द कर देते है। सोमवार को तो एक बड़ा हुजूम ऐसे आवेदकों का स्थानीय डाकघर में उमड़ पड़ा कोविड-19 के सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ती रही।

## कौटिल्य शाखा में हुआ समर्पण कार्यक्रम



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ की कौटिल्य शाखा की भगत सिंह बस्ती में शाखा स्थल श्याम लाल इंटर कालेज आनंदपुरम कसारी मसारी में समर्पण उत्सव गुरु दक्षिणा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। समर्पण कार्यक्रम में करीब सौ स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज का पूजन कर समर्पण किया। कौटिल्य शाखा के मुख्य शिक्षक अम्बरीष दुबे बस्ती प्रमुख विजय मिश्र और मनीष की अगुवाई में समर्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर रामानुज दुबे दिलीप जायसवाल प्रमोद शर्मा मनीष त्रिपाठी डॉक्टर महेंद्र पाठक पंकज त्रिपाठी अनिल कुशवाहा अनुराग केशरवानी शिवम नक्षत्र आदि रहे।

## सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा कोविड-19 जागरूकता अभियान आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

- 21 और 22 सितंबर को मनाया जा रहा है स्वच्छ अस्पताल दिवस

**उत्तर मध्य** रेलवे द्वारा 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में वृहद सैनिटाइजेशन और स्वच्छता अभियान के अतिरिक्त लोगो को जागरूक करना स्वच्छ पखवाड़े का एक अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा है। रेलवे कॉलोनियों में जागरूकता फैलाने के लिए सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा एक रैली सह जागरूकता अभियान चलाया गया। सेंट्रल हॉस्पिटल प्रयागराज के तत्वावधान में सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों ने प्रयागराज में जीआरपी मालगोदाम और अन्य रेलवे कॉलोनियों में कोविड 19 जागरूकता अभियान के तहत मास्क सैनिटाइज़र और पर्चे वितरित किये। अभियान के दौरान रेलवे कॉलोनियों के निवासियों को सोशल डिस्टैंसिंग के नियमों फेस कवर मास्क के उपयोग हाथ धोने और व्यक्तिगत स्वच्छता की आदतों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। रेलवे कर्मचारी और उनके परिवारजनों को कोविड 19 के लक्षणों के बारे में भी अवगत कराया गया और खांसी बुखार आदि जैसे लक्षण होने पर आगे की जांच के लिए केंद्रीय अस्पताल प्रयागराज जाने की सलाह भी दी गई। ब्रिगेड के सदस्यों ने कॉलोनियों के निवासियों को सलाह दी कि उन्हें कोविड 19 से डरने की ज़रूरत नही है बल्कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए गए सभी कोविड 19 दिशा निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है। रैली सह जागरूकता अभियान का समन्वयन और संचालन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुमंत बहल अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राकेश निगम वरिष्ठ मण्डल चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य डॉक्टर परवेज सेंट जॉन एम्बुलेंस के पवन कुमार यादव आलोक कुमार वर्मा उदय चंद्र मौर्य आदि का सहयोग रहा। सीपीआरओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि 21 और 22 सितंबर को स्वच्छ अस्पताल दिवस के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के अस्पतालों और स्वास्थ्य इकाइयों में गहन सफाई सैनिटाईजेशन और कीटाणुशोधन किया जा रहा है। कोविड 19 के दौरान स्वास्थ्य सम्बंधी सुविधाओं में स्वच्छता और सैनिटाईजेशन एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के डॉक्टरों पैरामेडिकल और अन्य कर्मचारियों के लिए अब तक आईसीई और सैनिटाईजेशन पर आधारित छह सौ से अधिक औपचारिक और अनौपचारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

## भाजपा से जो भी प्रत्याशी हो उसे भारी मतों से जिताना है: दिनेश शर्मा

**बांगरमऊ,उन्नाव।** चुनावों से पूर्व भाजपा ने जो वादे किए थे, वह सभी पूरे किए है। भाजपा कार्यकर्ता अन्य दलों के कार्यकर्ताओं की तुलना में काफी मजबूत हैं। उक्त विचार सोमवार को बांगरमऊ में डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से बैठक में श्याम कला गेस्ट हाउस में कही। उन्होनें कहा कि एक-एक कार्यकर्ता उपचुनाव में जुट जाए। हर हाल में इस सीट को भाजपा की झोली में डालना है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों के अंतर से जिताना है। उन्होनें बूथ संयोजक से बारी-बारी से मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी सुनी। वहीं जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि अभी तक इस विधानसभा क्षेत्र में 397 बूथ थे। लेकिन कोरोना काल में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए बूथों की संख्या बढ़ाकर 507 कर दी गई है। इसलिए प्रत्येक बूथ की कमेटी का गठन किया जाए। कमेटी के सदस्य घर घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात करें। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष राजकिशोर रावत व पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकांत कटियार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकिशोर रावत व संचालन जिला महामंत्री विपिन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में अरुण कुमार सिंह, ममता सिंह, पुनीत गुप्ता, नीरज गुप्ता, विकास गुप्ता के अलावा सभी बूथ संयोजक और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### नवाबगंज में अधिकारियों के साथ की समीक्षा

बांगरमऊ में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से बैठक के बाद डिप्टी सीएम ने नवाबगंज स्थित वन विश्राम में डीएम रवीन्द्र कुमार व एसपी आनन्द कुलकर्णी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो का ब्योरा लिया। मौजूद एसपी से कानून व्यवस्था को लेकर बातचीत भी की। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

## क्राइम ब्रांच करेगी गैंगरेप के आरोपी भाजपा नेता की तलाश

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

- भाजपा नेता डॉक्टर श्याम प्रकाश द्विवेदी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज

**इलाहाबाद** विश्वविद्यालय की छात्रा से सामूहिक बलात्कार के आरोपी भाजपा नेता डॉक्टर श्याम प्रकाश द्विवेदी की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया है। संबंधित थाने की पुलिस आरोपी भाजपा नेता को गिरफ्तार करने में नाकाम रही। डीआईजी एवम एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने भाजपा नेता की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी क्राइम ब्रांच को सौंप दी है। बता दें कि सामूहिक बलात्कार मामले में आरोपी डॉक्टर अनिल द्विवेदी इसी मामले में जेल जा चुके हैं। भाजपा नेता और पूर्व अध्यक्ष रामरक्षा द्विवेदी के बेटे और होटल व्यवसायी डॉक्टर श्याम प्रकाश द्विवेदी इस समय फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस अंधेरे में हाथ पांव चला रही है। बताया जा रहा है कि गैंगरेप पीड़ित महिला के सीएम को ट्वीट करने के बाद कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमें के एक दूसरे आरोपी डॉक्टर अनिल द्विवेदी को कर्नलगंज पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बताया जा रहा है कि जब दूसरे आरोपी को गिरफ्तारी की गयी थी तो डॉक्टर श्याम प्रकाश द्विवेदी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकात कर अपने को फंसाने की बात कही थी। इसके बाद से वह फरार है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पुलिसिंग हाईटेक है लेकिन श्याम प्रकाश द्विवेदी को ढूंढने में वह फेल हो गयी। देखना अब यह है कि क्या क्राइम ब्रांच की टीम गैंगरेप के आरोपी तक पहुंचती है कि नहीं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि आरोपी श्याम प्रकाश द्विवेदी ने फेसबुक पर मंत्रियों यहां तक कि मुख्यमंत्री के साथ की फोटो भी पोस्ट की है। इससे सरकार और भारतीय जनता पार्टी दोनों की किरकिरी हो रही है। विपक्ष भी इसे भुनाने में लगा हुआ है जिसको देखते हुए भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और मंत्रियों ने भी हाथ पीछे खींच लिए हैं। अनौपचारिक बातचीत में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी कहा कि कानून अपना काम करेगा जो दोषी होगा उसके खिलाफ पुलिस प्रशासन निष्पक्ष होकर कठोर कार्रवाई करेगा। लोगों का कहना है कि श्याम प्रकाश द्विवेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से जनता के बीच बीजेपी के प्रति अच्छा संदेश गया है। लोगों को विश्वास है कि योगी सरकार में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही गैंगरेप के आरोपी श्याम प्रकाश द्विवेदी की गिरफ्तारी की जाएगी।

### सामूहिक बलात्कार के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पीएम व सीएम से शिकायत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्रा से सामूहिक बलात्कार के आरोपी भाजपा नेता श्याम प्रकाश द्विवेदी की गिरफ्तारी के लिए उच्च न्यायालय के एक अधिवक्ता ने प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी है। अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि कथित भाजपा नेता सामूहिक बलात्कार के आरोपी को संरक्षण दे रहे हैं। पुलिस प्रशासन पर गिरफ्तार न करने का भारी दबाव है। जिसका जीता जागता उदाहरण आरोपी द्वारा खुलेआम प्रेस विज्ञप्ति जारी करना मीडियाकर्मियों से बात करना सोशल मीडिया पर अपना वीडियो अपलोड करना है। अधिवक्ता ने श्याम प्रकाश द्विवेदी के सोशल मीडिया पेज का हवाला देते हुए कहा कि आरोपी ने मुख्यमंत्री केन्द्रीय मंत्री राज्य मंत्रियों के साथ फेसबुक पर फोटो अपलोड की है। जिसके कारण भी पुलिस प्रशासन बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है। अधिवक्ता ने बताया है कि आरोपी एक अपराधी किस्म का है। जिसके खिलाफ पहले से विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज है। ऐसे में आरोपी के बाहर रहने पर पीड़िता को लगातार जान का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने धारा 164 में मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज करा दिया है। अधिवक्ता ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए जाएं। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की जाये।

## पुल निर्माण के लिए मंत्रोच्चारण करते हुए सांसद ने किया पूजन



- एक करोड़ 66 लाख रुपए की होगी लागत

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** क्षेत्र के कालीमिट्टी-शिवराजपुर सम्पर्क मार्ग हिन्दूपुर के पास अगस्त 2018 में आई भीषण बाढ़ के चलते सम्पर्क मार्ग कट गया था। जिससे कटरी क्षेत्र के किसानों के अलावा अन्य लोगों को शिवराजपुर पहुंचने के लिए काफी लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। उधर, शिवराजपुर-कानपुर को जोड़ने वाला यही एक मात्र सम्पर्क मार्ग था। स्थानीय निवासियों के साथ समाज सेवियों नें राजनेताओं से लेकर शासन प्रशासन तक इस सम्पर्क मार्ग और पुल निर्माण की गुहार लगाते रहे। लेकिन किसी नें उनकी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया तो स्थानीय लोगो नें लकड़ी के लगभग 50 मीटर पुल का निर्माण करके शासन-प्रशासन को आईना दिखाया। सोमवार को सांसद हरि सच्चिदानन्द साक्षी महराज ने कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग के हिन्दूपुर कटान के पास पहुंच कर टूटी पुलिया के निर्माण के लिए स्वीकृत हुए एक करोड़ 66 लाख रुपये की बात बताते हुए उन्होनें पुलिया निर्माण के लिए मन्त्रोच्चारण करते हुए विधि-विधान पूर्वक पूजन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकान्त कटियार, जिला पंचायत अध्यक्षा संगीता सेंगर, सन्तोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों ने परिजनों को बंधाया ढाढस

**बिछिया,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी शुभम तिवारी (22) पुत्र रामकुमार तिवारी दैनिक समाचार पत्र में संवाददाता था। चार दिन पूर्व उन्नाव से घर लौटते समय सड़क हादसे में जख्मी हो गया। जहां शनिवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सोमवार को मृतक के घर राजनैतिक लोगो के अलावा ब्लाक के कर्मचारी सहित ग्राम प्रधानो ने पहुंच परिजनो को ढ़ाढ़स बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान पुरवा विधायक अनिल सिंह, पूर्व विधायक उदयराज यादव, भाजपा नेता उत्तम चन्द्र लोधी, एडीओ पंचायत रवि शर्मा ग्राम पंचायत अधिकारियो में शशिकान्त अवस्थी, आनन्द दीक्षित, दिलीप मिश्रा, सन्दीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

#### मुआवजा के लिए सौंपा ज्ञापन

मृतक पत्रकार शुभम तिवारी के परिजनो को आर्थिक मदद को लेकर पुरवा के पूर्व विधायक उदयराज यादव ने एसडीएम पुरवा राजेश चौरसिया को सरकार से पचास लाख रुपए मुआवजा दिलाए जाने का एक ज्ञापन दिया।

## केएन गोविन्दाचार्य ने जल, जंगल, जमीन और जानवर के अस्तित्व को लेकर चर्चा की

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**देवप्रयाग** से गंगासागर तक लंबे अध्ययन प्रवास पर निकले प्रख्यात चिंतक केएन गोविंदाचार्य ने सोमवार को रामनगर में काशीकथा की ओर से आयोजित परिचर्चा में संस्कार बाल विद्यालय के सभागार में वाराणसी में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यों पर गहन चर्चा की। परिचर्चा में के एन गोविंदाचार्य ने सन 2000 से अब तक अपने लम्बे सामाजिक अध्ययन व अनुभवों को साझा करते हुए जन संवाद किया।

उन्होंने जलए जंगल, जमीन और जानवर के अस्तित्व की बात करते हुए कहा कि देश की राजनीति को प्रकृति केंद्रित बनाने की पहल करनी होगी। गांव और गाय को केंद्र में रखकर देश के आधार को मजबूत करने की दिशा में किसानों, कारीगरों व नौजवानों को सभ्यता की नींव का पत्थर बनना होगा। पूरे देश भर में हो रहे सामाजिक कार्यों व रचनात्मक पहल के उत्कृष्ट कार्यों की चर्चा करते हुए ऐसी कोशिशों के प्रतिदर्श बनाने पर जोर दिया।

परिचर्चा सत्र को संबोधित करते हुए काशीकथा व रोटी बैंक के संरक्षक प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने किये जा रहे कार्यों से यात्रा दल को अवगत कराया। अपने वक्तव्य में प्रो मिश्र ने कहा कि हम सभी को पूरे देश में हो रहे प्रेरक कार्यों व अच्छे मॉडल की जानकारी रखते हुए अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर करने के प्रयास जारी रखने होंगे, ताकि समाज की प्रत्येक इकाई को रोजगार, स्वावलम्बन व समृद्धि की दिशा में मजबूत बनाते हुए राष्ट्र को विश्वमंच पर अग्रणी बनाया जा सके। काशीकथा द्वारा किये जा रहे कार्यों को डा. अवधेश दीक्षित तथा रोटी बैंक वाराणसी द्वारा किये जा रहे कार्यों को किशोरकांत तिवारी ने विस्तारपूर्वक बताया और आगामी योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र, डॉ.अवधेश दीक्षित, किशोरकांत तिवारी, विद्याधर द्विवेदी, विनय कुमार शुक्ला, रौशन कुमार पटेल, बृजेश सिंह, संजय शुक्ल, डॉ अनूप पति तिवारी, डॉ. विकास कुमार सिंह, अरविन्द कुमार मिश्र, बलराम यादव, गोपेश पांडेय, दीपक तिवारी, अभय, जगन्नाथ, वीरेंद्र निषाद आदि लोग शामिल थे।

## भाजपा सरकार पर बरसे सपाई, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

- महंगाई, बेरोजगारी व ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर सभी तहसीलो में कार्यकर्ताओं ने बोला हल्ला



**उन्नाव।** पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के सुप्रीमों अखिलेश यादव के आह्वान पर पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी और ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर सोमवार को सरकार पर हल्ला बोला। जिले की सभी छह तहसीलो में सपाइयों ने जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। सदर विधान सभा में एमएलसी सुनील साजन के नेतृत्व में सपाइयों ने जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा। सफीपुर में पूर्व राज्यमंत्री सुधीर रावत के नेतृत्व में ग्यारह सूत्री मांगपत्र राज्यपाल को सम्बोधित एसडीएम राजेन्द्र प्रसाद को सौंपा गया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नही है। गुंडों का राज्य है माताएं, बहने सुरक्षित नही है। बेरोजगार सड़को पर है, पुलिस चेकिंग के नाम पर तांडव कर रही है। थाना तहसील ब्लाक, भाजपा के कार्यकर्ता चला रहे है। किसान तबाह है, इस सरकार ने सत्ता का नैतिक हक खो दिया है, इसे बर्खास्त होना चाहिए। धरने में चेयरमैन नसीम अहमद, सपा विधानसभा अध्यक्ष मकसूद अली, उपाध्यक्ष अभिषेक कुशवाहा, जितेन्द्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे। हसनगंज में कार्यकर्ताओं ने ब्लाक प्रमुख पति सेवक लाल रावत के नेतृत्व में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए 10 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम प्रदीप वर्मा को सौंपा। इस मौके पर पूर्व लोकसभा प्रत्यासी अरुण शंकर शुक्ला, प्रमोद यादव, शिवा यादव, एसपी यादव, आनन्द सैनी आदि मौजूद रहे। पुरवा में पूर्व विधायक उदयराज यादव ने सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ बीस सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक ने कहा पानी सर से निकल रहा है। इलाके की सड़कें टूट गई हैं। बिजली व्यवस्था धड़ाम हो चुकी है। 100 बेड का अस्पताल चालू नहीं हो पाया है। सहकारी समितियों से खाद गायब है, पुलिसिया उत्पीड़न चरम पर है। सपाइयों पर फर्जी मुकदमें फर्ज किए जा रहें हैं। कहा कि आज तो केवल ज्ञापन देकर जा रहें हैं जल्द ही आंदोलन का बिगुल बजाएगें और तबतक धरना देंगे जबतक समस्यों का समाधान नहीं हो जाता। इस मौके पर सुनील रावत, सत्यप्रकाश आर्य, राजकिशोर राजू आदि मौजूद रहे। बांगरमऊ में पूर्व विधायक बदलूखान के नेतृत्व में दस सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। बदलू खान ने कहा कि अनियोजित लॉकडाउन के दौरान लाखों श्रमिक विभिन्न प्रदेशों से अपने घर पैदल ही वापस आ गए। प्रवासी मजदूर रोजगार के अभाव मे आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या करने को मजबूर है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन लाल दिवाकर ने कहा कि प्रदेश में लूट, हत्या व अपहरण की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। महिलाओं और बच्चियों से दुष्कर्म तथा खासकर सपा के कार्यकर्ताओं का जमकर उत्पीड़न किया जा रहा है।

## एनसीजेडसीसी में हिन्दोत्सव का हुआ ऑनलाइन आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर** मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के अवसर पर हिन्दोत्सव 2020 का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में मुम्बई के चिन्मयी त्रिपाठी और जोएल मुखर्जी ने संगीतमय हिन्दी कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में केन्द्र निदेशक इंद्रजीत ग्रोवर द्वारा कार्यक्रम से जुड़े सभी श्रोताओं के साथ ही चिन्मयी त्रिपाठी व जोएल मुखर्जी का शब्द सुमनों से स्वागत किया। हिन्दी साहित्य एवं हिन्दी राजभाषा पर प्रकाश डालते हुए उसकी महत्ता पर अपने विचारों को व्यक्त किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में चिन्मयी त्रिपाठी ने रामधारी सिंह दिनकर की क्रांतिकारी कविता कलम आज उनकी जय हो का स:स्वर पाठ किया उसके पश्चात पंडित सूर्य कांत त्रिपाठी निराला की बहुचर्चित कविता बांधो न नाव इस घाट बंधु को सुनाकर गंगा जमुनी तहजीब को सार्थक किया। कविता गायन के अगले पड़ाव में पुन: दिनकर की रष्मि रथी खण्ड काव्य के तीसरे अध्याय में वर्णित कर्ण के चरित्र का बखूबी वर्णन किया। इसके बाद महादेवी वर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनकी सुपरिचित कविता जा रे तुझको दूर जाना है को सुनाकर हिन्दी साहित्य के छायावाद को परिभाषित किया। पद्मश्री अशोक चक्रधर द्वारा रचित लोकगीत म्हारे हिबड़ा में उठे रे हिलोरष् की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही चिन्मयी त्रिपाठी द्वारा हरिवंश राय बच्चन द्वारा लोक कथा पर आधारित कविता ष्पगला मल्लाह और शिव मंगल सिंह सुमन द्वारा रचित पतवार तूफानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार की मनोहारी प्रस्तुति दी।

# मप्र विस का एक दिवसीय सत्र जरूरी कामकाज निपटाने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**भाषा।** भोपाल

**मध्यप्रदेश** विधानसभा में सोमवार को वित्त विधेयक 2020 और अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशों के इंतजाम के साथ सीमित सदस्यों के साथ बुलाए गए इस एक दिवसीय विशेष सत्र में डेढ़ घंटे के दौरान वित्त विधेयक 2020 पारित किया गया ताकि सरकार चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अपना खर्च चला सके। इसके साथ ही सदन में मध्यप्रदेश साहूकार (संशोधन) विधेयक 2020, मध्यप्रदेश नगर पालिक विधि (संशोधन) विधेयक 2020, मध्यप्रदेश वेट (संशोधन) विधेयक 2020 भी पारित किए गए।

प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा की अनुपस्थिति में संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने वित्त विधेयक प्रस्तुत किया जिसे सदन ने पारित कर दिया। इन विधेयकों के पारित होने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में कोरोना वायरस की स्थिति और इससे निपटने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों के बारे में सदन को बताया। अपने संबोधन में चौहान ने दावा कि कोरोना महामारी पर अन्य राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश में बेहतर तरीके से निपटा गया है।इससे पहले नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के कमलनाथ ने कोरोना मरीज़ों को उपचार के दौरान आ रही परेशानियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मरीज़ों को ऑक्सीजन, वेंटीलेटर नहीं मिल रहे हैं तथा निजी अस्पतालों में गलत रिपोर्ट मरीजों को देने की भी शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने इन समस्याओं की जांच कराने और एक शिकायत केन्द्र स्थापित करने की मांग की ताकि जनता अपनी शिकायतों का पंजीकरण करा सके।

मुख्यमंत्री चौहान के भाषण के बाद विधानसभा के अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) रामेश्वर शर्मा ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले विधानसभा के एक दिवसीय सत्र शुरु होने पर हाल में दिवंगत हुए पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, मध्यप्रदेश के पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन एवं अन्य नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई।


भोपाल में विधानसभा सत्र के पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा का स्वागत करते मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान व विपक्ष के नेता कमल नाथ


गंटूर में आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी पुलिस सेवा एप का उद्घाटन करते हुए।

# बंगले में अवैध बदलाव नहीं किए: कंगना

**भाषा।** मुंबई

**अभिनेत्री** कंगना रनौत ने सोमवार को बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के उन आरोपों से बंबई उच्च न्यायालय में इनकार किया कि उन्होंने अपने पाली हिल बंगले में अवैध ढांचागत बदलाव किए थे। इस बंगले के कुछ हिस्सों को नगर निकाय ने नौ सितंबर को तोड़ दिया था। अपनी याचिका पर बीएमसी के जवाब के बाद अदालत में एक और हलफनामा देते हुए कंगना ने कहा कि उन्होंने अवैध रूप से कोई ढांचागत बदलाव या मरम्मत नहीं कराई थी।

उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि तोड़फोड़ को अवैध घोषित करने और बीएमसी द्वारा मुआवजे के तौर पर दो करोड़ रुपए की मांग वाली उनकी याचिका कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। हलफनामे में उन्होंने कहा, मैं इस बात से इनकार करती हूं कि मैंने गैरकानूनी रूप से कुछ जोड़ा या बदलाव किया जैसा कि आरोप लगाया गया है। बीएमसी ने पिछले हफ्ते अपने वकील जोएल कार्लोस के जरिए रनौत की याचिका के जवाब में न्यायमूर्ति एस जे कथावाला की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष हलफनामा दायर किया था। नगर निकाय ने कहा था कि अभिनेत्री ने इमारत में बिना इजाजत अहम ढांचागत बदलाव किए थे। उसने कहा कि बीएमसी अधिकारी नौ सितंबर को उन बदलावों को तोड़ने के दौरान सिर्फ नियमों का पालन कर रहे थे। नगर निकाय ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया था कि वह रनौत की याचिका को रद्द कर दे और उन पर याचिका दायर करने का जुर्माना भी लगाए जो कि न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग थी। वहीं रनौत ने बीएमसी के जवाब के बाद अपने हलफनामे में कहा कि नगर निकाय ने पर्याप्त समय दिए बिना उनकी संपत्ति के हिस्से को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर वैधानिक प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है। उन्होंने पहले कहा था कि बीएमसी ने उन्हें तोड़फोड़ के नोटिस का जवाब देने के लिए सिर्फ 24 घंटे का वक्त दिया और उसके नोटिस पर उनके जवाब को जल्दबाजी में खारिज कर दिया। रनौत ने कहा कि बीएमसी ने नौ सितंबर को उनके खिलाफ पक्षपातपूर्ण कार्वाई की क्योंकि बीएमसी ने उनके बंगले के बगल में स्थिति फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के बंगले में कथित अवैध बदलावों को लेकर उन्हें भी नोटिस जारी किया था लेकिन मल्होत्रा को नोटिस का जवाब देने के लिए सात दिनों का वक्त दिया गया।



# कृषि विधेयक किसान विरोधी, देश में सूखे की स्थिति पैदा करने वाला: ममता बनर्जी

कोलकाता (भाषा)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि राज्यसभा और लोकसभा से पारित हुए दोनों कृषि विधेयक से किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से वंचित रहना पड़ेगा और इससे देश में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। तृणमूल अध्यक्ष बनर्जी ने कहा कि सभी विपक्षी पार्टियों को साथ मिलकर इन विधेयकों के खिलाफ लड़ना चाहिए। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, देश जहां कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है, केंद्र सरकार इन कृषि विधेयकों के जरिए सूखा लाना चाहती है। बनर्जी ने कहा, केंद्र ने आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते हुए दाम को नियंत्रित करने के लिए कुछ नहीं किया है।



# नीतीश कुमार ने रास में उपसभापति के साथ विपक्ष के बर्ताव की निंदा की

**भाषा।** पटना

**बिहार** में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने कहा कि कृषि विधेयकों के राज्यसभा में पारित होने के दौरान उपसभापति हरिवंश के साथ विपक्ष के बर्ताव ने बिहार की प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाई है और राज्य के लोग इसका जवाब देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बिहार में 14,260 करोड़ रूपए की लागत से 350 किलोमीटर लंबी नौ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जो कुछ कल राज्यसभा में हुआ वह बहुत ही गलत हुआ और उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। कुमार ने कहा, हमलोगों ने 2006 में ही एपीएमसी एक्ट को समाप्त कर दिया था। उस समय भी यहां राजद सहित अन्य विरोधी दल खूब हंगामा कर रहे थे। उन्होंने कहा, जो कुछ भी कल राज्यसभा में हुआ, वह बहुत ही बुरा और खराब हुआ है। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा, राज्यसभा के उपसभपति के साथ सदन में जो अमर्यादित घटना हुई, उसने पूरे बिहार की अस्मिता को ठेस पहुंचाई है। विपक्ष ने लोकतंत्र के मंदिर में जिस तरह का अमर्यादित व्यवहार किया है, वह निंदनीय है। इससे बिहार के सभी लोग मर्माहत हैं। विपक्ष के बर्ताव का बिहार की जनता करारा जवाब देगी।

विपक्ष के भारी हंगामे के बीच कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सुविधा) विधेयक-2020 और कृषक (सशक्तिकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक-2020 रविवार को राज्यसभा में पारित हो गए थे। इस दौरान दो विधेयकों को पारित कराने पर जोर देने पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया था। तृणमूल कांग्रेस सदस्यों के नेतृत्व में कुछ विपक्षी सदस्य आसन के बिल्कुल पास आ गए।



## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद पीडीपी नेताओं ने पहली बार की बैठक

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने के बाद पीडीपी के वरिष्ठ नेताओं ने पहली बार सोमवार को यहां बैठक की। पीडीपी ने कहा कि श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता पार्टी उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान वीरी ने की, क्योंकि पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती नजरबंद है। पीडीपी ने अपने नेताओं की रिहाई के बाद पहली बार बैठक की। इन नेताओं को पिछले साल तब हिरासत में ले लिया गया था जब केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त कर दिया था। बैठक में पूर्व मंत्री एवं विधायकों समेत वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती कड़े जन सुरक्षा अधिनियम के तहत गुपकर रोड स्थित फेयरव्यू आवास में नजरबंद है जिसे उप-जेल में तब्दील किया गया है। केंद्र ने पिछले पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर इसे दो केंद्रशासित प्रदेशों- जम्मू कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था।

### तस्वीरों के इस्तेमाल पर नुसरत जहां ने पुलिस से मांगी मदद

**कोलकाता।** अदाकारा एवं तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां ने एक वीडियो चैट ऐप के उनकी सहमति के बिना कथित तौर पर ऑनलाइन प्रचार के लिए उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल करने के मामले में सोमवार को कोलकाता पुलिस से मदद मांगी। सांसद ने कोलकाता पुलिस आयुक्त अनुज शर्मा को ट्विटर पर टैग करते हुए प्रचार विज्ञापन के स्क्रीनशॉट साझा किए और कहा कि वह मामले को कानूनी तौर पर उठाने को तैयार है। जहां ने ट्वीट किया, बिना सहमति के तस्वीरों का इस्तेमाल करना अस्वीकार्य है। कोलकाता पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ से मामले में कार्वाई की अपील करती हूं। मैं मामले को कानूनी तौर पर उठाने को तैयार हूं। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके साइबर प्रकोष्ठ ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास पाक ने की गोलाबारी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सोमवार को पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी की गई जिसके बाद भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीमापार स्थित शाहपुर, किरनी और कस्बा सेक्टर से बिना उकसावे के गोलाबारी की गई और यह दोनो पक्षों के बीच हुए संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन था। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने अपराह्न ढाई बजे के आसपास मोर्टार दागे और छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू की। उन्होंने कहा कि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नही है।

### बिहार में 26.4 किग्रा चरस जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने 26.4 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस जब्त करके दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नवीन चंद्र झा ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार रात पुलिस ने पड़ोसी जिले मुजफ्फरपुर से पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी की ओर आ रही एक कार से चकिया थाना अंतर्गत एक टोल प्लाजा के पास 26.4 किलोग्राम चरस जब्त की। इस चरस को 52 पैकेट में छुपाकर रखा गया था। गिरफ्तार तस्करों के नाम उस्मान सफी शेख तथा विजयवंशी प्रसाद है जो महाराष्ट्र के कुलार के रहने वाले बताए गए है। नवीन ने बताया कि ये लोग मुजफ्फरपुर से चरस खरीद कर महाराष्ट्र ले जा रहे थे।

### पीएम तीन अक्टूबर को अटल सुरंग का कर सकते हैं उद्घाटन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोहतांग में लेह-मनाली राजमार्ग पर अटल सुरंग का तीन अक्टूबर को उद्घाटन कर सकते हैं। ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के मुताबिक, वह सुरंग का उद्घाटन करने के लिए तीन अक्टूबर को मनाली आएंगे तथा लाहौल की यात्रा करेंगे। मीडियाकर्मियो के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी इस बात पर फैसला नही हुआ है कि क्या प्रधानमंत्री उस दिन लाहौल में जनसभा को संबोधित करेंगे या नही।

### पूर्व मुख्यमंत्री फड़णवीस ने कृषि विधेयकों की प्रशंसा की

**नागपुर।** भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फड़णवीस ने सोमवार को कहा कि हाल ही मे राज्यसभा से पारित कृषि विधेयको का किसान नही, बल्कि निहित स्वार्थ वाले लोग विरोध कर रहे है। कई नेता इस क्षेत्र मे अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए इनका विरोध कर रहे है। कांग्रेस ने 2109 के अपने घोषणापत्र मे किसानो को जो आश्वासन दिए थे उन्हें केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पूरा किया। संसद से पारित विधेयको से किसानो को संविदा कृषि करने एवं कृषि क्षेत्र मे निवेश लाने की अनुमति मिलेगी तथा किसानो का बोझ भी घटेगा क्योकि उसमे कई कर एवं उपकर हटा दिए गए है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, किसान अब अपनी उपज बिना कोई कर या उपकर चुकाए अपनी पसंद से बेच सकते है। ये विधेयक क्रांतिकारी है।


गुवाहाटी में अनलॉक 4 के दौरान स्कूल खुलने पर हाथों को सैनिटाइज करती हुई शिक्षिकाएं

# महाराष्ट्र सरकार ने मराठा आरक्षण पर रोक वाली याचिका दाखिल

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र सरकार** ने उच्चतम न्यायालय की वृहद पीठ के समक्ष आवेदन दायर कर नौकरियों एवं शिक्षा में मराठा आरक्षण लागू करने पर लगी शीर्ष अदालत की रोक को हटाने का अनुरोध किया है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। इस मामले में आरक्षण समर्थक संगठनों द्वारा राज्य के विभिन्न हिस्सों में किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच सरकार का यह कदम सामने आया है।

महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग मंत्री अशोक चव्हाण ने मराठा आरक्षण लागू करने पर उच्चतम न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक हटवाने के मद्देनजर राज्य सरकार के प्रयासों को लेकर सोमवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार से चर्चा के लिए संपर्क किया। मराठा आरक्षण को लेकर गठित महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की उपसमिति की अगुवाई करने वाले चव्हाण ने यहां वाईबी चव्हाण केंद्र में पवार से मुलाकात की।

चव्हाण ने पवार के साथ हुई बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, इससे पहले हमने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ मराठा आरक्षण पर लगी उच्चतम न्यायालय की रोक को हटाने के संबंध में कानूनी पहलुओं के बारे में चर्चा की थी। मैंने आज ही पवार साहब को इससे अवगत कराया और उनके विचारों को समझा।

उच्चतम न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में शिक्षा और नौकरियों में मराठों को आरक्षण देने वाले महाराष्ट्र सरकार के कानून के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी। हालांकि, यह स्पष्ट किया था कि इसका लाभ पाने वालों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

# बंगाल में भाजपा को रोकने के लिए तृणमूल ले रही है नरम हिंदुत्व का सहारा

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले हिंदू पुजारियों को भत्ता देने की तृणमूल सरकार की योजना, तुष्टिकरण के आरोपों की काट और भारतीय जनता पार्टी को मात देने की सोची समझी रणनीति प्रतीत होती है। राजनीति पर निगाह रखने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि तृणमूल कांग्रेस हिंदू विरोधी छवि को त्याग कर नरम हिंदुत्व को अपनाना चाहती है और इसके लिए वह सावधानीपूर्वक कदम उठा रही है। पार्टी ने प्रशांत किशोर और उनकी टीम को अपना चुनावी रणनीतिकार बनाया है। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस ने ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित कराने और दुर्गा पूजा समितियों को आर्थिक सहायता देने जैसे निर्णय भी लिए हैं। हालांकि, ममता बनर्जी नीत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का दावा है कि समावेशी राजनीति के तहत आठ हजार सनातन ब्राह्मण पुजारियों को आर्थिक सहायता और मुफ्त आवास उपलब्ध कराया गया है, वहीं, विपक्षी दल भाजपा ने इसे उसके हिंदू वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास करार दिया है।

तृणमूल के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत रॉय ने कहा, हम सांप्रदायिक राजनीति में विश्वास नहीं रखते, जैसा कि भाजपा करती है। हमारा लक्ष्य पीड़ित व्यक्तियों और समुदायों की सहायता करना है। पार्टी का कोई धार्मिक एजेंडा नहीं है। हालांकि, रॉय यह समझाने में असफल रहे कि हिंदू पुजारियों को वित्तीय सहायता देने में आठ साल का समय क्यों लगा, जबकि इमाम और मुअज्जिनों को इस प्रकार की सहायता का लाभ पिछले आठ साल से मिल रहा है।

नाम उजागर न करने की शर्त पर तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, भाजपा हमें हिन्दू विरोधी कह कर प्रचारित करती रही है। उनके सदस्य खुद को हिंदुत्व के सबसे बड़े ठेकेदार बताते हैं। इसलिए हमने समावेशी विकास के संदेश के साथ जनता के बीच, विशेषकर हिंदू समुदाय तक अपनी पहुंच बढ़ाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा, हिंदू विरोधी होने के आरोपों से हमें 2019 के लोकसभा चुनाव में बहुत नुकसान हुआ था। हम इसे बदलना चाहते हैं लेकिन इसके साथ ही हम अल्पसंख्यकों को किनारे नहीं कर सकते। हमें इस खाई को भरना होगा और 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले जनता के बीच अपनी खोई हुई जमीन वापस लेनी होगी।

तृणमूल के सूत्रों के अनुसार 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तरी और दक्षिणी बंगाल के कई हिस्सों में पार्टी की हार आंखें खोलने वाली थी। पिछले साल राजनीतिक पंडितों के आकलन को धता बताते हुए पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 42 में से 18 सीटों पर जीत हासिल की थी और 41 प्रतिशत मत हासिल किया था। लोकसभा में तृणमूल की सीटें 2014 में 34 थीं जिनकी संख्या 2019 में घटकर 22 रह गई थी। इसके अलावा पार्टी को जंगलमहल क्षेत्र में करारी हार का सामना करना पड़ा था जहां की आदिवासी जनता ने इस बार तृणमूल की बजाय भाजपा के पक्ष में मतदान किया था।


ममता बनर्जी नीत पार्टी के सूत्रों का कहना है कि हिंदुओं में ब्राह्मण पुजारियों को अभी भी बहुत आदर प्राप्त है और यह चुनाव में बाजी पलटने की क्षमता रखते हैं। एक सूत्र ने कहा, आई-पैक (किशोर का संगठन) ने बंगाल की स्थिति की समीक्षा की है और हमारी रणनीति पुन: बनाने के लिए सुझाव दिए हैं। हमारी संशोधित योजना के तहत ब्राह्मणों तक पहुंच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। राजनीतिक विशेषज्ञों का दावा है कि 2019 के संसदीय चुनाव के नतीजे और भाजपा द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों के कारण तृणमूल को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा।

राजनीतिक विश्लेषक विश्वनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि तृणमूल का नरम हिंदुत्व का एजेंडा उन हिंदू मतों को वापस पाने का प्रयास है जो अब भाजपा के पाले में चले गए हैं। चक्रवर्ती ने कहा, केवल समय ही बता सकता है कि पार्टी को इस नरम हिंदुत्व से लाभ होगा या नहीं। तृणमूल, हिंदू मतों का विभाजन करते हुए अल्पसंख्यक मतों को छोड़ना नहीं चाहती। यदि वह भाजपा के हिंदू मतों का विभाजन सफलतापूर्वक कर लेती है तो पार्टी फायदे में रहेगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पश्चिम बंगाल इकाई ने पिछले सप्ताह कहा था कि सरकार ने भत्ते की घोषणा कर ब्राह्मणों का मजाक उड़ाया है। आरएसएस ने कहा था कि वर्तमान बंगाल में बंगाली बोलने वाले हिन्दुओं का अस्तित्व खतरे में है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के बंगाल प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार की चुनावी पैंतरेबाजी से कोई नतीजा नहीं निकलने वाला।


पटना में बिहार विधानसभा चुनाव में विकासशील इंसान पार्टी अपने चुनाव-निशान नाव को लेकर प्रचार करते हुए।

# बिहार को दी 14,000 करोड़ की राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात

**भाषा।** नई दिल्ली



**बिहार विधानसभा** चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राज्य में 14,258 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाली नौ राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने बिहार के सभी 45,945 गांवों को इंटरनेट से जोड़ने के लिए ऑप्टिकल फाइबर इंटरनेट सेवाओं का भी उद्घाटन किया।वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इन परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा कि 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा के आने के बाद सड़कों के निर्माण की रफ्तार दोगुनी हुई है जबकि इसपर होने वाले खर्च को पांच गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि अगले चार-पांच सालों में अधोसंरचना पर 110 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

इंटरनेट सेवाओं के बारे में मोदी ने कहा इस योजना के तहत एक हजार दिनों में देश के छह लाख गांवों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा जाएगा और इसकी शुरुआत बिहार से हो रही है।उन्होंने कहा, आज का दिन बिहार के लिए तो अहम है ही, पूरे देश के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। आज भारत अपने गांवों को आत्मनिर्भर भारत का मुख्य आधार बनाने के लिए भी एक बड़ा कदम उठा रहा है। मुझे विश्वास है कि नीतीश जी (नीतीश कुमार) के सुशासन में, दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ते बिहार में इस योजना पर भी तेजी से काम होगा। प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को राष्ट्र को संबोधित करते हुए घोषणा की थी कि देश के छह लाख गांवों को एक हजार दिन के भीतर ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा, भारत के गांवों में इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या कभी शहरी लोगों से ज्यादा हो जाएगी, कुछ साल पहले तक सोचना भी मुश्किल था। गांव की महिलाएं, किसान और गांव के युवा भी इतनी आसानी से इंटरनेट का इस्तेमाल करेंगे, इस पर भी बहुत लोग सवाल उठाते थे। लेकिन अब ये सारी स्थितियां बदल चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक प्रकार से गांव को अब शहरों की ही तरह हर सुविधा घर बैठे मिले, इसके लिए जरूरी अधोसंरचना का विकास किया किया जा रहा है।उन्होंने कहा, अधोसंरचना विकास से जुड़ी परियोजनाओं पर अब जिस गति से काम हो रहा है वह अभूतपूर्व है। 2014 से पहले की तुलना में आज हर रोज दोगुनी से भी तेज गति से राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। राजमार्ग निर्माण पर होने वाले खर्च में भी 2014 से पहले की तुलना में लगभग 5 गुणा बढ़ोतरी की गई है। आने वाले 4-5 सालों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर 110 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से भी 19 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं सिर्फ हाईवे से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत डिजिटल लेनदेन करने वाले दुनिया के सबसे अग्रणी देशों की कतार में है। उन्होंने कहा कि जब गांव-गांव में तेज़ इंटरनेट पहुंचेगा तो गांव में पढ़ाई आसान होगी। उन्होंने कहा, गांव के बच्चे, हमारे ग्रामीण युवा भी एक क्लिक पर दुनिया की किताबों तक, तकनीक तक आसानी से पहुंच पाएंगे।

इस कार्यक्रम में पटना से बिहार के राज्यपाल फागू चौहान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी सहित कई नेता शामिल हुए। दिल्ली से केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और सड़क व परिवहन राज्यमंत्री जनरल वी के सिंह के अलावा आर के सिंह, गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय सहित कई मंत्री शामिल हुए।बिहार में अक्टूबर-नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में विकास से संबंधित कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है।आज जिन नौ राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ उनमें 350 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाना है। इन परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग के बख्तियारपुर-रजौली खंड, आरा-मोहनिया खंड, नरेनपुर- पूर्णिया खंड, पटना रिंग रोड (कन्हौली-रामनगर) खंड के विकास सहित पटना में गंगा नदी पर महात्मा गांधी सेतु के समानांतर राष्ट्रीय राजमार्ग -19 पर 14.5 किलोमीटर लंबे चार लेन के पुल का निर्माण, कोसी नदी पर 28.93 किलोमीटर लंबा चार लेन का नया पुल और गंगा नदी पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर विक्रमशिला सेतु के समानांतर 4.445 किलोमीटर लंबा चार लेन का पुल बनाना शामिल है।इन परियोजनाओं पर 14,258 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

मोदी ने कहा कि बिहार के संपर्क में सबसे बड़ी बाधा बड़ी नदियों के चलते रही है और यही कारण है कि जब पीएम पैकेज की घोषणा हो रही थी तो पुलों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया था।उन्होंने कहा, पीएम पैकेज के तहत गंगाजी के ऊपर कुल 17 पुल बनाए जा रहे हैं। इनमें से अधिकतर पूरे हो चुके हैं। इसी तरह गंडक और कोसी नदियों पर भी पुलों का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज चार लेन के तीन नए पुलों का शिलान्यास हुआ है। इसमें से दो पुल गंगा जी पर और एक पुल कोसी नदी पर बनने वाला है। इनके बनने पर गंगा जी और कोसी नदी पर फोर लेन के पुलों की क्षमता और बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि संपर्क एक ऐसा विषय है, जिसे टुकड़ों में सोचने के बजाय संपूर्णता में सोचना होता है। उन्होंने कहा, पहले सड़कों का रेल नेटवर्क से कोई वास्ता नहीं रहता था। रेल का पोर्ट से और पोर्ट का एयरपोर्ट से भी कम ही नाता रहता था। 21वीं सदी का भारत, 21वीं सदी का बिहार, अब इन सारी पुरानी कमियों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रहा है। आज देश में मल्टी मॉडल कनेक्टविटी पर बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बिहार के 45,945 गांवों को जोड़ने वाली जिन ऑप्टिकल फाइबर इंटरनेट सेवाओं का उद्घाटन किया उनसे राज्य के कोने-कोने तक तेज गति की इंटरनेट सुविधा पहुंचेगी। यह परियोजना दूरसंचार विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के संयुक्त प्रयास से क्रियान्वित होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2015 में बिहार के बुनियादी ढांचागत विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी। 54,700 करोड़ रुपए की लागत से 15 परियोजनाओं पर काम होना था जिनमें से 13 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, 38 परियोजनाओं पर काम चल रहा है जबकि अन्य आवंटन या नीलामी की प्रक्रिया में हैं।

## भारत में कोविड-19 के 86,961 नए मामले, 1130 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत में एक** दिन में कोविड-19 के 86,961 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले सोमवार को बढ़ कर 54,87,580 हो गए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में 43,96,399 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के बाद मरीजों के ठीक होने की दर बढ़ कर अब 80.12 प्रतिशत हो गई। देश में कोविड-19 के अभी तक कुल 54,87,580 मामले सामने आए हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे में 1,130 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 87,882 हो गई। आंकड़ों के अनुसार मृत्यु दर गिर कर 1.6 प्रतिशत हो गई है। देश में अभी 10,03,299 मरीजों का कोरोना वायरस का इलाज जारी है, जो कुल मामलों का 18.28 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 के मामले 21 दिन में 10 से 20 लाख के पार हुए थे। इसके बाद 16 दिन में में 20 से 30 लाख और 13 दिन में 30 से 40 लाख का आंकड़ा पार किया था।



जयपुर में कोविड-19 के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाते पुलिस कर्मी

## विरोध करने के अधिकार की कोई सार्वभौमिक नीति नहीं हो सकती

● सीएए के खिलाफ प्रदर्शन मामले में शीर्ष न्यायालय ने कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को कहा कि विरोध प्रकट के अधिकार के मामले में कोई सार्वभौमिक नीति नहीं हो सकती है और परिस्थितियों के अनुरूप संतुलन बनाए रखने के लिए सड़कें अवरूद्ध करने जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने जैसी संतुलित कार्वाई जरूरी है। शीर्ष अदालत ने राजधानी दिल्ली के शाहीनबाग में पिछले साल दिसंबर में नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में सड़क अवरुद्ध किए जाने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए ए टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि इस मामले में फैसला बाद में सुनाया जाएगा।कोविड-19 महामारी की आशंका और इस वजह से निर्धारित मानदंडों के पालन के दौरान यहां पर स्थिति सामान्य हुई थी।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने कहा, कुछ आकस्मिक परिस्थितियों ने इसमें अहम भूमिका निभाई और यह किसी के हाथ में नहीं था। ईश्वर ने खुद ही इसमें हस्तक्षेप किया। शशांक देव सुधि सहित विभिन्न अधिवक्ताओं की दलीलों का संज्ञान लेते हुए पीठ ने कहा, हमें विरोध प्रदर्शन के अधिकार और सड़कें अवरूद्ध करने में संतुलन बनाना होगा। हमें इस मुद्दे पर विचार करना होगा। इसके लिए कोई सार्वभौमिक नीति नहीं हो सकती क्योंकि मामले दर मामले स्थिति अलग-अलग हो सकती है। पीठ ने कहा, संसदीय लोकतंत्र में संसद और सड़कों पर विरोध प्रदर्शन हो सकता है लेकिन सड़कों पर इसे शांतिपूर्ण रखना होगा। इस समस्या को लेकर याचिका दायर करने वाले वकीलों में से एक अमित साहनी ने कहा कि व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए इस तरह के विरोध प्रदर्शनों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।उन्होंने कहा, इसे 100 दिन से भी ज्यादा चलने दिया गया और लोगों को इससे बहुत तकलीफें हुईं। इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। हरियाणा में कल चक्का जाम था। उन्हांने 24-25 सितंबर को भारत बंद का भी आह्वाहन किया है। इस मामले में हस्तक्षेप करने वाले एक व्यक्ति की ओर से अधिवक्ता महमूद प्राचा ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रकट करने का अधिकार है और एक राजनीतिक दल के कुछ लोग वहां गए और उन्होंने दंगा किया। उन्होंने कहा, हमें विरोध करने का अधिकार है। राज्य सरकार की मशीनरी पाक साफ नहीं है। एक राजनीतिक दल के सदस्य पुलिस के साथ वहां पहुंचे और उन्होंने स्थिति बिगाड़ दी। पीठ ने सुनवाई पूरी करते हुए कहा कि उसने प्रयोग के तौर पर बातचीत के लिए नियुक्तियां कीं थी और उन्होंने कुछ सुझाव दिए हैं, जिन पर गौर किया जा सकता है।पीठ ने कहा कि मध्यस्थता के लिए लोगों को भेजने का प्रयोग सफल हो भी सकता था और नहीं भी लेकिन कोविड-19 महामारी का भी इस स्थिति पर प्रभाव हो सकता है। केन्द्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विरोध करने का अधिकार निर्बाधित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे में कुछ फैसले भी हैं। शीर्ष अदालत ने इससे पहले नागरिकता संशोधन कानून को लेकर सड़क अवरूद्ध करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अमित साहनी, भाजपा के पूर्व विधाक नंद किशोर गर्ग और आशुतोष दुबे की याचिकाओं पर दलीलें सुनीं थीं।साहनी ने कालिन्दी कुंज-शाहीन बाग पर यातायात सुगम बनाने का दिल्ली पुलिस को निर्देश देने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने स्थानीय प्राधिकारियों को कानून व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस स्थिति से निबटने का निर्देश दिया था।

## वित्त मंत्री अच्छा काम कर रही हैं : बसपा सांसद

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के एक सदस्य ने कांग्रेस पर केवल विरोध के लिए सरकार के सभी विधेयकों का विरोध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अच्छा काम कर रही हैं, जरूरत सभी मंत्रालयों के बीच समन्वय की है। बसपा के मलूक नागर ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2020 पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, समझ नहीं आता कि कांग्रेस के लोग अच्छे विधेयक का भी क्यों विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तरह अच्छा काम कर रही हैं जो वित्त मंत्री भी रह चुके हैं।नागर ने कहा कि समस्या मंत्रालयों के बीच समन्वय की है। एक मंत्रालय के काम में दूसरे मंत्रालय के नियम आड़े आ जाते हैं।उन्होंने कहा, कोविड-19 महामारी के समय देश को बचाने के लिए और रोजगार को बचाने के लिए सोचना पड़ेगा। नागर ने मांग की कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधीकरण (एनसीएलटी) में जिस तरह कारोबारियों को सुविधाएं मिली हैं, ऐसी सुविधा किसानों को भी मिलनी चाहिए।



चेन्नई में किसान बिल को लेकर प्रदर्शन करते सीपीआईएम के कार्यकर्ता

## भिवंडी में ढही इमारत, 13 लोगों की दर्दनाक मौत

**पायनियर समाचार सेवा। ठाणे**

**महाराष्ट्र** के भिवंडी नगर में सोमवार तड़के तीन मंजिला एक इमारत के गिर जाने से सात बच्चों सहित 13 व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि चार वर्षीय बच्चे सहित 20 लोगों को मलबे से निकाला गया। पुलिस ने बताया कि 43 वर्ष पुरानी झिलानी इमारत आज तड़के तीन बजकर 40 मिनट पर गिरी और हादसे में मरने वालों में दो साल का बच्चा भी शामिल है। ठाणे आपदा मोचन बल (टीडीआरएफ) के कर्मी मलबे से उबेद कुरैशी नाम के एक बच्चे को निकालते और उसे पानी पिलाते देखे गए। भिवंडी, ठाणे से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित एक पावरलूम नगर है। एक अधिकारी ने बताया कि इस इमारत में 40 फ्लैट थे और करीब 150 लोग इस इमारत में रहते थे। एक निकाय अधिकारी ने बताया कि धमनकर नाका के पास नरपोली में पटेल कम्पाउंड स्थित इमारत जिस समय गिरी, उस समय उसमें रहने वाले लोग सो रहे थे।

## टकराव वाले सभी इलाकों से सेना हटाने पर भारत का जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● एलएसी पर जारी तनाव के बीच सैन्य-राजनयिक स्तरीय वार्ता

**वास्तविक नियंत्रण रेखा** (एलएसी) पर बरकरार तनाव खत्म करने के लिए भारत-चीन के बीच छह सप्ताह बाद सोमवार को सैन्य स्तर पर बातचीत हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने एक बार फिर पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले इलाकों से सशस्त्र सैनिकों की जल्द वापसी और बलों की संख्या घटाने पर जोर दिया। भारत ने दो टूक शब्दों में कहा कि लद्दाख के सभी तनावपूर्ण स्थानों से सेनाएं पीछे हटनी चाहिए जबकि चीन का कहना था कि पहले भारतीय सेना को पैगोंग त्सो (लेक) के दक्षिणी किनारे पर स्थित चोटियों को खाली करना होगा। दोनों देशों में पिछले दौर की सैन्य स्तरीय वार्ता 2 अगस्त को हुई थी। पिछले चार महीनों से सीमा पर कायम अस्थिरता भरे हालात की पृष्ठभूमि में मुद्दे की जटिलता व संवेदनशीलता को गंभीरता से लेते भारत-चीन के प्रतिनिधियों ने परस्पर बातचीत जारी रखने पर सहमति जताई। विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी की द्विपक्षीय बैठक में तय किए गए पांच सूत्री रोडमैप के अनुपालन पर भी दोनों पक्ष राजी हुए। जयशंकर और वांग ने बीते 10 सितंबर को मास्को में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के इतर एलएसी पर तनाव के मसले पर पहली बार आमने-सामने की चर्चा की थी।

राजनीतिक स्तर पर तैयार की गई गाइडलाइन के साथ सोमवार को चीन की तरफ स्थित चुशूल के मोल्डो में संपन्न बैठक पिछली बैठकों से थोड़ा हटकर रही। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में राजनयिक भी शामिल थे। भारत चीन सीमा संबंधी मुद्दों के लिए सहयोग और समन्वय के कार्यकारी तंत्र (डब्लूएमसीसी) की अध्यक्षता कर रहे विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव नवीन श्रीवास्तव, भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) महानिरीक्षक ने मोल्डो बैठक में शिरकत की।भारतीय टीम की अगुवाई लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह और दो मेजर जनरलों ने की। लेफ्टिनेंट जनरल पीजी मेनन भी इस निर्णायक बातचीत का हिस्सा बने। लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह का कार्यकाल अगले कुछ हफ्तों में लेह स्थित 14 कॉर्प्स में खत्म होने वाला है, तब लेफ्टिनेंट जनरल मेनन उनका स्थान ले सकते हैं। सैन्य-राजनीयिक स्तर की बातचीत के ताजा दौर की भारत की रणनीति पर पिछले हफ्ते चाइना स्टडी ग्रुप (सीएसजी) ने मंजूरी दी थी। भारत ने स्पष्ट तौर पर यह भी कहा कि चीन को एलएसी में एकतरफा बदलाव के लिए आक्रामक हरकतों से बाज आना होगा। सूत्रों ने बताया कि भारतीय प्रतिनिधि को इस बात के निर्देश दिए गए थे कि बातचीत के दौरान चीन द्वारा पहले सेना हटाने पर विशेष जोर दिया जाए। लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह और मेजर जनरल लीउ-लीउ के बीच कॉर्प्स कमांडर स्तरीय वार्ता का पिछला दौर 2 अगस्त को हुआ था। तब दोनों पक्ष सेनाएं हटाने पर परस्पर सहमति हुए थे लेकिन बाद में चीन पलट गया और तनाव वाले पैंगोंग त्सो सहित तमाम इलाकों में अपने और सैनिकों की तैनाती कर दी।

# पेज एक का शेष

### हंगामे पर ...

14 दिनों के नोटिस का भी पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सत्र एक अक्टूबर को समाप्त हो रहा है इसलिए 14 दिनों की जरूरी समयसीमा का पालन नहीं हो पा रहा है।नायडू ने कहा कि उन्होंने कल की पूरी कार्यवाही पर गौर किया। उन्होंने कहा कि रिकार्ड के अनुसार उपसभापति ने हंगामा कर रहे सदस्यों से बार-बार अपनी सीट पर जाने, चर्चा में भाग लेने और अपने संशोधन प्रस्ताव पेश करने को कहा था।

### संसद में पारित...

ये लोग एमएसपी पर किसानों को गुमराह करने में जुटे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह देश के प्रत्येक किसान को इस बात का भरोसा देते हैं कि एमएसपी की व्यवस्था जैसे पहले चली आ रही थी, वैसे ही चलती रहेगी।

### यूपी में कानून...

लैंड लीजिंग, लैंड पूलिंग, एक्सप्रेस-वे के किनारे भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई शामिल है। इसके अतिरिक्त भूमि की सबलीजिंग और सार्वजनिक क्षेत्रों की रुग्ण इकाइयों के स्वामित्व वाली भूमि नए उद्योगों के लिए उपलब्ध कराना, जिलास्तरीय सूची तैयार करना और केंद्रीकृत डिमांड एंड सप्लाई पोर्टल का विकास करने जैसे उपाय भी इसमें सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध के प्रति राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति से प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। निवेशक सहभागियों और उद्यमियों के हित में राज्य सरकार ने स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की गठन प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया है। यहां पर निवेशकों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों में हमने नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति कार्य को आगे बढ़ाया है और एक सुदृढ़ मॉनिटरिंग तंत्र के अंतर्गत तकनीक संचालित एमओयू ट्रैकिंग पोर्टल भी स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2018 में जब प्रदेश की पहली इन्वेस्टर्स समिट हुई थी उस समय हमारे साथ निवेशकों ने जो भी एमओयू किए थे उनमें 45 फीसदी एमओयू का क्रियान्वयन करने में सफलता प्राप्त हुई है। मुझे लगता है कि यह अब तक की एक रिकॉर्ड उपलब्धि है। योगी ने कहाकि एनसीआर रीजन को प्रयागराज, वाराणसी व चित्रकूट के साथ जोड़ने के लिए 600 किमी से भी अधिक लम्बे गंगा एक्सप्रेस-वे के कार्य की प्रक्रिया को भी हमने तेजी के साथ आगे बढ़ाया है। जेवर में बनने वाले प्रदेश के सबसे बड़े जेवर एयरपोर्ट की निर्माण प्रक्रिया गौतमबुद्ध नगर में तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। कुशीनगर में भी एक नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण की कार्रवाई अंतिम चरण में है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की दृष्टि से प्रदेश में आगरा, हिंडन, कानपुर, बरेली समेत हमने 25 घरेलू हवाई अड्डों को विकसित करने की कार्रवाई को भी तेजी के साथ आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज का संवाद वैश्विक महामारी कोरोना कालखंड में उद्यमियों और निवेशकों के मन में उपजी चिंताएं दूर करने व उन्हें आश्वस्त करने के लिए है। हमने साबित किया कि प्रदेश पिछले तीन-साढ़े तीन वर्षों में देश में निवेश का सबसे अच्छा गंतव्य बना है।

### भर्ती प्रक्रिया ...

प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन भर्ती बोर्डों के तहत रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। परीक्षाओं को समय से सम्पन्न कराते हुए उनके परिणाम भी शीघ्र घोषित किए जाएं। चयन परीक्षाओं के समय कोविड 19 प्रोटोकाल तथा सोशल डिस्टेन्सिंग का पूर्ण पालन किया जाए। परीक्षाओं के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही की गुंजाइश न रहे। पूरी तैयारी के साथ पारदर्शी ढंग से चयन परीक्षाओं को आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीघ्रता के साथ रिक्त पदों का विवरण उपलब्ध कराते हुए उन्हें अधियाचन के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को नौकरी तथा रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लगातार प्रयास कर रही हैए जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्तमान सरकार द्वारा वर्ष 2017 से अब तक रिक्त पदों के सापेक्ष की गयी भर्ती में पुलिस विभाग में 1,37,253 भर्तियां की जा चुकी हैं, जो विगत वर्ष 2007 से वर्ष 2017 के पूर्व तक के मुकाबले कई गुना अधिक हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में 54706 भर्तियां की जा चुकी हैं। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में समूह ख, ग एवं घ की 8556 तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत 28622 भर्तियां सम्पन्न हुई हैं। लोक सेवा आयोग के माध्यम से 26103 तथा अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 16708 भर्तियां की गयी हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग (राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालय) के अन्तर्गत 14000 तथा उच्च शिक्षा विभाग में 4615 भर्तियां की जा चुकी हैं। इसी प्रकार चिकित्सा शिक्षा विभाग में 1112, नगर विकास विभाग में 700, सहकारिता विभाग में 726, वित्त विभाग में 614, प्राविधिक शिक्षा विभाग व्यावसायिक शिक्षा विभाग में 365 तथा उप्र पावर कॉर्पोरेशन ऊर्जा विभाग में 6446 भर्तियां की गयी हैं। इस अवसर पर लोक सेवा आयोग प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रभात कुमार, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ के अध्यक्ष प्रवीर कुमार, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक मुकुल सिंघल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, पुलिस महानिदेशक हितेश चन्द्र अवस्थी, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका गर्ग, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा अरविन्द कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राजधानी में ...

गाजीपुर में 20, इटावा में 64, गोंडा में 21, बुलंदशहर में 29, पीलीभीत में 28, सीतापुर में 25, बस्ती में 34, प्रतापगढ़ में 54, उन्नाव में 14, सुल्तानपुर में 36, सिद्धार्थनगर में 24, चंदौली में 15, बहराइच में 17, बिजनौर में 16, बदायूं में 26, मैनपुरी में 20, सोनभद्र में 24, रायबरेली में 45, फिरोजाबाद में 18, फर्रुखाबाद में 35, संभल में 35, फतेहपुर में 24, औरैया में 60, जालौन में 24, बांदा में 26, कानपुर देहात में 15, एटा में 22, बलरामपुर में 9, भदोही में 12, कौशांबी में 18, अंबेडकरनगर में 12, कासगंज में 2 बागपत में 7, चित्रकूट में 35, हमीरपुर में 4, हाथरस में 8, श्रावस्ती में 3, महोबा में 15 कोरोनावायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

### झांसी में ...

रहे। तकरीबन दो माह पूर्व वह लखनऊ में परिवहन विभाग मुख्यालय में तैनात थे। इसके बाद प्रमोशन हुआ और वह आरटीओ बनाए गए। फिर यहां से उन्हें झांसी भेजा गया। वहां पर कोरोना संक्रमित हो जाने के कारण उन्हें लखनऊ लाया गया। एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था जहां सोमवार को उनकी मौत हो गई। लखनऊ आरटीओ ऑफिस में भी अधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

दूसरी ओर लखनऊ जिला जेल में बंद दो बंदियों की कोरोना के चलते बीते 48 घण्टे में मौत हो गई। अभी तक सूबे की जिला जेलों में बंद बंदियों की कोरोना के चलते मौत का यह पहला मामला सामने आया है। हालांकि प्रशासन के मुताबिक दोनो बन्दी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मौत के बाद दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जेल सुपरिटेंडेंट आशीष तिवारी के अनुसार इनका इलाज अलग अलग हॉस्पिटल में चल रहा था। एक कैदी को किडनी की प्रॉब्लम थी, दूसरे को हार्ट की बीमारी थी। उन्होंने बताया कि सोमवार को बन्दी बच्चा यादव (42) पुत्र राकेश यादव की मौत हो गई। जिसका इलाज लोकबंधु हॉस्पिटल में चल रहा था। डॉक्टरों के अनुसार बच्चा यादव को हार्ट की समस्या थी। वहीं रविवार को अमित गौतम की मौत हुई थी। उसकी तबियत अप्रैल माह से खराब चल रही थी। तभी से उसका इलाज किया जा रहा था। वह किडनी की समस्या से पीड़ित था। रविवार की शाम बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह सजायाफ्ता कैदी था। उन्होंने बताया कि दोनों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई हैए जैसे ही रिपोर्ट आएगी तब मौत के कारण का पता चल पाएगा।

### समंदर ने फैलाई ...

कि नौसेना महिला अधिकारियों को अपने युद्धपोत पर विभिन्न भूमिका में कार्य करने की अनुमति देगा और उचित सुविधा नवनिर्मित पोतों पर उनके लिए बनाई जाएगी। समारोह की अध्यक्षता रियर एडमिरल एंटनी जॉर्ज ने की, जो चीफ स्टाफ ऑफिसर (प्रशिक्षण) भी हैं। जॉर्ज ने 'ऑब्जर्वर' का पाठ्यक्रम पूरा करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया और प्रतिष्ठित विंग दिया। इसके साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने छह अधिकारियों (महिला अधिकारी सहित नौसेना के पांच अधिकारी और एक तटरक्षक बल का अधिकारी) को सफलतापूर्वक योग्य नेविगेशन प्रशिक्षक पाठ्यक्रम पूरा करने पर प्रशिक्षक बैच से सम्मानित किया।

पायनियर
लखनऊ , मंगलवार, 22 सितंबर , 2020



## जीत के करीब पहुंचकर मिली नाकामी का दुख है : मयंक

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार वापसी करके जीत की दहलीज पर पहुंचने के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग का पहला मैच हारने वाली किंग्स इलेवन पंजाब के बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने कहा कि मैच को फिनिश नही कर पाने का उन्हें दुख है। जीत के लिए 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने पांच विकेट 55 रन पर गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद अग्रवाल ने 89 रन बनाकर उसे 157 रन तक पहुंचाया। आखिरी दो गेंद में पंजाब को एक रन चाहिए था लेकिन मार्कस स्टोइनिस ने दोनो गेंद पर विकेट लेकर मैच को सुपर ओवर में खिंचा जिसमें दिल्ली विजई रही।

## दबाव की परिस्थितियों में खेलने के अभ्यस्त हैं : अय्यर

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ सुपर ओवर तक खिंचे उतार चढ़ाव वाले मैच मे जीत दर्ज करने के बाद कहा कि उनकी टीम ऐसी परिस्थितियो मे दबाव मे नही आती है और इस तरह के मैचो की अभ्यस्त है। अय्यर ने कल जीत के बाद कहा, मैच मे इस तरह के उतार चढ़ाव देखना मुश्किल था लेकिन हमारी टीम इसकी अभ्यस्त है। यहां तक कि पिछले सत्र में भी हमने ऐसी परिस्थितियो का सामना किया था। दिल्ली कैपिटल्स की जीत के नायक मार्कस स्टोइनिस और कैगिसो रबाडा रहे। रबाडा ने सुपर ओवर में केवल दो रन दिए और दो विकेट लिए।

## रीयाल मैड्रिड ने रीयाल सोशिडाड से ड्रा खेला

**मैड्रिड।** गत चैम्पियन रीयाल मैड्रिड की स्पेनिश लीग फुटबॉल में शुरूआत आशातीत नही रही और पहले ही मुकाबले में उसे रीयाल सोशिडाड ने गोलरहित ड्रा पर रोका। पिछले सत्र की टीम मे कोई बदलाव नही किया गया है लेकिन जिनेदीन जिदान की टीम लय हासिल करने के लिए जूझती रही और उसे एक अंक से ही संतोष करना पड़ा। मैड्रिड ने पिछले 11 लीग मैचों में से 10 जीते है और तीन साल में पहला खिताब जीता। वह 2007-08 के बाद पहली बार लगातार दो खिताब जीतने की कोशिश में है।

## जोकोविच को कोर्ट पर आपा खोने के लिए मिली चेतावनी

**रोम।** अमेरिकी ओपन में आपा खोकर बीच मे ही बाहर होने के दो सप्ताह बाद दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को इटालियन ओपन सेमीफाइनल में भी चेतावनी दी गई। जोकोविच ने कहा , मुझे चेतावनी मिलनी ही चाहिए थी। मेरी भाषा खराब थी। चेयर अंपायर से मेरे पिछले कुछ समय मे विवाद रहे है।

## शॉर्ट रन कॉल के खिलाफ अपील की

**दुबई।** किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाड़ियो ने दिल्ली कैपिट्ल के खिलाफ आईपीएल मैंच के दौरान अहम समय पर मैदानी अंपायर नितिन मेनन के विवादित शॉर्ट रन कॉल के खिलाफ अपील की है जबकि पूर्व खिलाड़ियो ने सही नतीजो के लिए तकनीक के अधिक उपयोग की मांग की। मैच के सुपर ओवर मे जाने से पहले टीवी फुटेज से पता चला कि स्क्वेयर लेग अंपायर मेनन ने 19वे ओवर की तीसरी गेद पर क्रिस जोर्डन को शॉर्ट रन के लिए टोका था।

# आरसीबी की जीत में पडिक्कल-चहल चमके

## ● सनराइजर्स हैदराबाद को 10 रन से हराया

भाषा। दुबई



युवा देवदत्त पडिक्कल और अनुभवी एबी डिविलियर्स के अर्धशतकों के बाद युजवेंद्र चहल की शानदार गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को 10 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। आईपीएल में अपना पहला मैच खेल रहे पडिक्कल ने 42 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 56 रन बनाए जबकि डिविलियर्स ने 30 गेंदों पर 51 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल हैं। पारी के शुरू और पारी के आखिर में खेली गई इन पारियों से आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 163 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स की टीम 19.4 ओवर में 153 रन पर आउट हो गई। जॉनी बेयरस्टॉ (43 गेंदों पर 61 रन, छह चौके, दो छक्के) और मनीष पांडे (33 गेंदों पर 34, तीन चौके, एक छक्का) ने दूसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। एक समय सनराइजर्स का स्कोर दो विकेट पर 121 रन था लेकिन उसने आखिरी आठ विकेट 26 गेंद और 32 रन के अंदर गंवा दिए। चहल ने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिए और विकेटों के पतन की शुरुआत की। शिवम दुबे (15 रन देकर दो) और नवदीप सैनी (25 रन देकर दो) ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की। सनराइजर्स ने दूसरे ओवर में ही कप्तान डेविड वार्नर (छह) का विकेट गंवा दिया था जो दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हुए। बेयरस्टॉ और पांडे दोनों ने ढीली गेंदों का इंतजार करके लंबे शॉट खेलकर पारी को संवारा। बेयरस्टॉ को 40 और 44 रन के निजी योग पर जीवनदान मिले। उन्होंने इसका फायदा उठाकर उमेश यादव की गेंद पर करारा चौका लगाकर 37 गेंदों पर अपना अर्धशतक और टीम का शतक पूरा किया। इस बीच हालांकि आरसीबी के तुरूप के इक्के चहल ने पांडे को आसान कैच देने के लिए मजबूर किया। उमेश यादव ने गेंदबाजी में निराश किया और चार ओवर में 48 रन लुटाए। बेयरस्टॉ ने शुरू से उन्हें निशाने पर रखा। चहल ने अपने आखिरी ओवर में बेयरस्टॉ को लेग ब्रेक और फिर विजय शंकर को गुगली पर बोल्ड करके पासा पलट दिया जिसके बाद सनराइजर्स की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। मिशेल मार्श का चोटिल होना सनराइजर्स को भारी पड़ा क्योंकि प्रियम गर्ग (12) ने अनुभवहीनता के कारण अपना विकेट गंवाया और अभिषेक शर्मा (सात) रन आउट होने के साथ राशिद खान को चोटिल भी कर गए। मार्श बल्लेबाजी के लिए आए लेकिन तुरंत ही आउट होने के बाद लड़खड़ाते हुए पवेलियन लौटे।

### स्कोर

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर** :देवदत्त पडिक्कल बो विजय शंकर 56,आरोन फिंच पगबाधा बो अभिषेक 29,विराट कोहली का राशिद बो नटराजन 14,एबी डिविलियर्स रन आउट 51,शिवम दुबे रन आउट 07,जोश फिलिप नाबाद 01,**अतिरिक्त** (लेग बाई 01, नोबाल 02, वाइड 02) 05,**कुल** (20 ओवर मे, पांच विकेट पर) 163,**विकेट पतन** :1-90, 2-90, 3-123, 4-162, 5-163,**गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-25-0,संदीप शर्मा 4-0-36-0,नटराजन 4-0-34-1,मार्श 0.4-0-6-0,शंकर 1.2-0-14-1,राशिद 4-0-31-0,अभिषेक शर्मा 2-0-16-1

**सनराइजर्स हैदराबाद** :डेविड वार्नर रन आउट 06,जॉनी बेयरस्टॉ बो चहल 61,मनीष पांडे का सैनी बो चहल 34,प्रियम गर्ग बो दुबे 12,विजय शंकर बो चहल 00,अभिषेक शर्मा रन आउट 07,राशिद खान बो सैनी 06,भुवनेश्वर कुमार बो सैनी 00,संदीप शर्मा का कोहली बो स्टेन 09,मिशेल मार्श का कोहली बो दुबे 00,टी नटराजन नाबाद 03,**अतिरिक्त** (बाई 05, लेग बाई 02, वाइड 08) 15,**कुल** (19.4 ओवर मे, सभी आउट) 153,**विकेट पतन** :1-18, 2-89, 3-121, 4-121, 5-129, 6-135, 7-141, 8-142, 9-143,**गेंदबाजी** : स्टेन 3.4-0-33-1, उमेश 4-0-48-0,सैनी 4-0-25-2,सुंदर 1-0-7-0,चहल 4-0-18-3,दुबे 3-0-15-2

# रॉयल्स की ओर से मैदान पर उतरेंगे स्मिथ

## ● सीएसके का पलड़ा भारी

भाषा। शारजाह

राजस्थान रॉयल्स की कमजोर टीम के लिए अपने पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से पार पाना आसान नहीं होगा क्योंकि टीम को शुरुआती चरण में स्टार आलराउंडर बेन स्टोक्स की सेवाएं नहीं मिलेंगी लेकिन कनकशन चोट से कप्तान स्टीव स्मिथ के उबरने के कारण मंगलवार को होने इंडियन प्रीमियर लीग मैच से पहले टीम का हौसला कुछ बढ़ा होगा। स्टोक्स की गैरमौजूदगी से टूर्नामेंट में रॉयल्स का अभियान कम से कम पहले चरण में प्रभावित होगा लेकिन अंतिम एकादश में स्मिथ की मौजूदगी का मतलब है कि टीम आसानी से घुटने नहीं टेकेगी। स्मिथ को इंग्लैंड दौरे पर नेट सत्र के दौरान सिर में चोट लगी थी जिसके कारण वह एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। अब नियमों के तहत उन्होंने कनकशन (सिर में चोट लगने के कारण बेहोशी जैसी स्थिति) परीक्षण पास कर लिया है और खेलने के लिए तैयार हैं। फ्रेंचाइजी की ओर से जारी बयान में स्मिथ ने कहा, कुछ दिनों से दुबई में हूं। मैंने आराम किया और रनिंग की। कल मैंने तेजी से दाईं-बाईं तरफ दौड़ लगाई जो मैदान पर वापसी करने के नियमों का हिस्सा था। और आज मैंने नेट पर बल्लेबाजी की। उम्मीद करता हूं कि चोट से उबर गया हूं और कल खेलने के लिए तैयार हूं। कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भी कप्तान की उपलब्धता पर खुशी जताई।



जोस बटलर भी पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि वह अपने परिवार के साथ अलग से आए हैं और उन्हें दुबई में 36 घंटे अनिवार्य पृथकवास में रहना होगा। पिछली उपविजेता चेन्नई ने पहले मैच में गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराया। तीन बार की विजेता का पलड़ा रॉयल्स के खिलाफ भारी होगा चूंकि रॉयल्स के पास स्टोक्स नहीं है और सलामी बल्लेबाज बटलर भी पहले मैच से बाहर हैं। स्टोक्स अपने बीमार पिता की तीमारदारी के लिए न्यूजीलैंड में हैं। लीग के पहले चरण में उनकी गैर मौजूदगी से टीम का संतुलन बिगड़ा है। रॉयल्स के प्रदर्शन का दारोमदार काफी हद तक विदेशी खिलाड़ियों पर है। गेंदबाजी में इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और आस्ट्रेलिया के एंड्रयू टाए पर जिम्मेदारी होगी तो रन बनाने का जिम्मा दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर और कप्तान स्मिथ पर रहेगा। रॉयल्स के भारतीय खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। संजू सैमसन, रॉबिन उथप्पा, जयदेव उनादकट, वरूण आरोन अपेक्षाओं पर खरे उतरने में नाकाम रहे हैं।

### चोटिल अश्विन अगले मैच के लिए तैयार रहेंगे, लेकिन फैसला फिजियो को करना है : अय्यर


**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि भारतीय टीम के सीनियर ऑफ-स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को उम्मीद है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीम के अगले मैच से पहले वह कंधे की चोट से उबर जाएंगे लेकिन उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला टीम के फिजियो पैट्रिक फरहार्ड करेंगे। अश्विन ने रविवार को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ आईपील के 13वें सत्र के अपने पहले ओवर में ही दो विकेट चटकाकर शानदार शुरुआत की लेकिन इस ओवर की आखिरी गेंद पर डाइव लगाकर कर अपना कंधा चोटिल कर बैठे।

### गायकवाड़ ने कोविड-19 से उबरने के बाद शुरू किया अभ्यास

**दुबई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ कोविड-19 की दो अनिवार्य परीक्षणों में नेगेटिव आने के बाद सोमवार पहली बार अभ्यास शुरू किया।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को टीम को राजस्थान रॉयल्स का सामना करना है। महाराष्ट्र का 23 साल का यह खिलाड़ी कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण दो सप्ताह तक पृथकवास पर था। वह शनिवार को गत चैम्पियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आईपील के मौजूदा सत्र के पहले मैच में टीम का हिस्सा नहीं थे।

# हालेप को इटालियन ओपन का खिताब

भाषा। रोम



शीर्ष वरीयता प्राप्त सिमोना हालेप ने सोमवार को यहां कारोलिना पिलिसकोवा के चोट के कारण फाइनल में मैच के बीच से हट जाने के कारण पहली बार इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। पिलिसकोवा ने जब हटने का फैसला किया तब हालेप 6-0, 2-1 से आगे चल रही थी। हालेप के पहला सेट जीतने के बाद पिलिसकोवा ने पीठ के निचले हिस्से में दर्द के लिए उपचार भी लिया था। हालेप इससे पहले 2017 और 2018 में फाइनल में इलिना स्वितोलिना से हार गई थी। उन्होंने टेनिस शुरू होने के बाद अपने रिकार्ड को 10-0 तक भी पहुंचा दिया है। वह हालांकि फरवरी से लेकर अब तक लगातार 14 मैच जीत चुकी हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से यूएस ओपन में हिस्सा नहीं लिया था।

### प्रजनेश आगे बढ़े, नागल फ्रेंच ओपन क्वालीफायर्स से बाहर



**पेरिस।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन ने शुरू में सर्विस गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके सोमवार को यहां फ्रेंच ओपन पुरुष एकल क्वालीफाईंग के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन देश के शीर्ष खिलाड़ी सुमित नागल करीबी मैच में हारकर बाहर हो गए। क्वालीफाईंग में 16वीं वरीयता प्राप्त और यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचकर पिछले सात साल मे किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल मे जीत दर्ज करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने नागल को जर्मनी के डस्टिन ब्राउन के हाथों 6-7 (4), 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एक घंटे 47 मिनट तक चला।

### पांच खिलाड़ी क्वालीफाइंग से बाहर

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन क्वालीफाइंग दौर में दो खिलाड़ी कोरोना वायरस जांच मे पॉजिटिव पाए गए जबकि तीन अन्य एक कोच के संपर्क मे थे जो पॉजिटिव पाया गया है। फ्रेंच टेनिस महासंघ ने रविवार को एक बयान मे कहा कि सभी पांचो खिलाड़ी पांच दिन के लिए पृथकवास मे रहेंगे और उनमे से कोई भी 27 सितंबर से शुरू हो रहे क्वालीफायर मे भाग नही लेगा। आयोजको ने खिलाड़ियो या कोच का नाम नही बताया है। एफएफटी ने कहा कि गुरुवार से अब तक 900 कोरोना वायरस टेस्ट हो चुके है।

# भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में अधिक बदलाव ना करे आस्ट्रेलिया

भाषा। पर्थ

आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने संकेत दिया है कि भारतीय टीम साल के अंत में जब चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उनके देश का दौरा करेगी तब वे जांचे-परखे खिलाड़ियों के साथ उतरेंगे और

### लैंगर ने दिया संकेत

शेफील्ड शील्ड में किसी खिलाड़ी के बेहतरीन प्रदर्शन करने पर ही टीम में बदलाव होगा।

न्यूजीलैंड में फरवरी-मार्च के बाद यह भारत की पहली श्रृंखला होगी और इसके तीन दिसंबर से शुरू होने का कार्यक्रम है लेकिन आयोजन स्थलों को लेकर थोड़ा भ्रम है क्योंकि आस्ट्रेलिया के विभिन्न शहरों में लॉकडाउन को लेकर अलग-अलग नियम हैं। लैंगर ने सोमवार को एडीलेड से एएपी से कहा, हम पिछले 12 से 18 महीने में शानदार टेस्ट क्रिकेट खेल पाए हैं। फिलहाल हम दुनिया की नंबर एक टीम हैं और इसके कई कारण हैं।

# फ्लेमिंग ने सैम कुरेन की तारीफों के पुल बांधे

भाषा। दुबई,



चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीम की ओर से पदार्पण करने वाले सैम कुरेन के रवैए से प्रभावित हैं और उन्होंने कहा कि आईपीएल के पहले मैच में उनके योगदान ने चोट से उबर रहे स्टार आलराउंडर ड्वेन ब्रावो अनुपस्थिति नहीं खलने दी।कुरेन ने शनिवार को आईपीएल के 13वें सत्र के पहले मैच में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ सीएसके की पहली जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने प्रभावशाली गेंदबाजी करने के बाद सिर्फ छह गेंद में 18 रन की पारी खेली जिससे सीएसके की टीम जीत के साथ शुरुआत करने में सफल रही। फ्लेमिंग ने मंगलवार को शारजाह में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व सीएसके की वेबसाइट पर कहा, ड्वेन (ब्रावो) को गंवाना बड़ा नुकसान था और सैम ने इसकी भरपाई की। उन्होंने कहा, सैम की जिस चीज ने हमें प्रभावित किया वह उसका रवैया है और लय में आने के बाद उसका रवैया और बेहतर होता जाता है। उसके आलराउंडर कौशल पर कोई भी कप्तान तुरंत भरोसा कर सकता है और वह उस तक शॉट खेल सकता है जैसे उसने खेले।

### रोहित की कप्तानी में खेलने से आत्मविश्वास बढ़ा है: बुमराह

**अबुधाबी।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि मुंबई इंडियन्स में रोहित शर्मा की कप्तानी में मिलने वाली आजादी ने करियर के लिहाज से उनके आत्मविश्वास को काफी बढ़ाया है। बुमराह रोहित के नेतृत्व में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खिताब को चार बार जीतने वाली इस फ्रेंचाइजी के अहम सदस्य हैं। अपनी बात करूं तो, उन्होंने (रोहित) मुझे हमेशा आजादी दी है, उन्होंने हमेशा मुझे खुद के मुताबिक गेंदबाजी करने के लिए कहा है।

## भारत ने सस्ते तेल से रणनीतिक भंडारों को भरकर 5,000 करोड़ रुपए की बचत की: प्रधान

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल कीमतों के दो दशक के निम्न स्तर पर पहुंचने के दौरान अप्रैल-मई में कच्चे तेल की खरीद कर तीन रणनीतिक कच्चे तेल भंडारों को भर कर सरकार ने करीब 5,000 करोड़ रुपए की बचत की है। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का आयातक है जिसने अपनी किसी भी आकस्मिकता को पूरा करने के लिए तीन स्थानों पर कच्चे तेल के भूमिगत रणनीतिक भंडारण तैयार किए हैं। प्रधान ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कम कीमतों का फायदा उठाते हुए, भारत ने अप्रैल-मई, 2020 में एक करोड़ 67 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद करते हुए विशाखापत्तनम, मैंगलोर, और पाडुर में बनाए गए तीन रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारों को भरा।

## दूरसंचार कंपनियों को 31 मार्च तक कुल एजीआर बकाए का 10प्रतिशत चुकाना होगा

**नई दिल्ली।** सरकारी सूत्रों का कहना है कि भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया सहित तमाम दूरसंचार कंपनियों, को समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाए का 10 प्रतिशत मार्च 2021 तक भुगतान करना होगा और उनके द्वारा पहले किए गए आशिंक भुगतान से इसमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। वर्तमान में परिचालन वाली दूरसंचार कंपनियों द्वारा 31 मार्च तक 12,921 करोड़ रुपए का बकाया दिए जाने की उम्मीद है, जिसमें से करीब 80 प्रतिशत भुगतान वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल को करना है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, उच्चतम न्यायालय का आदेश एकदम स्पष्ट है कि दूरसंचार कंपनियों को डीओटी द्वारा मांगी गई कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत 31 मार्च 2021 तक चुकाना होगा।

## जीएसटीएन के सीईओ ने कहा, पहले से भरा जीएसटी रिटर्न फॉर्म जल्द होगा उपलब्ध

**नई दिल्ली।** जीएसटी- पंजीकरण वाले व्यवसायियों, कंपनियों को जल्द ही पहले से भरा रिटर्न फॉर्म, जीएसटीआर-3बी उपलब्ध होगा। जीएसटी नेटवर्क के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रकाश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुमार ने कहा, हम करदाताओं को पहले से भरा जीएसटीआर-3बी फॉर्म उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ रहे हैं। इससे करदाताओं को कर भुगतान में आसानी होगी। शुरुआत में करदाताओं को फॉर्म को संपादित करने का विकल्प उपलब्ध होगा, जिससे कंपनियां पूर्व के समायोजन आदि कर सकेंगी। जीएसटीएन माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के आईटी ढांचे को संभालता है। जीएसटीएन ने पहले ही करदाता के बिक्री रिटर्न जीएसटीआर-1 के आधार पर कर देनदारी का ब्योरा उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। इस का इस्तेमाल पीडीएफ के रूप में उसके कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में किया जाएगा। इसके अलावा जीएसटीएन करदाता के आपूर्तिकर्ताओं की ओर से दी गई सूचना बीजक के आधार पर इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) ब्योरा भी उपलब्ध करा रहा है।

# वैश्विक स्तर पर बिकवाली से बाजार धराशाई

## ● निवेशकों को लगी 4.23 लाख करोड़ रुपए की चपत

भाषा। मुंबई

वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 812 अंक लुढ़क गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 11,300 अंक से नीचे बंद हुआ। यूरोप में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी और एक बार फिर लॉकडाउन की आशंका में वैश्विक स्तर पर बाजारों में बिकवाली हुई जिसका असर घरेलू शेयर बाजारों पर पड़ा। डेनमार्क, यूनान और स्पेन ने कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण से निपटने के लिए नए सिरे से पाबंदिया लगाई हैं। ब्रिटेन भी दूसरा देशव्यापी लॉकडाउन लगाने पर विचार कर रहा है। इसको देखते हुए निवेशकों ने यात्रा, खपत और बैंक शेयरों में बिकवाली की। यह लगातार तीसरी कारोबारी सत्र है जब शेयर बाजार नीचे आया है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 811.68 अंक यानी 2.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,034.14 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, एनएसई निफ्टी भी 254.40 अंक यानी 2.21 प्रतिशत का गोता लगाकर 11,250.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान इंडसइंड बैंक को हुआ। इसमें 8.67 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा जिन अन्य प्रमुख शेयरों में गिरावट रही, उनमें भारती एयरटेल, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, एक्सिस बैंक और ओएनजीसी शामिल हैं। दूसरी तरफ सेंसेक्स के केवल तीन शेयर कोटक




बैंक, इन्फोसिस और टीसीएस लाभ में रहे। इनें 0.86 प्रतिशत तक की तेजी आई। इस गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 4.23 लाख करोड़ रुपए घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटकर 1,54,76,979.16 पर आ गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दोपहर के कारोबार में मुनाफावसूली के चलते घरेलू शेयर बाजारों में 2 प्रतिशत से अधिक गिरावट आई। यह वैश्विक बाजारों के अनुरूप है जहां यूरोप समेत कई देशों में संक्रमण के मामले बढ़ने से धारणा नकारात्मक हुई है। संक्रमण बढ़ने के कारण यूरोप में अतिरिक्त पाबंदियों पर विचार किया जा रहा है। उच्च मूल्य के साथ इस बात की चिंता है कि कंपनियों की कमाई फिलहाल उस मूल्य के अनुरूप नहीं होंगी। ऐसे में बाजार में अनिश्चितता रह सकती है।

## सोना 326 रुपए टूटा, चांदी भी 945 रुपए लुढ़की

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख और रुपए की विनिमय दर मे गिरावट के साथ राष्ट्रीय राजधानी में सोना सोमवार को 326 रुपए टूटकर 52,423 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार पिछले कारोबार में मूल्यवान धातु 52,749 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 945 रुपए लुढ़क कर 68,289 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबार मे यह 69,234 रुपए प्रति किलोग्राम थी। इस बीच, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे मजबूत होकर 73.38 (अस्थाई) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार मे गिरावट रही। वैश्विक बाजार मे सोना गिरावट के साथ1,940 डॉलर प्रति औंस पर रहा जबकि चांदी 26.50 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही।

## रूट मोबाइल का शेयर 86 प्रतिशत उछला

**नई दिल्ली।** रूट मोबाइल लिमिटेड का शेयर सोमवार को शानदार बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। यह निर्गम मूल्य 350 रुपए के मुकाबले 86 प्रतिशत उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई मे यह निर्गम मूल्य के मुकाबले 102.28 प्रतिशत उछलकर 708 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ था। कारोबार के दौरान यह 110 प्रतिशत लाभ के साथ 735 तक गया। बाद मे यह 86 प्रतिशत बढ़त के साथ 651.10 रुपए पर बंद हुआ।

## केंद्रीय श्रमिक संगठन का किसानों के देशव्यापी आंदोलन में शामिल होने का एलान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनो ने 25 सितंबर को किसानो और खेतिहर मजदूरों के देशव्यापी विरोध प्रदर्शन को अपना समर्थन देने की सोमवार को घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को किसान विरोधी कदम उठाना बंद करना चाहिए। किसानो ने संसद मे पारित दो कृषि विधेयको का विरोध करने के लिए इस प्रदर्शन का आह्वान किया है।

## बीएसएनएल ने सॉवरेन बांड से 8,500 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने सॉवरेन गारंटी बांड से 8,500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटाई है। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी के पुनरोद्धार के लिए 8,500 करोड़ रुपए के सॉवरेज गारंटी बांड की मंजूरी दी थी। बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पी. के. पुरवार ने सोमवार को संवाददाताओ से कहा, हमने बांड को सुबह 10:30 बजे खोला और 12 बजे बंद कर दिया। बांड को दोगुना से अधिक अभिदान मिला। हमे 17,170 करोड़ रुपए से अधिक की बोलियां मिली, लेकिन हमने बांड के मंजूर आकार के हिसाब से 8,500 करोड़ रुपए ही स्वीकार किए।

## लॉकडाऊन के बाद 38.71 लाख ईपीएफ खातों से हुई 44,000 करोड़ रुपए की निकासी: श्रम मंत्री

भाषा। नई दिल्ली

देश में लॉकडाउन शुरू होने के बाद से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) खातों से 38,71,664 कर्मचारियों के 44,054.72 करोड़ रुपए के निकासी दावों का निपटारा किया गया। संसद को सोमवार को यह जानकारी दी गई। सरकार ने घातक कोरोनो वायरस प्रसार को रोकने के लिए 25 मार्च 2020 को देशव्यापी लॉकडाऊन लागू किया था। श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि अब तक 44,054.72 करोड़ रुपए के लिए कुल 38,71,664 ईपीएफ निकासी दावों का निपटारा किया गया है। उत्तर के अनुसार इन निकासी में कोविड-19 से जुड़े दावे भी शामिल हैं। लॉकडाउन अवधि में 25 मार्च से 31 अगस्त तक 7,23,986 दावे महाराष्ट्र में किए गए थे जहां 8,968.45 करोड़ रुपए की अधिकतम राशि निकाली गई। इसके बाद कर्नाटक में 4,84,114 दावों के तहत 6,418.52 करोड़ रुपए और तमिलनाडु (पुड्डुचेरी सहित) 6,20,662 दावों के लिए 5,589.91 करोड़ रुपए निकाले गए।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे बढ़कर 73.38 पर बंद

भाषा। नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 73.38 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में स्थानीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 73.43 पर खुली और कारोबार के अंत में डालर के मुकाबले 73.38 पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की बढ़ोतरी को दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले




73.45 पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार में स्थानीय मुद्रा ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 73.26 के ऊपरी स्तर और 73.50 के निचले स्तर को देखा। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.29 प्रतिशत बढ़कर 93.19 पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध खरीदार थे और उन्होंने शुक्रवार को सकल आधार पर 205.15 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 2.04 प्रतिशत गिरकर 42.27 डालर प्रति बैरल पर आ गया।

# विपक्षी पार्टियों ने इमरान खान को हटाने के लिए गठबंधन किया

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री इमरान खान का तत्काल इस्तीफा मांगते हुए मुल्क की प्रमुख विपक्ष पार्टियों ने उनकी सरकार को हटाने के वास्ते देशव्यापी प्रदर्शन करने के लिए गठबंधन किया है।रविवार को हुए सर्वदलीय सम्मेलन में 26 बिंदु वाले एक प्रस्ताव को स्वीकार किया गया। इस सम्मेलन में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फज़्ल (जेयूआई-एफ) और कई अन्य पार्टियों ने शिरकत की थी। इस सम्मेलन की मेजबानी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने की थी। सर्वदलीय बैठक के बाद संयुक्त पत्रकार वार्ता में जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फज़्ल उर रहमान ने प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि विपक्षी पार्टियां पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) नाम से गठबंधन बनाने को राजी हो गई हैं ताकि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की हुकूमत के खिलाफ अक्टूबर से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए जा सकें।

प्रस्ताव में सेना का नाम लिए बिना आरोप लगाया गया है कि खान की सरकार को उसी संस्थान ने फर्जी स्थिरता दी है जिसने मौजूदा शासकों को सत्ता में लाने के लिए चुनाव में हस्तक्षेप किया था। शक्तिशाली फौज का जाहिर तौर पर संदर्भ देते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि मुल्क के अंदरूनी मामलों में संस्थान की बढ़ती दखलअंदाजी बेहद चिंतनीय है और इसे देश की स्थिरता तथा संस्थानों के लिए खतरा बताया गया है।

प्रस्ताव के मुताबिक, प्रदर्शन चरणों में शुरू होंगे। पहले चरण में विपक्षी पार्टियां सभी चार प्रांतों में अक्टूबर में संयुक्त रैलियां करेंगी। दूसरा चरण दिसंबर में शुरू होगा, जिस दौरान विपक्ष देशभर में बड़ी रैलियां करेगा। इसके बाद अगले साल जनवरी में सरकार को हटाने के वास्ते इस्लामाबाद के लिए निर्णायक बड़ा मार्च शुरू होगा। विपक्ष ने यह भी मांग की कि फिर से चुनाव कराएं जाएं और पारदर्शी तरीके से कराएं



इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का तत्काल इस्तीफा मांगते हुए मुल्क की प्रमुख विपक्षी पार्टियों के नेता प्रेसवार्ता करते हुए

जाएं और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव सुधार पारित किए जाएं। संसद को रबड़ स्टैंप बताते हुए, पीडीएम ने घोषणा की कि विपक्ष विधाई प्रक्रिया में सरकार के साथ सहयोग नहीं करेगा।रहमान ने कहा कि संयुक्त प्रस्ताव में मुल्क में सरकार की राष्ट्रपति प्रणाली लाने की किसी भी कोशिश को खारिज किया गया है और संसदीय प्रणाली को मजबूत करने का संकल्प लिया गया है। इससे पहले लंदन से वीडियो लिंक के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा था कि विपक्ष प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नहीं है, बल्कि उनके खिलाफ है जो अक्षम व्यक्ति को सत्ता में लेकर आए हैं।पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख शरीफ (70) पिछले साल नवंबर से लंदन में रह रहे हैं। लाहौर उच्च न्यायालय ने उन्हें इलाज के वास्ते चार हफ्तों के लिए विदेश जाने की इजाजत दी थी। पीपीपी के प्रमुख आसिफ अली ज़रदारी ने शुक्रवार को शरीफ से फोन पर बातचीत की थी और उन्हें रविवार को ऑनलाइन होने वाली विपक्ष की अगुवाई वाले सर्वदलीय सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया था।

## नवलनी ने कहा: उनके शरीर के अंदर और बाहर नर्व एजेंट पाए गए

**मास्को (एपी)।** रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी ने रूस से उनके वे कपड़े लौटाने की सोमवार को मांग की, जो उन्होंने साइबेरिया में कोमा में जाने के दिन पहन रखे थे। उन्होंने दावा किया कि उन्हें दी गई जहर (नर्व एजेंट) के बारे में उसमें अहम सबूत हैं। नवलनी का फिलहाल जर्मनी के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने सोमवार को एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि नोविचोक नर्व एजेंट उनके शरीर के अंदर और शरीर की त्वचा पर पाए गए थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आलोचक नवलनी (44) ने कहा कि महीने भर पहले एक रूसी विमान में बेहोश होने के बाद साइबरिया में अस्पताल में भर्ती किए जाने के दौरान उनके जो कपड़े उतारे गए थे, वे बहुत महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। उन्होंने कहा, मैं यह मांग करता हूं कि मेरे कपड़े प्लास्टिक के थैले में सावधानीपूर्वक पैक किए जाएं और मुझे लौटा दिए जाएं। उन्होंने घटना की आपराधिक जांच नहीं शुरू करने को लेकर सोमवार को एक बयान में रूसी अधिकारियों की आलोचना की।



टोक्यो में कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान मॉस्क पहन कर एक बाजार में निकले लोग

## चीन में मेरी बेटी को हिरासत में लिए जाने की दी गई थी धमकी : ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार

**एपी।** कैनबरा

**बीजिंग में** काम कर चुके ऑस्ट्रेलिया के एक पत्रकार ने सोमवार को दावा किया कि दो साल पहले चीन छोड़ने से पहले कम्युनिस्ट देश ने उन्हें और उनकी 14 वर्षीय बेटी को हिरासत में लेने की धमकी दी थी।मैथ्यू कार्ने ने बताया कि उन्होंने अब तक 2018 की घटना का खुलासा नहीं किया था क्योंकि चीन में ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्ट कॉरपोरेशन (एबीसी) के संचालन पर इसका नकारात्मक परिणाम पड़ सकता था।सरकारी वित्तपोषित एबीसी और समाचार पत्र ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू के लिए काम करने वाले दो पत्रकार भी दो सप्ताह पहले चीन से वापस लौट आए थे। इनके लौटने के बाद चीन में अब ऑस्ट्रेलिया का कोई पत्रकार नहीं है।कार्ने 2018 में एबीसी के चीन ब्यूरो के प्रमुख थे, जब ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप को रेखांकित करते हुए कानून पारित किया था। उन्होंने कहा कि कानून आने के बाद से ही उन्हें धमकाना शुरू कर दिया कार्ने ने एबीसी रेडियो को दिए साक्षात्कार में इस घटना का खुलासा किया। चीन ने अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।कार्ने ने बताया कि उनसे उनकी 14 वर्षीय बेटी यासमीन को बीजिंग सार्वजनिक सुरक्षा केन्द्र लाने को कहा गया था। एक महिला अधिकारी ने बताया था कि उनके तथा उनकी बेटी के खिलाफ वीजा अपराध के मामले में जांच चल रही है। कार्ने ने कहा कि उन्हें कहा गया, आपकी बेटी 14 साल की है। वह चीनी कानूनी के तहत एक वयस्क है और चूंकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना कानून का पालन करने वाला एक देश है, इसलिए उन पर वीजा अपराध का आरोप लगाया जाएगा।

# बहरीन का दावा 2020 की शुरुआत में आतंकी हमले की साजिश नाकाम की

● इससे कुछ घंटे पहले सऊदी अरब के सरकारी चैनल और बहरीन के एक स्थानीय अखबार ने रविवार रात को अपनी खबरों में कहा था कि यह साजिश नई है

**एपी।** दुबई

**बहरीन** ने सोमवार को कहा कि उसने इस साल के शुरू में देश में राजनयिकों और विदेशियों पर हमला करने के लिए ईरान समर्थित आतंकवादियों की साजिश को नाकाम कर दिया। इससे कुछ घंटे पहले सऊदी अरब के सरकारी चैनल और बहरीन के एक स्थानीय अखबार ने रविवार रात को अपनी खबरों में कहा था कि यह साजिश नई है।गौरतलब है कि बहरीन और इजराइल ने कुछ दिन पहले ही रिश्ते सामान्य किए हैं। इस देश में अमेरिका की नौसेना का पांचवां बेड़ा तैनात है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने बहरीन के दावे को खारिज किया और कहा कि बिना सच्चाई वाले बेतुके और झूठे इल्जामों की कड़ी में यह एक और मिसाल है। मिशन के प्रवक्ता अली रज़ा मीर यूसुफी ने एपी से कहा कि ऐसा लगता है कि अमेरिका और क्षेत्र में उसके ग्राहक राष्ट्रों द्वारा ईरान को कोसने की कोई सीमा नहीं है। वे फलस्तीन के लोगों तथा अपनी जनता से हाल में किए गए विश्वासघात से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। सऊदी अरब के सरकारी टीवी पर प्रसारित फुटेज में दिख रहा है कि पुलिस ने एक घर पर छापा मारा है। फुटेज में दिख रहा है कि छापेमारी में राइफल और विस्फोटक जब्त किए गए हैं।सऊदी अरब के सरकारी टीवी ने कहा कि नौ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है और माना जाता है कि नौ अन्य ईरान में हैं। बहरीन के सरकार समर्थित समाचार पत्र अखबार अल -खलीज ने गृह मंत्रालय के अधिकारियों के हवाले से खबर दी है कि कथित रूप से विदेशी शिष्टमंडल को निशाना बनाने के लिए एक सड़क पर लगाए गए विस्फोटक के मिलने के बाद अधिकारियों ने साजिश का पर्दाफाश किया। समाचार पत्र के मुताबिक, मंत्रालय ने ईरान की सेना पर आतंकवादियों का समर्थन करने का आरोप लगाया है। आतंकवादियों ने बहरीन के अधिकारियों के सुरक्षा गार्डों की हत्या की भी योजना बनाई थी।यह स्पष्ट नहीं है कि सभी गिरफ्तारियां और कथित साजिश कब की है क्योंकि अखबार अल-खलीज की खबर घटनाओं को 2017 की बता रही है। समाचार पत्र ने आतंकवादियों का संबंध अल अश्तार ब्रिगेड से बताया है। यह शिया संगठन है जिसने बहरीन में कई विस्फोटों की जिम्मेदारी ली है।बहरीन के गृह मंत्रालय ने बाद में सफाई देते हुए कहा कि यह मामले इस साल के शुरू के हैं।

## अमेरिका: टेक्सास और लुइसियाना की तरफ बढ़ रहा बीटा चक्रवात



**ह्यूस्टन।** अमेरिका में आया उष्णकटिबंधीय चक्रवात बीटा रविवार को टेक्सास और लुइसियाना के तटों की ओर बढ़ा जिससे पहले ही तूफानों की मार झेल चुके देश के इस हिस्से में तेज हवा के साथ और ज्यादा बारिश और तबाही होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने रविवार को कहा कि अगले कुछ दिनों में टेक्सास और लुइसियाना के कुछ हिस्सों में बीटा के कारण 51 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है। राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने कहा कि बीटा ने रविवार दोपहर को थोड़ी रफ्तार पकड़ी और वह सोमवार देर रात तक टेक्सास सेंट्रल या अपर गल्फ कोस्ट से टकराएगा।



किरवोसक :द्वितीय वर्ल्डवार की याद में एतिहासिक मिलेट्री क्लब के सदस्य एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए

# ईरान पर प्रतिबंध दोबारा लगाने के संबंध में अभी कोई मदद नही करेगा संरा : महासचिव गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र,** एपी



● स्नैपबैक का तात्पर्य है कि परमाणु करार के तहत दी गई ढील या हटा ली गई पाबंदियों को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा दोबारा लगाया जा सकता है

**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र, सुरक्षा परिषद से हरी झंडी मिलने तक ईरान पर दोबारा प्रतिबंध लगाने के संबंध में कोई मदद नहीं कर पाएगा, जिसकी अमेरिका मांग कर रहा है। महासचिव ने परिषद को लिखे पत्र में कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव में स्नैपबैक का इस्तेमाल किया है या नहीं, इस पर अनिश्चितता प्रतीत होती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने शनिवार को घोषणा की थी कि ईरान के खिलाफ सभी प्रतिबंध बहाल कर दिए गए हैं।उसके इस कदम को विश्व के अधिकतर देशों ने खारिज कर दिया है। अमेरिका की इस घोषणा से सोमवार से शुरू हो रही संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक उच्च स्तरीय बैठक में विवाद खड़ा हो सकता है। कोविड-19 के कारण इस साल यह बैठक ऑनलाइन आयोजित की जा रही है।अमेरिका की ओर से यह घोषणा पोम्पिओ के परिषद को स्नैपबैक का इस्तेमाल करने की जानकारी देने के करीब 30 दिन बाद की गई है।

स्नैपबैक का तात्पर्य है कि परमाणु करार के तहत दी गई ढील या हटा ली गई पाबंदियों को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा दोबारा लगाया जा सकता है।गुतारेस ने पत्र में कहा कि सुरक्षा परिषद, उसके सदस्यों या उसके अध्यक्ष ने अमेरिकी विदेश मंत्री के पत्र की प्राप्ति के बाद कोई कार्वाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि परिषद के अधिकतर सदस्यों ने परिषद के अध्यक्ष को चिट्ठी लिखी है कि (पोम्पिओ के) पत्र में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि स्नैपबैक का इस्तेमाल किया गया है या नहीं।उन्होंने कहा कि अगस्त और सितंबर के लिए परिषद के अध्यक्षों ने संकेत दिया है कि वे इस मामले में कोई कार्वाई करने की स्थिति में नहीं हैं। गुतारेस ने कहा कि महासचिव इस मामले को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र हटाए गए प्रतिबंधों को दोबारा लगाने के संबंध में सुरक्षा परिषद से स्पष्टीकरण मिलने तक कोई कार्वाई नहीं करेगा।

## थाईलैंड के लोकतंत्र के संघर्ष की प्रतीक पट्टिका को 24 घंटे के भीतर हटाया गया

**बैंकाक।** थाईलैंड के राजशाही मैदान में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों द्वारा लोकतंत्र के संघर्ष के सम्मान में पट्टिका लगाए जाने के 24 घंटे से कम समय के अंदर उसे हटा दिया गया और इस कृत्य को अवैध करार देकर अधिकारियों ने शिकायत दर्ज कराई एवं पट्टिका सबूत के तौर पर सौंपी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।राजधानी के ऐतिहासिक मैदान सनम लुआंग में रविवार को हजारों प्रदर्शनकारी जमा हुए थे और यह पट्टिका लगाई गई थी। यह दो दिवसीय प्रदर्शन इस साल का सबसे बड़ा प्रदर्शन है और प्रदर्शनकारी नए चुनाव एवं राजशाही में सुधार की मांग कर रहे हैं। समीप के थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सरकार के ललित कला विभाग और स्थानीय प्रशासन ने शिकायत दर्ज कराई कि प्रदर्शनकारियों ने पुरातात्विक स्थल को नष्ट किया और उन्होंने पट्टिका हमें बतौर सबूत सौंपी। पुलिस अधीक्षक वारसाक पित्सितबैकोर्न ने कहा, वे उस क्षेत्र के लिए जिम्मेदार एजेंसियों हैं और यह पुरातात्विक स्थल के रूप में पंजीकृत एक सार्वजनिक स्थल है।

# इजराइल में नेतन्याहू के खिलाफ हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन, कई प्रदर्शनकारियों ने नियम तोड़े

**एपी।** यरुशलम

**हजारों इजराइली** प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ रविवार को मध्य यरुशलम में उनके सरकारी आवास के बाहर अपना साप्ताहिक प्रदर्शन फिर से शुरू कर दिया। हालांकि पूरे देश में एक नया लॉकडाउन आदेश लागू किया गया है जिसका उद्देश्य देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाना है।पिछले शुक्रवार को लागू तीन सप्ताह के लॉकडाउन में एक अपवाद को शामिल किया गया था जिसके तहत लोगों को सार्वजनिक प्रदर्शन करने की इजाजत दी गई थी।

प्रदर्शन में शामिल कई प्रदर्शनकारी हालांकि सामाजिक दूरी के नियम को नजरंदाज करते दिखे। प्रदर्शनकारियों से कहा गया था कि वे छोटे-छोटे समूहों में रहें। पूरे ग्रीष्मकाल में हजारों लागों ने प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है। उनकी मांग है कि नेतन्याहू अपने पद से इस्तीफा दे दें क्योंकि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में सुनवाई चल रही है। इजराइल के वाणिज्यिक केंद्र तेल अवीव के पास स्थित बनेई ब्राक नगर में 100 से अधिक प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और सार्वजनिक प्रार्थनाओं पर पाबंदियों के खिलाफ कचरा जलाया। प्रदर्शन यहूदी नववर्ष की छुट्टी समाप्त होने के कुछ घंटे बाद फिर से शुरू हुए। नेतन्याहू सरकार ने छुट्टी शुरू होने से कुछ ही घंटे पहले नया लॉकडाउन लागू कर दिया था। इजराइल में पहला लॉकडाउन मार्च और अप्रैल में लागू किया गया था। नेतन्याहू पर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और तीन अलग अलग मामलों में रिश्वत स्वीकार करने के आरोप हैं। उनके खिलाफ आपराधिक सुनवाई जून में शुरू हुई थी लेकिन उन्होंने पद छोड़ने से इनकार कर अपने खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया था।इजराइल में अभी तक कोरोना वायरस के ।,80,000 से अधिक मामले सामने आए हैं और ।,200 से अधिक मरीजों की मौत हो गई है।

## क्विक न्यूज

### व्हाइट हाउस के पते पर रिसिन वाला पत्र भेजने की आरोपी महिला गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के पते पर जहर रिसिन वाला एक पत्र भेजने की संदिग्ध एक महिला को न्यूयॉर्क-कनाडा सीमा पर गिरफ्तार कर लिया गया। कानून प्रवर्तन तीन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पत्र को व्हाइट हाउस पहुंचने से पहले गत सप्ताह की शुरुआत में बीच में ही रोक लिया गया था। महिला को अमेरिकी सीमाशुल्क एवं सीमा रक्षा अधिकारियों ने सीमा के निकट पीस ब्रीज से गिरफ्तार किया और ऐसी संभावना है कि वह संघीय आरोपों का सामना करेगी। अभी महिला का नाम जाहिर नही किया गया है। व्हाइट हाउस के पते पर भेजा गया यह पत्र मूलतः कनाडा में तैयार किया गया प्रतीत होता है। रॉयल कनाडा माउंटेड पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। यह पत्र उस सरकारी प्रतिष्ठान में रोका गया जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस आने वाली डाक की जांच करता है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में इसमे जहर रिसिन होने की पुष्टि हुई है। अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। इससे पहले भी पत्र के जरिए रिसिन भेजकर अमेरिकी अधिकारियों को निशाना बनाने की कई कोशिशे हुई है। नौसेना के पूर्व कर्मचारी को ट्रंप और उनके प्रशासन के सदस्यो को इसी प्रकार के लिफाफे भेजने के आरोप में 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

### अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के चिह्न गधे की मूर्ति में आग लगाए जाने की घटना

**बाउडोइनम (अमेरिका)।** मेन टाउन मे एक मैदान में लगी गधे की मूर्ति मे आग लगाने की घटना सामने आई है और एक सांसद ने इसे राजनीतिक आतंकवाद करार दिया है। गधा डेमोक्रेटिक पार्टी का चिह्न है और इस मूर्ति को डाउग चेस ने बनाया था, जो कि यहां के स्थानीय कलाकार और बस चालक है। इसे लकड़ी, कार्डबोर्ड, फाइबर ग्लास समेत अन्य चीजो से बनाया गया था।बाउडोइनम मे इस मूर्ति को शुक्रवार देर रात दो बजे आग के हवाले कर दिया गया। यह मूर्ति पूर्व प्रवर बोर्ड सदस्य टेरिजा टर्गन की जमीन पर बनी हुई थी। वह अभी कस्बे के प्रवर बोर्ड मे निर्वाचित होने के लिए चुनाव लड़ रही है।न्यूजसेंटरमेन डॉट कॉम नाम की एक वेबसाइट को उन्होने बताया, मुझे नही लगता कि यह निजी मामला है। मै कल्पना भी नही कर सकती कि यह निजी मामला है। उन्होने कहा, मेरा मानना है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि वह गधे की मूर्ति थी और यह डेमोक्रेटिक संकेत है। मै निजी रूप से यही सोचती हूं।

### सुगा ने ट्रम्प से फोन पर की बातचीत



**तोक्यो।** योशिहिदे सुगा ने जापान के प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद पहली औपचारिक बातचीत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से की।देश के नेता के रूप में उनका पहला राजनयिक फोन ट्रम्प को करना, दोनो सहयोगियों के बीच घनिष्ठ संबंध को उजागर करता है। स्वास्थ्य कारणो के चलते शिंजो आबे ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सुगा ने उनकी जगह ली है।सुगा ने ट्रम्प से फोन पर बात करने के बाद रविवार देर रात को संवाददाताओ से कहा, मैने उनसे कहा कि जापान-अमेरिका गठबंधन क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की नीव है और हम करीबी समन्वय जारी रखने पर सहमत हुए। सुगा ने कहा कि ट्रम्प ने भी कहा कि वह भी गठबंधन को मजबूत करना चाहते है। उन्होने कहा कि दोनो नेताओ ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई और उत्तर कोरिया के मिसाइल एवं परमाणु खतरो के संबंध मे सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।जापान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनो नेताओ ने करीब 25 मिनट फोन पर बात की। दोनो नेताओ ने कोरोना वायरस के टीके के विकास और उपचार के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं में भी सहयोग का संकल्प जताया। घरेलू मुद्दो पर अपने राजनीतिक कौशल के लिए पहचाने जाने वाले, सुगा ने कम ही विदेश यात्राएं की है और उनके कूटनीतिक कौशल अभी ज्ञात नही है। हालांकि, उनसे आबे की प्राथमिकताओ को आगे बढ़ाने की उम्मीद की जा रही है।

### कोविड-19 : कैलिफोर्निया में 15 हजार से अधिक लोगों की मौत, संक्रमण दर में कमी

**सैकरामेंटो (अमेरिका)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत मे कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 15 हजार से अधिक हो गई है जबकि संक्रमण के मामलो मे कमी आई है। अमेरिका के जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के आंकड़ो के अनुसार रविवार को कैलिकॉर्निया मे कोविड-19 से मरने वालों की संख्या बढ़कर 15,027 हो गई। देश मे वायरस से मौत के मामले मे कैलिफोर्निया चौथे नंबर पर है। कोविड-19 से सबसे अधिक 33,087 लोगो की मौत न्यूयॉर्क मे हुई है। इस सूची मे दूसरे नंबर पर न्यू जर्सी और तीसरे पर टेक्सास है। कैलिफोर्निया मे अभी तक कोविड-19 के 7,75,00 मामले सामने आए है। हालांकि हाल ही मे यहां संक्रमण दर कम हो गई है। अस्पतालो मे भी अब 2700 से कम मरीज भर्ती है, जो अप्रैल के बाद से सबसे कम है। वही आईसीयू मे भर्ती मरीजो की संख्या भी गिरकर 850 से कम हो गई है।

### ब्रिटेन चिकित्सा सलाहकार: कोविड के मामले बेतहाशा बढ़ सकते हैं

**लंदन।** ब्रिटेन के शीर्ष चिकित्सा सलाहकार ने कहा है कि कोविड-19 के मामलो के लिहाज से देश बहुत खराब मुकाम पर पहुंच चुका है और ऐसे संकेत है कि समय रहते कदम नही उठाए गए तो बीमारी बेतहाशा बढ़ सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्रिस विट्टी ने सोमवार को लोगो को बताया कि बीमारी की दर गलत दिशा मे जा रही है और उम्मीद है कि सरकार महामारी पर नियंत्रण के लिए नए कदमों की घोषणा की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि हफ्तो से संक्रमण दर मे बढ़ोतरी के बाद हम बेहद बुरे मायनो मे एक अहम पड़ाव पर पहुंच गए है। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने सप्ताहांत मंत्रियों के साथ चर्चा की कि संक्रमण के बढ़ते मामलों पर सरकार कैसे प्रतिक्रिया दे, जो एक बार फिर मई की संक्रमण दर के स्तर पर पहुंच रहे है। इस हफ्ते सरकार द्वारा कुछ अल्पकालिक पाबंदियो की घोषणा किए जाने की उम्मीद है जो इस बीमारी की गति को रोकने के लिए सर्किट ब्रेकर के तौर पर काम करेंगे।

### पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमण के 633 नए मामले, कुल संक्रमितों की संख्या 306,304 हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 633 नए मामले सामने आए है, जिसके बाद कुल संक्रमितो की संख्या बढ़कर 306,304 हो गई।स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण की वजह से चार और मरीजों की मौत हुई और मृतकों की संख्या बढ़कर 6,420 हो गई। देश मे अब तक 292,869 मरीज स्वस्थ हो चुके है। देश में 7,015 मरीजों का फिलहाल इलाज चल रहा है। सिंध मे कोरोना वायरस संक्रमण के सबसे ज्यादा 133,947 मामले है। इसके बाद पंजाब में 98,428 मामले, खैबर-पख्तूनख्वा में 37,357 मामले, इस्लामाबाद में 16,162, बलूचिस्तान में 14,394, गिलगित-बाल्तिस्तान में 3,483 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2,533 मामले सामने आए है।

# 'आजकल सोशल मीडिया हर चीज को प्रभावित करता है'



## टॉक टाइम

**उन्हें उनके त्वरित हास्य के लिए जाना जाता है और 'माई नेम इज़ खान, शिरीन फरहाद की तो निकल पड़ी एवं किक जैसी फिल्मों में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक बातचीत में उन्होंने एक वेब सीरीज़ 'लेश' में नकारात्मक चरित्र निभाने का कारण, उनके भावी प्रोजेक्ट्स सहित अन्य बातों पर विस्तार से अपने विचार रखे। प्रस्तुत है प्रमुख अंश-**

**■ आप वेब सीरीज़ 'लेश' का हिस्सा किस प्रकार बने?**

इस वेब सीरीज़ के कास्टिंग निर्देशक ने मुझसे संपर्क किया, क्योंकि वो मेरे मित्र भी हैं। इसमें मेरा चरित्र मेरे अब तक किये गए चरित्रों से पूर्णतया भिन्न है। उन्होंने मेरे बारे में सोचा और देखना चाहते थे कि क्या मैं चरित्र के लिए उपयुक्त हूं। मैं ये जानकर अत्यंत उत्साहित था कि चलो कोई तो है जो मुझे नकारात्मक रोल के लिए उपयुक्त मानता है। इसके अलावा ये सीरीज़ दानिश असलम द्वारा निर्देशित है अत: इसे अस्वीकार करने का तो कोई प्रश्न ही नहीं था।

**■ आप इसमें नकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। क्या ऐसी भूमिका के लिए लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे?**

नहीं मैं किसी नकारात्मक भूमिका की प्रतीक्षा नहीं कर रहा था बल्कि मैं मेरे अब तक किये गए रोल से भिन्न कुछ करना चाह रहा था। अतीत में मैंने अधिकांशतया हास्य भूमिकाएं ही अधिक की हैं। लोग भी मुझसे ऐसे ही सरल स्वभाव वाली भूमिकाओं की अपेक्षा रखते हैं। मैं भी दिखाना चाहता था कि मैं अन्य प्रकार के रोल भी कर सकता हूं। मैं बल्कि नकारात्मक भूमिका का एक प्रयोग करके देखना चाहता था।

**■ आप इससे पहले तक गुजराती और बॉलिवुड फिल्में तथा शोज़ करते रहे हैं। इस वेब सीरीज़ के लिए आपने क्या सोचकर सहमति दी थी?**

मैंने इस सीरीज़ में अपनी भूमिका तथा कंटेंट आदि तत्वों को देखकर ही सहमति दी थी। इससे पहले भी मुझे कई वेब सीरीज़ ऑफर की गई थीं लेकिन वे सभी मेरे द्वारा अतीत में की गई भूमिकाओं से कुछ अधिक भिन्न नहीं थीं। उनके ऐसा कोई रोल नहीं था जिससे मैं प्रेरित होता। लेकिन इस वेब सीरीज़ लेश में मेरा रोल अलग है और यही कारण है कि मैं इसे करने के लिए अत्यंत उत्साहित हूं।

**■ ये 'स्कैम 92' किस बारे में है और इसमें आपकी क्या भूमिका रहने वाली हैं?**

इस सीरीज़ को निर्देशक हंसल मेहता निर्देशित करने वाले हैं। इसे 1992 के हर्षद मेहता घोटाले पर आधारित किया गया है। इसे बहुत शीघ्र ही सोनी लिव पर रिलीज़ किया जा सकता है। इसमें मेरा चरित्र यद्यपि छोटा सा है लेकिन ये तथ्य कि ये पूरी सीरीज़ वास्तविक जीवन पर आधारित है, सोचकर ही मैं उत्साहित हूं। ये रोल अत्यंत चुनौतीपूर्ण है क्योंकि ये वास्तविक घटनाओं पर आधारित है।

**■ आप अभिनय के क्षेत्र में कैसे आ गए?**

मैं जब छोटा था तभी से अभिनय प्रारंभ कर दिया था। लेकिन तब इतना काम नहीं हुआ करता था। ये पिकनिक जैसा लगता था। अपने कॉलेज के दिनों से ही मैं थियेटर करता आ रहा हूं। उन्हीं दिनों मुझे अभिनय के बारे में गहन जानकारी मिली। लेकिन स्नातक के बाद ही मैंने व्यावसायिक स्तर पर इसे अपनाने का निर्णय लिया।

**■ आपके अनुसार इस इंडस्ट्री में सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिवर्तन क्या है?**

मैं इतना ही कहूंगा कि सोशल मीडिया का ही सर्वाधिक प्रभाव रहता है। मैं एक व्यक्ति हूं अत: कई लोग सोशल मीडिया पर फालोइंग देखकर ही मिलने की योजना बनाते हैं। ऐसे में हम जैसे लोगों के लिए काम करना और कठिन हो जाता है। ये कहना भी सही नहीं है कि सभी लोग ऐसा करते हैं लेकिन फिर भी ऐसे लोगों की संख्या काफी है। आपको आपकी प्रतिभा के लिए चयनित नहीं किया जाता बल्कि ये देखा जाता है कि क्या मैं उनके बजट में फिट हूं।

**मैं जब छोटा था तभी से अभिनय प्रारंभ कर दिया था। लेकिन तब इतना काम नहीं हुआ करता था। ये पिकनिक जैसा लगता था। अपने कॉलेज के दिनों से ही मैं थियेटर करता आ रहा हूं। उन्हीं दिनों मुझे अभिनय के बारे में गहन जानकारी मिली। लेकिन स्नातक के बाद ही मैंने व्यावसायिक स्तर पर इसे अपनाने का निर्णय लिया।**

**■ क्या इसका ये अर्थ है कि अभी आपको फिल्म इंडस्ट्री की मान्यता नहीं मिली है?**

जी हां, मैं ऐसा ही सोचता हूं। अभी मैंने केवल आधा रास्ता ही तय किया है और अभी मुझे बहुत दूर जाना शेष है।

**■ क्या ऐसा कोई रोल है जिसे करने की आपकी बहुत इच्छा है?**

मैंने वाईआरएफटेलिविज़न के लिए कई भूमिकाएं निभाई हैं। 2010 में रिश्ताडॉटकॉम के लिए मैंने हुज़ैफा अली का चरित्र किया था। इसके अलावा मेरा फातमागुल का रोल मुझे अत्यंत प्रिय है जो एक टर्की की सीरीज़ है।

**■ आप कॉमेडी पहले भी करते रहे हैं और अब आप नकारात्मक भूमिकाओं की ओर जा रहे हैं। इनमें से आपको क्या अधिक प्रिय है?**

मैं कॉमेडी स्वाभाविक रूप में कर लेता हूं। ये मेरा पहला प्यार भी कहा जा सकता है। जब मैं छोटा था तब मैंने एक फिल्मी चक्कर किया था। मैंने सतीश शाह, रत्ना पाठक शाह तथा राजेश बेदी जैसे अभिनेताओं से काफी कुछ सीखा है। बचपन में मैं उन्हें बहुत ध्यान से देखा करता था। अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए मैं उन्हीं को पूरा श्रेय देना चाहता हूं।

**■ आगे आपकी क्या योजना है?**

ऐसे तो मैंने कई योजनाएं बनाई थीं। लेकिन फिर कोरोना महामारी ने उन परियोजनाओं को विलंबित कर दिया। लेकिन अब 'स्कैम 92' रिलीज़ होने वाली है। अभी हाल ही में मैंने इसकी डबिंग पूरी की है और अब ये निर्माण के बाद की अवस्था में है। ■

---

## ट्रेंड बाजार

### जॉन्सन ने गेट तोड़कर किया शक्ति प्रदर्शन



**अभिनेता** और पूर्व कुश्ती चैंपियन ड्वेन जॉन्सन ने अपने शारीरिक बल को प्रदर्शित करने के लिए अपने हाथों से ही गेट को उखाड़ डाला क्योंकि वो काम पर विलंब से नहीं पहुंचना चाहते थे। सोशलमीडिया पर बात करते हुए ड्वेन ने एक गेट का फोटो साझा किया जो धरती पर गिरा पड़ा था। उन्होंने इसके नीचे लिखा, 'ये मेरे लिए सही समय नहीं था। लेकिन प्रत्येक व्यक्ति को काम पर तो जाना ही है। हमारे यहां तूफान के कारण बिजली नहीं होती और ऐसे में मेरा सामने का गेट नहीं खुल सकता था। मैंने इसके हाइड्रॉलिक प्रणाली को बाइपास करने का प्रयत्न किया जो सामान्यतया हो जाता है, लेकिन इस बार ये नहीं हुआ और इसके बाद जो हुआ वो आपके सामने है।'

### परिवार से ही विकसित होता है लड़कों का दृष्टिकोण



**अभिनेत्री** रीमा कागती का कहना है कि सभी लड़कों की मां होती हैं क्या ऐसा नहीं है? ऐसे में वे विपरीत लैंगिक पहचान वाले लोगों से मिलते और व्यवहार करते ही हैं। हमें अपने यहां एंटी मैरिटल रेप के संबंध में भी कानून लाना होगा। यदि आपने बड़े होते समय अपनी मां को विकल्प उपलब्ध है ऐसा देखा है और यदि उसकी राय भी सार्थक होती थी तो आप दूसरी महिलाओं के लिए भी अपना यही दृष्टिकोण रखेंगे।

### सभी को ड्रग्स का आदी बताना अर्धसत्यः श्वेता



**अभिनेत्री** श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि यदि आप ये कहते हैं कि बॉलिवुड में अधिकांश लोग ड्रग्स लेते हैं तो ये अनुचित सामान्यीकरण होगा। उनके अनुसार ऐसा मानना अर्धसत्य होगा। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि बॉलिवुड के बारे में जो धारणा बनी है कि यहां अधिकतर लोग ड्रग्स के आदी होते हैं और अभिनेत्रियो रोल पाने के लिए लोगों के साथ सो रही हैं और बाहरी लोगों को यहां अपना स्थान बनाने के लिए अधिक परिश्रम तथा संघर्ष करना पड़ता है और उन्हें अच्छी स्क्रिप्ट नहीं मिलतीं, तो ये केवल आधा सच है। तो आप समझ लें कि बॉलिवुड में ऐसे काम नहीं चलता। मेरी बात पर विश्वास कीजिये, कोई भी आपके मुंह में ड्रग्स डालने नहीं आता। यदि कोई युवा ड्रग्स की दुनिया में जाना चाहता है तो वो ये कैसे भी करेगा, फिर चाहे वो मुंबई हो या कोई और स्थान।'

---

## आगरा में 188 दिनों बाद पर्यटकों के लिए खुला ताजमहल

भाषा। आगरा



**आगरा** में 188 दिनों बाद सोमवार को ताजमहल को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। सबसे पहले चीन और दिल्ली के पर्यटकों ने ताजमहल का दीदार किया।कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के बाद 17 मार्च से आगरा में ताजमहल और आगरा किला पर्यटकों के लिए बंद कर दिए गए थे। ताजमहल के खुलने पर पूर्वी प्रवेश द्वार से चीनी पर्यटक एल चीया और पश्चिमी गेट से दिल्ली के शुभम सिंह ने प्रवेश किया। ए दोनों ताजमहल का सबसे पहले दीदार करने वाले पर्यटक रहे। चीनी पर्यटक चीया ने ताजमहल को बहुत खूबसूरत इमारत बताया, वहीं दिल्ली के पर्यटक शुभम सिंह भी ताज का दीदार कर खुश नजर आए। स्पेन निवासी नईस ने बताया कि ताजमहल देखने के लिए वह बहुत आतुर थीं अब जाकर उनकी यह तमन्ना पूरी हुई है। दिल्ली निवासी रीतू ने कहा कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ ताजमहल देखने पहुंची हैं। इससे पहले ताजमहल के भीतर सैनिटाइजेशन का काम किया गया। इस कार्य का जायजा अधीक्षण पुरातत्वविद बसंत कुमार स्वर्णकार ने किया। ताजमहल के खुलने से पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है। गाइड नितिन सिंह ने कहा कि शीघ्र ही ताजमहल में पहले की तरह सैलानी आने लगेंगे और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को फायदा होगा। आगरा में सोमवार से ताजमहल, आगरा का किला और अन्य धार्मिक स्थल खुल गए हैं। हालांकि एम्पोरियम नहीं खोले गए हैं। ताज का दीदार करने आ रहे पर्यटकों को कोविड-19 के मद्देनजर प्रशासन और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा जारी दिशानिर्देशों का भी पालन करना होगा। नए दिशानिर्देश के मुताबिक ताजमहल में एक दिन में अधिकतम पांच हजार और आगरा किला में अधिकतम 2,500 पर्यटकों को ही प्रवेश मिलेगा। पर्यटकों को एएसआई की वेबसाइट से ऑनलाइन टिकट बुक करनी होगी। स्मारकों पर क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद प्रवेश दी जा रही है। इस संबंध में पुरातत्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ताजमहल और आगरा किला में मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन किया जा रहा है।पर्यटकों को पार्किंग समेत सभी भुगतान डिजिटल माध्यम से करने होंगे। पर्यटकों के लिए शारीरिक दूरी का पालन करना और मास्क लगाना अनिवार्य होगा। पर्यटकों को दीवारों व रेलिंग से दूर रहना होगा। स्मारक में प्रवेश से पूर्व पर्यटकों की थर्मल स्क्रीनिंग की जा रही है। बिना लक्षण वाले पर्यटकों को ही परिसर में प्रवेश करने की अनुमति है। स्मारकों पर मौजूद रजिस्टर में सभी पर्यटकों का विवरण दर्ज किया जाएगा। एएसआई स्मारक के किसी भी आंतरिक भाग में प्रवेश रोक सकेगा। स्मारक में समूह में तस्वीर खिंचने की अनुमति नहीं होगी।

हस्तशिल्प एंपोरियम 30 सितंबर तक बंद रहेंगे। एंपोरियम संचालकों ने कोरोना वायरस संक्रमण और विदेशी पर्यटकों के नहीं आने पर हस्तशिल्प एंपोरियम 30 सितंबर तक बंद रखने का निर्णय लिया है।

## एमी पुरस्कार समारोह में स्चिट्स क्रीक, सक्सेशन और वॉचमैन को मिले बड़े पुरस्कार

भाषा। लॉस एंजिलिस



**कोरोना** महामारी के बीच मनोरंजन की दुनिया के बड़े समारोहों में शामिल एमी अवार्ड-2020 का आयोजन ऑनलाइन किया गया। कॉमेडी श्रेणी में स्चिट्स क्रीक, ड्रामा श्रेणी में सक्सेशन और लिमिटेड सीरिज की श्रेणी मे वॉचमैन ने शीर्ष पुरस्कार हासिल किए हैं।

यह समारोह पहले माइक्रोसॉफ्ट थिएटर में आयोजित होने वाला था लेकिन आयोजकों ने जुलाई में घोषणा की थी कि इसका आयोजन जिमी किमेल की मेजबानी में ऑनलाइन होगा। किमेल 2012, 2016 के बाद तीसरी बार इसकी मेजबानी कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में किमेल के एकल संचालन में फर्जी हंसी को भी पीछे से जोड़ा गया था ताकि यह लाइव जैसा दिख सके। वहीं पुराने समारोहों के वीडियो भी जोड़े गए थे।

कॉमेडी सेक्शन में सभी शीर्ष पुरस्कार अपने नाम करके स्चिट्स क्रीक ने इतिहास रचा है। बेहतरीन कॉमेडी सीरिज के पुरस्कार से लेकर मुख्य अभिनेता और अभिनेत्री का पुरस्कार भी इस सीरिज के ही ओगेंस लेवी और कैथरीन ओ हारा ने अपने नाम किया। वहीं स्चिट्स क्रीक के ही कलाकारों को बेहतरीन सह अभिनेता और अभिनेत्री का पुरस्कार भी मिला है। एचबीओ शो सक्सेशन का दबदबा ड्रामा श्रेणी में देखने को मिला। उसकी झोली में सर्वश्रेष्ठ ड्रामा सीरिज, लेखन, निर्देशन का पुरस्कार आया। इसके निर्देशन के लिए एंड्रिज पारेख को पुरस्कार से नवाजा गया। भारतीय मूल के सिनेमेटोग्राफर ने कहा, वैसे लोग जो अपने सहपाठी को पसंद नहीं करते हैं और उन्हे बाहरी बताते हैं...यह सबूत है कि आप ताल्लुक रखते हैं और यह एमी हमारा है।

वहीं लिमिटेड सीरिज श्रेणी में एचबीओ का वॉचमैन अपना जलवा कायम करने में सफल रहा। उसकी झोली में सर्वश्रेष्ठ लिमिटेड सीरिज पुरस्कार के साथ ही सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार भी आया।

## हिंदी फिल्मोद्योग के बारे में टीवी समाचार चैनलों पर नकारात्मक धारणा बनाई गई है : अनुभव

भाषा। मुम्बई



**फिल्मकार** अनुभव सिन्हा का कहना है कि हिंदी फिल्मोद्योग के बारे में टेलीविजन समाचार चैनलों पर नकारात्मक धारणा बनाई गई है और प्रशंसकों के बीच उसका कोई महत्व नहीं है। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद से बॉलीवुड में भाई-भतीजावाद से लेकर अब कथित ड्रग व्यसन को लेकर बवंडर उठ खड़ा हुआ है। टीवी चैनलों की रिपोर्टिंग कई लोगों को खटकने लगी है और वे इसे असंवेदनशील एवं दखल बताने लगे हैं। पिछले कुछ महीनों से बॉलीवुड के बारे में टीवी की खबरों के आलोचक रहे सिन्हा ने कहा, इन टीवी चैनलों की टीआरपी देखिए। उनकी कोई अहमियत ही नहीं है। नकारात्मकता केवल टीवी खबरिया चैनलों पर है। क्या आपको लगता है कि सड़कों पर प्रशंसक कुछ भिन्न महसूस करने लगे हैं? नहीं। फिल्म थप्पड़ के निर्देशक ने कहा कि दर्शक समझने लगे है कि कैसे एजेंडा लगातार बदलता जा रहा है। उन्होंने कहा, वे इन समाचार चैनलों की खबरों के जरिए देख सकते हैं। वे देख सकते है कि कैसे ए चैनल अपना लक्ष्य हत्या से लेकर ड्रग, तो कभी किसी के गायब होने तक बदल रहे हैं। काम के मोर्चे पर सिन्हा अपने संगीत वीडियो बंबई में का बा के लोकप्रिय होने से खुश हैं। इस भोजपुरी रैप को डॉ. सागर ने लिखा है, इसका संगीत अनुराग सैकिया ने तैयार किया है तथा अभिनेता मनोज वाजपेई ने इसे गाया है। इसमें मुम्बई जैसे शहर में प्रवासी श्रमिकों की अपनी जीविका को लेकर जद्दोजहद को बयां किया गया है।

## रोमिला थापर ने अपनी नई किताब में असहमति के इतिहास को टटोला

**नई दिल्ली।** इतिहासकार रोमिला थापर अगले महीने एक ऐतिहासिक निबंध लेकर आएंगी जो देश में हाल में हुए विरोध प्रदर्शनों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए खास रूपों में इसकी अभव्यक्ति और सार्वजनिक प्रतिक्रिया सहित असहमति को टटोलेगा। वॉयसेज ऑफ डिसेंट शीर्षक वाली इस किताब का प्रकाशन पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया और सीगल बुक्स मिलकर कर रहे हैं। यह किताब बिक्री के लिए दुकानों पर 19 अक्टूबर से उपलब्ध होगी। प्रकाशकों ने कहा कि उप महाद्वीप में असहमति का लंबा इतिहास रहा है भले ही सदियों से इसका स्वरूप विकसित और बदलता रहा हो। थापर ने असहमति पर स्पष्टता रखते हुए इसके अहिंसक रूपों पर ध्यान केंद्रित किया जो सभी समाज के लिए आवश्यक है और यह भारतीय ऐतिहासिक अनुभवों के हिस्से के तौर पर विभिन्न मौकों और संदर्भों से जुड़े हुए हैं।

## ऋचा चड्ढा ने मीटू मामले में अपना नाम लिए जाने पर कानूनी कार्रवाई शुरू की



**मुंबई।** फिल्म अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने सोमवार को कहा कि फिल्मकार अनुराग कश्यप पर आरोपों से संबंधित मामले में अभिनेत्री पायल घोष द्वारा उनका नाम लिए जाने पर वह कानूनी कार्वाई शुरू कर रही हैं। घोष ने शनिवार को कश्यप पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और निर्देशक ने इस आरोप को निराधार बताया था। उन्होंने यह दावा भी किया था कि कश्यप के ऋचा चड्ढा सहित अन्य महिला कलाकारों के साथ अंतरंग संबंध रहे हैं। चड्ढा ने इस मामले में ट्विटर पर अपनी वकील सवीना बेदी सच्चर के बयान को साझा किया। बयान में वकील ने कहा है, मेरे मुवक्किल ने उचित कानूनी कार्वाई शुरू की है और वह अपने कानूनी अधिकारों का उपयोग करेंगी।

गौरतलब है कि घोष ने अपना ट्वीट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टैग करते हुए कश्यप के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी। घोष ने ट्वीट में कहा था, अनुराग कश्यप ने मेरे साथ बुरी तरह जबर्दस्ती की। प्रधानमंत्री कार्यालय और नरेन्द्र मोदी जी कार्वाई कीजिए तथा देश इस रचनात्मक व्यक्ति में छिपे शैतान को देखे। मुझे पता है कि यह मुझे नुकसान पहुंचा सकता है और मेरी सुरक्षा को खतरा है। कृपया मदद कीजिए। घोष के इन आरोपों को फिल्मकार अनुराग कश्यप ने खारिज करते हुए इन्हें निराधार करार दिया। इस बीच, कश्यप की पूर्व पत्नियों-फिल्म संपादक आरती बजाज और अदाकारा कल्कि ने फिल्मकार का समर्थन किया है। इसके अलावा अभिनेत्री तापसी पन्नू, हंसल मेहता, मोहम्मद जीशान अयूब सहित अन्य लोग भी कश्यप के समर्थन में सामने आए हैं।

## सभी फिल्म सिटीज़ की हो एक सामूहिक पहचानः कंगना



**अभिनेत्री** कंगना रानौत का कहना है कि वो सभी राज्यों की फिल्म इंडस्ट्री की एक सामूहिक पहचान चाहती हैं।

उनका ये वक्तव्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी फिल्म सिटी बनाने की योजना सामने आने के बाद आया है।

उन्होंने अपने एक ट्वीट में कहा, 'मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करती हूं। हमें फिल्म इंडस्ट्री में कई सुधार करने होंगे। हमें पहले एक बड़ी फिल्म इंडस्ट्री चाहिये जिसे हम भारतीय फिल्म उद्योग कह सकें। क्योंकि हम कई पहलुओं में विभाजित हैं और ऐसे में हॉलिवुड फिल्मों को इसका लाभ मिल जाता है। हमारा उद्योग एक हो लेकिन वो कई फिल्म सिटीज़ में स्थापित हो।' उन्होंने ये भी कहा कि अच्छी क्षेत्रीय फिल्मों को भी अखिल भारतीय रिलीज़ नहीं मिल पाती। लेकिन डबिंग वाली हॉलिवुड फिल्मों को मुख्यधारा की रिलीज़ मिल जाती है। उनके अनुसार ये रुझान हमारे लिए चेतावनी है।

जिले की सभी तहसीलों में सपाइयों ने भरी हुंकार, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# बेरोजगारी, महंगाई को लेकर सड़क पर उतरे 'सपाई'


बिसवां-एसडीएम को ज्ञापन देते पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू, पूर्वमंत्री कमलेष यादव, अफ्जाल कौसर, निर्मल वर्मा व अन्य


मिश्रिख-एसडीएम को ज्ञापन देते पूर्वमंत्री रामपाल राजवंशी, प्रवीण सैनी व अन्य


सिधौली-ज्ञापन देते पूर्व विधायक मनीष रावत


लहरपुर-प्रदर्शन करते अनिल वर्मा, ओमेन्द्र वर्मा व अन्य

● सरकार विरोधी नारे लगाकर बुलंद की आवाज

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-भाजपा सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते पूर्व विधायक राधेष्याम जायसवाल, सपा नेत्री गीता सिंह

**तहसील मुख्यालयों** की सड़कें सोमवार को सरकार विरोधी नारों से गूंज उठीं। भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दो पर समाजवादी पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं व फ्रंटल संगठनों ने मिलकर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारियों को सौंपा। शहर में पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल, सपा की प्रदेश महिला अध्यक्षा गीता सिंह व जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव के साथ ही समर्थकों को पुलिस ने सड़क पर प्रदर्शन नहीं करने दिया। एसडीएम अमित भट्ट ने मालगोदाम गद्दी पर ही ज्ञापन ले लिया। इस दौरान सचिन जायसवाल, जय सिंह यादव, सुमन भार्गव, शेखर यादव, संतोश प्रजापति, सलीम आदि मौजूद थे। महमूदाबाद में क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा की अगुवाई में कार्यकताओं का हुजूम उमड़ा। उनके साथ ही छात्रसभा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष डॉ सफीक, विनय यादव, ब्लॉक प्रमुख मुकेश वर्मा, पूर्व प्रमुख प्रेमसागर मौर्य, पैंतेपुर चेयरमैन मौलाना अफजल, प्रधान धमेंद्र वर्मा, साकेन्द्र यादव, शिवेंद्र प्रताप, ओमकार नाथ, योगेश आदि के तहसील पहुंचते की पुलिस ने गेट बंद कर दिया और प्रतिनिधि मण्डल को प्रवेष की अनुमति दी। प्रतिनिधि मण्डल ने एसडीएम पीएल मौर्या को ज्ञापन दिया। पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने महोली में समर्थकों के साथ सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने प्रदेश सचिव छात्र सभा अरुण दीक्षित मोनू, नगर अध्यक्ष अशोक दीक्षित, महामंत्री सुरेंद्र अवस्थी ,महामंत्री राजेश चौरसिया, विधानसभा अध्यक्ष रमेश चंद्र शुक्ला, नूर हसन शाह, विवेक सिंह विक्की, युवजन सभा जिला अध्यक्ष रॉबिन सिंह, अंश दीक्षित आदि को साथ भारी पुलिस की मौजूदगी में ब्लॉक से तहसील तक जूलूस निकाला। इसके बाद एसडीएम शशिभूशण राय को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन दिया। लहरपुर में पूर्व विधायक अनिल वर्मा, युवा नेता ओमेन्द्र वर्मा, सलाउद्दीन गौरी, आसिफरफी, मनोज गुप्ता मिंटू आदि ने एसडीएम रामदरस राम को ज्ञापन सौंपा। मिश्रिख में भी सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बेजरोजगार, भ्रष्टाचार, संविदा नियुक्ति आदि मुद्दों पर सरकार का घेराव किया। पूर्व मंत्री रामपाल राजवंषी की अगुवाई में राजकुमार, धर्मेंद्र राजवंषी, निशात मिर्जा, श्याम किशोर पाल, सर्वेश यादव, प्रवीण सैनी राकेश बघेल, राहुल यादव, हसीब गाजी, विपिन कुमार पांडे, पवन यादव जसवंत लाल, मौर्य इसरार गाजी, शाहनवाज मिर्जा आदि ने पुलिस की मौजूदगी में डाक बंगला परिसर में प्रदर्षन किया। इसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम गिरीष झा को ज्ञापन दिया। बिसवां में पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू, निर्मल वर्मा, पूर्व मंत्री कमलेष वर्मा व पूर्व प्रत्याषी अफ्जाल कौसर समर्थकों के साथ जूलूस निकालने में सफल रहे। इन सब के साथ ही जहीर अब्बास, दीपक अवस्थी, हसीब, रिजवान खांन आदि सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम सुरेष कुमार को ज्ञापन सौंपा। सिधौली में पूर्व विधायक मनीश रावत की अगुवाई में प्रदर्शन करके 8 सूत्री मांगों के समर्थन में सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। मनीश ने कहा कि प्रदेष सरकार हर मोर्च पर विफल हो गई है, किसान, युवा, अल्पसंख्यक आदि सब परेषान हैं। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष चित्रकेश यादव , विधानसभा अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव, महासचिव रामस्वरूप रावत, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत अवधेश श्रीवास्तव, सदस्य जिला पंचायत सतेंद्र पाल सिंह, मुकेश पाल, काशीनाथ यादव, सुधीर शर्मा, पीयूष शुक्ला आदि शामिल रहे।

## सप्ताहिक बंदी को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने किया कस्बे का पैदल भ्रमण

संवाददाता। कसमंडा सीतापुर

**कस्बे के** अंदर सोमवार सप्ताहिक बंदी को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों सहित दुकानदारों ने कस्बे के अंदर पैदल भ्रमण करके खुली हुई दुकानों को बंद करने का आग्रह किया व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया की जिला अधिकारी महोदय के द्वारा कमलापुर कस्बे में सोमवार बंदी का दिन निश्चित किया गया था लेकिन लॉकडाउन के चलते इसका पालन नहीं किया जा सका लेकिन लॉकडाउन खुलते ही कस्बे के सभी दुकानदार लगातार अपनी-अपनी दुकानें खोलने लगे थे जिस पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा निर्णय लेकर पुन: सोमवार को बंदी का दिन लागू किया गया व्यापार मंडल के संरक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया की अगले सोमवार से सिर्फ फोटोकॉपी व जन सुविधा केंद्र सहित कस्बे में सिर्फ दो मेडिकल स्टोर सोमवार के दिन खोले जाएंगे इसके अलावा सारी दुकाने बंद रहेंगी इस अवसर पर कस्बे के व्यापारी बबलू सिंह चौहान, पंकज सिंह, बृजपाल सिंह ,संदीप निगम, अनुराग जयसवाल ,शुक्ला वस्त्र भंडार ,हर्षित गुप्ता ,अंकुर गुप्ता, दीपक गुप्ता, श्री केशन ,अंकित शुक्ला, पंकज भदौरिया, सीमांत, रितेश ,कलीम ,वासिक, शिब्बू ,इमरान सहित कस्बे के व्यापारी मौजूद रहे।

## चार सम्पर्क मार्गों का विधायक ने किया शिलान्यास

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

● 80 लाख की लागत से चल रहा कार्य, मार्ग बनने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

**वर्तमान परिदृश्य** में जहां एक तरफ जनप्रतिनिधि चुनाव के समय किए गए वादों को चुनाव जीतने के बाद भूल जाते हैं वहीं क्षेत्रीय विधायक सुनील वर्मा ने आजादी के बाद से उपेक्षित पड़े ग्रामीण क्षेत्र के उन अति दुर्गम मार्गो को ग्राम पंचायत विकास निधि मनरेगा के तत्वाधान में 85 लाख रुपये की लागत से चार संपर्क मार्गों का शिलान्याश वैदिक रीति रिवाज के साथ पूजन अर्चन कर नारियल फोड़कर निर्माण प्रारंभ की आधारशिला रखी। जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। गौरतलब है विकासखंड लहरपुर के ग्राम बेनी सराय से करमुल्लापुर ,टांडा कला अरुवा आदि गांव को जोड़ने वाला 2 किलोमीटर लंबाई का संपर्क मार्ग 40 लाख रुपए की लागत से, वही ग्राम सभा प्रहलादपुर में दूसरा संपर्क मार्ग लहरपुर नगर से बाबा जंगली नाथ मंदिर की तरफ जाने वाला कमाल भट्ठे से लेकर विनायक पुरवा मजरा तक 12 सौ मीटर लंबाई का जिसकी अनुमानित लागत 20 लाख रुपए, वही तीसरा संपर्क मार्ग ग्राम सभा सुल्तानपुर हरिप्रसाद से कुलताजपुर अनिया आदि गांवों को जोड़ने वाला सात सौ मीटर लंबाई का संपर्क मार्ग अनुमानित लागत साढ़े दस लाख रुपए, चौथा संपर्क मार्ग ग्राम सभा दारानगर से फरीदपुर कुटी को जोड़ने वाला 1 किलोमीटर लंबा लगभग 16 लाख लागत से बनने वाले मार्ग का उद्घाटन कर उन गांव को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जहां पर आज भी शादी ब्याह अथवा गंभीर बीमारी में कोई भी चौपहिया वाहन गांव तक नहीं पहुंचता था बताते चलें इनमें से ग्राम सभा बेनी सराय व प्रहलादपुर के लोगों ने संपर्क मार्ग ना होने का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव में चुनाव में मतदान तक का बहिष्कार कर दिया था। उक्त समय विधायक सुनील वर्मा ने गांव जाकर लोगों से बात कर संपर्क मार्ग अतिशीघ्र बनवाने का आश्वासन दिया था जिसको आज पूरा कर आम जनमानस से किया गया अपना वादा निभाया। जिस पर ग्रामीणों ने विधायक का बहुत ही भावपूर्ण ढंग से स्वागत कर धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर लहरपुर ब्लाक प्रमुख परमेश्वर भार्गव, भाजपा नेता अवनीश मिश्रा, खंड विकास अधिकारी अखिलेश चौबे अवर अभियंता अवधेश कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष रमा निकेत सिंह तोमर, प्रधान राम लखन वर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तम वर्मा सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि , ग्रामवासी व विकास खंड कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनपद में मिले 24 कोरोना पॉजिटिव

संवाददाता। सीतापुर




**यूं तो** सेमवार को जनपद में कोरोना की रतार कम रही, लेकिन महमूदाबाद तहसील के लिए दिन अच्छा नहीं रहा। महमूदाबाद के 3 लेखपालों सहित जनपद में 24 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। षहर के नेपालापुर, मुंशीगंज, सिविल लाइंस व शिवपुरी में 1-1 केस मिला है। पहला में 3, बिसवां, रामपुर मथुरा व महोली में 2-2 और बेहटा, कसमंडा व मिश्रिख में 1-1 केस निकला है। 6 केस अन्य स्थानों के है। इसी के साथ जनपद में कुल कोरोना के केस 3,284 हो गए हैं। एसडीएम महमूदाबाद ने बताया कि 3 लेखपालों के कोरोना संक्रमित होने के चलते तहसील परिसर को 24 घंटो के लिए बंद कर दिया है।

### आरटीओ राजेश गंगवार का निधन



● 8 सितम्बर को आयी थी कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट

**आरटीओ** राजेश गंगवार का रविवार देर रात असमयिक निधन हो गया, श्री गंगवार झांसी आरटीओ प्रशासन के पद पर कार्यरत थे। 8 सितम्बर को उनकी कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आई थी, जिसके बाद उन्हे लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। श्री गंगवार वर्ष 2014 से 2017 तक सीतापुर एआरटीओ प्रशासन के पद पर कार्यरत थे, उनके निधन की सूचना मिलते ही विभागीय अफसरों व कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। एआरटीओ कार्यालय में शोक सभा का आयोजन हुआ जिसमें एआरटीओ प्रशासन प्रवीण कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन डा उदित नारायण पांडेय, आरआई राम बचन ने परिवार को शक्ति देने की प्रार्थना करते हुए, शोक संवेदनाए व्यक्त की। आत्मा शांति हेतु मौन रखा गया। श्रद्धाजलि सभा में प्रधान सहायक अरूण दीक्षित, प्रमोद कुमार, राखी मिश्रा, अनामिका मिश्रा, राम प्रसाद, दिनकर, शैलेन्द्र दीक्षित, टीएन मिश्रा, संजय, संतोष के अतिरिक्त वाहन स्वामी भी शामिल हुए।

## एसपी की कार्रवाई से थर्राए गैंगेस्टर

संवाददाता। सीतापुर

● विभिन्न थानों की पुलिस ने 12 गैंगेस्टर अभियुक्तों की 83 लाख 28 हजार की सम्पत्ति की जब्त

● कोतवाली महमूदाबाद में तीन थाना तालगांव, तंबौर, मिश्रिख मछरेहटा, लहरपुर, कमलापुर महोली, रामपुरकलां व बिसवां में 1-1 गैंगेस्टर अभियुक्त की सम्पत्ति जब्त

**गोवध, लूट** व चोरी, शराब, तस्करी में संलिप्त 12 गैंगेस्टर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई का डंडा चलाते हुए पुलिस ने अपराध से अर्जित करीब साढ़े 83 लाख की संम्पत्ति जब्त कर ली।

एसपी आरपी सिंह के निर्देश पर विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 12 गैंगस्टर अपराधियों में थाना महमूदाबााद में तीन, थाना तालगांव, तंबौर, मिश्रिख, मछरेहटा, लहरपुर, कमलापुर, महोली, रामपुरकलां व बिसवां में एक-एक गैंगेस्टर अभियुक्त की सम्पत्ति जब्त की गई। एसपी ने बताया कि थाना महमूदाबाद के गांव पैंतेपुर निवासी जहीर बाबू की गोवध, टेड़वा नूरपुर निवासी आलम की गोवध, सधुवापुर निवासी सुनील जायसवाल की शराब तश्करी, थाना तंबौर के नवाबशाहपुर निवासी रिजवान की चोरी, कोतवाली बिसवा के क्योटिबादुल्ला निवासी जुम्मन की गोवध, थाना कमलापुर के बरई जलालपुर निवासी संदीप गुप्ता की लूट, कोतवाली लहरपुर की टेकनपुरवा निवासी बहादुर यादव की लूट, थाना मछरेहटा के उदईपुरवा निवासी बालकृष्ण की चोरी, थाना रामपुर कला के गौरा निवासी पप्पू गौतम की गोवध, कोतवाली मिश्रिख के लखनापुर निवासी ज्ञानू की लूट, कोतवाली महोली के चमारनटोला निवासी नरेंद्र कुमार की लूट व थाना कमलापुर के सरौराकलां निवासी छोटा राशिद की चोरी के मामलों में गैंगेस्टर एक्ट के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त की गई है।

## शिक्षक फैलाएंगे यातायात जागरूकता का उजियारा

संवाददाता। सीतापुर

● दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**परिवहन विभाग** द्वारा शिक्षा विभाग के समन्वय से जिला प्रशिक्षण अधिकारी कार्यालय के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन विद्यालय द्वारा नामित शिक्षको को सड़क सुरक्षा से बचाव की ट्रेनिग दी गई। प्रशिक्षण शिविर में एआरटीओ प्रवर्तन डा उदित नारायण पांडेय ने कहा कि एक शिक्षक हजारो बच्चो में यातायात जागरूकता की ज्योति जला सकता है। उन्होने बताया कि सीट बेल्ट, हेलमेट न लगाना सड़क हादसे में मौतों का बड़ा कारण है। डीआईओएस नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जागरूक होने के बावजूद भी यातयात नियमो का पालन लोग नही करते है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी इंजीनियर एसके सिंह ने यातायात नियमो की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मोटर ड्राइविंग ट्रेनर सुरेन्द्र कुमार ने यातायात चिन्हों की विस्तृत जानकारी दी। शिक्षकों को डाक्यूमेंट्री के जरिए सड़क हादसों के कारणों को बताया गया। प्रषिक्षण शिविर में जेएलएमडीजे कालेज, कृशक इंटर कालेज महोली, जीआईसी सीतापुर, सेक्रेड हार्ट सीतापुर, एचकेपी इंटर कालेज, आनन्दी देवी इं. कालेज, म्युनिसपल इं. कालेज, रघुराज सिंह इं. कालेज, सुमित्रा मार्डन स्कूल, डायट खैराबाद, अग्रवाल स्कूल, आरएमपी इं. कालेज समेत 20 विद्यालयों के षिक्षक मौजूद रहे।


### करंट लगने से गई बुजुर्ग की जान


**सदरपुर सीतापुर।** थाना सदरपुर इलाके के गांव देवहरा में करंट लगने से 65 वर्षीय श्यामलाल पुत्र रामनाथ की मौत हो गई, मिली जानकारी के अनुसार मृतक घर के भीतर बिजली का तार जोड़ रहा था, तभी तारों में करंट उतर आया। पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## विदाई समारोहः 'कर्नल' से 'बिग्रेडियर' बन सीतापुर से रुखसत हुए 'अजय शर्मा'

● मुख्य अतिथि एसडीएम सदर अमित भट्ट ने बांधे तारीफों के पुल

संवाददाता। सीतापुर


कर्नल अजय शर्मा को स्मृति चिन्ह देते एसडीएम अमित भट्ट


सीतापुर-कर्नल अजय शर्मा को स्मृति चिन्ह देते आशीष कश्यप, साथ में मौजूद हैं वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर

**राजकीय इंटर** कॉलेज सीतापुर में कर्नल अजय शर्मा का भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के स्वागत कड़ी में कर्नल अजय शर्मा को डॉक्टर पवन यादव, मुख्य अतिथि एसडीएम अमित भट्ट को बैज संजय मिश्रा ने लगाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के कार्यक्रम अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर मुख्य वक्ता अंबेश, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर स्वागत अध्यक्ष एवं स्वागत मंत्री आकाश बजरंगी, भूपेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती के मंदिर में दीप प्रचलन करके कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम की स्मृतियों का अभिभाषण लेफ्टिनेंट खान शादाब जमीर ने दिया। उन्होंने कहां की एनसीसी जीवन में अनुशासन का बोध कराती है और अनुशासन ही व्यक्ति को लक्ष्य तक पहुंच आती है इस अवसर पर कर्नल अजय शर्मा के विशेष स्मृतियों के बारे में चर्चा करने के साथ-साथ वीडियो के माध्यम से अपने अभिभाषण को समाप्त किया। वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर ने विदाई समारोह के अवसर पर कहा कि कर्नल अजय शर्मा के कार्यकाल में सीतापुर एनसीसी बटालियन नए कीर्तिमान स्थापित किया है, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंबेश ने अपना मनोकर रखते हुए कहा कि विदाई समारोह वास्तव में भाविक मन को मार्मिक कर देना जैसा माहौल होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित भट्ट एसडीएम सदर ने संबोधित करते हुए कहा कि कर्नल साहब का यह विदाई समारोह आपके द्वारा इस वैश्विक महामारी में किए गए कार्यो को अनवरत याद दिलाती रहेगी उन्होंने साइकिल रैली का जिक्र करते हुए कहा कि आपकी कर्मठता के कारण ही एनसीसी सीतापुर अनवरत में तूफानों की ओर अग्रसर हो रही है। आशीष 'भैयाजी' ने एसडीएम अमित भट्ट को स्मृति चिन्ह देकर के स्वागत सम्मान किया। संचालन संजय मिश्रा एवं आशीष भैया जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुनील सिंह, मुरलीधर कनौजिया, वीरेश सिंह, वीरेंद्र, सचिन बाजपेई, ओम अरविंद मोहन श्रीवास्तव, अंकुर, सत्य प्रकाश तिवारी, सत्येंद्र मौर्य, सत्येंद्र इमरान आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, 1 लाख 96 हजार रूपये की हुई वसूली, बदले गए मीटर

**सीतापुर।** शहर के भवानीपुर फीडर के इस्माइलपुर, हेमपुरवा, ऊंचा टीला, अहाता कप्तान, खूबपूर व हबीबपुर में विद्युत चोरी पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। एसडीओ शुभम सिंह ने बताया कि कल्लू राम, प्यारेलाल राठौर, मंगली प्रसाद, रमेश चन्द्र, कालीचरन, कमला देवी व जावेद आलम कनेक्शन कटने के बावजूद बिजली जलाते मिले। उन्होंने बताया कि 1 लाख 96 हजार रूपए की वसूली करने के साथ ही 5 मीटर बदले गए और बकाया बिल के चलते 11 कनेक्शन काटे गए।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर में एक की मौत

**सिधौली सीतापुर।** सोमवार दोपहर कोतवाली सिधौली इलाके में पकरिया चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में ट्रैक्टर पलट गया और ट्राली पर सवार 12 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल ले जाते समय मजदूर आसाराम की मौत हो गई। अन्य घायलों में बबलू राम, बसंत, सुरेश, वीरेंद्र, गुड्डू, महेश, इसराइल अली, राजकुमार, विजय, शहीद, शिवकुमार शामिल है। सभी मजदूर इलाके के गांव गोड़नीपुर के निवासी हैं।

### तबियत बिगड़ने से हुई मौत

**सिधौली सीतापुर।** कोतवाली सिधौली इलाके बिसवां चौराहे के निकट ट्रक चालक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। 58 वर्षीय खुशीराम किसी काम से चौराहे पर रोका जहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। चौराहा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी भेजा जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक थाना मानपुर इलाके के गांव कामयाबपुर का निवासी था।

### जमीनी रंजिश में चली गोली

**पिसावां सीतापुर।** थाना पिसावां में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस की सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से हुई। इलाके के गांव महमदापुर प्रथम में दो पक्ष जमीनी विवाद की रंजिश में धान की फसल को लेकर भिड़ गए और फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में रुपेश के पेट में गोली लगी है। हालत गंभीर होने के चलते उसे सीतापुर जिला अस्पताल से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। पिता गजराज ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही आशीष शिव शंकर पर जान लेने की नियत से गोली चलाने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी कुमार बहादुर सिंह ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### कृषि केंद्र कटिया में हुआ आयोजन

**सीतापुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया में ''कोविड -19'' वैश्विक महामारी के परिदृश्य में पोषण का महत्त्व'' पर 7 दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी का आयोजन का आयोजन किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आनंद सिंह ने बताया कि विश्वभर में कुपोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी, मोटापा और आहार सम्बन्धी गैर-संक्रामक बीमारियों की समस्याओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे सामाजिक और आर्थिक विकास प्रभावित हो रहा हैं। वैज्ञानिक शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि कोरोना से निजात पाने के लिए हाल फिलहाल कोई भी दवा विश्व के बाजार में उपलब्ध नहीं है, सिर्फखान पान और दिनचर्या में सुधर करके ही महामारी से बचा जा सकता है। सचिन प्रताप तोमर, सौरभ आदि ने भी प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया।

### आर्थिक गणना करने गए पर्यवेक्षक पर दबंग ने किया हमला

**सीतापुर।** कोतवाली महोली की ग्राम पंचायत मल्लपुर में भारत सरकार द्वारा कराई गई सातवीं आर्थिक गणना करने गए सीएससी वीएलई पर्यवेक्षक मुनेन्द्र कुमार मिश्र निवासी चठिया पर गांव के राजपुर निवासी बड़कन्ने उर्फ विनीत ने दबंगई दिखाते हुए हमला कर दिया। पीड़ित मुनेन्द्र ने कोतवाली महोली में तहरीर देकर यह आरोप लगाया है कि जब वह आर्थिक गणना करने गांव पहुंचा तो आरोपी ने उसके साथ दबंगई दिखाते हुए अभद्रता की व नाजायज असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी है। इस दौरान प्रार्थी के बाएं हाथ के अंगूठे में काफी चोट भी आई है।

### हड़ताल पर गए परिवहन विभाग के चालक-परिचालक

एआरएम विमल राजन पर आफिस से भगाने का लगाया आरोप

**सीतापुर।** परिवहन विभाग के चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। उन्होंने कहा विभागीय अधिकारियों द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है। चालको ने बताया कि डिपो में 62 बसें अनुबंधित जबकि 113 बसें निगम की हैं, तब पर भी कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। चालको ने एआरएम विमल राजन पर आफिस से भगाने का आरो भी लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी कोई अधिकारी बात नहीं सुनता है।

### चारों ने लाखों का सामान किया पार

**सीतापुर।** कोतवाली मिश्रिख इलाके में रविवार रात चोरों ने करीब 10 लाख की चोरी को अंजाम दे दिया। इलाके के नहर चौराहा निवासी शांतनु गुप्ता के घर में चोर छत में लगे जाल के रास्ते घुसे और कमरे की अलमारी में रखी 50 हजार की नकदी, पीली धातु की दो हार व 2 किलो चांदी समेत करीब 9 लाख के जेवरात ले उड़े।

### चोरों ने नकदी समेत उड़ाए लाखों के जेवर

**महोली सीतापुर।** कोतवाली महोली इलाके के गांव मुसब्बरपुर में चोरो ने 70 हजार की नकदी सहित लाखों के जेवर पार कर दिए। पीड़ित सुशील व सुनील दीक्षित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चोर रविवार रात को घर की कुंडी तोड़कर घर में घुसे व बख्शे में रखे रूपये व जेवर ले उड़े। पीड़ितों ने जल्द खुलासा करने की मांग की है।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 22 सितंबर 2020



# सपा ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

संवाददाता। मोहम्मदी, खीरी





**आज समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला को 10 सूत्रीय ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपा। ज्ञापन से पूर्व ताली और चौराहे पर स्थित पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक सभा हुई। सभी ने पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक के बाद तालिब अली चौराहे से हनुमान मंदिर होते हुए नगर पालिका गेट से तहसील गेट तक समाजवादी पार्टी जिंदाबादए नौजवानों को नौकरी दो व भ्रष्टाचार बंद करो के नारे लगाए गये। नेतृत्व पूर्व मंत्री आरए उस्मानी ने किया। मांग की गई कि पूर्व विधायक निर्वेंद्र कुमार मुन्ना की मौत की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों को जेल भेजा जाय। अपराधों की रोकथाम होए गन्ना किसानो का बकाया शीध्र दिया जाएए बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ताए समाजवादी नेताओं व कार्यकर्ताओं पर फर्जी केस लगाना तत्काल बंद हो। छात्रों की 5 माह की फीस तत्काल प्रभाव से माफ हो। ज्ञापन देते समय पूर्व मंत्री आरए उस्मानीए नगर अध्यक्ष इकरार खांए मुईज खांए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामकैलाश यादव ए सगीर आलम सिददीकीए रिजवान एअनीश खांए अरविंद यादवए सतोष लीछित सहित भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिकोण प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

निघासन संवाददाता के अनुसारए सपा ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। निघासन विधानसभा क्षेत्र में पूर्व लोकसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल के नेतृत्व में पलिया रोड पर स्थित भुट्ट के प्लाट पर एकत्र होकर जुलूस निकाला। उसके बाद निघासन चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। सपाइयों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

धरने को सम्बोधित करते हुए सपा नेता चौधरी हिमांशु पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानोए नौजवानो व छात्रोंए दलितोंए पिछड़ों पर बहुत अत्यचार किया है। पूरे प्रदेश में पुलिस का आतंक है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हम समाजवादी एकजुट होकर इस सरकार के खिलाफ विरोध करेंगे।आने वाले समय मे इसको उखाड़ फेकेंगे। इस मौके पर पूर्व चैयरमैन मोण् कयूमए उदयभान यादवए धनीराम मौर्यए ओमकार सिंहए अनिल मौर्यए मनोज वर्माए लल्लू चतुर्वेदीए मोण् सलीम ए आफ्ताब आलमए मोण् बसीए गुरदेव सिंहए सफीक अहमद भल्लूए निसार अहमदए भंडारीए लेखराम भास्करए असगर अली सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने में महान दल का भी समर्थन रहा।

गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसारए तहसील गोलागोकरननाथ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सदर चौराहे पर केंद्र सरकार के द्वारा लाये गए किसान विरोधी बिलए बेरोजगारीए महंगाईए ध्वस्त कानून व्यवस्थाए कोरोना काल मे हुए घोटालाए गन्ना भुगतान आदि मुद्दों को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर पूर्व विधायक विनय तिवारीए वारिस अली अंसारी नगर अध्यक्षए आकाश लाला पूर्व छात्र सभा जिला अध्यक्षए अशोक वर्मा विधानसभा अध्यक्षए बबलू सिंह अर्कवंशी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ नगर अध्यक्षए सोमचंद प्रजापति और गोला विधानसभा के पदाधिकारी समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे पर लटकता मिला चौकीदार

**जहानाबाद ( फतेहपुर )।** जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत नोनारा गांव के जंगल में नीम के पेड़ से एक अधेड़ फांसी पर लटकता हुआ मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार नोनारा गांव का रहने वाला चौकीदार चंद्रपाल पुत्र दीनदयाल पासी उम्र लगभग 55 वर्ष घरेलू कलह के चलते गांव के बाहर एक नीम के पेड़ पर अपने अंगोछे से फांसी पर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जब ग्रामीणों ने चौकीदार को फांसी पर लटके हुए देखा तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में थाना जहानाबाद एवं पीआरवी को सूचना दी गई। जहानाबाद के प्रभारी निरीक्षक संजय संधू सूचना पाते ही मौके पर अपने दल बल के साथ पहुंच गए। लाश को उतरवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते है कि चंद्रपाल नशे का आदी था। जिसके चलते आए दिन घर में पारिवारिक कलह का माहौल बना रहता था। चंद्रपाल अपने पीछे तीन बेटे और दो बेटियां छोड़ गया है। जिसमें एक बेटा अविवाहित है जबकि दो बेटे और दो बेटियों की शादी हो चुकी है।

## रेलवे ट्रैक पर मिले अज्ञात युवक की शव की शिनाख्त

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के शादीपुर 50 नम्बर गेट के समीप दो दिन पूर्व रेलवे टैऊक से मिले अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त मृतक के परिजनों ने करते हुए बताया कि वह एक माह पूर्व लखनऊ बाईपास स्थित एफसीआई गोदाम में पल्लेदारी करता था। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना चिल्ला गांव डिघौरे निवासी बाबूलाल का पुत्र राजू जो एक माह पूर्व मजदूरी करने के लिए शहर आया था और लखनऊ बाईपास स्थिल एफसीआई गोदाम में पल्लेदारी करता था और वहीं रहता भी था। दो दिन पूर्व उसका शव पुलिस ने पचास गेट के समीप रेलवे टैऊक से बरामद किया। जिसकी शिनाख्त मृतक का भाई जयपाल ने करते हुए बताया कि उसके भाई की हत्या की गयी है। हालाकि पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है।

# खेती व उपज तय करने की स्वतंत्रता देता है बिल: अजय

● खीरी सांसद ने दी जानकारी



**निघासन, खीरी।** भाजपा सांसद अजय मिश्र टेनी ने विवाद का विषय बने संसद में पेश किसानों से संबंधित बिलों पर कहा कि इनके कानून बनने के बाद किसान अपने खेतों में अपनी मनमर्जी की फसल पैदा करने के साथ ही उनकी कीमत भी खुद तय कर सकेगा। वह प्रोसेसरों और एक्सपोर्टरों से फसल बोने से पहले ही फसल और इसके दाम के बारे में करार कर सकेगा। अपने खेत में यूनिट स्थापित कर सकेगा। विरोधी दल राजनैतिक कारणों से इनका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने खुद भी अपने घोषणापत्र में इन बिलों को लाने की बात कही थी।

सांसद अजय मिश्र टेनी निघासन गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों की लंबे अरसे से मांग चली आ रही थी कि अन्य उत्पादकों की तरह उनको भी अपने उत्पादों का दाम तय करने का हक दिया जाए। इस मसले पर आई स्वामीनाथन रिपोर्ट में भी इसकी संस्तुति की गई थी। भाजपा समेत मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी अपने घोषणापत्र में ऐसा कानून बनाने का वादा किया था। पहले भी कांग्रेस ऐसा वादा करती रही है लेकिन उसने अपनी सरकार बनने पर कभी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा ने 2019 में अपनी सरकार बनते ही इस पर काम शुरू कर दिया। टेनी ने कहा कि देश के करीब बारह करोड़ परिवार खेती पर आश्रित हैं। एक अध्ययन के मुताबिक इनमें से 86 फीसदी के पास पांच एकड़ से कम जमीन है। भारत मसालाए फलए सब्जी के उत्पादन में दुनिया में अव्वल नंबर पर है। चावल और गेहूं उत्पादन में दूसरे तथा मछली उत्पादन में तीसरे नंबर पर है। देश की कुल आय का साढ़े सोलह फीसदी खेती से आता है। किसानों की भलाई के लिए ही सरकार ने यह कदम उठाया है। मोदी सरकार अपने पहले कार्यकाल से ही किसानों के लिए काम करने को प्रतिबद्ध है। फसल बीमा योजनाए किसान सम्मान योजना आदि इसके उदाहरण हैं। केंद्र सरकार ने कृषि व्यापार एवं वाणिज्य संवर्धन और किसान सशक्तिकरण मूल्य गारंटी करार व कृषि सेवा दोनों विधेयकों से किसान को अपनी फसल देश या देश से बाहर कहीं भी बेचने का हक दिया गया।

# सर्राफा व्यवसायी की हत्या को लेकर एसओ समेत सात पुलिसकर्मी सस्पेंड

● हत्या का खुलासा करने के लिए तीन टीमें गठित

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के चकीवा चौराहा के समीप देर शाम अज्ञात बदमाशों द्वारा सर्राफ व्यवसायी को गोली मारकर नकदी व जेवर लूट लेने के बाद थरियांव पुलिस एक्शन में आई। वहीं सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने थानाध्यक्ष सहित सात पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया जिसमें पीआरवी के जवान भी शामिल है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने की बात करते हुए क्षेत्राधिकारी थरियांव अनिल कुमार के नेतृत्व में तीन टीम गठित कर घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने का दावा किया है।

बताते चलें कि थाने के मलांव गांव निवासी सुखराम का 45 वर्षीय पुत्र जीत पाल मौर्या जिसकी चकिवा चौराहे के समीप सर्राफ व बर्तन की दुकान है। रोज की भांति कल शाम लगभग साढ़े सात बजे दुकान बंद करने के बाद साइकिल से घर जा रहा था। जैसे ही वह चौराहा से कुछ ही दूर पहुंचा था तभी पहले से घात लगाये बैठे अज्ञात बदमाशों से सर्राफ पर ताबड़तोड़ गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया। उधर सरेशाम हुई सनसनीखेज घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को लगी तो हडकम्प मच गया। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। वहीं घटना की सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा घटनास्थल पर पहुंच निरीक्षण करने के बाद पुलिस द्वारा लापरवाही बरतने पर थानाध्यक्ष राजीव सिंह समेत उपनिरीक्षक व बीट के सिपाही के अलावा पीआरवी के दो जवान शामिल है। जिन्हे लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

# कानून व्यवस्था और बेरोजगारी को लेकर सपाइयों ने किया प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

संवाददाता। फतेहपुर



**प्रदेश सरकार** की जनविरोधी नीतियों को लेकर जनपद की तीनों तहसीलों में समाजवादी पार्टी ने धरना प्रदर्शन करके प्रदेश के राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौपा है। जिला प्रशासन सपा के धरना प्रदर्शन को लेकर पूरी तरह चौकन्ना रहा और भारी फोर्स लगा रखा था। जिले के आला अधिकारी अपने अधीनस्थों से जानकारी हासिल करते रहे। यहां जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव के नेतृत्व में सिंचाई विभाग के डाक बंगले में सुबह से ही सपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं का एकत्रित होना शुरू हो गया। सपाईयों की बढ़ रही जनसंख्या को देखते हुए प्रशासन को बैरीकेडिंग लगानी पड़ी। पुलिस ने सपाईयों के हुजूम को रोकने के लिए शादीपुर चौराहे पर ही बैरीकेडिंग लगा रखी थी। सभा करने के बाद सपाईयों का हुजूम ज्ञापन देने के लिए जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुआ। सपाईयों ने अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। पटेल नगर चौराहे पर भी भारी पुलिस बल लगाया गया था। जिला मुख्यालय पहुंचने के पहले सपाइयों का ज्ञापन लेने के लिए जिलाधिकारी संजीव कुमार ने अपने प्रतिनिधि के रूप से अपर जिलाधिकारी पप्पू गुप्ता को आनन-फानन पटेल नगर चौराहा भेजा दिया। अपर जिलाधिकारी पटेल नगर चौराहा पहुंचे और सपा नेताओं से ज्ञापन हासिल किया। अपर जिलाधिकारी अगर ज्ञापन लेने नहीं पहुंचते तो पुलिस सपाईयों को हुजूम रोक नहीं पाती और उनका हुजूम जिला मुख्यालय पहुंच जाता। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव, अरुणेश पांडेय सहित तमाम सपाई मौजूद रहे। उधर दूसरी ओर बिंदकी तहसील के जहानाबाद विधानसभा 238 में सड़क पर उतरे सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी समाजवादी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बिगड़ी कानून-व्यवस्था पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट, डकैती व किसानों की समस्या निर्दोष लोगों को एनएसए लगाकर जेल में डालना बेरोजगार, कोरोना घोटाले शिक्षक भर्ती पुलिस की भर्ती जैसी समस्याओं को लेकर तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन दिया सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ताओं ने जहानाबाद विधानसभा 238 में विशाल धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

# सरकार की गलत नीतियों के विरोध में सपाई उतरे सड़क पर

● एमएलसी के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। संडीला (हरदोई)



विरोध मार्च करते एमएलसी एवं अन्य

**प्रदेश सरकार** की गलत नीतियों की विरोध में बड़ी संख्या में सपाइयों ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। एमएलसी मिस्बाह उद्दीन के नेतृत्व में पूर्व एमएलसी अवध कुमार सिंह बाघी के अलावा विभिन्न पार्टी प्रपोष्ठों के पदाधिकारियों एवं स्थानीय सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक विरोध मार्च निकाला और सरकारी विरोधी नारे लगाए। सपा नेता मिस्बाह उद्दीन ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की अदूरदर्शिता के कारण कोरोना संकट बढ़ा। अस्पतालों में ना तो वेन्टिलेटर हैं और न ही अन्य स्वास्थ्य उपकरण। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गयी हैं। अब तो देश भर में लगभग एक लाख लोग कोरोना की चपेट में आ रहे हैं। सरकार की गलत नीतियों से किसान बदहाल हो गया है और रही सही कसर नए पारित किए गए कृषि कानून ने पूरी कर दी है। प्रदेश का नौजवान बेरोजगारी की मार झेल रहा है जबकि सरकार कार्यरत कर्मचारियों की छटनी कर रही है। सरकार ने नई नौकरी में पांच वर्ष का संविदाकाल नियुक्त किया है जो युवाओं को बंधुआ मजदूर बनाने की एक चाल है। औद्योगिक उत्पादन बुरी तरह ठप हो गया है। सरकारी नौकरी में आरक्षण व्यवस्था में धीरे धीरे कटौती करके उसे समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। सरकार ने बिजली की दरें बढ़ाकर और अधिक बोझ जनता के कंधे पर डाला है। भाजपा राज में पुलिस जनता की रक्षक नहीं बल्कि भक्षक बन गयी है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। हत्या, लूट, अपहरण, फर्जी एनकाउंटर, हिरासत में मौतें हो रही हैं। प्रदर्शन के बाद समस्त नेताओं ने तहसील पहुंचकर एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर डीडी वर्मा, धर्मवीर सिंह यादव, रामनरेश सिंह, आरपी सिंह, अजीम हैदर, फैजान अहमद, वसीम वारसी, आरपी यादव आदि मौजूद रहे।

## माइक्रो प्लान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद 13 स्थानों पर लगवाएगा कोविड जांच कैंप

● प्रत्येक कैंप में स्वास्थ्य विभाग के साथ पालिका के दो कर्मचारी रहेंगे मौजूद

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** नगर पालिका परिषद ने कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम के प्रयास के लिए माइक्रो प्लान बनाया है। जिसके तहत नगर में 13 स्थानों पर कोरोना की जांच होगी। प्रत्येक स्थान पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ नगर पालिका परिषद के 2 लोग मौजूद रहेंगे। नगर पालिका परिषद द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी के चलते नगर पालिका परिषद द्वारा एक माइक्रो प्लान बनाया गया है जिसके चलते नगर के विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाकर कोरोना की जांच की जाएगी। इस मामले में प्रधान लिपिक मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि 22 सितंबर को मीरखपुर मोहल्ले के प्राइमरी स्कूल में, 23 को लंका रोड स्थित शिव मंदिर में, 24 को तकिया मैदान मुगलाही मोहल्ले में, इसके अलावा 25 सितंबर को राधे बाबा स्कूल महाजनी गली में, 26 सितंबर को प्राइमरी स्कूल कटरा में, 27 सितंबर को प्राइमरी स्कूल काली जी मंदिर हजरतपुर में, 29 सितंबर को मदरसा फैजुल उलूम में, 30 सितंबर को प्राथमिक पाठशाला पैगंबरपुर में, 1 अक्टूबर को छोटी काली जी मंदिर जहानपुर में, 3 अक्टूबर को दयानंद इंटर कॉलेज में, 5 अक्टूबर को रोडवेज बस स्टॉप तथा 6 अक्टूबर को प्राइमरी पाठशाला नगर पालिका परिषद के पीछे में कैंप लगेगा। उन्होंने बताया कि सभी टेंपो वाले स्थान में अगल-बगल के वार्ड और मोहल्लों के लोगों का कोरोना की जांच की जाएगी। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ नगर पालिका परिषद के 2 कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

# बेलौस और निडर फतेपुरिया लोगों का अंदाज खड़ी कर रहा मुसीबतें

संवाददाता। फतेहपुर

● हल्के में ले रहे कोरोना को, लोग मस्ती पर उतारू, भयावहता का नहीं है अंदाजा, संक्रमण से बचने के उपायों से बेखबर हैं लोग

● हॉटस्पॉट क्षेत्रों सहित सड़कों पर प्रशासन को और दिखानी होगी सख्ती, हमें भी निभाने होंगे अपने उत्तरदायित्व, तभी जीती जा सकेगी कोरोना की जंग

**जिले के** लोगों का हरफनमौला अंदाज ही रहा कि शासन-प्रशासन की लाख पाबंदियों को दरकिनार कर लोग बेवजह सड़कों पर घूमते नजर आए। बाजारों में भीड़ नजर आई तो मस्ती के मूड में रहने वाले फतेपुरिया पार्टी व होटलबाजी से भी बाज नहीं आए। कोरोना संक्रमण का रूप धीरे-धीरे विकराल होता गया और आज एक से शुरू होकर मरीजों की संख्या दो हजार के करीब पहुंच रही है। जिला प्रशासन लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए सरकारी व्यवस्थाओं को मुकम्मल करने की हर कोशिश करने के दावे तो करता रहा हैं लेकिन अपेक्षित गंभीरता का अभाव और जनमानस का बेलौस अंदाज बड़ी समस्या का सबब रहा है।

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण से हर दिन बड़ी संख्या में मरीज मिल रहे हैं और नए-नए हॉटस्पॉट क्षेत्र बन रहे हैं। इन हॉटस्पॉट क्षेत्रों में जो व्यवस्थाएं हो रही हैं, वह भले ही नाकाफी हों लेकिन प्रशासन के लिए भी मुश्किलें हो रही हैं। हकीकत में कोरोना संक्रमण से बचने के लिए जो आम जनमानस को अपने स्तर से प्रयास करना चाहिए उसे स्वयं नहीं कर रहे। बेवजह घरों से निकलकर सड़कों में घूम रहे हैं। मुंह ढकने में कोताही बरती जा रही है। सामाजिक दूरी का पालन नहीं किया जा रहा है। कोरोना को भगाने के लिए काफी कुछ शासन प्रशासन के ऊपर छोड़ दिया गया है। जो सही नहीं है। सभी को इस महामारी को भगाने के लिए एकजुट होकर समग्र प्रयास करना होगा। सरकार की गाइडलाइन एवं कमतर ही सही किन्तु प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सहयोग करके ही इस महामारी से निजात पाया जा सकता है। जिले में अभी सख्ती की और जरूरत है। सख्ती ऐसी कि लोगों को यह भय महसूस हो कि प्रशासन व पुलिस भी हमारी करतूतों को देखने वाला है। मौजूदा हालात में जो व्यवस्थाएं हैं उसमें हॉटस्पॉट क्षेत्रों में निगरानी कमजोर है। जिम्मेदारों खासकर खाकी की ढिलाई के चलते लोगों के बीच भय नहीं है और वह सड़कों में फर्राटे भरते नजर आ रहे हैं। जो माहौल व संक्रमण की भयावहता बढ़ती जा रही है, उसको देखते हुए जिलाधिकारी संजीव सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा को नए सिरे से व्यवस्थाओं की समीक्षा कर और ठोस कार्रवाई करनी होगी। यह जिले का सौभाग्य ही है कि मरीज भले ही हर दिन निकल रहे हों लेकिन इनके ठीक होने का औसत अस्सी फीसदी के करीब का है। किन्तु जरूरी है कि सभी स्वयं जाग्रत रहें! दूसरों को जागरूक करें! अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें तथा कोरोना संक्रमण को भगाने के लिए वारियर का काम करें।

## क्विक न्यूज

### भाजपाइयों ने किया शोक सभा का आयोजन

**संडीला (हरदोई)।** भाजपाइयों ने शोक सभा का आयोजन कर संडीला के पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार दुबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। शोक सभा में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं एलडीबी बैंक के चेयरमैन विशुनदयाल शुक्ला ने कहा कि श्री दुबे ने लगभग 50 वर्ष जनसेवा की। बैठक में सभासद मौलश्री शुक्ला, लोकेश सैनी, विजय नारायन शुक्ला, चन्द्र प्रकाश दीक्षित, पवन तिवारी, बैज नाथ तिवारी, उमेश गुप्ता, श्यामलाल पाल, शिवम विश्वकर्मा, श्याम बिहारी चौरसिया तथा अतुल तिवारी समेत तमाम भाजपा नेतागण मौजूद रहे।

### विस प्रभारी ने दी आर्थिक सहायता, जंगलराज के लिए भाजपा को कोसा



**ढखेरवा निघासन, खीरी।** शनिवार को मासूम बच्ची के घर पहुंचे सपा विधानसभा प्रभारी ने पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद करते हुये पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होने शासन से पच्चीस लाख मुआवजा दिये जाने व घटना की उच्चस्तरीय जांच कराये जाने की मांग की है। बताते चलें कि गुरुवार को सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन वर्षीय मासूम का एक गन्ने के खेत में शव मिला था। मासूम बुधवार को घर से अगवाकर ली गयी थी। जिसके लिये उसके परिजन थाने के चक्कर काट रहे थे। शव के पीएम रिपोर्ट में रेप के बाद हत्या की पुष्टि हुई थी। इस घटना को लेकर शनिवार को समाजवादी पार्टी के विधानसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल ने गांव पहुंचे। उन्होने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली। उन्होने पीड़ित परिवार की माली हालत देख उसकी आर्थिक मदद की। उन्होंने कहा कि जल्द ही शासन.प्रशासन की तरफसे आर्थिक सहायता दिलायी जाएगी। इस दौरान उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में सिर्फजंगलराज कायम है। पूरे प्रदेश में भय का माहौल बना हुआ है। रोज महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने शासन से पीड़ित परिवार को पच्चीस लाख का मुआवजा दिये जाने व घटना की उच्चस्तरीय जांच कराये जाने की मांग की है।

### तीनों अध्यादेश को किसान विरोधी बताते हुए युवक कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**बिंदकी (फतेहपुर)।** केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए 3 अध्यादेश को जन विरोधी किसान विरोधी बताते हुए युवक कांग्रेसियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की रिहाई की मांग भी किया और कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तो सड़कों पर उतरकर ईट से ईट बजाने का काम करेंगे। करीब 02 बजे युवक कांग्रेस के पूर्व बिंदकी विधानसभा अध्यक्ष आकाश शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील परिसर पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार गणेश सिंह को सौंपा। जिसमें फिलहाल पारित किए गए तीन अध्यादेश को किसान विरोधी जन विरोधी बताते हुए नाराजगी जाहिर की और कहा कि उनकी यह मांग ऊपर तक पहुंचाई जाए। वह लोग चाहते हैं कि यह अध्यादेश वापस लिया जाए। इतना ही नहीं युवक कांग्रेसियों ने इस मामले में विरोध करते समय गिरफ्तार किए गए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास के रिहाई की मांग भी की। इस मौके पर विवेक मिश्रा ने कहा की केंद्र व राज्य सरकार पूरी तरह से फ्लाप साबित हो रही है। लगातार किसान विरोधी जन विरोधी कार्य किए जा रहे हैं। निश्चित रूप से अब जनता ने मन बना लिया है। दोनों ही सरकार आने वाले समय में बचने वाली नहीं है। इस मौके पर जिला सचिव तथा नगर पालिका परिषद के सभासद शोएब कुरैशी, नाजिम अली, इमरान, राजू दुबे आदि मौजूद रहे।

### पानी भरे गड्ढे में गिरे नशेड़ी की जान गई

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम खालिसपुर में रविवार की शाम नशे में धुत एक लगभग 48 वर्षीय युवक पानी भरे गड्ढे में गिर जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार खालिसपुर गांव निवासी सोहनलाल पुत्र स्व. रघुवीर जो शराब पीने का आदी था। कल शाम लगभग पांच बजे नशे में धुत होकर घर वापस आ रहा था। तभी गांव के समीप ही एक छोटे से गड्ढे में पानी भरा था। जिस पर वह गिर पडा। उसके बाद वह वहां से न उठा। वहीं उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

### फांसी लगा अधेड़ ने दी जान

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नोनारा में सोमवार की सुबह शौचक्रिया करने गये एक लगभग 50 वर्षीय अधेड़ ने पेड़ से फांसी लगा अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार नोनारा गांव निवासी दीनदयाल का पुत्र चन्द्रपाल आज सुबह छः बजे शौचक्रिया के लिए घर से निकला था। गांव से बाहर खेत में नीम के पेड़ में रस्सी का फंदा डाल फांसी पर लटक गया। तभी गांव के अन्य लोग शौचक्रिया के लिए जा रहे थे। तभी नीम के पेड़ में फांसी पर लटका चन्द्र पाल का शव देख उसके परिजनों को दी। वहीं सूचना पाते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में घटना के बावत जानकारी देते हुए मृतक के भाई इन्दल ने बताया कि उसका भाई काफी दिनों से मानसिक तनाव में था। जिसके चलते उसने घटना को अंजाम दिया है।

### सर्प दंश से महिला की मौत

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के बडी बाजार खजुहा में रविवार की शाम घरेलू काम करते समय जहरीले सर्प के डस लेने से एक लगभग 47 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कस्बा के बडी बाजार खजुहा निवासी सत्यप्रकाश की पत्नी निशा देवी कल शाम लगभग साढ़े पांच बजे घरेलू काम करते समय जब खाना बनाने के लिए कंडा निकाल रही थी। तभी छिपे बैठे जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो आनन-फानन उपचार के लिए सीएचसी लाये। जहां हालत खराब होने पर सदर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। परिजन उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की डेढ़ माह बाद मौत

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम मुत्तौर के समीप डेढ़ माह पूर्व चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल एक लगभग 55 वर्षीय वृद्ध की बीती रात घर पर ही उपचार के दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुत्तौर गांव निवासी रजुवा का पुत्र सवलिया पांच अगस्त को साइकिल से बाजार जा रहा था। जैसे ही वह घर से कुछ दूर पहुंचा भी तेज रफ्तार आ रही स्कार्पिओं ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये जहां चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया। कुछ दिन इलाज होने के बाद घायल को लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। एक सप्ताह बाद चिकित्सक ने उसे जवाब दे दिया। जिस पर परिजन घायल को लेकर घर चले आये और वहीं इलाज कर रहे थे। बीती रात लगभग दस बजे अचानक तबियत बिगड जाने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

### एडीएम ने सर्किल रेट पुनरीक्षण के मांगे सुझाव

**फतेहपुर।** अपर जिलाधिकारी पप्पू गुप्ता ने बताया कि उ0प्र0 स्टाम्प नियमावली 1997 के नियम-4 के अन्तर्गत जनपद की सर्किल रेट का पुनरीक्षण/संशोधित कर मूल्यांकन सूची निर्गत किया जाना प्रस्तावित है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित मूल्याकंन सूची जो जनपद के सम्बन्धित उप निबंधन कार्यालय व जिला स्टाम्प अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध है, का अवलोकन करके यदि कोई व्यक्ति अपनी आपत्ति एवं सुझाव देना चाहे तो 29 सितम्बर तक किसी भी कार्यदिवस में सम्बन्धित कार्यालयों में प्राप्त करा सकते है।

### त्रुटि हो तो तत्काल करें सम्पर्क

**फतेहपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन किये थें। शासनदेश के अनुसार आवेदको का चयन इण्टरमीडिएट के प्राप्तांको (मेरिट) के आधार पर किया गया है। समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है, अपने चयन से सम्बन्धित सूचना अभिलेखीय त्रुटि एवं ओ लेवल/सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक स्थिति में तीन दिवस के अन्दर प्रवेश हेतु सम्बन्धित संस्थाओं/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन में सम्पर्क कर सकतें हैं।

### सड़क हादसे में छात्रा समेत दो घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान छात्रा समेत दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के अढावल गांव निवासी पुत्तन की 18 वर्षीय पुत्री मन्दाकिनी जो बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है और उसका होमसाइंस का पेपर बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत डिग्री कालेज गई थी। बताते हैं कि पेपर देने के बाद वह अपने मामा राजकुमार के साथ बाइक द्वारा वापस आ रही थी। तभी जय गुरूदेव मंदिर के समीप अचानक सडक पार कर रही महिला को बचाने के चक्कर में बाइक गिर गयी। जिससे छात्रा घायल हो गयी। वहीं थरियांव थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी 70 वर्षीय ननकूराम अपनी मोपेड गाडी से शहर किसी काम से आये थे।

# सरकारी नीतियों के खिलाफ सपा का प्रदर्शन



संवाददाता। इटावा

**उत्तर** प्रदेश में लगातार विपक्षी पार्टी प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए दिखाई दे रही है विपक्ष पार्टी सरकार से बेरोजगारों और किसानों के मुद्दे को उठा रही है और इन्हीं मुद्दों का सहारा लेते हुए अपनी किस्मत चमकाने में जुटी हुई है वही इटावा में भी सपा के द्वारा विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे।

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल यादव की अगुवाई में सोमवार को तहसील परिसर में विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया इस आयोजन में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे जहां पर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया वहीं विरोध प्रदर्शन में गोपाल यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि इस सरकार में लूट डकैती हत्या जैसे मामले बढ़ते जा रहे हैं और बेरोजगारों को नौकरी मिलना चाहिए। उनको नौकरी नहीं मिल रही है।किसान इस समय काफी परेशान हैं लेकिन सरकार इन समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। इसी को लेकर समाजवादी पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध कर रही है और युवाओं के लिए सरकार से रोजगार मांग रही है विरोध प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात किया गया इसी दौरान सदर एसडीएम सिद्धार्थ को सपा जिला अध्यक्ष ने ज्ञापन पत्र दिया। जिसके बाद सपा का विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ।

### जसवंतनगर में सपाइयों के नारों से गूंजी तहसील

**जसवंतनगर।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तहसील प्रांगण पर जमकर हल्ला बोलते योगी सरकार विरोधी नारे लगाएए धरना दिया और सरकार की नीतियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी ज्योत्स्ना बन्धु को सौंपा। इस दौरान संबोधित करने वालों में सपा के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष विद्याराम यादव एनगर अध्यक्ष सुनील यादव एलोहिया वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू यादव प्रधान, नीरज यादव, छात्र सभा के पूर्व नेता बल्लू यादव आदि शामिल रहे। इस दौरान उपस्थित सपा नेताओं में ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद यादव, अनिरुद्ध यादव, राज गुप्ता, गुलशन यादव आदि भी शामिल रहे।

### ताखा तहसील में समाजवादी कार्यकर्ताओं ने दिखाया जोश

**ताखा** । सरकार की नीतियों के खि़लाफ़ ताखा तहसील में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

इस मौके पर संग्राम सिंह जिला सचिव समाजवादी पार्टी अनुज यादव ब्लॉक अध्यक्ष जगत किशोर शाक्य सेक्टर प्रभारी दीवान यादव ब्लॉक उपाध्यक्ष अश्वनी शाक्य दीपक यादव राहुल यादव कश्मीरी लाल गुप्ता अखिलेश यादव बंटी यादव शीलू यादव गोविंद यादव आदि कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे

### भर्थना में एकजुट होकर लगाए सरकार विरोधी नारे

**भर्थना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर भरथना के सपा नेताओं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं समर्थकों ने सोमवार को भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते भरथना तहसील मुख्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित एक दर्जन सूत्रीय माँगों का एक ज्ञापन भरथना की उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह को सौपा है। धरना प्रदर्शन के दौरान तहसील मुख्यालय पर एतयात के तौर पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये थे। धरना प्रदर्शन के दौरान सभासद पति दलवीर सिंह यादव, सपा के नगर अध्यक्ष प्रताप सिंह वर्मा, केके यादव, पंडित करुणा शंकर दुबे, मुकेश यादव भरथना ब्लाक अध्यक्ष श्रीनिवेश यादव, सभासद शिवराम सिंह यादव, अजीम शानू, रवि यादव, शशांक यादव, प्रधान चमन यादव, अंशुल यादव, संजय यादव, रज्जन यादव, मोहम्मद वकील लारा आदि एक सैकडों से अधिक सपा नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता समर्थक प्रमुख रुप से मौजूद रहे। सपा के इस धरना प्रदर्शन के दौरान भरथना के पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल सिंह कोतवाल अनिल कुमार भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे।

## चकरनगर तहसील गेट पर नारेबाजी के दौरान पुलिस से हुई तीखी झड़प

**चकरनगर।** चकरनगर में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत बीजेपी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने पहुंचे समाजवादियों को तहसील गेट से 50 मीटर पहले ही रोक लिया गया। दूसरे रास्ते से मैन गेट पर पहुंचे समाजवादियों के लिए तहसील का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। जिसके बाद तहसील गेट के बाहर बैठे समाजवादियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हाथ में लिए बैनर, पोस्टर व झंडे फहराए। इस दौरान समाजवादी से एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉक्टर भूपेंद्र दिवाकर, हेमरुद्ध सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष, शिव किशोर यादव ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, महिपाल यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख से प्रभारी निरीक्षक चकरनगर राजेश सिंह चौहान की झड़प हुई। जिसे पुलिस क्षेत्राधिकारी मस्सा सिंह ने शांत कराया। तदोपरांत समाजवादियों ने नारेबाजी करते हुए तहसीलदार श्री राम यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर निकले एकत्रित सैकड़ो पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महासचिव के साथ लखना सिंडौस मार्ग पर जुलूस निकालते हुए मौजूदा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कुछ ही दूरी पर दौड़कर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक चकरनगर ने पुलिस बल के साथ सभी कार्यकर्ताओं को मौके से खदेड़ दिया। इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष जय सिंह चौहान, ब्लाक अध्यक्ष मुन्ना राजावत, सुलखान सिंह राजावत, लंकू यादव, मुनेश यादव प्रधान चीकना, गोविंद यादव, सतीश यादव, राममोहन यादव, गौरब जैन, सौरव तिवारी, राजकुमार यादव, सल्ली यादव, सुरजीत यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## बुरी नियत से घर में घुसे अधेड़ की हत्या

**घाटमपुर।** बीती रात कोतवाली के गांव परास में बुरी नियत से घर में घुसे एक अधेड़ की पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी, घटना की सूचना पाकर पुलिस डायल 112 की गाड़ी पंहुची और इलाज के लिये कुबेर को लेकर सीएचसी पंहुची लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर मृतक के परिवार वालों ने घर बुला ले जाने के बाद हत्या करने का आरोप लगाते हुए नाम जद रिपोर्ट दर्ज करायी है। बताया जाता है कि गांव निवासी गुड्डन उर्फ कुबेरसिंह ( 46 ) पुत्र फूलसिंह पडोस में रहने वाले छोटू त्रिपाठी के घर बुरी नियत से घूसा था कि तभी महिलायें जाग गयी। उधर मृतक के परिजनों कुबेर को शराब पीने के लिये घर से बुलाकर ले जाने के बाद पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस का कहना है छोटू और मृतक कुबेर दोनों हम प्याले थे, तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस दविसें दे रही ।

# छावनी में तब्दील हुआ घाटमपुर



संवाददाता। घाटमपुर

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर किसानों और नवजवानों की समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने घरना-प्रदर्शन के साथ बिजय सचान, आरडी कुरील, कप्तान सेन बर्मा, अनिल सोनकर वारसी, भारत भूषण, मीना संखवार, अमर सिंह यादव, के0के0 शुक्ला, धर्मेन्द्र यादव, अर्पित यादव युवाजन सभा, मनोज सिंह, सत्यम् द्वि प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन दिया तथा माँगे पूरी करने की माँग की। इसके पहले सपाइयों ने मूसानगर रोड पर स्थित परिषदीय विद्यालय के मैदान में इक्कठा हुए तथा वहाँ से सरकार बिरोधी नारेबाजी करते हुए तहसील पंहुचे। सपा कार्य कर्ताओं की नारे वाजी के बीच मौजूद पुलिस व पीएसी बल ने गेट बन्दकर लिया इसी बीच उपजिलाधिकारी अरुण कुमार व कोतवाली प्रभारी सत्यदेव गेट पर पंहुचे और ज्ञापन देनेको कहा लेकिन सपाई गेट के बाहर आने के बाद ज्ञापन लेने पर अढे रहे बाद मे एसडीएम अरुण कुमार श्रीवास्तव ने गेट से बाहर आकर ज्ञापन लिया। प्रर्दशन में पूर्व बिघायक इन्द्रजीत कोरी के अलावा सपा नेता वेदी, चंन्दिका यादव, राज कुमार पाल, गुलाब सिंह, अनुप्रिया बर्मा और समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राघवेन्द्रसिंह यादव प्रमुख थे, संचालन अमर सिंह यादव ने किया। सपाइयों के धरना प्रर्दशन के चलते सबेरे से ही भारी पुलिस और पीएसी बल तहसील में डेरा डाल दिया था।

# भाजपाइयों ने सांसद का मनाया जन्मदिन

संवाददाता। इटावा

**जनपद** में भारतीय जनता पार्टी के सांसद रामशंकर कठेरिया का सिंचाई बंगले पर 56वां जन्मदिन मनाया गया। इस जन्मदिन के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय धाकरे समेत तमाम पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। लेकिन इस कार्यक्रम में सांसद रामशंकर कठेरिया मौजूद नहीं रहे क्योंकि रामशंकर कठेरिया कुछ दिन पूर्व पहले कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। जिसके बाद उनका इलाज दिल्ली में चल रहा है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सांसद की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।

### भर्थना में सांसद का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया

**इटावा** लोकसभा के भाजपा सांसद व भारत सरकार में अनुसूचित आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर रामशंकर कठेरिया का छप्पन वां जन्मदिबस सोमवार को भरथना क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने भरथना के आजाद रोड़ स्थित आर्य श्यामा वालिका इंटर कालेज में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया।



कॉलेज के प्रबंधक व सांसद प्रतिनिधि श्रीभगवान पोरवाल के नेतृत्व में इटावा लोकसभा के सांसद प्रोफेसर डॉक्टर रामशंकर कठेरिया के छप्पन वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एकत्रित हुए भरथना भारतीय जनता पार्टी के नेता पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिबस मनाया। जन्मोत्सव में प्रमुख रूप से भाजपा के जिलाउपाध्यक्ष दीपक नाथ चौधरीएनगर अध्यक्ष अनूपजाटव, श्यामजी ने प्रदीप सविता के अलावा नगर क्षेत्र के दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपाइयों ने सांसद के चित्र पर मंगल तिलक लगाकर केक काटा और दीर्घायु की कामनायें करते हुए मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई है।बकेवर में अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व इटावा सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया का जन्मदिवस भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया।

## कलयुगी पुत्र ने मां को जमकर पीटा बचाने आई बहन को भी पीटा

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम वधौना निवासी अनीशा बेगम पत्नी जहूर खान ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक उसके बेटे और बेटे की पत्नी उसके साथ मारपीट करते हैं। साथ ही उसका पुत्र बा पुत्र वधू आए दिन गाली गलौज करती रहती है। बीती रात वे अपनी पुत्री शहनाज बेगम के साथ घर के दरवाजे पर बैठी थी उसी समय उसका पुत्र उसे गाली गलौज करने लगा । जब उसने विरोध किया तो उसे जमकर मारा पीटा बचाने आई पुत्री को भी मारा पीटा । दोनों मां बेटियों के चोटे आई है। पुलिस ने दोनों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। पुलिस को बेटे के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## मैथा ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र के निर्देशन में आज ब्लॉक सभागार में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। ब्लॉक बाल संरक्षण समिति में उपस्थित अनीता यादव द्वारा विकासखण्ड के समस्त केन्द्रों से उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अन्तर्गत बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न और यौन शोषण जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए ग्राम सभा स्तर पर गठित ग्राम बाल संरक्षण समिति के माध्यम से समस्त ग्राम सभाओं के परिवरोको जागरूक किया जाना है। ये समितियाँ बाल अपराध को रोकने, मानव तस्करी, प्रवर्तकता कार्यक्रम-जिसके अन्तर्गत ऐसे परिवारों का चयन किया जाना है,। बैठक में उपस्थित सभी को प्रवर्तकता कार्यक्रम व फॉस्टर केयर योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक महिला शक्ति केंद्र द्वारा की गई जिसमें बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कन्या सुमंगला योजना एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय की अन्य योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

# दलितों ने मंदिर निर्माण का कार्य रोका

संवाददाता। नवाबगंज फर्रुखाबाद

**नवनिर्मित** मंदिर का कार्य दलित समुदाय द्वारा रोके जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश सड़क पर लगाया जाम । अधिकारियों की कड़ी मशक्कत के बाद खोला गया जाम।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर थ्योरी मैं ग्राम पंचायत के जमीन पर लोग जगह घेरने के उद्देश्य से मंदिर का निर्माण करने के लिए उन्होंने मूर्ति आधे निर्माण स्थल पर रखे वैसे ही एक दलित समुदाय के व्यक्ति रामवीर ने अपने घर के सामने मूर्ति रखने का विरोध किया तथा जिसकी शिकायत दलित रामवीर ने अधिकारियों में थाना पुलिस से की। मामला ग्रामीणों के मुताबिक लगभग 1 हफ्ते से चल रहा था जिसको थाना पुलिस ने कोई आदेश ना जाने तक विवाद को देखते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। जिसके चलते आज ग्राम देवरी के ग्रामीण भारी संख्या में एकत्र हो गए तथा उन्होंने रोड पर दरी बिछाकर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र होकर धरना प्रदर्शन करने लगे।

वहीं महिलाओं ने भी भारी संख्या में हिस्सा लिया कई महिलाओं ने सड़क पर ढोल बजाकर नाच गाना शुरू कर दिया जिसकी सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक आर के शर्मा को दी गई। आनन.फानन में पहुंचे थाना



प्रभारी निरीक्षक आरके शर्मा पुलिस बल के साथ ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया । लेकिन ग्रामीण एक नहीं माने अपनी जिद पर अड़े रहे। इस बात की सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक ने उच्चाधिकारियों को दी । मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग से लेखपाल कानूनगो जगदीप कुमार क्षेत्रीय लेखपाल राजकुमार लोग मौके पर पहुंचे । पुलिस व राजस्व विभाग के लोगों ने ग्रामीणों को काफी समझाना बुझाना चाहा लेकिन वह नहीं माने इस बात की सूचना थानाध्यक्ष आरके शर्मा ने उच्चाधिकारियों को भेजी दोपहर लगभग 12.00 बजे मेरापुर थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शमशाबाद थाना अध्यक्ष आरके रावत चौकी इंचार्ज विनोद कुमार यादव शमसाबाद कस्बा इंचार्ज विक्रम सिंह यादव भारी मात्रा में पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे । लेकिन बात एक नहीं बनी यहां तक कि ग्रामीणों का यह नजारा था ।

उन्होंने मौके पर लाठी.डंडे छतों पर एक पत्थर तथा नाजायज अभी छतों पर एकत्र कर रख लिए । यह देख कर थाना अध्यक्ष ने दोबारा सूचना उच्चाधिकारियों को दी। थाना प्रभारी मऊ दरवाजा भी मौके पर पहुंचे । लेकिन ग्रामीण फिर भी कोई बात मानने को तैयार नहीं थी। इसके बाद सूचना पर थानाध्यक्ष जहानगंज इंस्पेक्टर मोहम्मदाबाद राकेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर, कायमगंज विनय प्रकाश राय, एसडीएम कायमगंज तथा तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद सोहराब आलम तथा क्षेत्राधिकारी कायमगंज राजवीर सिंह गौर भारी मात्रा में पुलिस बल लेकर जब मौके पर पहुंचे। बाद प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया।

## पेटीएम से उड़ाए बीस हजार

**भरथना।** कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत मोहल्ला बालूगंज में रविवार की दोपहर में यहाँ स्थित शर्मा मोबाइल फोन विक्रेता शिवम शर्मा उर्फ रवि कुमार शर्मा उस समय अपने हाथ मलता रह गया। जब अज्ञात बदमाश ने साइबर क्राइम के जरिये शिवम शर्मा के पे.टीएम एकाउंट से एकाउंट में जमा बीस हजार से अधिक धनराशि क्रमश: तीन किस्तों में निकाल कर एकाउंट खाली कर दिया। पीड़ित फोन विक्रेता श्री शर्मा को घटना की जानकारी तुरन्त तब हो गई। जब उसके पे.टीम एकाउंट से क्रमश: तीन किस्तों में लगातार बीस हजार रुपये निकलते ही उसके मोबाइल फोन में रुपये निकले के धड़ाधड़ मैसिज आ पहुँचे। साइबर क्राइम की इस घटना के बाद पे.टीएम एकाउंट चलाने बाले दुकानदार व्यापारियों में हडकम्प के साथ दहशत फैल गई। पीड़ित फोन विक्रेता श्री शर्मा ने भरथना पुलिस को तहरीर देकर उक्त साइबर क्राइम की घटना को अंजाम देने बालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# थ्री व्हीलर पलटने से कई घायल



संवाददाता। बकेवर

**कस्बे** के मुख्य चौराहे से सवारियों को बैठाकर इटावा जा रहा थ्रीव्हीलर असंतुलित होकर डाक घर के समीप पलटा जिसके चलते थ्री व्हीलर में तकरीबन आधा दर्जन सवारियां घायल हो गयी। पुलिस के मुताबिक थ्रीव्हीलर चालक शराब के नशे में धुत था। कस्बे के मुख्य चौराहे से सवारियों को बैठाकर एक थ्रीव्हीलर चालक इटावा की तरफ जा रहा था थ्रीव्हीलर में तकरीबन ग्यारह सवारियां बैठी हुई थी। जैसे ही यह थ्रीव्हीलर डाक घर के आगे पहुंचा तभी थ्रीव्हीलर चालक असंतुलित हो गया जिससें थ्रीव्हीलर वहीं सड़क के किनारे पलट गया ।थ्रीव्हीलर के पलटते ही उसमें बैठी सवारियों ने चीख पुकार मचानी शुरु कर दी। मौंके पर मौजूद लोग तुरन्त ही थ्रीव्हीलर के पास पहुंचे और उसमें फंसी सवारियों को बाहर निकालने के साथ साथ इस की सूचना पुलिस व एम्बुलेंस को दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी महेवा ले गए। थ्रीव्हीलर पलटने से लखना कस्बे के समीपवर्ती ग्राम मानपुर निवासी अरविन्द कठेरियाए संगीताए रंजीताए उर्मिला सहित आधा दर्जन सवारियां दुर्घटना में गम्भीर रुप से घायल हो गयी। वहीं कस्बा इंचार्ज सुबोध सहाय ने बताया कि उक्त थ्रीव्हीलर चालक शराब के नशे में धुत था जिसकों पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं क्षतिग्रस्त थ्रीव्हीलर को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा लिया गया है।

# सपा ने तहसील घेरो आंदोलन में सरकार को बताया किसान विरोधी

संवाददाता। फर्रूखाबाद

**केंद्र** सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में समाजवादी पार्टी के प्रदेश व्यापी तहसील घेरो आंदोलन के तहत सोमवार को जिले की तीनों तहसीलों बड़ी संख्या में सपाई एकत्रित हुए। उन्होंने सरकार को पानी पी-पी कर कोसा। सरकार को गरीब, बेरोजगार और किसान विरोधी बताया। इसके बाद उन्होंने ज्ञापन सौपा। समाजवादी पार्टी ने सदर तहसील में सपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र कटियार की अध्यक्षता में धरना दिया गया । धरने में सपा के लगभग एक सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे । धरना के बाद उपजिलाधिकारी सदर अनिल कुमार को राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन दिया गया । सपा के वरिष्ठ एंव महानगर अध्यक्ष विजय यादव नें कहा कि भाजपा सरकार ने आम जनता को परेशानी के आलावा और कुछ भी नही दिया। बेरोजगारी के चलते देश व प्रदेश का



नौजवान दोराहे पर खड़ा है। उसको पता नही की उसका भविष्य क्या है। किसान का बकाया अभी तक सरकार नही दे पायी। बिजली की दरों में लगातार वृद्ध हो रही है। जिसका सीधा बोझ किसान के कंधों पर आ रहा है। दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि अतिवृष्टि,बाढ़ से नष्ट फसलो के लिए किसानो की क्षतिपूर्ति का तत्काल प्रबन्ध हो । गन्ना किसानो का बकाया और नियमानुसार देय व्याज का भुगतान शीघ्र किया जाए । बिजली की दरो में बेतहाशा बढ़ोत्तरी रोकी जाये,बुनकरों को फ्लेट रेट पर बिजली दी जाये, उनसे बकाया बसूली कोरोना संकट काल में रोकी जाये । फर्जी इनकाऊंटर बन्द हो, हिरासत में मौतों की जाँच हो । छात्रों की 5 महीने लाक दाउन अवधि की फीस माफ की जायअपराधो की रोकथाम हो,खासकर महिलाओ व् बच्चियो के साथ दुष्कर्म की घटनाओ पर पुलिस प्रशासन को प्रभावी व् सख्त कार्यवाही के आदेश दिया जाये । सरकारी सेवाओ में वर्ग ख व ग के कर्मचारियों की संविदा भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगे ।

## फर्रुखाबाद में 36 कोरोना मरीज मिले

**फर्रुखाबाद।** सोमवार को कोरोना की बाढ़ जारी रही, आज 36 कोरोना के साथ कुल कोरोना संख्या 2100 पर पहुंच गयी । अब तक स्वस्थ व होम आइसोलेशन में 1590 लोग है, 475 मरीज अस्पताल में भर्ती है जबकि अभी तक 35 की मौत हो चुकी है। आज के कोरोना मरीज इस प्रकार है - वन्सपुरा कोना का 45 वर्ष का युवक, लोको रोड का 11 वर्ष का किशोर, 45 वर्ष की महिला, शीशम बाग के दो युवक 24 व 35 वर्ष, हरसिंहपुर कधेढ़ 48 वर्ष , सेनापत मोहल्ले के वरिष्ठ व युवक 61 व 26 वर्ष, फतेहगढ़ के तीन युवक 41 व 25 वर्ष, केन्द्रीय करागार के पांच युवक ,जे एन वी रोड के 65 वर्षीय वरिष्ठ, आफिसर्स कालोनी के चार युवक, बजरिया हरलाल की 40 वर्षीय महिला, जसमई के वरिष्ठ 60 वर्ष ,कायमगंज की किशोरी 16 वर्ष, कमालगंज के वरिष्ठ 60 वर्ष, दो युवक , मोहम्मदाबाद के दो अधेड़ व युवक , नवावगंज, शमशाबाद,व राजेपुर के तीन युवक वर्ष के कोरोना पाजिटिव पाए गये ।

# करोना काल में बदला तेरहवीं भोज का स्वरुप

संवाददाता। औरैया

**एक** विचित्र पहल सेवा समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट की 90 वर्षीय माता जी श्रीमती रामा देवी गुप्ता का निधन विगत 7 सितंबर को हो गया था उनका मृत्यु भोज त्रयोदशी कार्यक्रम 19 सितंबर शनिवार को श्री पोरवाल धर्मशालाए औरैया में विचित्र पहल पद्धति के अनुसार किया गया जिसके अंतर्गत बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण के चलते लोगों को जागरूक करते हुए मृत्यु भोज का स्वरूप ही बदल दिया गयाए जिसमें कार्यक्रम में प्रवेश से पूर्व ऑक्सीमीटर व थर्मल स्क्रीनिंग द्वारा कोरोना संक्रमण की जांच के उपरांत ब्रह्मभोजए नजदीकी रिश्तेदार व परिवारीजनों को कार्यक्रम में प्रवेश दिया गयाए शान्ति भोज के उपरांत स्मृति शेष रामादेवी गुप्ता की त्रयोदशी पर उनके परिवारीजनों द्वारा उनकी स्मृति में नई पहल के अंतर्गत दैनिक मजदूरीए दूसरों के घरों में काम करके अपने बच्चों की जीविका चलाने वाली तथा बाल्मिक समाज की अति निर्धन करिश्माए दिव्याए दीपांशीए



खुशी व अदिति आदि जरूरतमंद लड़कियों को उनके विवाह हेतु डाकघरए औरैया द्वारा जारी पांच.पांच हजार रुपए के किसान विकास पत्र एफ़्रडीण् के रूप में प्रदान किए गएए जो लड़कियों के नाम से थेए उसमें नॉमिनी लड़की की मां को बनाया गया है। समिति के संस्थापक ने बताया कि हम लोग मृत्यु भोज समाप्त करने की मुहिम भी चला रहे हैंए लेकिन कुछ सामाजिक बंधनों के कारण लोग उससे बंधे हुए हैंए तेरहवीं कार्यक्रम को लोग अपनी हैसियत के अनुरूप सानों शौकत व दिखावा के चलते धन का सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं जबकि बदलते हुए वर्तमान परिवेश में तेरहवीं ;मृत्युभोजद्ध का स्वरूप बदलने की जरूरत हैंए तेरहवीं भोज में अनावश्यक खर्च होने वाले धन से किसी जरूरतमंद लड़की की शादी या जिंदगी मौत से जूझ रहे किसी पीड़ित व्यक्ति की चिकित्सा के माध्यम से मदद की जा सकती हैए समाज के जागरूक लोगों को तेरहवीं भोज का बहिष्कार कर नई पहल को अमल में लाना चाहिए। समिति के संस्थापक ने बताया कि संगठन द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की तमाम जरूरतमंद लड़कियों के विवाह में समिति द्वारा पहले भी काफी आर्थिक मदद की जाती रही है।

## सीएचसी अधीक्षक का औचक निरीक्षण

**ऐरवा कटरा औरैया।** आये दिन झोलाछाप डॉक्टरों की मनमानी की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए सोमवार को सीएचसी ऐरवा कटरा के अधीक्षक डॉ मोहित कुमार ने उमरैन चौकी इंचार्ज देवेंद्र प्रसाद के साथ प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों के क्लीनिक पर छापा मारा और सोशल डिस्टेंस का पालन नही कर रहे डॉक्टरों को चेतावनी देकर छोड़ा साथ ही मेडिकल कचरे के उचित प्रवंधन करने के लिए प्राइवेट डॉक्टरों को आदेश दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मोहित कुमार ने बताया कि ऐरवा कटरा क्षेत्र में प्राइवेट डॉक्टरों तथा बिना डिग्री के प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों की लगातार शिकायत मिल रही थी कि प्राइवेट डॉक्टर साधारण बुखार और खाँसी होने पर भोले भाले मरीजों को कोरोना का भय दिखाकर लूट रहे है।जिसमें उनका साथ कुछ पैथॉलाजी संचालक दे रहे है।सोमवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ मोहित कुमार के नेतृत्व में उमरैन चौकी इंचार्ज देवेंद्र प्रसाद के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 22 सितंबर 2020



# ट्रैक्टर पलटा, पांच श्रद्धालुओं की मौत

## हादसे में डेढ़ दर्जन घायल

**चित्रकूट।** जिले की सीमा से सटे मध्य प्रदेश के सतना जिले के नयागांव थाना अंतर्गत अनुसुइया आश्रम के समीप झूरी नदी के किनारे उप्र के फतेहपुर जिले से तीर्थ दर्शन के लिए आये श्रद्धालुओ से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से पांच श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि डेढ दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गये है। घायलों को यूपी –एमपी के सीमावर्ती इलाकों के स्वास्थ्य केन्द्रो में भर्ती कराया गया है। श्रद्धालु फतेहपुर जिले के सराय मनी गांव के निवासी हैं। सड़क हादसे पर शोक जताते हुए सूबे के मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दो –दो लाख की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। साथ ही घायलों के इलाज के बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए है।



सोमवार की शाम उप्र के चित्रकूट जिले की सीमा से सटे मप्र के सतना जिले के नयागांव थाना क्षेत्र के सती अनुसुइया आश्रम के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पांच श्रद्धालुओं लवकुश (22) पुत्र रामकरण, बल्लू उर्फ रामकिशोर (40) पुत्र प्यारे, फूलकुमारी (38) पत्नी बल्लू उर्फ रामकिशोर, ब्रजरानी (35) पत्नी रहिपाल और सावित्री (32) पुत्र बाबूलालकी मौत हो गई। डेढ़ दर्जन श्रद्धालु ननकी देवी (27) निवासी सरायेहाथ, आदर्श (8) पुत्र संतोष मौर्या, मुकेश (20) निवासी चौधकियापुर, सुखरानी (60), स्वयंबर (45), गुडिया (35), प्रतिभा (15), माया (25), लवकुश (34), रामखेलावन (50), एवनलाल (48), चालक रमाकांत (22), शिवनंदन (50), हृदेश (22), सकारादेवी (45) एवं रामादेवी (35) आदिघायल हो गए ट्रैक्टर ट्राली में करीब 26 श्रद्धालु सवार थे। सभी श्रद्धालु फतेहपुर के सरायमीना गांव से मैहर स्थित मां शारदा देवी के दर्शन को जा रहे थे। घायल मुकेश के मुताबिक उप्र के फतेहपुर जिले के सरायमीना के बबलू कुशवाहा ने मैहर जाने के लिए ट्रैक्टर बुक किया था और सोमवार सुबह नौ अपने परिवार और रिश्तेदारों को लेकर गांव से निकले थे। चित्रकूट पहुंचे पर सभी ने पहले सती अनुसुइया आश्रम घूमने की इच्छा जताई। चालक रमाकांत ट्रैक्टर को लेकर आश्रम की ओर चल पड़ा। झुरी नदी के पास पहुंचे तो सामने से आ रही बोलेरो को बचाने में तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्राली सड़क किनारे पलट गई। श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। तीन श्रद्धालुओं की मौते पर मौत हो गई। नयागांव पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को जानकीकुंड अस्पताल और जिला चिकित्सालय चित्रकूट में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दो और श्रद्धालुओं की मौत हो गई। चित्रकूट के डीएम शेषमणि पांडेय, एसपी अंकित मित्तल, सीएमओ डॉ विनोद कुमार और एसडीएम रामप्रकाश घायलों का हालचाल लेने पहुंचे। डीएम ने सीएमएस डॉ आरके गुप्ता को निर्देश दिए कि घायलों का ठीक से इलाज कराएं।

## हत्या करने आया था दुश्मन की हत्या, कर दी दूसरे की

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के राठ क्षेत्र में कल देर रात पुरानी रंजिश के चलते नशे में धुत युवक ने कुल्हाडी से वार कर एक युवक की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अड़तालिस घंटे में क्षेत्र में दो हत्याएं होने से लोगों मे पुलिस के प्रति रोष देखा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के धनौरी गांव के चंद्रशेखर का विवाद गांव के ही रामदयाल से दो दिन पहले हो गया था कल रात दो बजे चंद्रशेखर नशे में धुत होकर रामदयाल के घर कुल्हाडी लेकर पहुच गया मगर उसकी चारपायी में गांव का उसी के बगल का रहने वाला पिंटू (22) सो रहा था तभी चंद्रशेखर ने पिंटू के सिर पर कुल्हाडी के कई वार कर दिये जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। जानकारी होने पर पिंटू के परिवारीजनों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर जाकर हत्यारे चंद्रशेखर को गिरफ्तार कर लिया है उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कुल्हाडी भी बरामद कर ली है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्मार्टम के लिये भेज दिया है।

## क्विक न्यूज

### लाखों रुपयों की चरस के साथ सत्यपाल चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जालौन (उरई)।** पुलिस द्वारा चलाये जा रहे टापटेन अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने अधेड़ को पकड़ा है जिसके पास से 400 ग्राम चरस बरामद हुई है जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपए बतायी जा रही है। पुलिस ने सोमवार की रात अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया। कोतवाली क्षेत्र के टापटेन अपराधियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये गये। पुलिस ने बंगरा मार्ग पर सालाबाद मोड़ से सालावाद निवासी अधेड़ सत्यपाल सिंह उर्फ राजा को पकड़ लिया जिसके खिलाफ कोतवाली में विभिन्न मामले दर्ज हैं। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा, उपनिरीक्षक बलराम शर्मा, रामनरेश, गंगासागर को चकमा देकर भाग रहे आरोपित को पुलिस ने पकड़ लिया तथा जामा तलाशी ली जिसके पास से 400 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई है जिसकी बाजार में कीमत लगभग 10 लाख रुपए बतायी जा रही है। अधेड़ को पुलिस पकड़ कर कोतवाली ले आयी तथा उसका आपराधिक इतिहास खंगाला जिसके खिलाफ कोतवाली में विभिन्न धाराओं में 10 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर जेल भेज दिया है।

### पुलिस ने पॉस्को एक्ट में दर्ज किया मुकदमा

**कोंच(जालौन)।** नदीगांव पुलिस ने घर में घुसकर अनुसूचित जाति की नाबालिग किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोप में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के ग्राम बसीठ निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीती 21 अगस्त को उसकी 13 बर्षीय नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी तभी गांव का ही अबधेश पुत्र प्रहलाद घर में घुस आया और उसकी पुत्री के साथ बलपूर्वक छेड़खानी करने लगा जिसको लेकर पुत्री ने विरोध किया तो उसने जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग गया।उक्त घटना को लेकर पुलिस ने मंगलवार को अबधेश के खिलाफ दफा 354, 452, 506 सहित पॉस्को एक्ट व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जिला जज ने लिया मुंसिफ कोर्ट का जायजा

**माधौगढ़ (जालौन)।** जिला जज अशोक कुमार ने सिविल न्यायालय का स्थलीय निरीक्षण किया उन्होंने सिविल न्यायालय की गुणवत्ता के साथ साथ अन्य व्यवस्थाओं को भी परखा। जिला जज अशोक कुमार के साथ अपर जिला जज एससी, एसटी सुरेश चन्द्र एवं अपर जिला जज पास्को एक्ट विजय यादव मौजूद रहें। न्यायालय के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखते हुए निम्न बातों को ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्माण कार्य की रफ्तार तेज होनी चाहिए जिससे एक माह के भीतर मुंसिफकोर्ट का शुभारंभ कर दिया जाये। लगभग एक माह के भीतर सिविल न्यायालय का कार्य पूर्ण होकर इसका शुभारंभ किया जा सकता है।

### महिला ने मारपीट करने का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)।** नगर के मुहल्ला मालवीय नगर निवासी गुड्डी पत्नी असलम ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सोमवार की सुबह करीब 8 बजे जब उसके मकान का लैंटर हो रहा था तभी मुहल्ले के मल्लू ने मौके पर आकर अकारण ही उसके साथ मारपीट कर दी व उसके बेटे अकरम को मारा पीटा और लैंटर डालने से रोकने लगा। गुड्डी ने पुलिस को बताया कि जब उसने कहा कि वह अपनी जगह पर अपने मकान का लैंटर करवा रही है तो मल्लू ने लैंटर कर रहे मिस्त्रियों को गालियां देकर मौके से भगा दिया। गुड्डी ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हारजीत की बाजी लगाते नौ जुआरी गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** कोतवाली के ग्राम औरेखी में चल रहे जुआ के फड़ पर पुलिस छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे 9 को पकड़ लिया है तथा उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम पंचायत औरेखी लम्बे समय से जुआ का फड़ लग रहा है। पानी की टंकी के पास चल रहे हार-जीत के फड़ की पुलिस को जानकारी थी। सोमवार की रात को कोतवाली प्रभारी रमेश चन्द्र मिश्रा, उपनिरीक्षक गंगा सागर की टीम ने छापा मारकर जुआ खेल रहे शिवपाल, राहुल दोहरे चतुर सिंह, गोविंद सिंह, विश्राम सिंह, चतुर सिंह दोहरे, मनोहर लाल, गजेंद्र सिंह, पूरन बसोर को पकड़ लिया है। पकड़े गए जुआरियों के पास से माल फड़ 6000 रुपए और जामा तलाशी 2060 रुपए के साथ मोबाइल, ताश की गड्डी बरामद हुई है। जुआ पकड़ते ही उनके चहेते कोतवाली पहुंच गए तथा उन्हें छुड़ाने की जुगत में लग गये। कोतवाली रमेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि पकड़े गये आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है जिनके पास से 8060 रूपए बरामद हुए हैं।

### फल, सब्जी मंडी में गंदगी देख एसडीएम ने लगायी फटकार

**जालौन (उरई)।** एसडीएम ने नगर में स्थित थोक फल व सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडी में गंदगी मिलने पर उन्होंने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अन्यथा की स्थिति में ठेका निरस्त करने की भी चेतावनी दी। नगर में बंगरा रोड स्थित थोक फल व सब्जी मंडी का एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडी में फैली गंदगी को देखकर एसडीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल ठेकेदार राधेश्याम को मौके पर बुलाया और ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। मंडी में नियमित सफाई की जाए इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने ठेकेदार को चतावनी देकर कहा कि यदि आइंदा निरीक्षण में सफाई व्यवस्था दुरूस्त नहीं मिलती है तो उसका ठेका निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही धनराशि की भी वसूली की जाएगी। एसडीएम के सख्त तेवर देखकर ठेकेदार ने एसडीएम को सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने का आश्वासन दिया।

### दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज करने की गुहार

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के नोनार गांव के महेश कुमार चमार पुत्र शहादेव ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि पहाड़ी के एडीओ लक्ष्मी पटेल आदि गाली-गलौज कर उसका उत्पीडन कर रहे हैं। उसकी पहाड़ी थाना में रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही है। सोमवार को पीड़ित महेश कुमार चमार ने पहाड़ी थाना में दी तहरीर में कहा कि एडीओ पंचायत गाली-गलौज व मारपीट की है। एडीओ लक्ष्मी पटेल दलित उत्पीडन कर रहा है। थानाध्यक्ष पहाड़ी को सात सितम्बर को तहरीर दी है। उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से आपराधिक मामलों के साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** युवक के दरवाजे पर दबंगों ने जाकर मारपीट की और जान माल की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी रहूफ हुसैन पुत्र मोहम्मद जाहिद द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि मोहल्ले के ही परवेज, हासिम, राशिद, आरिफने पुरानी रंजिश को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ अभद्रता शुरू कर दी। जब उसे विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी-डंडों और धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही साथ उक्त लोगों के द्वारा मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बिजली बिल के भुगतान व वसूली के लिये महिलाओं का प्रशिक्षण आज से

- तीन ब्लाकों में 47 महिलाओं को विजली विभाग देगा प्रशिक्षण

संवाददाता। हमीरपुर

**राष्ट्रीय** आजीविका मिशन कार्यक्रम के तहत काम कर रही महिलाओं को विजली विल वसूली का प्रशिक्षण देने के लिये फिलहाल तीन व्लाकों का चयन कर लिया गया है। जिसमें कुरारा, मौदाहा सुमेरपुर में 47 महिलाओं का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि शासन के आदेशानुसार एनआरएलएम में जो महिलाएं काम कर रही है, उनको विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो में उपभोक्ताओं के घर जाकर विजली का बिल काट कर तुरंत भुगतान प्राप्त करेगी इसके लिये संबंधित महिलाओ को विल काटना उसका भुगतान लेना कैसे बिल की मशीन संचालित करेगा इसकी जानकारी दी जायेगी इसके लिये सुमेरपुर ब्लाक में 22 सितम्बर को 15, कुरारा ब्लाक में 24 सितम्बर को 12 महिलाएं व मौदहा ब्लाक में 26 सितम्बर को 20 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में कार्यकारी सहायक रामजी त्रिपाठी भी मौके पर उपस्थित रहेगे। अधीक्षण अभियंता ने इस मामले की जानकारी जिलाधिकारी हमीरपुर को दे दी है। महिलाओ को भुगतान के आधार पर कमीशन दिया जायेगा। मिशन में जिले में करीब 66 हजार महिलाएं कार्य कर रही है। अभी तीन ब्लाकों के बाद चार ब्लाकों को बाद में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## सपाइयों ने जुलूस निकाल कर भाजपा को कोसा

- कई स्थानों पर पुलिस से झड़प, सरीला मौदहा राठ में जमकर हंगामा

**हमीरपुर।** आज प्रांतीय आवाह्न पर सपा कार्यकर्ताओं ने जोश खरोश के साथ धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार की नीतियों को जमकर कोसा, हमीरपुर मुख्यालय में बैरीकेटिंक कर सपाईयो को रोका गया तो कई स्थानों पर सपा नेताओ व पुलिस में तीखी झड़प हुयी। जिला मुख्यालय में सपा नेता जीतेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई जिसमे भाजपा के किसान विधेयक पर चर्चा की गयी कहा गया है कि विधेयक किसानों के अहित के लिये बनाया गया है। इसके बाद सपा नेताओ ने बस स्टाप में जाम लगान के लिये जैसे ही आगे बढ़े वैसे ही पुलिस ने बैरीकेटिंग कर रोक लिया, और एसडीएम को ज्ञापन सौपा।



नारेबाजी करते सपा नेता

मौदहा में प्रदेश सरकार की गलत नीतियों और कानून व्यवस्था को ताक पर रखकर सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम मौदहा का अतिरिक्त चार्ज लिए राजेश कुमार चौरसिया के हाथों में सौपा यहां पर सपाइयों में दो फाड़ नजर आए। सपाईयो ने भ्रष्टाचार और घोटाले दिन प्रतिदिन बढ़ने का भी आरोप लगाया। यह जुलूस सपा के जिला उपाध्यक्ष जावेद पहलवान मेजर के आवास से निकलकर रहमानिया कालेज एवं मली कुँआ चौराहा होते हुए तहसील परिसर पहुंचा,जहाँ पर क्षेत्राधिकारी सौम्या पाण्डेय पूरी पुलिस फोर्स के साथ तैनात थीं।

सपा नेताओ ने कहा कि प्रदेश में अभी तक कई हजार मौतें हो चुकी हैं अस्पतालों में इलाज की सुचारू व्यवस्था नहीं है अभी तक दो मंत्री भी अपनी जान गवा बैठे हैं जबकि अन्य कई संक्रमित पाए गए हैं सपाइयों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि वेंटिलेटर और पीपीई किट का अभाव है जहा वेंटिलेटर है वहाँ स्टाफ नहीं है। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई है एवं कानून व्यवस्था सरकार की बढ़ती उदासीनता के कारण पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है एवं भाजपा सरकार द्वारा किसानों के पक्ष में लगातार विरोधी बिल पास किए जा रहे हैं जिससे किसान बहुत परेशान हो रहे हैं।

सपा के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष इदरीश खाँन, पूर्व जिला महासचिव रईस अहमद, वर्तमान महासचिव कमरूद्दीन, नगर अध्यक्ष जबीर चौधरी, नपा अध्यक्ष रामकिशोर मामा, जिला सचिव मोहन बाबू, जिला उपाध्यक्ष जावेद मेजर, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकर, जिला सचिव इरशाद, राजू सहित सैकड़ों सपाई मौजूद सरीला मे भी सपा नेताओं ने तहसील परिसर में धरना देकर बारह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम जुबेर बेग को सौंपा धरने में मुख्य रूप से पूर्व राज्य मंत्री रामाधार राजपूत जिला अध्यक्ष महिला सभा नीलम यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी कामता राजपूत, पूर्व ब्लाक प्रमुख राघवेंद्र यादव जिला सचिव सपा लाखन सिंह विधानसभा अध्यक्ष डाल चंद्र, लाखन सिंह प्रधान मगरौल नरेंद्र यादव नाथूराम सहित आधा सैकड़ा से अधिक सपाई मौजूद रहे।

## पीड़िता ने की कानूनी कार्रवाई की मांग

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी की छेछरिहा बुजुर्ग की श्रमती लल्ली पत्नी स्व धीरज ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि बीस सितम्बर को रात आठ बजे पड़ोसी चुनबाद पुत्र चन्द्रपाल, गिरजा पत्नी चुनबाद व चुनबाद की पुत्री मंजू ने एकराय होकर उसे गालियां देते हुए हाथों में लाठी–डण्डा लेकर दरवाजे को पीट रहे थे। घर के बाहर निकलने पर उसे धक्का देकर घर में घुसकर तोड़फोड़ कर चुनबाद ने उसे बुरी नीयत से पकड़ लिया। पीड़िता ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि आरोपीगणों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। कहा कि पीड़िता को मारकर ही विजय कुमार की जमीन पा सकते हैं। ये बीच में जमीन लेने में अडंगा लगाती है। उक्त लोगों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर अश्लील हरकतें की है। धमकी दी है कि रिपोर्ट लिखाने गई तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने कोतवाल से कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## नोडल अधिकारी ने ग्रामीण अंचल की जानी हकीकत

- मास्क लगाने के लिए कहा, अस्पताल जाकर डॉक्टरों से की बात

**कोटरा ( जालौन )।** मंगलवार को कस्बा कोटरा में नोडल अधिकारी धीरज साहू, एडीएम प्रमिल कुमार, सीएमओ जालौन, आरटीओ जालौन ने कस्बे का भ्रमण किया। कस्बे में सबसे पहले अस्पताल जाकर डॉक्टर एवं कंपाउंडरओं से मुलाकात करके कोविड–19 के बारे में जानकारियां ली कि वह किस तरह बाहर से आए हुए व्यक्तियों की जांच करते हैं और उन्हें कोविड के बारे में क्या जानकारियां हैं। कस्बे की सड़कें साफ सफाई एवं विकास कार्य की जांच पड़ताल करके भ्रमण को जारी रखा। नोडल अधिकारी ने कोविड–19 के चलते गरीबों की सहायता के लिए कहा। कस्बे के पश्चात सिकरी व्यास में जाकर ग्राम पंचायत की सुविधाएं देखी। ग्राम पंचायत में देखा कि कोविड–19 के लिए वह क्या–क्या सुविधाएं उपलब्ध किए हैं। ग्राम पंचायत के बाहर अवैध सामग्री एवं अतिक्रमण को ध्यान में रखते हुए प्रधान को को बताया गया यह सामग्री जिसकी है उसे एक बार सूचित कर दिया जाए अन्यथा की स्थिति में उनके ऊपर कार्यवाही कर की जाएगी और सचेत करते हुए कहा कि सरकारी स्थानों पर अवैध चीजें ना रखें। गांव में जाकर साफ सफाई और सड़कों को देखकर कहा कि नाली दोनों तरफ बनवा दीजिये होनी। गांव के स्कूल में जाकर यह निरीक्षण किया कि कितने छात्र विद्यालय में उपस्थिति देखी और कितने शिक्षक विद्यालय में पढ़ाते हैं एवं शिक्षामित्र के शिक्षक कितने रजिस्टर्ड है और शिक्षकों की भी उपस्थिति देखी। इन सभी महत्वपूर्ण चीजों का निरीक्षण किया। नगर पंचायत कोटरा के अधिशासी अधिकारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं समस्त कर्मचारी और पत्रकार बंधु मौजूद थे।



## लूट, हत्या प्रयास के आरोप में फरार वांछित पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन ( उरई )।** लूट व हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे आरोपित को कुठौंद पुलिस ने एक तमंचा व 2 जिंदा करातूस के साथ पकड़ा। सीओ ने मामले का खुलासा कर आरोपित को न्यायालय भेजा। सीओ विजय आनंद ने कार्यालय में खुलासा करते हुए बताया कि मिथुन उर्फ सिवेंद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम जरहौलिया थाना औरैया ने बीती 9–10 अगस्त की रात में अपने साथियों के साथ ट्रक चालक के साथ मारपीट कर उससे लूटपाट का प्रयास किया था। इतना ही नहीं चालक पर तमंचे से जानलेवा हमला कर जंगलों में भाग निकला था। इस मामले में वह वांछित चल रहा था। सोमवार की रात कुठौंद थाना प्रभारी अरुण कुमार तिवारी को सूचना मिली कि उक्त आरोपित नैनापुर से सिरसा कलार रोड पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही कुठौंद थानाध्यक्ष एसआई दिनेश कुमार का. उमेश कुमार, प्रवीन व मलखान के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही आरोपित ने भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी व बलप्रयोग कर आरोपित को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक अदद तमंचा व 2 जिंदा करातूस बरामद किए। सीओ ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

## संयुक्त जांच अभियान में 28 ट्रक किए सीज

**चित्रकूट।** भरतकूप क्रेशर मंडी से गिट्टी व डस्ट लदे ओवरलोडिंग ट्रक बिना रवन्ना के फर्राटा भर रहे थे। सरकार के राजस्व को क्षति होने पर शनिवार देर शाम एसडीएम सदर रामप्रकाश, एआरटीओ सुरेश यादव, सीओ सिटी रजनीश यादव, खनिज अधिकारी शनि कौशल व नायब तहसीलदार की संयुक्त टीम ने जांच अभियान चलाया। जांच अभियान बेडीपुलिया के पास नोइंट्री दौरान तमाम ट्रक हाईवे किनारे खड़े थे। टीम ने जांच शुरु की तो ज्यादातर चालक ट्रकों को छोड़कर खिसक लिए। टीम ने बेडीपुलिया से लेकर शिवरामपुर के बीच रातभर जांच अभियान चलाया। एक टीम पहाडी व राजापुर क्षेत्र में जांच को पहुंची। बिना रवन्ना व ओवरलोड में 28 ट्रकों को पकड़ा। 21 ट्रक सीज किये गये। 19 ट्रक शिवरामपुर पुलिस चौकी व एक–एक ट्रक पहाड़ी व राजापुर थाने में खड़े कराये गये। परिवहन विभाग ने सीज के अलावा दस ट्रकों का चालान किया है। इस अभियान से ट्रक चालकों में हड़कम्प मचा है। ट्रक संचालकों ने अपनी गाडियां बचाने को चालकों से फोन पर सम्पर्क कर सड़कों से हटकर इधर–उधर ट्रकों को खड़ा करवा दिया।

## किसान विरोधी कानून लागू होने से किसान होंगे बंधुआः राम सिंह



एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता।

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन ने केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर कर्वी तहसील में एक दिवसीय धरना जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल की अगुवाई में देकर प्रधानमंत्री सदर सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

सोमवार को भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह पटेल ने धरना देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए कहा कि किसान विरोधी कानून लागू होने से कृषि क्षेत्र में किसान बंधुआ मजदूर बन जायेंगे। जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह कानून किसान हितैषी कानून नहीं है। देश के किसानों पर हमला किया जा रहा है। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने कहा कि देश में 1943/44 में बंगाल में पड़े सूखे के समय ईस्ट इंडिया कंपनी के अनाज भंडारण के कारण 40 लाख लोग भूख से मर गए थे। समर्थन मूल्य कानून बनाने जैसे कृषि सुधारों से किसान का बिचौलियों और कंपनियों का शोषण बढ जायेगा। मंडल सचिव रामकरण सिंह ने कहा कि किसान विरोधी बिल वापस लिया जाये। इस मौके पर राज किशोर सिंह, उदयनारायण सिंह, शिवदयाल बघेल, नीलकण्ठ द्विवेदी, बद्री सिंह, विनय कुमार तिवारी, नरेश तिवारी, नरेश सिंह, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

## डीएम से गुहार नहीं मिल रहा कूड़ा उठाने की धनराशि

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** बीते 6 माह से नगर में घर–घर जाकर कूड़ा उठाने का ठेका लेने वाली संस्था को धनराशि नहीं मिल पा रही है। जिससे संस्था को परेशानी का सामना करना पड रहा है। कंपनी के सचिव ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर पालिका परिषद द्वारा सैलरी में सहयोग करने की मांग की है।

नगर के घरों से कूड़ा उठवाने का कार्य करने वाली निजी कंपनी श्री कृष्णा फाउंडेशन के सचिव कृष्णा शुक्ला ने जिलाधिकारी राकेश मिश्र को पत्र भेजकर बताया है कि कम्पनी के द्वारा 30 रूपये प्रतिमाह में हर घर से कूडा उठाने का कार्य बीते फरवरी से अगस्त माह तक कराया गया। लेकिन जब कर्मी बसूली के लिए गए तो अधिकांश घरों से पैसा नही मिला। जिससे कर्मियों का वेतन देने में भी परेशानी आ रही है। कई बार पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य से भी कहा गया। लेकिन पालिका कर्मी बसूली में कोई सहयोग नहीं कर रहे है।

## किसान, व्यापारी व आम जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से है त्रस्तः नबाव सिंह

**कन्नौज।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आव्हान पर प्रदेश और देश की भाजपा सरकार के खिलाफ राज्यपाल से संबोधित ज्ञापन डीएम की गैरमौजूदगी में एसडीएम को सौपा गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने सरकारी तंत्र पर भाजपा सरकार के इशारे पर कार्य करते हुये उत्पीड़न का आरोप लगाया। समाजवादी जनता की आवाज उठाने के लिये शांति पूर्वक ज्ञापन देने के लिऐ तहसील में आये तब तानाशाह सरकार के इशारे पर पुलिस ने जनता की आवाज को दबाने के लिऐ हम समाजवादी लोगो को प्रताड़ित करते हुऐ गिरफ्तार कर लिया।

सोमवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव के आवाहन पर भाजपा की जनविरोधी नीतियों के विरोध में ज्ञापन देनें जा रहे सपाईयों को सत्तापक्ष के ईशारे पर पुलिस नें हिरासत में लेकर जबरदस्ती पुलिस लाइन में लाकर बंद कर दिया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव नें कहा कि सत्ता मद में चूर भाजपा के लोग ये जान ले जिस जनता की आवाज का गला दबाया जा रहा है वहीं जनता आने वाले चुनाव में तानाशाह सरकार का गला दबाने का काम करेगी। सदर विधायक अनिल दोहरे ने कहा प्रदेश और देश के किसानो के लिये जो बिल लाया है वो किसानो के हित की बजाय उनके लिये फासी का फंदा होगा ये बिल उद्योग पतियों के लिये बनाया गया है जो किसान अपनी फसल को तैयार होते ही बेच लेता है वह क्या अच्छे दाम पर बेचेगा असली मुनाफा तो धन्ना सेठो को होगा जो औने पौने दाम में फसल खरीदेगा। पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे ने कहा उत्तर प्रदेश अब हत्या प्रदेश बन गया है कब किसकी हत्या हो जाये कब कहा डकैती अपरहण हो जाएं बलात्कार के केस में तो उत्तर प्रदेश ने रिकार्ड तोड़ दिया है उप्र की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है चारो तरफ जंगलराज कायम हो गया है। सदर ब्लॉक प्रमुख नीलू यादव, संजय दुबे, संजू कटियार, राजेश पाल, राजेन्द्र सिंह यादव, अमित मिश्रा, सत्येंद्र यादव, भोले कुरैशी, राकेश कटियार, सभासद पवन अवस्थी, राकेश कठेरिया आदि लोग मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते पूर्व सदर ब्लाक प्रमुख व अन्य सपाई।

## प्रदर्शन कर रहे सपाइयों को पुलिस ने दबोचा

**चित्रकूट।** सपा के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अगुवाई में सपाइयों ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कार्यालय से जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। तहसील पहुंचते ही पुलिस सपाइयों को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले गई। सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अगुवाई में सपाइयों ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते कोरोना संकट बढने और किसान–नौजवान तथा समाज के कमजोर वर्गों की उपेक्षा और कानून व्यवस्था ध्वस्त, सपाइयों का उत्पीडन, भ्रष्टाचार और घोटालों पर नियंत्रण न होने एवं महिलाओं, बच्चियों का जीवन असुरक्षित होने को लेकर जिला कार्यालय से जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां सपाई धरना देकर सभा प्रदर्शन कर रहे थे कि पुलिस ने सपाइयों को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले गई। सपाइयों ने राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपते हुए कहा कि अति व ओलावृष्टि से नष्ट फसलों की किसानों को क्षतिपूर्ति देकर बिजली दरों में वृद्धि रोककर फर्जी एनकाउंटर बन्द हो, हिरासत में मौतों की न्यायिक जांच हो।

# तहसीलों पर सपाइयों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



संवाददाता। सुलतानपुर

**सपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जिले के सपाइयों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर तहसील मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारियों को सौंपा।

सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के तहत सपाइयों ने तहसील मुख्यालयों पर सरकार की गलत नीतियों के चलते कोरोना संकट में भ्रष्टाचार, किसान, नौजवान, बुनकर समाज के कमजोर वर्गों की उपेक्षा, आरक्षण पर वार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, सपा कार्यकर्ताओं को उत्पीड़न, घोटालों, बढ़ती बेरोजगारी, सरकारी साधनों संसाधनों के निजीकरण, बढ़ती शिक्षा फीस, नई शिक्षा नीति, मंहगाई आदि मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। सुलतानपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन के साथ पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद व एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने धरने का नेतृत्व किया। पार्टी कार्यालय से सपाइयों का काफिला तहसील के लिए निकला। काफिले का नेतृत्व जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, महासचिव सलाहुद्दीन, विधानसभा प्रभारी चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, पूर्व सांसद ताहिर खां, पूर्व विधायक अनूप सण्डा, पूर्व मंत्री डा. संदीप शुक्ला, मुईद अहमद रंगोली, मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष शहजाद, वैभव मिश्रा आदि रहे। यहां पर सपाई तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इसौली विधानसभा में विधायक अबरार अहमद ने धरने का नेतृत्व किया और उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष स्वामीप्रसाद यादव, प्रभारी विधानसभा वीरेन्द्र मौर्य, शिवम श्रीवास्तव, डॉ. नफीस खान, जिला पंचायत सदस्य रमाशंकर यादव समेत बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे। उधर, सदर जयसिंहपुर विधानसभा में हुए धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक अरूण वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रोफेसर रामसहाय यादव, महिला जिलाध्यक्ष शारदा यादव, विधानसभा अध्यक्ष हौसिला यादव, कोषाध्यक्ष सूर्यलाल यादव, बृजेश यादव समेत सैकड़ों सपाइयों ने किया। इस दौरान झण्डा, बैनर, टोपी, तख्ती लिए सपाइयों ने माहौल को सपा मय कर दिया। करीब आधे घण्टे तक सपाई धरने पर बैठे। गगनभेदी नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने एसडीएम को सौंपा। लम्भुआ प्रतिनिधि के अनुसार, स्थानीय विधानसभा क्षेत्र में हुए धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधानसभा प्रभारी अशोक वर्मा, जिलासचिव सतपाल यादव, विधानसभा अध्यक्ष नन्हेराम निषाद, पूर्व सहकारी बैंक चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह बब्लू भपटा, राहुल उपाध्याय, पूर्व युवजन सभा जिलाध्यक्ष परमात्मा यादव आदि ने किया। करीब डेढ़ किलोमीटर प्रदर्शन करते हुए सपाई तहसील मुख्यालय पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। यही हाल कादीपुर विधानसभा क्षेत्र का भी रहा।

### सपाइयों ने तोड़ी सोशल डिस्टेंसिंग, मूकदर्शक रहा प्रशासन

**धरना** प्रदर्शन के दौरान सपाई सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल नही रखा। बड़े नेता चिल्लाते रह गए और छुटभैय्या नेताओं नजरअंदाज करते रहे। स्थिति यह हो गई कि एक के ऊपर एक सपाई नजर आए। यह सब नजारा सबके सामने हो रहा था। इस पर अंकुश लगाने वाले प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारी भी मूकदर्शक बने रहे। किसी भी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी ने सपाइयों को सोशल डिस्टेसिंग के लिए टोका तक नही, जबकि लाउड स्पीकर से सुबह-शाम जिला प्रशासन सोशल डिस्टेंसिंग के लिए जागरूक करता रहता है। सपाइयों द्वारा वायरल की गई पांचों विधानसभा क्षेत्रों की फोटो खुद की सब कुछ बयां कर रही है।

# अफसरों ने फ्लैग मार्च कर कोरोना संक्रमण से लोगों को किया जागरूक

संवाददाता। सुलतानपुर



**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक शिवहरी मीना ने कोविड-19 के दृष्टिगत संयुक्त रूप से नगर क्षेत्र नगर पालिका परिषद कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डाकखाना चौराहा, शाहगंज चौराहा, चौक घण्टाघर, पंजाबी मार्केट, जीएन रोड आदि का फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था एवं कोविड-19 प्रोटोकाल प्रवर्तन के लिए लाउड हेलर के माध्यम से अपील किया कि कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम व बचाव हेतु मास्क, सेनेटाइजर तथा सोशल डिस्टेन्सिंग का अनुपालन करें। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च के दौरान जनपद में व्यापारियों से अपील किया है कि सभी व्यापारी बन्धु अपने-अपने दुकान पर मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें तथा दुकान पर आने-जाने वाले सभी ग्रहकों को भी मास्क का प्रयोग करने तथा सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करने के लिये प्रेरित करें, जिससे कोविड-19 के बढ़ते हुए संक्रमण से बचा जा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सतीश चन्द्र शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक नगर सहित भारी संख्या में पुलिस बल आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने सुनीं समस्याएं

**सुलतानपुर।** शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में निर्धारित समय के अनुसार आये हुए एक-एक फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया। डीएम ने जनता दर्शन में आये से फरियादियों से अपील की कि कोविड-19 संक्रमण से बचने के लिये सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करें तथा मास्क अवश्य पहनें।

# भाजपा राज में बेकार बैठे हैं शिक्षित नौजवान: पंडित सिंह

संवाददाता। गोंडा



**कोरोना** महामारी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों पर सरकार का घेराव करते हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह ने कहा भाजपा शासन में शिक्षित नौजवान बेकार बैठे हैं और समाज का कमजोर तबका बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। आज प्रदेश की पुलिस जनता की मित्र तो नही बन सकी, लेकिन उत्पीड़न की एजेंसी जरूर बन गई है। युवा सपा नेता सूरज सिंह ने कहा कि चारों ओर भ्रष्टाचार, अराजकता, घूसखोरी, लूट का माहौल है। सरकार के जनहित विरोधी निर्णयों से जनता परेशान है। भाजपा की गलत नीतियों से ऊबकर 2022 के चुनाव में जनता ने समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का मन बना लिया है। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिलाध्यक्ष आनंद स्वरूप उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि नोटबन्दी और जीएसटी की मार से काम धंधे पहले ही चौपट थे, अब कोरोना महामारी के दौर में सरकार की गलत नीतियों के कारण लोग अब भुखमरी की कगार पर पहुंच गये हैं। इस दौरान पूर्व विधायिका नंदिता शुक्ला, जिला महासचिव राजेश दीक्षित, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सरफराज हुसैन आदि शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर तहसील करनैलगंज में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डाक बंगला परिसर में प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी ज्ञानचंद्र गुप्ता को सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से योगेश प्रताप सिंह पूर्व राज्यमंत्री, बैजनाथ दूबे पूर्व विधायक आदि मौजूद रहे।

# आचरण नियमावली का अनुपालन करें कर्मचारी: आयुक्त

**गोंडा।** आयुक्त देवीपाटन मण्डल एसवीएस रंगाराव ने कहा कि मण्डल में कतिपय स्वयंसेवी संगठनों, ट्रस्टों एवं अन्य संगठनों द्वारा अपनी ओर से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए फोटो के साथ प्रशंसा पत्र तैयार कर उन्हें भेंट करने का प्रयास किया जाता है, कुछ मामलों में सम्बन्धित द्वारा उन्हें ले भी लिया जाता है। यह आचारण कदापि उचित एवं नियमानुकूल नहीं है तथा कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत है।आयुक्त ने मण्डल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि इस प्रकार के प्रशंसा पत्र आदि ग्रहण न करें। साथ ही प्रत्येक दशा में कर्मचारी आचरण नियमावली का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# भाकियू ने दी आन्दोलन की चेतावनी

संवाददाता। करनैलगंज(गोंडा)

- कार्यकर्ताओं व पीड़ित खाताधारकों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**करनैलगंज** इलाहाबाद बैंक की भंभुआ के ताले पुरवा में संचालित फ्रेंचाइजी के संचालक द्वारा बैंक ग्राहकों के खाते से करीब 2 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि के गबन करने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। गरीब किसानों एवं बेसहारा परिवारों के खातों में जमा रकम फ्रेंचाइजी संचालक द्वारा निकाल लेने के मामले को किसान यूनियन ने भानु गुट ने संज्ञान में लेते हुए पीड़ित खाता धारको का पैसा वापस न होने तक आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। इस संबंध में किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं एवं पीड़ित खाताधारकों ने संयुक्त रूप से एसडीएम को एक ज्ञापन दिया है।

सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि करनैलगंज इलाहाबाद बैंक के अधिकारियों की मिलीभगत से उनके फ्रेंचाइजी संचालक ने किसानों एवं बेसहारा परिवारों के खाते में जमा रकम को निकाल लिया जो लगभग में दो करोड़ के आसपास है और वह फरार हो गया। पुलिस ने सभी पीड़ितों का प्रार्थना पत्र तो ले लिया और एक पीड़ित की तरफसे मामूली धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। उसके बाद से पीड़ित का न तो पता लगाया जा रहा है न ही किसानों का पैसा वापस कराने की कोई प्रक्रिया अपनाई जा रही है। ऐसे में किसान यूनियन भानू गुट के प्रदेश मंत्री गजराज सिंह, जिला प्रभारी राजेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामफेर यादव, तहसील अध्यक्ष जेपी मिश्रा उर्फखन्नू, माधव सिंह एवं मुन्नालाल आदि ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन दिया है। जिसमें कहा गया है कि फ्रेंचाइजी संचालक द्वारा खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी करते हुए उनके धन को हड़प लिया गबन कर लिया और इसकी जानकारी लोगों को होने के बाद वह फरार हो गया। पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उनका कहना है कि मुख्य शाखा प्रबंधक से जब शिकायत की गई तो उन्होंनेयह आश्वासन दिया कि सभी पीड़ितों का पैसा देर-सबेर मिल जाएगा। मगर 6 महीने से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद किसी का पैसा न तो वापस किया गया और न ही कोई कार्रवाई कराई गई। किसान यूनियन के नेताओं का कहना है कि यदि एक सप्ताह के भीतर किसानों एवं बेसहारा परिवारों के खातों में पैसा वापस न किया गया तो सभी खाताधारकों के साथ-साथ किसान यूनियन के कार्यकर्ता रोड पर उतरने एवं इलाहाबाद बैंक के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन छेड़ने को मजबूर हो जाएंगे। हालांकि एसडीएम ने किसान यूनियन के प्रार्थना पत्र पर कोतवाल करनैलगंज से पूरे प्रकरण की जांच करने कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# बचत योजनाओं का उठाएं लाभ: डीएम

**गोंडा।** जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल ने बताया है कि बचत विभाग द्वारा शासन से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत से अधिक की उपलब्धि हासिल कर मण्डल में एक कीर्तिमान स्थापित किया गया है तथा देवीपाटन मण्डल में जनपद गोण्डा प्रथम स्थान पर विद्यमान है। बचत योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सहायक निदेशक बचत देवीपाटन मण्डल गोण्डा ने कहा है कि प्रदेश की वार्षिक योजना के वित्तीय पोषण में राष्ट्रीय बचत कार्यक्रम का महत्वपूर्ण योगदान है। इस योजना के माध्यम से जमा धनराशि का शत-प्रतिशत अंश प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार से दीर्घकालीन ऋण के रूप में प्राप्त होता है, जो प्रदेश के बहुमुखी विकास में व्यय होता है। राष्ट्रीय बचत योजना के अन्तर्गत विभिन्न योजनाएं जैसे किसान विकास पत्र, 5 वर्षीय राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघरों व बैंकों में संचालित हो रही हैं।

# बिजली की कटौती से किसान परेशान

**लालगंज रायबरेली।** बिजली की अघोषित कटौती व नहरो में पानी न आने से किसानो की फसलें चौपट होने की कगार पर पहुंच चुकी है। सरकार के तमाम दावों के बावजूद किसान बरबादी की कगार पर पहुंच गये है। एक ओर सरकार किसानो की आय दुगुनी करने के लिये प्रयासरत है वही क्षेत्र के किसानो के सामने रोजी रोटी का संकट बन रहा है। दषको तक नहरो में पानी न आने के बाद क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के प्रयास से नहरो में पानी तो आया था लेकिन जब आज उसकी सबसे अधिक आवश्यकता है तो नहरो में धूल उड रही है। सबसे अधिक दिक्कत किसानो को बिजली की कटौती से झेलनी पड रही है। यूरिया व डीएपी खाद की किल्लत भी किसानो को परेषान कर रही है। सरकार दावे तो कर रही है कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है लेकिन वास्तविकता इससे परे है। सरकारी समितियों से लेकर दुकानो में खाद की कमी है।

# गोद लिए गांवों का भ्रमण कर रिपोर्ट दें अफसर: डीएम

**गोंडा।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने गांवों को सुपोषित बनाने के लिए गोद लेने वाले समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांव गोद लेने वाले अधिकारी किसी निर्धारित दिवस पर जिस दिन केन्द्र पर वी0एच00एस0एन0डी0 का आयोजन हो अर्थात बुधवार या शनिवार को गोद लिये गांव का भ्रमण करें तथा उसकी आख्या जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में जमा कराएं। ताकि गोद लिये गांव को समयबद्ध रूप से कुपोषण मुक्त घोषित किया जा सके। इसके साथ ही जनपद में आंगनवाड़ी केन्द्रों के अनारम्भ कार्यों को तत्काल प्रारम्भ कराने के निर्देश डीपीओ व कार्यदायी संस्था को दिए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि 30 सितम्बर के पश्चात यदि कोई केन्द्र अपूर्ण रहता है तो सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी ।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 46 गांव सुपोषित बनाने हेतु 23 जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए हैं। उन्होंने गांव गोद लेने वाले अधिकारियों, जिला कार्यकम अधिकारी व सीडीपीओ को निर्देश दिए हैं कि सैम व मैम बच्चों का चिन्हांकन कर रिपोर्ट दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 3729 सैम व मैम बच्चे चिन्हांकित हैं, जिसमें कुल 607 बच्चों के पोषण में सुधार माह जुलाई तक किया गया है। अवशेष बच्चों के पोषण में सुधार हेतु अनुपूरक पोषाहार का वितरण कर तथा इन बच्चों के अभिभावकों को नियमित रूप से बच्चों के खान-पान तथा गम्भीर रूप से कुपोषित बच्चों को जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुर्नवास केन्द्र में भर्ती कराकर इलाज कराने हेतु सलाह दी जा रही है, किन्तु कोविड-19 महामारी के कारण अभिभावक बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

# 28 सितम्बर तक चलेंगीं स्थगित परीक्षाएं

**सुलतानपुर।** डॉ.राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या वर्ष 2020 की स्थगित 15 सितम्बर 2020 से शुरू होकर 28 सितम्बर 2020 तक चलेगी। जिसमें केवल बीए भाग तीन, बीएससी एजी भाग चार एवं एमए, एमएससी, एमकॉम अन्तिम वर्ष की परीक्षा चल रही है। सोमवार को प्रथम पाली (08:00 से 11:00 ) कुल 900 छात्र-छात्राएं जिसमें 31 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहीं। द्वितीय पाली में 1208 छात्र-छात्राएं जिसमें 71 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहीं। केन्द्र अधीक्षक डॉ.जायशनाथ मिश्र ने बताया कि परीक्षा बहुत ही अच्छे से शान्ति पूर्वक सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए हो रही है। गेट पर ही सभी छात्र-छात्राओं सेनेटाइजर, थर्मल स्क्रीनिंग कराकर ही प्रवेश दिया जा रहा है, जिन लोगों के पास मास्क नहीं रहता है उन्हें मास्क भी महाविद्यालय द्वारा नि:शुल्क दिया जा रहा है।

# भ्रष्ट लेखपाल के खिलाफ दलित समाज धरने पर

संवाददाता। रायबरेली



**भ्रष्टाचारी** लेखपाल पर दलित समाज तंग आ गया कि वह धरने पर बैठ गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया है कि लेखपाल पर सामुदायिक शौचालय को दलित बस्ती से हटवाने का कुचक्र भ्रष्टाचारी लेखपाल ने रचा है। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर भ्रष्टाचारी लेखपाल पर कड़ी कार्यवाही करने की अपील की है मामला सताव ब्लॉक के बरुवा का है। इसके पहले लेखपाल की कार्यशैली से तंग आकर रजिस्टार कानूनगो ने कोतवाली में नामजद मुकदमा दर्ज करवाया था। आरोप था कि लेखपाल ने बिना बैनामा के ही दूसरे के नाम जमीन चढ़ा दी थी। विश्व दलित परिषद की तरफ से दिए गए ज्ञापन में लिखा गया है कि ब्लॉक सताव के ग्राम सभा बरुआ में शासन द्वारा दिए गए सामूहिक शौचालय को हल्का लेखपाल द्वारा शासन की मंशा अनुसार दलित बस्ती में प्रस्तावना किए जाने व गांव की सरकारी जमीन को दबंग भू माफियाओं से सांठगांठ कर अवैध तरीके से पट्टा करके कब्जा करवाया है इस पर निष्पक्षता से जांच करवाई जाए। जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बिंदुवार बताया है कि ग्राम में शासन द्वारा चलाई जा रही योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनवाने के लिए प्रत्येक परिवार को धन आवंटन कर शौचालय बनवा दिया गया किंतु ग्राम सभा बरुआ में लगभग 20 से 25 परिवारों के पास अपनी भूमि ना होने की वजह से शौचालय बनवाने के लिए शासन द्वारा भेजी गई धनराशि का आवंटन नहीं हो सका है। इस योजना से वंचित दलित अनुसूचित जाति पिछड़ी जाति के परिवारों के लिए शासन द्वारा सामूहिक शौचालय बनाने का निर्णय लिया गया है की शौचालय बनाने का प्रस्ताव ग्राम बढ़ईन का पुरवा जूनियर हाई स्कूल के पास किया गया जिसको तहसीलदार सदर एवं खंड विकासधिकारी की उपस्थिति में उक्त जमीन पर सामूहिक शौचालय बनाने हेतु चिन्हित किया गया था। आरोप लगाया गया है कि ग्राम बरुआ के दबंग सामंतवादी क्षेत्र पंचायत सदस्य के परिवार के दबाव में क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा उक्त सामूहिक शौचालय को दलित की बस्ती में भूमि प्रबंध समिति के द्वारा किए गए प्रस्ताव पर ना करके जबरन अपनी दबंगई के बल पर ग्राम बरूवा में सामान्य वर्ग की बस्ती आस्तिक बाबा मंदिर के पास बनवाने का प्रस्ताव कराने की मनमानी ढंग से कराने का दबाव बना रहे हैं। जिसमें शासन की मंशा अनुसार प्रत्येक परिवार के घर-घर शौचालय बनाया जा चुका है वहां पर सामूहिक शौचालय बनाने का कोई औचित्य नहीं है। ज्ञापन में लिखा गया है कि जिलाधिकारी से अनुरोध है कि उक्त प्रकरण की निष्पक्षता से जांच कराकर भ्रष्ट वर्तमान क्षेत्रीय लेखपाल के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करके वंचित दलितों की बस्ती के पास सामूहिक शौचालय बनवाया जाए।

जिस तरह से दलित समाज ने भ्रष्टाचार का आरोप लेखपाल के ऊपर लगाया है उससे शासन की विकास की वह तमाम योजनाएं दम तोड़ती नजर आती हैं जिसमें यह बात कही गई है की योजनाएं हाशिए पर पड़े तबके के पास पहुंचे। लेकिन लेखपाल साहब अपनी कार्यशैली से चर्चित होते जा रहे हैं हाल में ही रजिस्टार कानूनगो ने कोतवाली में इनके खिलाफनामजद मुकदमा दर्ज करवाया था आरोप था कि बिना बैनामा के ही दूसरे के नाम जमीन चढ़वा दी है।

# विधेयक पारित होने से किसान आर्थिक रूप से होगा और मजबूत: जिलाध्यक्ष

संवाददाता। सुलतानपुर

**भारतीय** जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ आर.ए.वर्मा ने रविवार को राज्यसभा से उपज व्यापार एवं वाणिज्य (संवर्धन एवं सरलीकरण) विधेयक 2020 और कृषक (सशक्तिकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन एवं कृषि सेवा पर करार विधेयक 2020 के पारित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक धन्यवाद दिया और सभी किसानों को बधाई दी। डॉ वर्मा ने कहा कांग्रेस और कुछ विपक्षी दल नही चाहते कि देश का किसान आर्थिक रूप से मजबूत और सशक्त हो। उन्होंने परिश्रमी अन्नदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह किसान बिल न केवल कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाएगा बल्कि किसानों को अपने फसल के भंडारण और बिक्री की आजादी देंगे और बिचौलियों के चंगुल से उन्हें मुक्त करेंगे। सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार एवं भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कहा कि आजादी के 70 सालों में किसानों के सशक्तिकरण के लिए जो कदम नहीं उठाये उसे प्रधानमंत्री ने साकार रूप दिया है। पीएम मोदी कृषि की बेहतरी और किसानों के उत्थान के लिए पूरी तन्मयता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले किसान अपने उत्पादों को मंडी में ही बेचने पर विवश थे, उनके पास कोई सहूलियत नहीं थी। इन विधेयकों के पारित होने से किसानों को पुराने सभी बंधनों से आजादी मिली है और अब किसान अपनी मर्जी का मालिक होगा। किसानों को देश में कही भी उपज बेचने का विकल्प देकर उन्हें सशक्त बनाया गया है।अब इन बिलों के पास होने से हमारे किसानों की पहुंच भविष्य की टेक्नोलॉजी तक आसान होगी। इससे न केवल उपज बढ़ेगी, बल्कि बेहतर परिणाम सामने आएंगे। यह एक स्वागत योग्य कदम है। भाजपा सरकार किसानों की सेवा के लिए निरंतर काम करती रहेगी।सरकार अन्नदाताओं की सहायता और उनकी खुशहाली के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

### बिल के विरोध में कांग्रेस

**सुलतानपुर।** सोमवार को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी के नेतृत्व में 'किसान विरोधी बिल' के विरोध में नारेबाजी करते हुए सैकड़ो कांग्रेसी सड़क पर उतर आए। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है, तब से किसानों की हालत बदतर हो गई है। भाजपा के किसान विरोधी कार्यो से पूरे देश के किसानों में आक्रोश है। अगर भाजपा सरकार ये बिल वापस नही लेती है तो युवा कांग्रेस किसानों के साथ कन्धे से कंधा मिलाकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# बेकाबू बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

**बल्दीराय-सुलतानपुर।** अनियंत्रित बोलोरो ने बुलेट सवार को टक्कर मारी जिससे बुलेट पर सवार समरजीत यादव व मंगलेश यादव निवासी टिकरिया थाना धम्मौर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलो को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। दोनो युवक समाजवादी पार्टी के धरना प्रदर्शन में शामिल होने बल्दीराय तहसील जा रहे थे। सूचना पर पहुँची पुलिस ने बोलेरो व बुलेट को कब्जे में लेकर जाँच में जुट गयी। बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना पर इसौली विधायक अबरार अहमद घायलों का हालचाल लेने जिला अस्पताल पहुचे। बल्दीराय थाना क्षेत्र के हलियापुर-कुड़वार मार्ग पर वलीपुर स्थित पेट्रोल पम्प के नजदीक अनियंत्रित बोलोरो यूपी 36-डी-9445 ने यूपी 44 बी.बी 0536 में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे बुलेट सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उनका इलाज चल रहा है।

# किसानों से छल कर रही प्रदेश सरकार: राकेश राना



संवाददाता। रायबरेली

**किसानों** की समस्याओ को लेकर आज जगतपुर कस्बे में कांग्रेस जनों ने जिला सचिव राकेश राना की अगुवाई में उपवास कर सरकार का विरोध जताया । राकेश राना ने कहा कि वर्तमान में किसान करह रहा है न विजली है न नहरों में पानी है ऊपर से आवारा जानवर उनकी फसल बर्बाद कर रहे है । आवारा जानवरों के चलते किसान रात भर खेतो की रखवाली कर रहा है जरा सी चूक में उसकी जमा पूंजी भी खत्म हो जा रही है । पर सरकार किसानों की खबर से बेखबर है । सरकार ने अब तय कर लिया है कि किसान की खेती भी अब अम्बानी अडानी को गिरवी रख देगी । उपवास कार्यक्रम को पीसीसी सदस्य मदन सिंह , महेश शर्मा, ओम त्रिपाठी , नौशाद खतीब , यशपाल भारती आलोक यादव, आदि ने संबोधित करके सरकार को कटघरे में खड़ा किया। इस अवसर पर अशापाल सिंह अरविंद पुष्पेंद्र, हारून अली , विश्वनाथ त्रिवेदी , छत्रपाल यादव , सहित सैकड़ो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उपवास किया। बाद में मदन सिंह ने राकेश राना व ओम त्रिपाठी को जूस पिला कर उपवास समाप्त करवया।

# वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ बैठक का आयोजन

**सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति (प्रदेश स्तरीय उद्योग बन्धु) की बैठक उद्यमी संगठन इण्डियन इण्डस्ट्रीज एशोसिएशन लघु उद्योग भारती एवं अन्य औद्योगिक संगठनों के साथ कुछ जनपदों गोरखपुर, मेरठ, कानपुर आदि में उद्यमियों को आने वाली समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। तथा भविष्य में इस तरह की समस्याओं से किस तरह से निपटा जाए इस पर भी चर्चा हुई। इसमें सभी ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, उपायुक्त उद्योग अनूप कुमार, आईआईए के संयोजक प्रवीन्द्र भलोठिया, सचिव औद्योगिक सहकारी समिति अरूण जायसवाल सहित लघु उद्योग प्रकोष्ठ प्रतिनिधि संतोष दूबे सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# हजारों सपने साकार करेगा आवास प्लस

## चयनित 66528 का बनेगा मनरेगा जॉब कार्ड, आवास निर्माण में मिलेगा 90 दिन का रोजगार

संवाददाता। बस्ती




**आवास** प्लस योजना उन 66528 लोगों के सपनें के आशियाने को साकार करने जा रहा है, जो सालों से सपना संजोए हुए थे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से वंचित रहने वाले आवासहीन को उक्त योजना के जरिए आवास इसी साल के माह अक्टूबर तक सरकार देने जा रही है। जिन लोगों को आवास प्लस योजना में आवास मिलने जा रहा है, उनका सत्यापन हो चुका और वे सभी पात्र पाए गए हैं। डीआरडीए के पीडी आरपी सिंह ने बताया कि सभी पात्रों का मनरेगा जॉब कार्ड भी बनेगा ताकि उन्हें आवास निर्माण में 90 दिन का रोजगार दिया जा सके। अब तक 38665 लाभार्थियों के जॉब कार्ड को मैपिंग किया भी जा चुका है। कहते हैं कि चयनित लाभार्थियों को 31 अक्टूबर 20 तक हर हाल आवास मिलने की स्वीकृति पत्र मिल जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 24860 को आवास दिया जा चुका है। इस योजना की सबसे बड़ी खास बात यी है कि सरकार ने पहली बार प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण प्लस योजना में सेक्रेटरी को पूरी तरह जिम्मेदार बनाया है। इस नई व्यवस्था के तहत अगर पात्रों के चयन में कहीं गड़बड़ी मिलेगी तो सीधे सेक्रेटरी के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके लिए प्रत्येक सेक्रेटरी को यूजर, आईडी पासवर्ड एलाट किया गया है। इतना ही नहीं अगर किसी लाभार्थी को अपात्र की श्रेणी में सेक्रेटरी डालते हैं, तो इसके लिए उन्हें पर्याप्त कारण बताना होगा, पहले यह जिम्मेदारी बीडीओ को दी गई थी। डीआरडीए के परियोजना निदेशक आरपी सिंह कहते हैं कि सरकार और डीएम की मंशा पात्र को ही योजना का लाभ मिले, यही कारण है कि पात्रता के 20 कड़े मानक निर्धारित किए गए हैं।

सत्यापन के दौरान जिन ब्लॉकों में अपात्र पाए गए और जिनका नाम कम्प्यूटर से डिलीट किया गया, उनमें सबसे अधिक बनकटी में 4662, रामनगर में 1592, बहादुरपुर में 659, सल्टौआ में 987, दुबौलिया में 1811, हर्रैया में 1251, रुधौली में 1161, कुदरहा में 1232, गौर 709, कप्तानगंज 201, विक्रमजोत 2541, साउंघाट में 770 और सदर में 1086 सहित कुल 22333 सहित अपात्र मिले। पीडी ने बताया कि जो पात्र पाए गए, उनके सत्यापन के लिए सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका 73 जिला स्तरीय अधिकारियों से सत्यापन कराया।

एक-एक अधिकारी से दो-दो न्याय पंचायत का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान जो अपात्र पाए गए उससे सरकार को 2.68 अरब से अधिक का लाभ हुआ।

## मोबाइल छिनैती कर ओलेक्स पर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस और सर्विलांस सेल टीम ने मोबाइल छिनैती कर उसे ओलेक्स पर बेचने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। 11 मोबाइल और छिनैती में प्रयुक्त एक मोटर साईकिल की बरामदगी कर मामले में संलिप्त पांच की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार किए गए पांच में चार छिनैती करने वाले और एक मोबाइल का पैटर्न तोड़ने वाला दुकानदार शामिल है। बरामद मोबाइलों की कीमत पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये बतायी है। बरामद मोबाइल अलग- अलग स्थानों से छीने गए थे।

पिकौरा दत्तुराय निवासी सलमान अहमद से पैदल मोबाइल पर बात करते जाते समय जीजीआईसी के पास बिना नम्बर की मोटर साईकिल पर सवार दो लोगो द्वारा झप्पटा मारकर मोबाइल छीनकर फरार हो जाने की सूचना दी गई। तीन सितम्बर को हुई इस घटना में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की थी।

# संचारी रोग व दिमागी बुखार पर नियंत्रण को प्रभावी कार्रवाई की जाए



संवाददाता। बस्ती

**पहली** से 31 अक्टूबर 2020 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान, संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्रवाई के लिए सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि सभी विभाग कार्ययोजना बनाएं तथा कार्ययोजना के अनुसार लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। निर्देश दिया कि अक्टूबर माह के दस्तक अभियान में आशा घर-घर जाकर बुखार के साथ ही खांसी तथा सांस लेने में परेशानी के लक्षण वाले रोगियों के विषय में जानकारी प्राप्त करेंगी। इसकी सूचना वे निर्धारित प्रारूप पर ब्लाक मुख्यालय भेजेंगी। उन्होंने निर्देश दिया कि फरवरी से अगस्त 2020 के बीच नियमित टीकाकरण से वंचित शिशुओं को चिन्हित एवं सूचीबद्ध कर टीकाकरण कराने की कार्ययोजना तैयार करें। अक्टूबर माह में घर-घर भ्रमण के दौरान जनवरी से सितम्बर 2020 के बीच जन्में शिशु का नाम तथा पता अंकित करते हुए सम्पूर्ण टीकाकरण का विवरण भेजेंगी।

# बाहर निकलें तो मास्क अवश्य लगाएं



**संतकबीरनगर।** जनपद में जिलाधिकारी के रुप में कार्यभार संभालने के बाद जनहित कार्यों के प्रति संवेदनशील जिलाधिकारी की पहचान पाने वाली दिव्या मित्तल ने जनपद वासियों से कोरोना संक्रमण से बचने हेतु सही ढंग से मुंह एवं नाक पर मास्क लगाने के बाद ही घर से बाहर निकले, सोशल डिस्टेंसिंग यानी 2 मीटर की न्यूनतम दूरी बनाते हुए एक दूसरे से मिलने/बातचीत करने, समय-समय पर साबुन से हाथों को धोने तथा आवश्यकतानुसार सेनीटाइजर का प्रयोग करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षात्मक उपायों को व्यवहार में लाने के प्रति जागरूकता एवं उसका सही उपयोग करना ही कोरोना संक्रमण से बचने का सबसे अच्छा तरीका है।

## विनिमय शुल्क जमा करें ईट भट्ठा मालिकः डीएम

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जनपद में ईंट भट्ठों के संचालन पर विनिमय शुल्क वसूल कराए जाने के संबंध में निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तर प्रदेश के द्वारा जारी निर्देशों का हवाला देते हुए बताया है कि जनपद के अधिकांश ईंट भट्ठा मालिकों द्वारा विनिमय शुल्क जमा नहीं किए जाने से शासन को प्राप्त होने वाली राजस्व प्रभावित हुई है। उल्लेखनीय है कि ईंट भट्ठा सत्र 2020-21 माह अक्टूबर से प्रारंभ होगा जिसके अंतर्गत जनपद में विभिन्न श्रेणी के साधारण भट्टे तथा जिग जैग भट्टे संचालित होंगे। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त ईंट भट्ठा मालिकों के सूचनार्थ बताया है कि पूर्व की समस्त बकाया धनराशि जमा करने के उपरांत ही भट्ठा सत्र 2020-21 में ईंट भट्ठे के संचालन की अनुमति प्रदान की जाएगी। यदि कोई भट्ठा स्वामी द्वारा बिना पूर्व की समस्त बकाया धनराशि जमा किए बिना ईंट भट्ठा संचालित करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## डेमोस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स मच्छरजनित रोगों से बचाव की देंगे जानकारी

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद** के नगरीय क्षेत्रों में मलेरिया इंस्पेक्टर के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य टीम डेमोस्टिक ब्रीडिंग चेकर्स द्वारा मच्छर स्रोत विनष्टीकरण कराया जाएगा इसके अलावा मच्छर जनित रोगों ,मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया आदि से बचाव की जानकारी प्रदान की जाएगी। जिससे मलेरिया एवं डेंगू जैसे खतरनाक रोगों पर नियंत्रण पाया जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि मच्छर प्राय सभी घरों में पाए जाते हैं, इनमे जीवन चक्र का एक बड़ा हिस्सा घरों के अंदर या बाहर संचित जल में बीतता है। मादा मच्छर अपने अंडे पानी में देती हैं जिससे लार्वा विकसित होते हैं जो कालांतर में वयस्क मच्छर बनते हैं। यदि इस चक्र को बीच में तोड़ दिया जाए तो मच्छरों के घनत्व एवं मलेरिया तथा डेंगू रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसी

# एडीओ पंचायत को सिखाया जा रहा है कम्प्यूटर चलाना

## 14 में 11 को नहीं आता कम्प्यूटर आपरेट करना

## प्रत्येक रविवार को चलेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

संवाददाता। बस्ती



**जिन** ब्लॉकों के एडीओ पंचायत के जिम्मे अरबों रुपये के योजनाओं की मानिटरिंग की जिम्मेदारी हो, और उन्हें कम्प्यूटर चलाना नहीं आता हो, यह सोचने वाली बात। बैठक के दौरान पता चला कि 14 में 11 सहायक विकास अधिकारी पंचायत को मोबाइल ही चलाना नहीं आता। अभी तक यह लोग कम्प्यूटर आपरेटर के भरोसे रह रहे थे। जिसके चलते सूचना गलत भी हो जाती थी। जब इसकी जानकारी सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका को हुई तो उन्होंने पूरी तरह प्रशिक्षित ना होने तक प्रत्येक रविवार को कार्यशाला चलाने का आदेश दिया। इससे पहले कार्यशाला विकास भवन के सभागार में रविवार को हो चुका है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक राजशेर सिंह के द्वारा सभी एडीओ पंचायत को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के पहले चरण में उन्हें गूगल शीट के बारे में जानकारी दी गई, बताया कि जो सूचना ब्लॉक पर रहती है, वह जिले पर भी प्रदर्शित हो रहा है। पता चला कि कई ऐसे एडीओ ऐसे हैं, जिन्हें वाट्सअप तो देखना आता है, मगर वाट्सअप के मैसेज का जवाब देना नहीं आता।

विभागीय पोर्टल पर योजनाओं संबंधित जानकारी दी जा रही है। पिछले दो माह से यह देखने में आरहा है कि पोर्टल पर दी जा रही सूचनाओं का आदान-प्रदान एडीओ नहीं कर रहे है। जिससे योजनाओं की मानिटरिंग नहीं हो पा रही थी। सबसे पहले सभी को पोर्टल पर सूचना कैसे देखी जाती है, और उसका जबाव कैसे दिया जाता है कि जानकारी दी गई। वर्तमान में पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालयों की प्रगति पर सबसे अधिक जोर दिया जारहा है। रिपोर्ट को कैसे अपडेट करना है कि जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत में भुगतान संबधित जानकारी दी गई। पताचला कि आईडी और पासवर्ड तो एडीओ को जारी कर दिया गया, मगर सदर, बनकटी और साऊघाट ब्लॉक के एडीओ के अतिरिक्त अन्य ने पिछले दो माह से आईडी का इस्तेमाल ही नहीं किया। आत्मनिर्भर एप के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि किस किए गए कार्यो के फोटो को अपलोड करना है। सीडीओ ने अन्य विभागों के एडीओ को भी इसी तरह का प्रशिक्षण देने का आदेश दिया है।

# अनाज की कालाबाजारी में विपणन अधिकारी समेत चार पर मुकदमा दर्ज

## ट्रक से रौंदकर तीन मजदूरों को मौत के घाट उतारने के बाद सुर्खियों में आया था मामला

## डीएम आशुतोष निरंजन ने की गठित की थी जांच कमेटी

संवाददाता। बस्ती

**पैकोलिया** थाना क्षेत्र के सरकारी गोदाम से 130 बोरी सरकारी चावल की कालाबाजारी करने के मामले में क्षेत्रीय विपणन अधिकारी बभनान अम्बेडकरनगर जिले के निवासी रामसूरत वर्मा, उनके निजी वाहन चालक रघुवीर सिंह, कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बेलसड़ निवासी गणेश शंकर गोस्वामी, हसीनाबाद निवासी गोदाम संचालक प्रेम चन्द्र गुप्ता के विरूद्ध गबन और इसी एक्ट की धारा के तहत पैकोलिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बता दें कि पैकोलिया थाना क्षेत्र के हसीनाबाद गोदाम में सरकारी खाद्यान्न के कालाबाजारी का मामला उस समय सामने आया, जब हर्रैया थाना क्षेत्र के बिहरा में ट्रक से रौंद कर तीन मजदूरों की मौत हो गई। सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी के मामले में डीएम आशुतोष निरंजन ने जांच कमेटी गठित कर दी। गोदाम में सील किए गए खाद्यान्न और क्षेत्रीय विपणन अधिकारी बभनान एवं सरकारी राशन के गोलमाल के अवैध व्यापार के गठजोड़ की जांच कराई गई। प्रथम दृष्टया सहायक विपणन अधिकारी बभनान रामसूरत वर्मा की अनाज के गोलमाल में संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें आरएफसी कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया था। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी हर्रैया नारायण बाल्मिकी सिंह की तहरीर पर सरकारी अनाज के गबन मामले में पैकोलिया थाने में तत्कालीन क्षेत्रीय विपणन अधिकारी बभनान अम्बेडकरनगर जिले के जलालपुरथाना क्षेत्र के अशरफपुर मजगावा निवासी रामसूरत वर्मा,उनके निजी वाहन चालक जफरपुर निवासी रघुवीर सिंह, ट्रक चालक बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बेलसड़ निवासी गणेश शंकर गोस्वामी, पैकोलिया थाना क्षेत्र के हसीनाबाद स्थित गोदाम के मालिक प्रेम चन्द्र गुप्ता के विरूद्ध भादवि की धारा 409, ईसी एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

# सरकार के खिलाफ सपाई आक्रोशित, भेजा ज्ञापन

**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आहवान पर किसान विरोधी कृषि बिल सहित 10 सूत्रीय मांगो को लेकर जनपद के तीनो तहसीलो पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। तीनो तहसीलो पर पुलिस फोर्स मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। सपाईयो ने सरकार विरोधी नारे लगाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। खलीलाबाद तहसील का नेतृत्व जिलाध्यक्ष गौहर अली खाँ एवं एमएलसी संतोष यादव सनी के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर एसडीएम खलीलाबाद को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एमएलसी संतोष यादव सनी केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ काफी आक्रामक नजर आये। एमएलसी सनी ने कृषि बिल को लेकर कहा कि यह किसानों को दबाने की एक साजिश है। इसी क्रम में धनघटा तहसील पर पूर्व विधायक अलगू चौहान एवं जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह



सिसौदिया के नेतृत्व में तथा मेंहदावल तहसील पर जिला उपाध्यक्ष के0डी0 यादव एवं पूर्व मंत्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद के नेतृत्व में सपाईयो ने तहसील पर जोरदार प्रदर्शन किया। खलीलाबाद में ज्ञापन सौपने के दौरान पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, रमेश चन्द यादव, एकलाख अहमद, कौशल चौधरी, अजीम खान, मोहम्मद अहमद, सैय्यद फिरोज अशरफ रामदरश यादव, डा0 रामनाथ चौरसिया, सहित भारी संख्या में सपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं की पार्टी है भाजपाः महेश

संवाददाता। सोनभद्र




**भारतीय** जनता पार्टी के क्षेत्रिय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव को पुनः क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी क्षेत्र बनाए जाने के बाद जनपद में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ा गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के गौरीशंकर, करमा, घोरावल मण्डल के मण्डल पदाधिकारी सेक्टर संयोजक व सेक्टर प्रभारियों की संयुक्त बैठक जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुई। बैठक कि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रिय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा एक परिवार कि नही कार्यकर्ताओं की पार्टी है, सभी सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी व मण्डल पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी कि रीढ़ है, भारतीय जनता पार्टी इन्ही कार्यकर्ताओं के बल पर पिछले सभी चुनावों में विजय पताका फहराती रही है, इसी तरह आगे आने वाले पंचायत चुनाव स्नातक एमएलसी चुनाव आगामी विधानसभा के चुनाव में भी हम इन्ही कार्यकर्ताओं के बल पर विजयश्री प्राप्त करेंगे इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों कि जिम्मेदारी है कि अपने मण्डल व सेक्टर को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत करें, अपने मण्डल में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को चिन्हित करके काम में लगाने का काम करें। यहा पर एक सामान्य कार्यकर्ता भी विधायक सांसद जिला पंचायत अध्यक्ष बन सकता हैं, जैसे मोदी जी एक साधारण कार्यकर्ता के रुप हम लोगों के सामने है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने महेश को पुनः काशी क्षेत्र का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद जनपद आगमन पर स्वागत किया।

# विश्व अल्जाइमर्स दिवसः 27 सितम्बर तक चलेगा व्यापक अभियान

## जितनी जल्दी पता चल जाए बीमारी का उतनी ही जल्दी दूर की जा सकती है बुढ़ापे की बड़ी समस्या

संवाददाता। मिर्जापुर

**उम्र** बढ़ने के साथ ही तमाम तरह की बीमारियाँ हमारे शरीर को निशाना बनाना शुरू कर देती हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख बीमारी बुढ़ापे में भूलने की आदतों अल्जाइमर्स (डिमेंशिया) की है, ऐसे बुजुर्गों की तादाद बढ़ रही है। इसीलिए इस बीमारी की जद में आने से बचाने के लिए, हर साल 21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर्स दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जागरूकता लाना है ताकि घर.परिवार की शोभा बढ़ाने वाले बुजुर्गों को इस बीमारी से बचाकर उनके जीवन में खुशियां लायी जा सकें। इसी के तहत 21 से 27 सितम्बर तक चलने वाले राष्ट्रीय डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह के तहत प्रदेश के हर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये इस बीमारी की सही पहचान और उससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता लाने की बड़ी कोशिश की जायेगी।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय के अनुसार किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के मनोचिकित्सा विभाग के एडिशनल प्रोफ़ेसर डॉ. आदर्श त्रिपाठी का कहना है कि बुजुर्गों को डिमेंशिया से बचाने के लिए जरूरी है कि परिवार के सभी सदस्य उनके प्रति अपनापन रखें।

अकेलापन न महसूस होने दें, समय निकालकर उनसे बातें करें, उनकी बातों को नजरंदाज कदापि न करें बल्कि उनको ध्यान से सुनें। ऐसे कुछ उपाय करें कि उनका मन व्यस्त रहे। उनकी मनपसंद की चीजों का ख्याल रखें। निर्धारित समय पर उनके सोन-जागने, नाश्ता व भोजन की व्यवस्था का ध्यान रखें। अमूमन 65 साल की उम्र के बाद लोगों में यह बीमारी देखने को मिलती है या यूँ कहें कि

### डिमेंशिया के लक्षण

*रोजमर्रा की चीजों को भूल जाना, व्यवहार में परिवर्तन आना, रोज घटने वाली घटनाओं को भूल जाना, दैनिक कार्य न कर पाना आदि इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। इसके चलते बातचीत करने में दिक्कत आती है या किसी भी विषय में प्रतिक्रिया देने में विलम्ब होता है। डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हाई कोलेस्ट्रोल, सिर की चोट, ब्रेन स्ट्रोक, एनीमिया और कुपोषण के अलावा नशे की लत होने के चलते भी इस बीमारी के चपेट में आने की सम्भावना रहती है।*

### फ़ोन मिलाएं समस्या का समाधान पाएं

*अगर आप मानसिक तनाव या चिंता महसूस कर रहे हैं तो राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और स्नायु विज्ञान संस्थान के टोल फ्री नंबर-080-46110007 पर कॉल करके मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी हर समस्या का समाधान पा सकते हैं।*

### क्या कहते हैं आंकड़े

*सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स नई दिल्ली की तरफ़से अभी हाल ही में जारी एक एडवाइजरी में कहा गया है कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 16 करोड़ बुजुर्ग (60 साल के ऊपर) हैं। इनमें से 60 से 69 साल के करीब 8.8 करोड़, 70 से 79 साल के करीब 6.4 करोड़, दूसरों पर आश्रित 80 साल के करीब 2.8 करोड़ और 18 लाख बुजुर्ग ऐसे हैं, जिनका अपना कोई घर नहीं है या कोई देखभाल करने वाला नहीं है।*

## बुजुर्गों के प्रति अपनापन दिखाएं, भूलने की बीमारी से बचाएं

**सोनभद्र।** उम्र बढ़ने के साथ ही तमाम तरह की बीमारियाँ हमारे शरीर को निशाना बनाना शुरू कर देती हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख बीमारी बुढ़ापे में भूलने की आदतें अल्जाइमर्स डिमेंशिया की है, ऐसे बुजुर्गों की तादाद बढ़ रही है। इसीलिए, इस बीमारी की जद में आने से बचाने के लिए हर साल 21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर्स डिमेंशिया दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जागरूकता लाना है ताकि घर परिवार की शोभा बढ़ाने वाले बुजुर्गों को इस बीमारी से बचाकर उनके जीवन में खुशियाँ लायी जा सकें। इसी के तहत 21 से 27 सितम्बर तक चलने वाले राष्ट्रीय डिमेंशिया जागरूकता सप्ताह के तहत प्रदेश के हर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये इस बीमारी की सही पहचान और उससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता लाने की बड़ी कोशिश की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके उपाध्याय का कहना है कि बुजुर्गों को डिमेंशिया से बचाने के लिए जरूरी है कि परिवार के सभी सदस्य उनके प्रति अपनापन रखें। अकेलापन न महसूस होने दें, समय निकालकर उनसे बातें करें, उनकी बातों को नजरंदाज कदापि न करें बल्कि उनको ध्यान से सुनें। ऐसे कुछ उपाय करें कि उनका मन व्यस्त रहे, उनकी मनपसंद की चीजों का ख्याल रखें। निर्धारित समय पर उनके सोने जागने, नाश्ता व भोजन की व्यवस्था का ध्यान रखें। अमूमन 65 साल की उम्र के बाद लोगों में यह बीमारी देखने को मिलती है या यूँ कहें कि नौकरी-पेशा से सेवानिवृत्ति के बाद यह समस्या पैदा होती है। इसके लिए जरूरी है कि जैसे ही इसके लक्षण नजर आएं तो जल्दी से जल्दी चिकित्सक से परामर्श करें ताकि समय रहते उनको उस समस्या से छुटकारा दिलाया जा सके। इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में से एक है कि जीवन शैली में एकदम से बदलाव आना जैसे शरीर में आलसपन का आना, लोगों से बात करने से कतराना, बीमारियों को नजरंदाज करना, भरपूर नींद का न आना, किसी पर भी शक करना आदि।

नौकरी-पेशा से सेवानिवृत्ति के बाद यह समस्या पैदा होती है। इसके लिए जरूरी है कि जैसे ही इसके लक्षण नजर आएं तो जल्दी से जल्दी चिकित्सक से परामर्श करें ताकि समय रहते उनको उस समस्या से छुटकारा दिलाया जा सके। इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में से एक है कि जीवन शैली में एकदम से बदलाव आना जैसे शरीर में आलसपन का आना, लोगों से बात करने से कतराना, बीमारियों को नजरंदाज करना, भरपूर नींद का न आना, किसी पर भी शक करना आदि।

## परिवहन विभाग की मिलीभगत से धड़ल्ले से चल रही ओवरलोड गाड़ियां

**बड्डूपुर** (बाराबंकी)। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में ओवर लोडिंग गाड़ियों के निकलने का सिलसिला बदस्तूर जारी हैं। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सख्त आदेश के बाद भी खनन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान नही ले रहे है नतीजतन क्षेत्र में ओवरलोडिंग का सिलसिला बदस्तूर जारी है। क्षेत्र के शारदा सहायक नहर रीवाँ सीवाँ पुल व बाबा कुटी पुल पर ओवर लोड गाड़ियां खड़ी देखी जा सकती है। यही से इन गाड़ियों की बेंची की जाती हैं। गिट्टी, और मौरंग लदी ओवरलोड गाड़ियों की जानकारी पुलिस व परिवहन विभाग को देखकर भी कारगर कार्रवाई नहीं कर रहा है। नागरिकों की मानें तो कई बार इसकी शिकायत भी की गयी लेकिन इस अवैध कारोबार पर विराम नही लग पा रहा है। वाहन स्वामियों के हौसले बुलन्द हैं और बेखौफ होकर शासन प्रशासन को चूना लगा रहे है। खुलेआम बाराबंकी, सीतापुर, बहराइच जनपदों को सप्लाई होती हैं जिससे सड़कों का भी बुरा हाल है।

## पशु बांधने के विवाद में युवक को मारपीट कर किया अधमरा

**धानापुर,चन्दौली।** थाना क्षेत्र के बिरना गांव में पशु बांधने के विवाद में एक पक्ष के कुछ युवकों ने एक युवक को मारपीट कर अधमरा कर दिया। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि सूरज 25 साल अपने पशुओं को बाहर बांध रहा था तभी पास के कुछ यवकों ने मना कर दिया जिसको लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट में बदल गया। जिसमें सूरज को गंभीर चोट आई है।

## सपा के कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन, सौंपे ज्ञापन

**चकिया ,चन्दौली ।** उत्तर प्रदेश में महंगाई ए बेरोजगारीएछात्रों की फीस माफीएबिजली में बढ़ोत्तरी सहित कई मांगों को लेकर बड़ी संख्या में तहसील मुख्यालय पहुंचे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चकिया स्थित गांधी पार्क में सभा कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्थाए महंगाई एबेरोजगारीएछात्रों की 5 महीने की फीस माफए बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी वापस लेने को लेकर समाजवादी पार्टी के चकिया विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने धरना प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजय मिश्रा को सौंपा।

## पीजी अंग्रेजी की मौखिक परीक्षा 24 व 25 को

**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सत्र 2019.2020 के स्नातकोत्तर ;अंतिम वर्षद्ध अंग्रेजी का मौखिक परीक्षा 24 व 25 सितंबर को निर्धारित की गई है। अनुक्रमांक 17601203568 से अनुक्रमांक 19601204562 तक के परीक्षार्थी 24 सितंबर एवं अनुक्रमांक 19601204563 से अनुक्रमांक 20601604236 तक के परीक्षार्थी 25 सितंबर को पूर्वान्ह 11:30 बजे प्रवेश पत्र के साथ अंग्रेजी विभाग में उपस्थित हों। महामारी के दृष्टिगत सभी परीक्षार्थियों से अपेक्षा है कि वे महामारी से बचाव के प्रमुख उपायों यथा नाक व मुंह को ढंकते हुए पूरे समय तक मास्क का प्रयोग करेंगे।

## मारपीट में आठ लोग घायल

**शाहगंज, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के अख्खन सराय गांव में रविवार की रात मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें आठ लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अख्खन सराय गांव में रविवार की रात मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से राजदेई 70 वर्षए अमरावती 48 वर्षए सुषमा 24 वर्षए सीमा 17 वर्ष व दूसरे पक्ष से संदीप 24 वर्षए योगेन्द्र 22 वर्षए रविन्द्र 19 वर्षए गुड़िया 20 वर्ष घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की कस्टडी में हालत बिगड़ी

**शाहगंज,जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के कोहड़ा गांव निवासी एक युवक ने पारिवारिक विवाद से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में ले लिया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर आनन.फानन उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कोहड़ा गांव निवासी रिंकू 19 वर्ष पुत्र मुंसीलाल से सोमवार की दोपहर पारिवारिक विवाद को लेकर मामूली मारपीट हो गई जिससे क्षुब्ध होकर रिंकू ने जहरीला पदार्थ खा लिया। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली लाई। जहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में देख कोतवाली पुलिस के हाथ पांव फूल गए और आनन.फानन में उसे उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय लाया।

## बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के पिता का निधन

**जौनपुर।** सरायख्वाजा क्षेत्र के डाल्हनपुर निवासी बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के पिता का निधन हो गया जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश राव के पिता 70 वर्षीय बनवारी राम की अचानक तबियत खराब हो गई। उनको रात में उपचार के लिए अस्पताल ले गये जहां उनका निधन हो चुका था। निधन की खबर सुनते ही परिजनों सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सुबह उनके घर सांत्वना देने वालों का तांता लग गया। उनके शव का अंतिम संस्कार राम घाट पर किया गया।

## संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मियों का मानदेय भुगतान लंबित है। समय.समय पर अफसरों से गुहार लगाने के बाद ही भुगतान किया जाता है। इसको लेकर स्वास्थ्य कर्मियों में रोष व्याप्त है। सीएमओ से मिलकर नियमित भुगतान कराने समेत अन्य बिंदुओं का मांगपत्र सौंपा।

# अन्नम योजना में अत्यंत गरीब वर्ग को खाद्य सामग्री वितरित




संवाददाता। गाजीपुर

कोरोना काल के चार माह के पश्चात आम जनमानस में छाती जा रही दिनों दिन गरीबी को देखते हुए माईसेम परिवार के द्वारा बेहद गरीब समाज के बीच अन्नम योजना के तहत खाद्य सामग्री ;5 किलो आटाए 2 किलो चावलए 2 किलो दालए चीनीए चायए रिफाइंडए साबुनए आदिद्ध का वितरण 200 से अधिक लोगो में किया गया। यह कार्यक्रम अजय पैराडाइजए वार्ड नं 17 तिलक नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एरिया इंचार्ज राहुल अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज गौरव तिवारी, इंजीनयर चंदन सिंह,सेल्स प्रोमोटर मिश्रा सीमेंट एजेंसी बलेश्वर मिश्र, नंदलाल मिश्र, त्रिभुवन मिश्र एवं स्थानीय सभासद सरिता गुप्ता एसमाजसेवी जय प्रकाश गुप्ताए मीडिया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## जनविरोधी नीतियों के खिलाफसपाइयों ने किया प्रदर्शन

**मऊ।** प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का आक्रोश सड़क पर नारेबाजी के रूप में दिखा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सपाजनों ने जिला मुख्यालय से लेकर सभी तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी एवं एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन के दौरान समाजवादी नेताओं ने प्रदेश सरकार पर किसानों और युवाओं को राहत देने में असफल होने का आरोप लगाया। सपा के जिलाध्यक्ष धर्मप्रकाश यादव ने कलेक्ट्रेट पर कहा कि भाजपा सरकार की मनमानी कार्यशैली और दमनकारी नीतियों से जनता त्रस्त है।

# बैंक अफसर उड़ा रहे सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां

संवाददाता। मुंगराबादशाहपुर

जौनपुर। कोरोना काल में जहाँ जिलाधिकारी दिनेश सिंह द्वारा कोरोना वायरस की वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य कर दिया गया है, वहीं जिलाधिकारी के इस आदेश को यूनियन बैंक के स्थानीय शाखा प्रबंधक के तुगलकी फरमान से सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियाँ खुलेआम उड़ाई जा रही है। वहीं खाताधारक एवं बैंक के अन्य उपभोक्ता बैंक शाखा का गेट बन्द होने से बैंक शाखा के बाहर सीढ़ी पर घंटों उमस भरी गर्मी में खड़े.खड़े हलाकान हो रहे हैं। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मनमानी का आलम यह है कि पैसा जमा करने से लेकर निकालने तक के लिए बैंक शाखा पर आने वाले हर ग्राहको को बैंककर्मियों की मनमानी के चलते घंटों बैंक शाखा के सामने लाइन में खड़ा रहना ही पड़ता हैए क्योंकि बैंक शाखा का

**घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद मिलती है नकदीए अन्य कोई काम भी नहीं हो रहा**

दरवाजा लोगों के लिए बन्द ही रहता है। इस प्रकार लोगों की बैंक के सामने भारी भीड़ जमा होने से सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। खाताधारकों का आरोप है कि बैंक शाखा परिसर में पर्याप्त स्थान होने के बाद भी शाखा प्रबन्धक के तुगलकी फरमान से जहाँ लोगों को बैंक शाखा में लोगों को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा हैए वहीं दूसरी तरफ सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां भी धड़ल्ले से उड़ाई जा रही हैं।

खाताधारकों ने बताया कि मुंगराबादशाहपुर में अन्य बैंकों जैसे भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ बड़ौदाए पंजाब नेशनल बैंक अन्य बैंकों की शाखाओं में अपने खाताधारकों को बैंक शाखा के अन्दर सेनेटाइजर का प्रयोग करने के बाद सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए बैंक परिसर में लेनदेन सहित अन्य कार्य करने की सुविधा प्रदान किए हुए हैं लेकिन यूनियन बैंक आफ इण्डिया की स्थानीय शाखा प्रबन्धक के तुगलकी फरमान के चलते जहाँ खाताधारकों को बैंक परिसर में प्रवेश करने से वंचित रखा जा रहा है, वहीं खुलेआम सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर शाखा प्रबन्धक सौमिक मण्डल ने पूछने पर बताया कि बैंक शाखा के कई कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित होने के चलते सुरक्षा कारणों से एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है।

## सपा नेताओं ने रक्तदान कर अनाथ बच्चों को कराया भोजन

**मऊ ।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय एडवोकेट ने सोमवार को छात्र नेताओं के साथ रक्त दान किया। रक्त दान के बाद भीटी स्थित मातृ छाया अनाथ आश्रम में पौधरोपण किया। साथ ही साथ गरीब व अनाथ बच्चों के बीच पहुंचकर भोजन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से धीरज राजभरए अभय यादवए सूर्यमणि भारतीए शिवम सिंहए कृष्णा यादवए अरशद बशर आदि उपस्थित रहे।



# कृषि संशोधन विधेयक का कहीं विरोध, कहीं समर्थन

## भाजपा किसान मोर्चा ने बांटी मिठाईयां

संवाददाता। देवरिया

देश के इतिहास में पहली बार किसानों को आजादी दिलाने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में कृषि संशोधन विधेयक को पास करना देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता का परिचायक है।भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आज सुभाष चौक पर मिठाई बांट कृषि संशोधन विधेयक के पास होने की खुशी का इजहार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी समेत लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को बधाई दे धन्यवाद ज्ञापित किया एजिन्होंने इस बिल के पक्ष में सदन में मत दिया। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि आज देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि किसी सरकार ने देश के अन्नदाताओं की चिंता की है। किसानों को कुछ चुनिंदा लोग जो बंधक बनाकर अपनी रोटी सेकने का काम करते थे उन लोगों से किसानों को आजाद करा कर किसानों के आय को दुगुना करने के लिये लोकसभा और राज्यसभा में कृषि विधेयक बिल



को भाजपा की मोदी सरकार द्वारा पास कराया गया।इसके लिये हम सभी किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की तरफसे सरकार का आभार ज्ञापित करते है और देश के अन्नदाता किसान भाइयों को बधाई देते है। जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय कुमार दूबे ने कहा कि भारत के कृषि इतिहास में यह एक बड़ा कदम है। संसद में अहम विधेयकों के पारित होने पर मैं भाजपा देवरिया के कार्यकर्ताओं की तरफ से परिश्रमी अन्नदाताओं को बधाई देता हूं। यह न केवल कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाएगाए बल्कि इससे करोड़ों किसान सशक्त होंगे। पूर्व जिलाउपाध्यक्ष अजय उपाध्याय ने कहा कि दशकों तक किसानों के वोट लेकर उन्हें अंधकार और गरीबी में रखने वाले लोग आज फिर किसानों के हित के सबसे बड़े निर्णय का विरोध कर उन्हें भड़काने व गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।मैं किसान भाइयों को विश्वास दिलाता हूँ कि आपके हितों के लिए अगर कोई सोचता है तो वो केवल भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार हैं।

### आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में बिल पास कराने का किया विरोध

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह के नेतृत्व में पार्टीजनों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और किसानों के हितों के खिलाफ संख्या कम होने के बावजूद बिना वोटिंग के जबरन राज्यसभा द्वारा पारित बिल को वापस लेने के संबंध में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सहदेव मिश्रा को सौंपा। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि भारतीय संसद में असंवैधानिक तरीके से पारित एग्रीकल्चर ऑर्डिनेंस ;कृषि अध्यादेशद्ध से जय जवान और जय किसान के नारा लगाने वाले देश में किसानों की बदहाली में एक और काला अध्याय जोड़ने का काम केंद्र में बैठी भाजपा सरकार द्वारा किया गया।

## भाकियू ने किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन



**देवरिया।** कृषि संशोधन बिल को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सुभाष चौक पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा । प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप शाही ने किया इस दौरान तो उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 5 जून को लागू किए गए अध्यादेश ओं का देश के किसान विरोध कर रहे हैं वही सरकार द्वारा इन अध्यादेश ओं की एक देश एक बाजार के रूप में कृषि सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम चल रही है वहीं भारतीय किसान यूनियन इन आदेशों को कृषि क्षेत्र में कंपनी राज के रूप में देख रही है कुछ राज्य सरकारों द्वारा भी इस के संघीय ढांचे का उल्लंघन मानते हुए इसको वापस लिए जाने की मांग कर रहे हैं देश के अनेक हिस्सों में इसके विरोध में किसान आवाज उठा रहे हैं किसानों की इन कानून में कंपनी की बहुआ बनाई जाने का खतरा सता रहा है किसी में कानूनन नियंत्रण मुक्त विपणन भंडारा आयात निर्यात किसान हित में नहीं है इसका खामियाजा देश के किसान विश्व व्यापार संगठन के रूप में भी भुगत रहे हैं देश में 1943 .44 में बंगाल के सूखे के समय ईस्ट इंडिया कंपनी के अनाज भंडार के का 40लाख लोग भूख से मर गए समर्थन मूल्य कानूनन लूट बनाने जैसी कृषि सुधारों से किसान की बिचौलियों और कंपनियों द्वारा किया जा रहा है अति शोषण बंद हो इस कदम का किसानों की आय में वृद्धि होगी भारतीय किसान यूनियन उत्तर प्रदेश के सभी जिले मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रहा है इस दौरान सदानंद यादव कृष्णकांत हरि सिंह चंद्रदेव सिंह पवन सिंह विनय सिंह विनोद सुदामा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे ।

## गुलाम बनाना चाहती है भाजपा : प्रभुनारायण

**सकलडीहा,चन्दौली।** पूर्व मुख्यमंत्री और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर सोमवार को सपाईयों ने तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सपाईयों ने केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। अंत में मांगों के समर्थन में एसडीएम प्रदीप कुमार को राज्यपाल के नाम से सम्बोधित ज्ञापन सौपा। चेताया कि समस्याओं का गंभीरता से निस्तारण नही हुआ तो सपाई पुनरू आन्दोलन के लिये सड़क पर



उतरेंगे। सकलडीहा सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने आरोप लगाया कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण देश के युवाए किसानए महिलायेए व्यापारीए छात्र सहित नौकरी पेशा के लोग दहशत में है। किसानों को समय से खाद बीज उपलब्ध नही हो रहा है। नहर और ड्रेनों की साफसफाई नही होने से हजारों किसान भुखमरी के कगार पर आगये हे। लूटए हत्याए अपहरणए महिलाओं के साथ दुष्कर्म बढ़ता जा रहा है। नौकरी करने वालों को संविदा कर्मी बनाने में जुटे है। जनपद में हत्याओं के खुलासा के बजाय अपराधियों को बचाने में जुटी है। पुलिस से लोगो का विश्वास कम होने लगा है। वही राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज सिंह काका और ब्लॉक प्रमुख संजीव सिंह ने कहा कि तहसील और ग्रामीण स्तर की समस्या को लेकर लोग परेशान है। इसके बाद भी लोगों को न्याय नही मिल पा रहा है। कोरोना काल में कम्यूनिटी किचन के संचालन और सामान खरीदने और के नाम पर भारी घालमेल किया गया है। काम करने वाले मजूदर और दुकानदार पैसे के लिये दर दर भटक रहे है। वक्ताओं ने एसडीएम और तहसीलदार से गोंड खरवार जाति के प्रमाण पत्र निर्गत कराने की मांग उठाया।

## प्रदेश में पूरी तरह अराजकता, हर जगह जंगलराज का बोलबाला : रामकिशुन

**मुगलसराय,चन्दौली।** सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीडीयू नगर तहसील पर विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को धरना दिया। साथ ही राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सीपू गिरी को सौंपा। इस दौरान सपा के पूर्व सांसद रामकिशुन ने कहा कि इस समय प्रदेश में पूरी तरह से अराजकता है। हर जगह जंगलराज का बोलबाला है। अपराधी बेखौफघूम रहे हैं। जनता की सुरक्षा करने में पुलिस तंत्र पूरी तरह से फेल है। कहा कि फर्जी एनकाउंटर और हिरासत में मौत होने का सिलसिला लगातार जारी है। कहा कि सपा कार्यकाल में बबुरी व एकौनी में बनाए गए अस्पताल अभी तक शुरू नहीं किए गए हैं। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बहादुरपुर से सहजौर तक गंगा कटान तेजी से हो रहा है। किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन हर वर्ष गंगा में समाहित हो रही है। लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अमला पूरी तरह से इसके प्रति लापरवाह है। सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज इंजेक्शन नहीं है। किसानों के खेतों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। वही बुनकरों को मिल रही सब्सिडी को सरकार ने समाप्त कर दिया है। जिसे तत्काल शुरू कराया जाए। साथ ही किसान विरोधी बिल को सरकार को तत्काल वापस ले लेना चाहिए।

## सपा नेता रामकुमार उर्फ चिनकू यादव ने दिया 25 सूत्रीय ज्ञापन

**डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर।** सोमवार को दिन में लगभग 12 बजे राज्यपाल को संबोधित 25 सूत्रीय ज्ञापन पूर्व सपा प्रत्याशी रामकुमार उर्फचिन्कू यादव ने उप जिलाधिकारी डुमरियागंज को सौंपा। प्रदेश की भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते कोरोना संकट बढा। किसान नौजवान बुनकर और समाज के दूसरे कमजोर वर्गो की उपेक्षाए आरक्षण पर वार एकानून व्यवस्था ध्वस्तए समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न एभ्रष्टाचारए घोटालो पर नियंत्रण नहीं रह गई है ।महिलाएं असुरक्षित एजनहित मे उदासीन सरकार पर कार्यवाही होना एसहित 25 सूत्रीय ज्ञापन रामकुमार चिंकू यादव ने सोमवार को तहसील परिसर मे उप जिलाधिकारी डुमरियागंज त्रिभुवन कुमार को सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व सपा प्रत्याशी रामकुमार उर्फ चिंकू यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से जनता पूरी तरह से ऊब चुकी है समय आने पर जनता इसका जवाब जरुर देगी और 2022 में पूरे दम हम के साथ सपा सरकार का परचम लहराएगा। इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद आलोक तिवारी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस सरकार मे किसान बदहाली का शिकार है ।सरकार ने अभी तक गन्ना किसानो का बकाया भुगतान नहीं कराया। जिससे किसान दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव अफसर रिज्वी ने किया जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष तोताराम वर्मा ने किया।

## अक्टूबर में चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**गाजीपुर।** जनपद में एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाला विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जोर दिया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक राइफल क्लब में हुई। एक अक्टूबर से शुरू होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों के सहयोग से कार्य योजना बनाई गई जिसे शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के नोडल अधिकारी और एसीएमओ डॉ डीपी सिन्हा ने बताया कि इस अभियान के लिए शासन के द्वारा नगर विकासए ग्राम विकासए पंचायती राजए बेसिक शिक्षाए माध्यमिक शिक्षाए आईसीडीएसए कृषिए पशुपालनए चिकित्सा शिक्षाएसूचना एवं जनसंपर्क दिव्यांगजन सशक्तिकरणएनमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग एवं सिंचाई विभाग को नामित किया गया है जो इस कार्यक्रम को अमली रूप देने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

# किसान बिल व कोरोना घोटाला को लेकर सड़क पर उतरे सपाई



संवाददाता। जौनपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में किसान बिलए कोरोना घोटालाए स्वास्थ्य सेवाओं में भारी भ्रष्टाचार व अनियमितताए बेरोजगारीए कानून व्यवस्था एवं सरकारी उत्पीड़न के विरोध में सदर तहसील में एकत्रित होकर जमकर सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि जहां संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा हैए वहीं भाजपा सरकार की मनमानी कार्यशैली और दमनकारी नीतियों से जनता त्रस्त है। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैंए भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। बेहाल किसानए बेरोजगारी और अपराध बेलगाम है। पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव ने कहा कि कोरोना संकटकाल में भाजपा सरकार स्वास्थ्य सम्बंधी सुविधाएं मुहैया कराने में लापरवाह है। उचित चिकित्सा के अभाव में जाने जा रही हैं। कोविड.19 अस्पतालों में अव्यवस्थाओं के चलते जहां संक्रमित दिक्कत में हैंए वहीं स्वास्थ्यकर्मी भी साधन.सुविधाओं के अभाव से परेशान हैं। समाजवादी सरकार की 108ए 102 सेवाएं निष्क्रिय कर दी गई है। प्रदेश की लगभग हर ग्राम पंचायत में कोरोना किट की खरीद में महाघोटाला हुआ है।

पूर्व मंत्री डा केपी यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में अपराधी बेखौफ हैं। पुलिस प्रशासन उनके सामने असहाय नजर आता है। रोज हत्याए लूट और अपहरण की घटनाएं हो रही है। महिलाएं एवं बच्चियां सुरक्षित नहीं। रोजगार की मांग करने पर नौजवानों पर पुलिस लाठियां चलाकर अच्छा नहीं कर रही है। अवसाद में 3200 शिक्षामित्र आत्महत्या कर चुके हैं। आरक्षण से भी खिलवाड़ हो रहा है। जिला पंचायत के अध्यक्ष राज बहादुर यादवए पूर्व मंत्री जगदीश नारायण राय सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार तो किसानों के हितों के प्रति पूर्णतया असंवेदनशील है। इसके कार्यकाल में किसान की बदहाली बढ़ी है। उसे न लागत का ड्योढ़ा मूल्य मिला है और न ही उसकी आय दुगनी करने की दिशा में कोई योजना है। मंहगाई चरम पर है। आसमान छूते सब्जियों सहित अन्य खाद्य पदार्थों के दामों से जनता की थैली और थाली दोनों पर मार पड़ी है। स्कूल कॉलेज बंद है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बंद है।

## युवा भारत के प्रदेश सचिव बनाये गये जौनपुर के सुशील

**जौनपुर।** युवा भारत ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभकांत पति तिवारी के आदेशानुसार युवा भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ताध्संगठन विस्तार प्रमुख संदीप जायसवाल ने पूर्वांचल स्वदेशी व्यापार मेला के अध्यक्ष जौनपुर निवासी सुशील कुमार को प्रदेश सचिव एवं वाराणसीध्मिर्जापुर मण्डल का प्रभारी मनोनीत किया है। श्री जायसवाल ने बताया कि सुशील कुमार स्वनिर्मित वस्तुओं का निर्माण करने वाले बेरोजगार लोगों को अपने व्यापार मेला में स्थान देकर रोजगार देने का कार्य कर रहे हैं।

## धीर-धीरे चीजें भूल रहे हैं तो सावधान हो जाइए : डा. हरिनाथ

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में विश्व अल्जाईमर दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता मानसिक रोग विशेषज्ञ डाण् हरिनाथ यादव ने कहा कि यदि आप छोटी.छोटी बातें भूल रहे हैं तो सावधान हो जाइए। बढ़ती उम्र के साथ मनुष्य में व्यापक शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन होते हैं। मानव शरीर जब वयस्क अवस्था से वृद्धावस्था की तरफबढ़ने लगता है तब प्राकृतिक रूप से शारीरिक शक्ति के साथ.साथ मानसिक शक्ति भी क्षीण होने लगती है।

# एबीएसए ने बच्चों को दिया ड्रेस अभिभावकों के खिल उठे चेहरे



संवाददाता। धर्मापुर, जौनपुर

**धर्मापुर** विकास खण्ड क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय पर सोमवार को आयोजित ड्रेस वितरण कार्यक्रम में 162 अभिभावकों को उनके बच्चों का ड्रेस वितरण मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा किया गया। अपने बच्चों का ड्रेस पाकर सभी अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। बता दें कि गणेश महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित बच्चों के ड्रेस को सोमवार को प्राथमिक विद्यालय इंग्लिश मीडियम सरैयां में आयोजित ड्रेस वितरण कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर संजय यादव ने विद्यालय के 162 बच्चों के अभिभावकों को ड्रेस वितरित किया गया। ड्रेस वितरण के बाद ड्रेस पाकर बच्चों के अभिभावक प्रसन्न नजर आ रहे थे।

## शहादत का सम्मान तो सबके लिये मगर गांव व पति के लिये नहीं : नीतू

**केराकत,जौनपुर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत भौरा गॉव में शहीद संजय सिंह का परिवार आज भी शहीद बेटे के शहादत के सम्मान के लिए दर.दर भटकने को मजबूर है। बता दें कि बीते 8 सितंबर को शहीद परिवार जिलाधिकारी से मिलने गया था। जिलाधिकारी से मिलकर शहीद के शहादत की हो रही उपेक्षा से अवगत कराया था। जिलाधिकारी ने बताया कि शहीद द्वार से दो मीटर का आरसीसी रोड का कार्य 18 सितम्बर से शुरू करा दिया जाएगा और गेटए मूर्ति स्थापना व गांव को शहीद का दर्जा के लिए बाद में कराने का आश्वासन दिया।

## अटल सभागार में मूर्ति रखने के मामले ने पकड़ा तूल, सभासदों ने किया विरोध

**देवरिया ।** टाउन हाल स्थित अटल सभागार में मूर्ति रखने और सभागार का नाम अज्ञात लोगों द्वारा बदलने के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं और सभासदों ने नगर पालिका सभागार में बैठकर इस घटना की निन्दा किया और इस कृत्य के दोषियों पर कार्यवाही का मांग पत्र अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिया।इस दौरान बैठक में सभासद दिनेश शुक्ला ने कहा कि नगर पालिका बोर्ड द्वारा अटल जी के नाम पर प्रस्ताव पास कर सभागार का नाम रखा गया था।लेकिन कुछ शरारती तत्वों द्वारा सदन की गरिमा को ठेस पहुचाते हुये लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया गया हैएजो हमे स्वीकार नही है।इस घटना की जानकारी पार्टी के जिला नेतृत्वएप्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय नेतृत्व को दे दिया गया है।पूर्व जिलाउपाध्यक्ष अजय उपाध्याय ने कहा कि ऐसा करने वालों के खिलाफकार्यवाही होनी चाहिये। भारत रत्न अटल जी का अपमान हर भाजपा कार्यकर्ता का अपमान है। जिलाकार्यसमिति सदस्य पवन मिश्रा ने कहा कि इस घटना से भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता आहत है। इसके दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिये। इस दौरान जितेन्द्र पाण्डेय,नवीन सिंह,सभासद गोविन्द चौरसिया,धनुषधारी मणि,अम्बिकेश पाण्डेय,सभासद धर्मेंद्र सिंह,सभासद श्याम सुंदर कन्नौजिया,विजेन्द्र चौहान रहे।

## जनजागरुकता के लिये सांकेतिक रैली

**जौनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि विश्व अल्जाईमर दिवस पर जन जागरूकता फैलाये जाने हेतु सांकेतिक रैली को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डाण् नरेन्द्र सिंहए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाण् आरके सिंहए डाण् आईएन तिवारी एवं नोडल अधिकारी डाण् राजीव यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली टीबी चिकित्सालय परिसर से होते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर नोडल अधिकारी द्वारा अल्जाईमर से होने वाले शरीर पर दुष्प्रभाव से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करते हुए अल्जाईमर के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। रैली में टीबी चिकित्सालयए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालयए जिला कुष्ठ कार्यालय एवं जिला मलेरिया एवं फाइलेरिया कार्यालय के समस्त कर्मचारीध्अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिला प्रशासनिक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव एवं एनसीडी सेलध्क्लीनिक के सभी अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहें। तदोपरान्त 11:30 बजे से मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार कक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# सरकार के विरोध में सड़कों पर उतरे सपाई



## जगह- जगह प्रर्दशन कर राज्यपाल के नाम सम्बोधित सौपा ज्ञापन

संवाददाता। बाराबंकी

**पूर्व** निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले के प्रत्येक तहसीलों मे सरकार की नीतियों के विरोध मे धरना प्रद्रशन कर ज्ञापन सौपा । नवाबगंज तहसील से इसकी शुरूवात की गयी भारी संख्या मे ज्ञापन देने पहुचें कार्यकर्ताओं को पुलिस ने सड़क पर रोक लिया और वहीं पर ज्ञापन लेकर प्रर्दशन समाप्त करवाया । कार्यकर्ताओ की अगुवाई सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज एवं सदर विधायक सुरेश यादव ने संयुक्त रूप से किया । इस अवसर पर आशीष सिहं आर्यन सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे । वहीं तहसील सिरौलीगौसपुर मे पूर्व कारागार मंत्री के नेत्तव मे प्रद्शन हुआ। पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा व जैदपुर विधायक गौरव रावत की अगुवाई मे सैकडों सपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार अखिलेश कुमार सिंह को सौंपा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि इन दिनों उत्तर प्रदेश मे अराजकता की स्थिति है, किसान बदहाली का शिकार है। कोरोना संक्रमण बढ़ता जा रहा है। वहीं प्रदेश की पुलिस मित्र तो नही बन सकी लेकिन उत्पीडन की एजेन्सी बनकर गरीबों का उत्पीडन जरूर कर रही है।महिला एंव बच्चिंया दुष्कर्म का शिकार हो रही है।

मुख्यमंन्त्री की ठोको नीति से निर्दोष मारे जा रहे है।जैदपुर विधायक गौरव रावत ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर हमारी पार्टी दस सूत्रीय ज्ञापन मांग पत्र राज्यपाल हो भेजकर किसानों की फसलों के हुये नुकसान का मुआवजा एंव गन्ना किसानों का बकाया भुगतान करने के साथ ही फर्जी एन्कांउटर बंद करने अपराधों की रोकथाम के साथ ही क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग करती है। इस मौके पर मौलाना असलम कासमी निर्माण सिंह डूडी अखिलेश वर्मा शिवकुमार यादव गुलाम मोहम्मद मेराज शहरी लालता गौतम गुडडू हसन रामनरेश वर्मा पवन वर्मा स्वर्ण सिंह वर्मा दिलीप सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## नीतियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन




गौरीगंज (अमेठी)। सोमवार को सपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आहवान पर स्थानीय जिला मुख्यालय पर गौरीगंज सदर विधायक राकेश सिंह व सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपाइयों ने प्रदर्शन करते कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा मुसाफिरखाना अमेठी व तिलोई तहसील मुख्यालयों पर स्थानीय सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर 14 सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था महंगाई किसानों की समस्याओं बेरोजगारी सपा नेताओ के प्रशासनिक उत्पीड़न जैसी विभिन्न समस्याओं को लेकर सपाई जगह-जगह सड़क पर उतरे। सपाइयों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। स्थानीय जिला मुख्यालय पर सपाइयों ने गौरीगंज विधायक राकेश सिंह के आवास पर पहुंच गए। सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव व विधायक राकेश प्रताप सिंह की अगुवाई में सपाइयों ने कलेक्ट्रेट रोड पर प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन कर रहे सपा विधायक व जिलाध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं को कलेक्ट्रेट गेट पर पुलिस फोर्स ने रोक लिया।

जिससे नाराज सपाई विधायक के नेतृत्व में वही सड़क पर बैठकर सरकार विरोधी नारेबाजी करने लगे ।करीब बीस मिनट बाद उपजिलाधिकारी संजीव मौर्य को राज्यपाल को संबोधित 14 सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदेव मौर्य ब्लॉक प्रमुख उमेश सिंह रसूल बक्स राइन प्रदीप यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं अमेठी तहसील कार्यालय पर सपा छात्र सभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में सपाइयों ने तहसील कार्यालय हाथो में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करते उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मुकेश यादव महावीर कश्यप देवेन्द्र यादव पिंटू यादव लवकुश यादव सत्यम सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### जमीनी विवाद में मारपीट, चार घायल

लालगंज (प्रतापगढ़)। जमीनी बिवाद के चलते हुई मारपीट में वृद्वा समेत चार महिलाएं चुटहिल हो गयी। सांगीपुर थाना के शाहबरी निवासी अजय पुत्र अनुरूद्ध प्रसाद का पडोसी भानु प्रताप आदि से जमीनी विवाद न्यायालय में चल रहा है। सोमवार को भानुप्रताप के पक्ष के लोग विवादित जमीन पर निर्माण कार्य करने लगे। इसे लेकर विपक्षियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि भानुप्रताप, जियालाल, रामकुमार, कृष्ण कुमार, सोहन लाल, विजय कुमार आदि नें बिरोध कर रही घनपती देबी (65 वर्ष) पत्नी अनुरूद्ध तथा बहू सोना देबी (42 वर्ष) सुनीता देबी (35 वर्ष) आरती (18 वर्ष) को लाठी डन्डे से जमकर पीटा। घटना को लेकर पीडित अजय कुमार ने सात आरोपियो के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। सांगीपुर के दरोगा धनंजय सिंह का कहना है तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नीम की लकड़ी से लदी पिकअप पकड़ी

**बाराबंकी**। मसौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रानीबाजार रेलवे क्रासिंग से पिकप पर लद कर जा रही नीम की लकड़ी को बरामद कर एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डा. अरविन्द चतुर्वेदी द्वारा अवैध लकड़ी कटान के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र प्रसाद शर्मा, उपनिरीक्षक महेश सिंह आरक्षी प्रदीप कुमार ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को ठकुरिहा निवासी ओमप्रकाश पुत्र जगन्नाथ को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से एक पिकप नम्बर यूपी 41 एटी 1344 पर लदी नीम की लकड़ी बरामद की। पुलिस धारा 379-411 भादविए धारा 4-10 वन संरक्षण अधिनियम व सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

### जिलाधिकारी ने सुनीं जन-समस्याएं

**अमेठी**। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। शासन के निर्देश पर सोमवार को सभागार में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, मास्क लगाएं तथा साफ-सफाई व सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान दें। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने जन समस्याएं सुनी तथा निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष लगभग 37 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें नाली विवाद, भूमि पर अवैध कब्जे, वसीयत आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित ना रखा जाए और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

### पीएम मत्स्य सम्पदा योजना की बैठक कल

**कानपुर देहात**। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत डीएलसी की बैठक जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के निर्देशन में दिए गए निर्देश के तहत दिनांक 23 सितंबर को नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना उद्देश्य आदि पर संक्षिप्त चर्चा, ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर तिथिवार चर्चा, मंडल से, प्रार्थना पत्रों व प्रोजेक्ट लागत तथा इसके सापेक्ष मिलने वाले अनुदान धनराशि पर चर्चा आदि के संबंध में किया जाएगा यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण डॉ. रणजीत सिंह ने दी है।

### किसानों को पूंजीपतियों का बना रही गुलामः कांग्रेस

**चकरनगर**। चकरनगर क्षेत्र के गांव कचहरी में कांग्रेस पार्टी की संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार परिहार और सभा का संचालन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुभाष गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष मलखान सिंह ने कहा कि खेती किसानी में कांग्रेस सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य व मंडियों के संरक्षण का प्रावधान किया था। जिससे कि किसानों का पूंजीपतियों के हाथों शोषण नहीं होए जबकि मोदी सरकार किसानों को पूजी पतियों का गुलाम मना रही है। मोदी सरकार अपने अमीर मित्रों को कृषि के क्षेत्र में घुसाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली है तथा कृषि को पूंजीपतियों के हाथों गिरवी रखने और नई जमीदारी प्रथा को लागू करना चाहती है। भाजपा की नीतियां हमेशा जन विरोधी और किसान विरोधी रही हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर खड़े जवान से लेकर खेत में खड़े किसान तक भाजपा ने सबके साथ धोखा किया है। युवाओं को रोजगार देने के नाम पर धोखा दिया। आज देश का युवा बेरोजगार घूम रहा है। सरकार उन्हें भी रोजगार नहीं दे पा रही है। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष संजय दोहरे, जिला महासचिव आलोक यादव, प्रभारी महासचिव, सतीश नगर जिला सचिव, अनिल मेहरा, अजय शर्मा, शिवपाल सिंह, लाखन सिंह, रमेश सिंह, मदन सिंह, छोटेलाल, नरेंद्र सिंह, राम कुमार निषाद, जसवंत सिंह, रामबाबू संदीप लाखन सिंह रामलाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### मजदूर को दबंग ने घर के बाहर जमकर पीटा

नवाबगंज (फर्रुखाबाद)। मजदूरी करने जा रहे युवक को दबंग ने घर के बाहर जमकर पीटा थाने में तहरीर। थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी सुमित कुमार पुत्र मोतीराम नवाबगंज कस्बे में बेकरी पर मजदूरी करता है। आज सुबह वह मजदूरी करने जा रहा था। कि पड़ोस का ही रहने वाला दबंग युवक पुरानी रंजिश को लेकर सुमित को गाली गलौज किया। जिसका सुमित ने विरोध किया इसी बात से नाराज सुमित को जमकर पीटा। सुमित ने दबंग के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# अव्यवस्थाओं का गढ़ बना उत्तर प्रदेश, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

संवाददाता। ललितपुर

**प्रदेश** में काबिज भारतीय जनता पार्टी सरकार की गलत नीतियों के चलते कोरोना संकट बढ़ने किसान, नौजवान, बुनकर और समाज के दूसरे कमजोर वर्गों की उपेक्षा, आरक्षण को समाप्त करने का प्रयास और कानून व्यवस्था ध्वस्थ होने के अलावा सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीडन बंद करने, भ्रष्टाचार और घोटालों पर नियंत्रण, महिलाओं, बालिकाओं को पर्याप्त सुरक्षा के साथ ही जनहित में उदासीन सरकार पर कार्रवाई की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेशीय आहवान पर जनपद की पांचों तहसीलों में ज्ञापन सौंपे गये। सदर तहसील स्तर पर सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा गया है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में इन दिनों अराजकता की स्थिति है।

कोरोना संक्रमण बढ़ता जा रहा है। कई हजार मौतें हो चुकी हैं। अस्पतालों में इलाज की सुचारू व्यवस्था नहीं है। बताया कि प्रदेश के दो मंत्री इसी संक्रमण के चलते अपनी जान गवां चुके हैं, जबकि कई संक्रमित पाए गए हैं। बेल्टीनेटर और पीपीई किट का अभाव है।

**सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा 12 सूत्रीय मांगपत्र**

लालगंज (प्रतापगढ़)। प्रदेश मे आपराधिक घटनाओं मे बढोत्तरी तथा पार्टी कार्यकर्ताओ के पुलिसिया उत्पीडन समेत विभिन्न मुददों को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने सोमवार को तहसील परिसर मे धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन के जरिए एसडीएम को बारह सूत्रीय मांग पत्र भी सौपा।

# दो लोगों की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता। सिद्धौर (बाराबंकी)



**जैदपुर** थाना क्षेत्र में सोमवार को अलग-अलग जगहो पर दो लोगों की संदिग्ध मौत हो गयी । एक का शव खेत में पाया गया है, तो वहीं दूसरे का पेड़ से लटका मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है। विवरण के अनुसार पहली घटना अहमदपुर चौकी अंतर्गत ग्राम राजा कटरा की है यहां के निवासी पप्पू (27 वर्ष) का शव सोमवार को गांव के बाहर आम के पेड़ में गमछे से संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। गांव के लोगों आज जब सुबह उसे फांसी से लटकता देखा तो हड़कंप मच गया और इसकी सूचना परिजनों को दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंचे अहमदपुर चौकी प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं दूसरी घटना भी इसी थाना क्षेत्र के अंदका के सड़ीडीह गांव में करीब 55 वर्षीय रामखेलावन का संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में शव पड़ा मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भिजवाया। वही जरूरी बिंदुओं पर जांच में जुटी पुलिस। वही परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या कर शव फेकने का आरोप लगाया हैथाना अध्यक्ष संदीप राय ने बताया शिकायत मिली है अग्रिम कार्रवाई पीएम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी ।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर डीएम ने की बैठक

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

संचारी रोगों की रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय अपनाते हुये व्यापक अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का तृतीय चरण जनपद में एक से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

# प्रोजेक्ट नई किरण ने तीन परिवारों का कराया पुनर्मिलन

## पुलिस अधीक्षक की अनूठी पहल

संवाददाता। ललितपुर



**स्थानीय** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर कैप्टन एम एम बेग की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरणष्का आयोजन किया गया। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण में सीमित पांच परिवारों को बुलाया गया। नई किरण मे तीन मामले में दोनों पक्ष आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद तीनों परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया। तीनों परिवार खुशी दृ खुशी साथ - साथ रहने को तैयार हो गये व दो मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन प्रत्येक सोमवार को पुलिस लाइन सभागार ललितपुर में आयोजित किया जाता है। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारो को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डा. दीपक चौबे, डा. संजीव शर्मा, मनोवैज्ञानिक नई किरण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मका अर्चना राजपूत आदि का विशेष सहयोग रहा ।

# मकान ढहने से मासूम बच्ची की जान गई

## आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**कोतवाली** के कल्यानपुर गांव मे अचानक कच्चे मकान के ढह जाने से मासूम बच्ची व एक बकरी की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक बच्ची के पिता की तहरीर पर इत्तेफाकिया सूचना दर्ज की है। हालांकि घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणो ने डेरवा भगौतीगंज मार्ग पर आधे घण्टे तक जाम भी लगाया। वहीं जाम के दौरान परिजनों ने दोपहर तक गांव के प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी पर लापरवाही का आरोप जडते हुए इनके खिलाफ केस दर्ज किये जाने की मांग भी रखी। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर किसी तरह मृतक बच्ची के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भिजवाया। लालगंज कोतवाली के कल्यानपुर गांव मे बीती रविवार की रात गांव के मंगरू कोरी का जर्जर कच्चा मकान अचानक ढह गया। मकान के भीतर सो रही पीडित की आठ वर्षीया मासूम बच्ची काजल की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना मे मकान मे बांधी गई एक बकरी की भी मौत हो गयी। सोमवार की सुबह मंगरू कोरी के घर ग्रामीणों का मजमा लग गया। रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के अधिकारियो तथा प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ भी लोगों मे आक्रोश देखा गया। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि कई बार पीड़ित ने पात्रता को लेकर आवास आवंटन की फरियाद अफसरों व प्रधान से की थी।

# स्वयं सहायता समूह से जुड़कर माला देवी ने बदला अपना जीवन

संवाददाता। ललितपुर

**विकासखण्ड** जखौरा के गांव सिरसी की निवासी माला देवी की हैए जिनके जीवन में कई बार ऐसी परिस्थिति आयी, जब उसे केवल नमक के साथ रोटी खानी पड़ी। माला देवी बताती है कि उन्होंने बहुत लम्बे समय रुपये का नोट नही देखा। आठवीं पास माला देवी का विवाह ग्राम सिरसी के गुलाब चंद के साथ हुआ। बीए पास गुलाब चंद शादी से पहले और शादी के बाद भी बेरोजगार रहे। जिसकी वजह से पति-पत्नी के मध्य हमेशा झगड़ा बना रहता था। माला देवी बताती है कि इस तरह तंग आकर उन्होंने पति से तलाक लेने का मन भी बना लिया था, लेकिन समाज क्या कहेगा, क्या मायके के लोग साथ देंगेए ऐसे तमाम सवाल सामने थे। इन सब को सोचते हुए माला देवी ने अपने कदम पीछे खींच लिए। इन सब के बीच ग्राम सिरसी के पंचायत सेक्रेटरी ने स्वयं सहायता समूह का निर्माण किया। जिसमे माला देवी भी जुड़ गयीं। यह कदम माला देवी के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आयाए समूह में माला देवी जैसी 10 अन्य महिलाएं भी जुड़ीं। वर्ष 2013 में समूह का गठन किया गया और समूह का नाम सरस्वती स्वयं सहायता समूह रखा गया।

समय गुजरने के साथ समूह की महिलाओ ने 40 हजार रूपये की बचत की। इससे समूह की महिलाओं ने आपस में लेनदेन प्रारम्भ कियाए इसी वर्ष समूह में 15 हजार का रिवाल्विंग फंड भी मिल गयाए साथ ही अच्छे प्रदर्शन के चलते बैंक से तीन लाख रुपये का लोन मिल भी मिला। इस लोन से माला देवी ने अपने व्यवसाय के लिए 25 हजार का ऋण लिया और सिलाई का काम शुरू किया और महिलाओं के लिए ब्लाऊज और पेटीकोट बनाने का काम किया। माला देवी यहीं नहीं रुकी, सिलाई के मुनाफे से घर पर ही मनिहारी का दुकान भी रख लिया। इससे दो फायदे माला देवी को मिले, मनिहारी की दुकान पर आने वाली महिलाएं सिलाई का काम भी माला देवी को देने लगी। अब तक माला देवी ने स्वयं को सुस्थापित कर लिया थाए उनका अगला कदम था कि घर पर खाली बैठे पति को रोजगार से जोड़नाए इसके लिए उन्होंने मार्केट से रेडीमेड कपड़े खरीदे और आसपास के गांव में ट्रेडिंग का काम पति गुलाब चंद को दे दिया। गुलाब चंद रेडीमेड कपड़ो के साथ साथ माला देवी द्वारा सिले गए कपड़ो को भी बेचा करते हैं। माला देवी ने पुरुषवादी व्यवस्था के विपरीत बिखरते घर को जोड़ा और अपने पति को रोजगार दिलाया। माला देवी कहती है कि एक वक्त समूह की किश्त देने के लिए दूसरों से उधार लेना पड़ता थाए उनके समूह में बहुत सी महिलायें ऐसी थी जो कई बार समूह से ऋण चुकाने की स्थिति में नही होती थीए माला देवी कहती हैए ऐसी स्थिति में समूह कहीं बंद न हो जाएए इसलिए वे उन महिलाओं का ऋण भर देती थीं। अब तक माला देवी समूह के महत्व को बहुत अच्छे से समझ चुकी थीं।

## आदर्श ग्राम पंचायत चंदवारा को दूसरी बार मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**बाराबंकी**। आदर्श ग्राम पंचायत चंदवारा को एक ही माह में दूसरी बार मिला राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रामीणों में ख़ुशी की लहर ग्राम प्रधान प्रकाशिनी जयसवाल ने उपलब्धि के लिए पँचायत सचिव से लेकर जिला प्रशासन तक का व्यक्त किया आभार सबताते चले कि वर्ष 2020 में जब प्रदेश की 59,904 ग्राम पंचायतों में नानाजी देशमुख राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आला अधिकारियों द्वारा जांच की गई तो चंदवारा ग्राम पंचायत को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और पुरस्कार के लिए चयन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से मिलने वाले पुरुस्कार को कोरोना महामारी के कारण गत दो सितम्बर को जिले की मुख्य विकास अधिकारी मेघा रूपम ने देकर सम्मानित किया था। इसी क्रम में पंचायत मे उत्कृष्ट कार्यो को करने वाली ग्राम पंचायतों को केन्द्र सरकार से मिलने वाले पं दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार मे लगातार तीसरी बार पंचायत का चयन जून मे हुआ था।

## दबिश में बुजुर्ग की मौत का मामला

# एसओ समेत सात पुलिसकर्मी लाइनहाजिर

### तीसरे दिन हुआ अंतिम संस्कार, मजिस्ट्रेटी जांच और मुआवजे की मांग पर अड़े परिजन

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



**जिले** की लालगंज कोतवाली के बाबूतारा गांव में सांगीपुर पुलिस की दबिश को लेकर बुजुर्ग की मौत को लेकर सांगीपुर एसओ समेत सात पुलिसकर्मियों पर लाइनहाजिरी की गाज गिरी है। इधर सोमवार को तीसरे दिन पुलिस व प्रशासन की दोपहर तक मानमनौवल के बाद मृतक मकबूल (68) को गांव मे सुपुर्द खाक किया गया। लालगंज कोतवाली के बाबूतारा गांव मे शनिवार की रात पुलिस ने रेड किया था। इस दौरान गांव के 68 वर्ष के बुजुर्ग की मौत हो गई। रविवार को पुलिस ने मृतक के भाई से पसंदीदा तहरीर लेकर शव को पीएम के लिए तो भेजवा दिया। पीएम हाउस पर सियासी दलो का भी जमावड़ा हो उठा। इस बीच पीएम रिर्पोट आने के पहले जिले के एएसपी पश्चिमी ने सांगीपुर पुलिस को क्लीन चिट देते हुए बुजुर्ग की मौत का कारण हार्टअटैक घोषित कर दिया। इससे पीएम हाउस पर परिजनों तथा सियासी दलो ने पुलिस के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। शव देर शाम घर पहुंचा तो परिजनों ने दबिश देने वाले पुलिसकर्मियो पर बुजुर्ग की पिटाई से हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करने की मांग शुरू कर दी। परिजन पचास लाख मुआवजे तथा शस्त्र लाइसेंस व नौकरी की भी मांग को लेकर अंतिम संस्कार न करने की बात कहने लगे। इसे देख सुन पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल उठे। स्थिति तनावपूर्ण देख देर रात तक लालगंज सीओ जगमोहन तथा कोतवाल राकेश भारती व संग्रामगढ़ एसओ आशुतोष तिवारी समेत कई थानो की फोर्स गांव मे तैनात रही। सोमवार को परिजनों की मांग को देखते हुए सीओ जगमोहन भारी फोर्स के साथ गांव पहुंचे। सीओ से मृतक के परिजन दबिश देने मे शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ का केस दर्ज करने की जिद करने लगे। इस बीच जिले के प्रभारी एसपी सुरेंद्र द्विवेदी ने सांगीपुर एसओ प्रमोद सिंह, दरोगा रामअधार यादव, दरोगा गणेश पटेल तथा दीवान राममिलन, आरक्षी रवि यादव, आरक्षी श्रवण कुमार तथा आरक्षी रामनिवास यादव को लाइनहाजिर किये जाने का सोमवार की अलसुबह फरमान जारी कर दिया। सीओ ने मृतक के परिजनो को मजिस्ट्रेटी जांच कराए जाने पर अपना पक्ष रखने तथा उनकी मांगो पर सरकार को अवगत कराये जाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद कडी पुलिस सुरक्षा के बीच ढाई बजे के बाद मृतक मकबूल को परिजनों ने गांव के कब्रिस्तान मे सुपुर्देखाक किया। बुजुर्ग का उसकी देहरी से जनाजा उठा तो परिवार के लोग फफक उठे। गांव के लोगों मे भी खाकी के खौफ मे हुई मौत को लेकर माहौल बेहद गमजदा दिख रहा था। एहतियातन गांव मे लालगंज के अलावा संग्रामगढ़, महेशगंज, बाघराय, उदयपुर, जेठवारा के भी थानाध्यक्ष भारी फोर्स के साथ तैनात दिखे।